अघटित कौं सुघटित करैं, सुघटित कौं अटकाय।
अटपट गति भगवंत की, जो मन नाहिं समाय।

—अज्ञात

अपनी बात—

राजस्थानी शब्द-कोश का प्रकाशन जोधपुर से हो रहा है, इस बात से मैं परिचित था और इसके साथ मेरी यह धारणा भी रही कि कोश निर्माण राजस्थानी भाषा के विकास में निश्चय ही एक अभूतपूर्व योगदान है। राजस्थानी भाषा में अनुपम एवं विस्तृत साहित्य उपलब्ध है परन्तु इस भाषा के प्रमाणिक कोश का अभाव उपलब्ध साहित्य की एक बहुत बड़ी न्यूनता थी जो सम्भवत: दीर्घकाल से साहित्य—समाज को खल रही थी। ऐसी स्थिति में राजस्थानी शब्द-कोश निर्माण का श्री सीतारामजी लालस का यह प्रयास सराहनीय ही नहीं अपितु भाषा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम प्रतीत हुआ। प्रशासकीय सेवाओं में निरत रहने के कारण साहित्यिक प्रवृतियों एवं गतिविधियों के सम्पर्क में आने का न मैं अवकाश ही निकाल पाया और न अवसर ही उपलब्ध कर सका। अनायास ही जब मुझे यह सूचना मिली की राजस्थानी शब्द - कोश, उपसमिति के भूतपूर्व अध्यक्ष माननीय ठा० श्री केसरीसिंहजी के त्यागपत्र दे देने के कारण शिक्षा-समिति चौपासनी ने मुझे उक्त समिति का अध्यक्ष बनाकर कोश प्रकाशन के कार्यभार को मेरे कन्धे पर डाला है तो मुझे आश्चर्य ही हुआ कि मुझ जैसा व्यक्ति जो कभी साहित्यिक प्रवृतियों के सम्पर्क में नहीं रहा और कोश जैसे महती कार्य की प्रणाली से परिचित नहीं हुआ, किस प्रकार इस गुरुतर भार को वहन कर पायेगा। शब्द-कोश निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य के लिए समिति का अध्यक्ष बनने की योग्यता न मुझ में पूर्व थी और न आज ही अनुभव कर रहा हूँ। हाँ, मातृभाषा राजस्थानी के प्रति विशेष अभिरुचि प्रारम्भ से ही रही है। साहित्य की सरलता और उसमें निहित आकर्षण से मैं पूर्व परिचित था। इस समय इस भाषा की सेवा के लिए प्राप्त हो रहे अवसर को उपयुक्त समझ मैंने राजस्थानी शब्द - कोश उपसमिति के अध्यक्षीय कार्यभार को वहन करना स्वीकार कर लिया।

यदि उत्तरदायित्व का निर्वाह लगन और ईमानदारी से हो जाता है तो निश्चय ही व्यक्ति नवीन उपलब्धियाँ प्राप्त करने में सफल हो जाता है, मेरे अपने कार्यकाल में मेरा यह निजी अनुभव रहा है। मेरे समस्त सेवाकाल में मेरा कार्यक्षेत्र भाषा और साहित्य आदि के कार्यक्षेत्र से सर्वथा भिन्न रहा लेकिन कोश निर्माण कार्य के साथ मेरा सम्पर्क होते ही मुझे नवीन उपलब्धि हुई। अपनी ही भाषा राजस्थानी का वास्तविक बोध तब हुआ जब मैंने निकट से राजस्थानी शब्दों के स्वरूप और उनके अर्थ-विस्तार को देखा।

राजस्थानी शब्द-कोश के प्रकाशन की व्यवस्था के लिए बनी उपसमिति के अध्यक्षीय कार्यभार को जब मैंने वहन किया था उस समय कोश अपनी प्रगति के पथ पर था। कोश का प्रथम खण्ड और द्वितीय खण्ड की प्रथम जिल्द प्रकाशित हो चुकी थी। द्वितीय जिल्द लगभग पूर्ण सी थी। शीघ्र ही उसको भी प्रकाशित कर दिया गया। अब तक के इस सुसम्पादित कार्य को देख कर मुझे अतीव प्रसन्नता की अनुभूति हुई और साथ में यह भी अनुभव हुआ कि यह कोश राजस्थानी भाषा के लिए ही नहीं वरन समस्त साहित्य के लिए एक अमूल्य देन है। पथ प्रशस्त था इसलिए मुझे अपने कार्य को आगे संचालित करने में विशेष कठिनाई की कोई आशंका नहीं रही।

कोश निर्माण काल में ही कोश से मेरा निकट सम्पर्क होने के कारण मैं इस सत्यता से परिचित हुआ कि कोश निर्माण एवं उसके प्रकाशन का कार्य निश्चय ही समय-साध्य और साथ साथ व्यय—साध्य कार्य है। समुचित अर्थ-व्यवस्था एवं उपयुक्त श्रमशील कार्यानुभव प्राप्त भाषाविदों के अभाव में यह कार्य किसी भी दशा में सम्पादित नहीं हो सकता। अब तक के किए गए कार्य में कोशकर्त्ता को निश्चय ही अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ा होगा। मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि राजस्थान शिक्षा - विभाग के भूतपूर्व निदेशक श्री अनिल बोर्डिया ने कोश निर्माण के सम्बन्ध में कुछ अनिवार्य व्यय के लिए नियमित आर्थिक सहयोग की व्यवस्था की जो नियमित रूप से प्राप्त हो रही है। इसके लिए मैं श्री अनिल बोर्डिया तथा शिक्षा - विभाग के प्रति अपना धन्यवाद प्रकट करता हूँ। यह आर्थिक सहयोग कोश

कार्यालय में कार्य को निरन्तर रखने के लिए सहायक मात्र था। प्रकाशन के लिए पर्याप्त अर्थ-व्यवस्था की आवश्यकता रहती है; उसकी पूर्ति इससे किसी दशा में सम्भव नहीं थी। कोश कार्यालय के पूर्व पत्रों का अवलोकन करने से ज्ञात हुआ कि कोश प्रकाशन के लिए समय-समय पर केन्द्रीय सरकार एवं राजस्थान राज्य सरकार से आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ है और श्री सीतारामजी लालस ने उसका समुचित सदुपयोग कोश के विभिन्न खण्डों के प्रकाशन में किया है। इस प्राप्त आर्थिक सहयोग से ही तीन जिल्दों का प्रकाशन सम्भव हो सका है। राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त करने में राज्य के शिक्षा-मंत्रालय का हमें पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। माननीय श्री शिवचरणजी माथुर शिक्षा-मंत्री तथा श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता शिक्षा-सचिव ने कोश प्रकाशन के प्रति सद्भावनायें प्रकट कर जो हमें सम्बल और प्रेरणा दी है उसके लिए हम आप सज्जनद्वयी के प्रति आभार प्रकट करते हैं। अर्थ-व्यवस्था में जब-जब भी व्यवधान उपस्थित हुआ कार्य की गति में अवरोध आ गया। इसे मैं स्वाभाविक ही मानता हूँ और यही कारण रहा कि अन्य खण्ड शीघ्र प्रकाशित न हो सके।

साहित्यिक जिज्ञासुओं के समक्ष इस कोश के खण्डों की कड़ी में तृतीय खण्ड की यह प्रथम जिल्द प्रस्तुत की जा रही है। प्रारम्भिक योजना में तृतीय खण्ड को एक ही जिल्द में प्रकाशित करने का विचार था लेकिन पृष्ठों की अधिक संख्या तथा द्वितीय खण्ड के पश्चात् प्रकाशन कार्य के लिए प्रेस सम्बन्धी कुछ विशेष कठिनाइयाँ उपस्थित होने के कारण इस तृतीय खण्ड को भी दो जिल्दों में ही प्रकाशित करने का निश्चय किया गया। यह कहना उचित ही होगा कि इस प्रकाशित खण्ड में पूर्व के खण्डों की भांति कोश निर्माण के लिए पूर्व निर्धारित सिद्धान्तों एवं नियमों का पूर्णतया निर्वाह हुआ है और साथ ही भाषाविदों तथा विशिष्ठ साहित्यकारों से प्राप्त परामर्शानुसार वांछनीय परिवर्तन भी किया गया है। प्रस्तुत जिल्द में 'प' वर्ग के 'प' तथा 'फ' वर्ण के शब्दों को समाविष्ट किया गया है। आगे का कार्य अपनी गति पर ही है। प्रकाशन के लिए यथा समय पूर्व की भांति सरकारी आर्थिक अनुदान प्राप्त होता रहा तो कोश के अवशिष्ट भाग को अपने जिज्ञासु भाषा मर्मज्ञों एवं शोध विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करने में अधिक विलम्ब नहीं होगा, ऐसी मेरी मान्यता है। कोशकार श्री सीतारामजी लालस तथा कोश कार्य से सम्बन्धित उपसमिति की उत्कट अभिलाषा है कि कोश की शेष जिल्दें उचित अवधि में प्रकाशित हो जायें। वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार मैं हमारे विज्ञ पाठकों को विश्वास दिला सकता हूँ कि कोश को अन्तिम चरण तक पहुँचाने का यथा सम्भव पूरा-पूरा प्रयत्न होगा। कोश प्रकाशन की व्यवस्था में मेरे सहयोगी बन्धु श्री गोरधनसिंहजी खानपुर सेवा निवृत I. A. S. तथा केप्टिन श्री चन्दनसिंहजी एम० एससी० रोडला ने सदैव अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया है, इसके लिए उन्हें धन्यवाद अर्पित करना मेरा कर्त्तव्य समझता हूँ।

यहाँ अपनी बात कहते हुए यदि मैं स्वर्गीय (कर्नल) ठा० श्यामसिंहजी भूतपूर्व सचिव उपसमिति राजस्थानी शब्द-कोश के प्रति दो शब्द व्यक्त न करूं तो मेरी यह 'अपनी बात' निश्चय ही अपूर्ण रहेगी। यदि मैं यह कहूँ कि कोश निर्माण के आज के तीस वर्ष पूर्व के विचार को मूर्तरूप प्रदान कर कोश को वर्तमान स्थिति तक पहुंचाने में स्व० कर्नल ठा० श्यामसिंहजी, रोडला का दृढ़ हाथ ही मूलभूत आधार था तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। कोश के निर्माण और यथा समय उसकी सम्पूर्णता के प्रति जो आपकी रुचि और उदार भावना रही है वह शब्दों में व्यक्त नहीं की जा सकती है। कोश परिवार के लिए यह अपार दुख की बात हुई कि कोश की सम्पूर्णता के पूर्व ही काल की क्रूरता के प्रभाव से असमय में ही आपके सौहार्द्र से हमें वंचित हो जाना पड़ा। कोश एवं राजस्थानी साहित्य के प्रति आपकी सद्भावनायें रही हैं वे इस साहित्य जगत में इस कोश के साथ चिरकाल तक विद्यमान रहेंगी। मैं दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी तथा उपसमिति की ओर से पावन श्रद्धांजलियां अर्पित करता हूँ।

पोष शुक्ला पूर्णिमा
संवत् २०२६
विजय विहार,
जोधपुर.

रणधीरसिंह
अध्यक्ष—उपसमिति
राजस्थानी शब्द-कोश
जोधपुर.

पूर्व प्रकाशित खण्डों के प्रति

कोश प्रत्येक भाषा की समृद्धि और सबलता का सूचक है। वह साहित्य का अनिवार्य अंग है। इसके अभाव में भाषा के साहित्य का समग्र-ज्ञान उक्त भाषा भाषियों को भी नहीं हो सकता फिर इतर भाषा-भाषियों के लिए तो कहा भी क्या जा सकता है। राजस्थानी भाषा के विशाल एवं अनुपम साहित्य से साहित्य-मर्मज्ञ पूर्णतया परिचित हैं। विगत काल में राजस्थानी भाषा में प्रचुर मात्रा में लोकप्रिय साहित्य का सृजन तो अवश्य हुआ लेकिन उक्त भाषा के शब्द-कोश का अभाव सदा ही बना रहा। मध्यकाल में कुछेक छोटे-मोटे कोशों की रचना अवश्य हुई जिनमें अवधानमाला, हमीर नाममाला, नागराज डिंगल-कोश आदि आदि उल्लेखनीय हैं लेकिन इनमें से कोई भी कोश प्रमाणिक कोश नहीं माना जा सकता। साहित्य में प्रयुक्त शब्दावली का उपयुक्त संग्रह एवं उनकी समुचित अर्थ-व्याख्या न होने के कारण ये कोश पर्यायवाची शब्दों के संग्रह मात्र ही बन कर रह गए। कालान्तर में भी उपयुक्त कोश के निर्माण के लिए कोई प्रयत्न हुआ दृष्टिगोचर नहीं होता। यह अभाव वर्तमान समय तक निरन्तर बना रहा। यह सत्य ही है कि "राजस्थानी सबद कोस" की आवश्यकता साहित्य जगत में निरन्तर अनुभव की जा रही थी। सम्भवतः इसी भावना से प्रेरित होकर श्री सीतारामजी लाळस ने यह बीड़ा अपने हाथ में लिया और अपने अथक परिश्रम एवं साहित्यिक साधना के फलस्वरूप राजस्थानी शब्दों का संकलन कर वृहद् शब्द-कोश के प्रकाशन का कार्य प्रारम्भ कर दिया।

"राजस्थानी सबद कोस" के प्रकाशित प्रथम खण्ड में कोशकर्त्ता और सम्पादक श्री सीतारामजी लाळस द्वारा प्रस्तुत किए गए निवेदन से स्पष्ट प्रकट हो जाता है कि कोश प्रकाशन का गृहीत बीज-भाव काल की गति के साथ कैसे अंकुरित होकर साहित्य सेवी सहयोगियों की सद्भावनाओं एवं सरकारी आर्थिक सहयोग को प्राप्त कर पल्लवित हुआ। अनेकानेक संघर्षपूर्ण स्थितियों के बीच एक लम्बी अवधि के पश्चात् इस वृहद् कोश का प्रथम खण्ड स्वर प्रकरण के साथ 'क' वर्ग के सभी वर्णों के लगभग २८७७१ शब्दों के संग्रह के रूप में सन् १९६२ में पाठकों के समक्ष प्रस्तुत हुआ। इस प्रथम खण्ड में एक महत्वपूर्ण विस्तृत साहित्योपयोगी प्रस्तावना जोड़ी गई है। जिसमें राजस्थानी भाषा के उद्भव और विकास की व्याख्या करते हुए राजस्थानी साहित्य का विवेचनात्मक परिचय दिया गया है।

समग्र कोश को चार खण्डों में ही सम्पूर्ण कर प्रकाशित करने की योजना थी लेकिन प्रथम खण्ड प्रकाशित होने के पश्चात् आर्थिक संकट उपस्थित होने के कारण दूसरा खण्ड शीघ्र प्रकाशित नहीं किया जा सका। व्यवधान के कारण कुछ समय अधिक व्यतीत हो गया। अब तक प्रकाशन का कार्यभार 'राजस्थानी शोध संस्थान जोधपुर' पर था परन्तु इस बीच की अवधि में कोश को शीघ्र प्रकाशित करने के उद्देश्य से 'चौपासनी शिक्षा-समिति जोधपुर' के तत्वधान में 'उप-समिति राजस्थानी शब्द-कोश' का गठन किया गया। उप-समिति के देख-रेख में सर्वप्रथम द्वितीय खण्ड की प्रथम जिल्द जिसमें लगभग २०४२८ शब्दों का संग्रह है सन् १९६७ में जिज्ञासु पाठकों के समक्ष प्रस्तुत की गई। इस जिल्द में जिसमें ७६८ पृष्ठ हैं 'च' वर्ग और 'ट' वर्ग के वर्णों के साथ 'त' वर्ग के 'त' वर्ण शब्दों को संग्रहीत किया गया है। इसके थोड़े समय पश्चात् ही सन् १९६८ के ५ नवम्बर माह में द्वितीय खण्ड की दूसरी जिल्द भी जिसमें ६४७ पृष्ठ है प्रकाशित कर दी गई। इस जिल्द में 'त' वर्ग के 'थ' वर्ण से 'न' वर्ण तक के लगभग १६,४६५ शब्दों का संग्रह किया गया है। इस प्रकार द्वितीय खण्ड दो जिल्दों में सम्पूर्ण हुआ, जिसमें 'च' से 'त' वर्ग तक के सभी वर्णों के लगभग ३६,८९३ शब्द है।

कार्यालय में कार्य को निरन्तर रखने के लिए सहायक मात्र था। प्रकाशन के लिए पर्याप्त अर्थ - व्यवस्था की आवश्यकता रहती है; उसकी पूर्ति इससे किसी दशा में सम्भव नहीं थी। कोश कार्यालय के पूर्व पत्रों का अवलोकन करने से ज्ञात हुआ कि कोश प्रकाशन के लिए समय-समय पर केन्द्रीय सरकार एवं राजस्थान राज्य सरकार से आर्थिक सहयोग प्राप्त हुआ है और श्री सीतारामजी लालस ने उसका समुचित सद्उपयोग कोश के विभिन्न खण्डों के प्रकाशन में किया है। इस प्राप्त आर्थिक सहयोग से ही तीन जिल्दों का प्रकाशन सम्भव हो सका है। राज्य सरकार से अनुदान प्राप्त करने में राज्य के शिक्षा-मंत्रालय का हमें पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। माननीय श्री शिवचरणजी माथुर शिक्षा-मंत्री तथा श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता शिक्षा-सचिव ने कोश प्रकाशन के प्रति सद्भावनायें प्रकट कर जो हमें सम्बल और प्रेरणा दी है उसके लिए हम आप सज्जनद्वयी के प्रति आभार प्रकट करते हैं। अर्थ-व्यवस्था में जब-जब भी व्यवधान उपस्थित हुआ कार्य की गति में अवरोध आ गया। इसे मैं स्वाभाविक ही मानता हूँ और यही कारण रहा कि अन्य खण्ड शीघ्र प्रकाशित न हो सके।

साहित्यिक जिज्ञासुओं के समक्ष इस कोश के खण्डों की कड़ी में तृतीय खण्ड की यह प्रथम जिल्द प्रस्तुत की जा रही है। प्रारम्भिक योजना में तृतीय खण्ड को एक ही जिल्द में प्रकाशित करने का विचार था लेकिन पृष्ठों की अधिक संख्या तथा द्वितीय खण्ड के पश्चात् प्रकाशन कार्य के लिए प्रेस सम्बन्धी कुछ विशेष कठिनाइयाँ उपस्थित होने के कारण इस तृतीय खण्ड को भी दो जिल्दों में ही प्रकाशित करने का निश्चय किया गया। यह कहना उचित ही होगा कि इस प्रकाशित खण्ड में पूर्व के खण्डों की भांति कोश निर्माण के लिए पूर्व निर्धारित सिद्धान्तों एवं नियमों का पूर्णतया निर्वाह हुआ है और साथ ही भाषाविदों तथा विशिष्ठ साहित्यकारों से प्राप्त परामर्शानुसार वांछनीय परिवर्तन भी किया गया है। प्रस्तुत जिल्द में 'प' वर्ग के 'प' तथा 'फ' वर्ण के शब्दों को समाविष्ट किया गया है। आगे का कार्य अपनी गति पर ही है। प्रकाशन के लिए यथा समय पूर्व की भांति सरकारी आर्थिक अनुदान प्राप्त होता रहा तो कोश के अवशिष्ट भाग को अपने जिज्ञासु भाषा मर्मज्ञों एवं शोध विद्यार्थियों के समक्ष प्रस्तुत करने में अधिक विलम्ब नहीं होगा, ऐसी मेरी मान्यता है। कोशकार श्री सीतारामजी लालस तथा कोश कार्य से सम्बन्धित उपसमिति की उत्कट अभिलाषा है कि कोश की शेष जिल्दें उचित अवधि में प्रकाशित हो जायें। वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार मैं हमारे विज्ञ पाठकों को विश्वास दिला सकता हूँ कि कोश को अन्तिम चरण तक पहुँचाने का यथा सम्भव पूरा-पूरा प्रयत्न होगा। कोश प्रकाशन की व्यवस्था में मेरे सहयोगी बन्धु श्री गोरधनसिंहजी खानपुर सेवा निवृत I. A. S. तथा केप्टिन श्री चन्दनसिंहजी एम० एससी० रोडला ने सदैव अपना सक्रिय सहयोग प्रदान किया है, इसके लिए उन्हें धन्यवाद अर्पित करना मेरा कर्त्तव्य समझता हूँ।

यहाँ अपनी बात कहते हुए यदि मैं स्वर्गीय (कर्नल) ठा० श्यामसिंहजी भूतपूर्व सचिव उपसमिति राजस्थानी शब्द-कोश के प्रति दो शब्द व्यक्त न करूं तो मेरी यह 'अपनी बात' निश्चय ही अपूर्ण रहेगी। यदि मैं यह कहूँ कि कोश निर्माण के आज के तीस वर्ष पूर्व के विचार को मूर्तरूप प्रदान कर कोश को वर्तमान स्थिति तक पहुंचाने में स्व० कर्नल ठा० श्यामसिंहजी, रोडला का दृढ़ हाथ ही मूलभूत आधार था तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। कोश के निर्माण और यथा समय उसकी सम्पूर्णता के प्रति जो आपकी रुचि और उदार भावना रही है वह शब्दों में व्यक्त नहीं की जा सकती है। कोश परिवार के लिए यह अपार दुख की बात हुई कि कोश की सम्पूर्णता के पूर्व ही काल की क्रूरता के प्रभाव से असमय में ही आपके सौहार्द्र से हमें वंचित हो जाना पड़ा। कोश एवं राजस्थानी साहित्य के प्रति आपकी सद्भावनायें रही हैं वे इस साहित्य जगत में इस कोश के साथ चिरकाल तक विद्यमान रहेगी। मैं दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी तथा उपसमिति की ओर से पावन श्रद्धांजलियां अर्पित करता हूँ।

पोष शुक्ला पूर्णिमा
संवत् २०२६
विजय विहार,
जोधपुर.

रणधीरसिंह
अध्यक्ष—उपसमिति
राजस्थानी शब्द-कोश
जोधपुर.

पूर्व प्रकाशित खण्डों के प्रति

कोश प्रत्येक भाषा की समृद्धि और सबलता का सूचक है। वह साहित्य का अनिवार्य अंग है। इसके अभाव में भाषा के साहित्य का समग्र-ज्ञान उक्त भाषा भाषियों को भी नहीं हो सकता फिर इतर भाषा-भाषियों के लिए तो कहा भी क्या जा सकता है। राजस्थानी भाषा के विशाल एवं अनुपम साहित्य से साहित्य-मर्मज्ञ पूर्णतया परिचित हैं। विगत काल में राजस्थानी भाषा में प्रचुर मात्रा में लोकप्रिय साहित्य का सृजन तो अवश्य हुआ लेकिन उक्त भाषा के शब्द-कोश का अभाव सदा ही बना रहा। मध्यकाल में कुछेक छोटे-मोटे कोशों की रचना अवश्य हुई जिनमें अवधानमाला, हमीर नाममाला, नागराज डिंगल-कोश आदि आदि उल्लेखनीय हैं लेकिन इनमें से कोई भी कोश प्रमाणिक कोश नहीं माना जा सकता। साहित्य में प्रयुक्त शब्दावली का उपयुक्त संग्रह एवं उनकी समुचित अर्थ-व्याख्या न होने के कारण ये कोश पर्यायवाची शब्दों के संग्रह मात्र ही बन कर रह गए। कालान्तर में भी उपयुक्त कोश के निर्माण के लिए कोई प्रयत्न हुआ दृष्टिगोचर नहीं होता। यह अभाव वर्तमान समय तक निरन्तर बना रहा। यह सत्य ही है कि "राजस्थानी सबद कोस" की आवश्यकता साहित्य जगत में निरन्तर अनुभव की जा रही थी। सम्भवतः इसी भावना से प्रेरित होकर श्री सीतारामजी लाळस ने यह बीड़ा अपने हाथ में लिया और अपने अथक परिश्रम एवं साहित्यिक साधना के फलस्वरूप राजस्थानी शब्दों का संकलन कर बृहद् शब्द-कोश के प्रकाशन का कार्य प्रारम्भ कर दिया।

"राजस्थानी सबद कोस" के प्रकाशित प्रथम खण्ड में कोशकर्त्ता और सम्पादक श्री सीतारामजी लाळस द्वारा प्रस्तुत किए गए निवेदन से स्पष्ट प्रकट हो जाता है कि कोश प्रकाशन का गृहीत बीज-भाव काल की गति के साथ कैसे अंकुरित होकर साहित्य सेवी सहयोगियों की सद्भावनाओं एवं सरकारी आर्थिक सहयोग को प्राप्त कर पल्लवित हुआ। अनेकानेक संघर्षपूर्ण स्थितियों के बीच एक लम्बी अवधि के पश्चात् इस बृहद् कोश का प्रथम खण्ड स्वर प्रकरण के साथ 'क' वर्ग के सभी वर्णों के लगभग २८७७१ शब्दों के संग्रह के रूप में सन् १९६२ में पाठकों के समक्ष प्रस्तुत हुआ। इस प्रथम खण्ड में एक महत्वपूर्ण विस्तृत साहित्योंपयोगी प्रस्तावना जोड़ी गई है। जिसमें राजस्थानी भाषा के उद्भव और विकास की व्याख्या करते हुए राजस्थानी साहित्य का विवेचनात्मक परिचय दिया गया है।

समग्र कोश को चार खण्डों में ही सम्पूर्ण कर प्रकाशित करने की योजना थी लेकिन प्रथम खण्ड प्रकाशित होने के पश्चात् आर्थिक संकट उपस्थित होने के कारण दूसरा खण्ड शीघ्र प्रकाशित नहीं किया जा सका। व्यवधान के कारण कुछ समय अधिक व्यतीत हो गया। अब तक प्रकाशन का कार्यभार 'राजस्थानी शोध संस्थान जोधपुर' पर था परन्तु इस बीच की अवधि में कोश को शीघ्र प्रकाशित करने के उद्देश्य से 'चौपासनी शिक्षा-समिति जोधपुर' के तत्त्वधान में 'उप-समिति राजस्थानी शब्द-कोश' का गठन किया गया। उप-समिति के देख-रेख में सर्वप्रथम द्वितीय खण्ड की प्रथम जिल्द जिसमें लगभग २०४२८ शब्दों का संग्रह है सन् १९६७ में जिज्ञासु पाठकों के समक्ष प्रस्तुत की गई। इस जिल्द में जिसमें ७६८ पृष्ठ है 'च' वर्ग और 'ट' वर्ग के वर्णों के साथ 'त' वर्ग के 'त' वर्ण शब्दों को संग्रहीत किया गया है। इसके थोड़े समय पश्चात् ही सन् १९६८ के ५ नवम्बर माह में द्वितीय खण्ड की दूसरी जिल्द भी जिसमें ६४७ पृष्ठ है प्रकाशित कर दी गई। इस जिल्द में 'त' वर्ग के 'थ' वर्ण से 'न' वर्ण तक के लगभग १६,४६५ शब्दों का संग्रह किया गया है। इस प्रकार द्वितीय खण्ड दो जिल्दों में सम्पूर्ण हुआ, जिसमें 'च' से 'त' वर्ग तक के सभी वर्णों के लगभग ३६,८९३ शब्द है।

यह कहना उचित ही होगा कि कोश निर्माण के लिए प्रारम्भ में जिन सिद्धान्तों का निर्माण कर कार्यारम्भ किया गया था उनका आज तक पूर्णतः निर्वाह हुआ है। अर्थ स्पष्टीकरण के लिए उपयुक्त उद्धरण साथ दिए गए हैं। साथ ही शब्दों से सम्बन्धित लोक व्यवहृत मुहावरों तथा लोकोक्तियों को भी यथा स्थान अकारादि क्रम से देकर उनका अर्थ भी हिन्दी में दिया गया है। शब्दों की व्युत्पत्ति भी देने की व्यवस्था रही है।

द्वितीय खण्ड को दो जिल्दों में विभक्त कर प्रकाशित करने में प्राप्त हुई सुविधा को देखकर तृतीय खण्ड को भी दो जिल्दों में ही प्रकाशित करने का निर्णय किया गया। 'उप-समिति राजस्थानी शब्द कोश' के संरक्षण में ही यह प्रथम जिल्द तैयार की गयी जिसे पाठकों के समक्ष रखते हुए हमें हर्षानुभव हो रहा है। प्रसन्नता है कि कोशकार्य अपनी गति पर है और अब निकट भविष्य में ही इसकी पूर्णता की आशा है। इस तृतीय खण्ड की प्रथम जिल्द में 'प' वर्ग के 'प' तथा 'फ' वर्ग के लगभग १०४१८ शब्दों का संकलन है।

राजस्थानी होने के नाते ही नहीं अपितु भाषा के प्रति स्वाभाविक रुचि होने के कारण भाषा सम्बन्धी कार्य के प्रति मेरा अनुराग रहा है। मैं अपने स्वर्गीय पूज्य पिताजी कर्नल ठा० श्यामसिंहजी को विशेष रूप से राजस्थानी भाषा के साहित्य अध्ययन एवं उनके विकास कार्य में सतत संलग्न देखा। उनके द्वारा किया गया वृहद् साहित्य संग्रह, साहित्य की ओर प्रेरित करने में पर्याप्त है। पूज्य पिताजी श्री की इस कोश में भी विशेष अभिरुचि रही है। कोश निर्माण कार्य में रुचि पूर्वक योगदान कर इसे अपने पिताजी की अभिलाषानुरूप पूर्ण कराना अपना धर्म और कर्त्तव्य समझकर अपनी ओर से यथाशक्ति प्रयत्नशील हूं। सहृदय साहित्यिक सज्जन वृन्द के सौहार्द एवं राज्यीय सहयोग से पूर्ण आशवस्त हूं कि यह कोश अब शीघ्र ही सम्पूर्ण हो सकेगा। इस पुनीत कार्य के लिए सभी पाठक बन्धुओं से भी ऐसी कामना की आशा रखता हूं।

विनीत

चन्दनसिंह

सचिव

उप-समिति राजस्थानी शब्द कोश

जोधपुर.

दोलत्ता भवन,
रिसालारोड़, जोधपुर.
२६ जनवरी १९७०

॥ श्री ॥

* निवेदन *

—: दूहा सोरठा :—

नारायण भूले नहीं, अपणी मायाईश। रोग पैन आखद रचै, जगवाला जगदीश ॥१॥
साच न बूढो होय, साच अमर संसार में। कैतो धोवो कोय, श्रो सेवट प्रगटै 'उदय' ॥२॥
सेवा देश समाज, धरती में साचो धरम। इण सू पूरै आज, सकल मनोरथ सांवरो ॥३॥
साहित री सेवाह, सेवा देश समाज री। आवे इण एवाह, ईंशर कीरपा सू उदय ॥४॥
सत ऊजल संदेश, उदयराज ऊजल अखे। दीरै वांरा देश, ज्यारा साहित जगमगे ॥५॥

भारत संसद में सन् १९५० रे करीब देशरी दूसरी सगला प्रान्ता री भासावां मानी गई उणां रे सामल राजस्थानी भाषा ने नहीं मानी तो कुदरती तौर सू राजस्थान में अपणी भासा राजस्थानी ने मान्यता दिरावण सारु आन्दोलन पत्रों में शुरू हुवो।

राजस्थानी रो विरोध में अकसर आ वात कही जाती के इण रो कोई आधुनिक कोश नहीं हो। श्रो घाटो मिटावण सारु में श्री सीतारामजी लालस ने क्यो क्योकि हूं जाणता हो के डिंगल रा शब्द संग्रह रो उणां ने काफी अनुभव है। श्री सीतारामजी इणा काम सारु तैयार हो गया ने म्हें दोनु सामिल होय ने पूरा सहयोग से मैनत सूं कोश रो काम शुरू कियो नें इण में खर्च री मदत री जरुरत हुई तो उसा वावत म्हें स्वर्गीय ठाकुर श्री भवानीसिहजी साहव बार एटला पोकरण ने अरज करी। इणां कृपा करने मंजूर करी ने तारीख १-५-५१ सूं रुपीया री मदद देणी चालू कर दीवी। सीतारामजी मथाणियां में लेखक राख ने काम शब्द संग्रह री स्लिप कोपिया लिखावण रो चालू कर दियो श्रौर म्हें दोनू तारीख १-५-५१ सूं सन् १९५२ रा आखिर तक सामिल कोम कियो जिण सूं कुल शब्द ११३००० स्लिप कोपियां में लिखीजीया फेर समय रा हेरफेर सू श्री पोकरण ठाकुर साहव री सहायता बंद हो गई। इण सूं सन् १९५३ लगायत सन् १९५६ तक ४ साल तक कोश रो काम वन्द रेयो।

इण कोश ने पूरो करण री म्हां दोनूं री पूरी लगन ही। म्हें करनल श्री सोमसिंहजी रोडला ने जून १९५६ में कोश में सहायता देण सारु कागद लिखियो उण रो जवाव उणां तारीख २९-६-५६ रा कागद में म्हने लिखियों के कोश सारु मावार रु० ५०), ३ या ४ साल तक या कोश पूरो होवे जठा तक दे सकूंला। परन्त उणांरा पिता करनल श्री अनोपसिंहजी वीमार हो गया इण वास्ते सहायता चालू में देरी हुई। उणां रे स्वर्गवास होणे रे वाद में मास नवम्बर रा अन्त में नें दिसम्बर रा सरु में जोधपुर में ही जद कर्नल श्री सांमसिंहजी कोश री मदत वावत वातचीत करण ने दोयवार म्हारे मकान पर आया श्रौर फिर सहायता देणी चालू कर दीवी।

कोश रो काम उणां री सहायता सूं सन् १९५७ री जनवरी सूं सीतारामजी जोधपुर में चालू कर दिया क्योंकि जद उणां रो तवादला जोधपुर में हो गयो हो। जो एक लाख तेरह हजार शब्दो री स्लिप कोपिया पेलो वणी हुई ही। उणा री स्लिपां काट काटकर अक्षरवार अलग अलग कर दी गई ने नवा शब्द भी जो मिलिया के शामिल कर दिया गया। इणतरे सव शब्द अक्षरवार किया जाय ने उणां ने अक्षरवार रजिस्टरों में लिख लिया गया। इणतरे कोश सन् १९५८ री माह मई तक पूरो हो गयो। म्हें पैली री तरे सीतारामजी रे साथ हर तरह रो सहयोग ने मदत राखी ने काम कियो। श्रो कोष करनल श्री सामसिंहजी री रुपीया री सहायता सूं पूरो हुवो।

इणरे वाद प्रेस कापी वणाइण रो काम चालू हुवो उणरे खरचे रो प्रवन्ध ठाकुर श्री गोरधनसिंहजी मेडतिया खानपुर वाला श्री झालावाड़ दरवार सू श्री नीवांज ठाकुर साहव सू रुपियां री सहायता लेने करायो ने करे छपण रो प्रवन्ध राजस्थानी सोध संस्थान चोपासणी जोधपुर सूं हुवो ने तारीख ११-३-१९५९ ने सीतारामजी ने इण सांध संस्थान शिक्षा विभाग सू लोन पर ले लिया जद सूं वे इण संस्थान में काम करण लागा।

इण कोश ने तैयार करावण में व्युत्पति विभाग पूरो करावण में स्वर्गीय पं० नित्यानन्दजी शास्त्री जोधपुर री घणी मदत ही इण वास्ते वैकूठवासी विद्वान ने वणा धन्यवाद देवां हां। तारीख २२-५-५७ ने लिख दय्या नीचे मुजब हो:—

चांदयावटी
ता० २२-५-५७

सीतारामजी लालस ने राजस्थानी कोश की रचना की है। यह भारी कठिन कार्य का यन्त्र श्री उदयराजजी ऊज्जवल यन्त्री (मेकेनिक) के वल संचालित हुवा है। मैंने इसे देखा इन्होंनें प्रत्येक शब्द और धातु को जाचकर उनके प्रयोज्य सव प्रकार के प्रयोगों को प्रदर्शित किया है क्योंकि इन्होंने संस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश विविध भापाओं के वल पर यह कार्य भार उठाया है। बीच बीच में हर समय मेरे साथ विचार विमर्श करते हुए आपने पूर्ण परिश्रम करके इसे रचा है। ऐसे कठिन कार्य को पार करने में श्री सीतारामजी की ही पूर्ण कृपा ने सहायता की है। आशा है राजस्थान की जनता इससे लाभ उठाकर इस कोश की त्रुटी की पूर्ती से पूर्ण संतुष्ट होगी और श्रम को समझने वाले विद्वान कार्य प्रशंसा करेंगे। फकत नित्यानंद शास्त्री।

इणी तरे ननरण विश्वविद्यालय सूं डा० डब्लू० एस० एलन जो संसार री करीव चालीस भापाओ रो जाणकार है ने अन्तरराष्ट्रीय ख्याती रा भापा शास्त्री है वे राजस्थानी भापा रे ध्वनी विज्ञान संबंधी जांच वो शोध रो काम सारु सन् १९५२ में राजस्थान में आया हा ने जोधपुर में दोय मास ठहरिया हा ने भापा रे सिलसिले में म्हारे कने घणा आता उणांने म्हे ने सीतारामजी दोनू कोश वाली स्लिप कोपिया राय रे वास्ते म्हारा मकान पर दिखाई ही उणां म्हारो उत्साह बधायो उणां री सम्मति नीचे मुजव है:—

THINITY COLLEGE CAMBRIDGE 26 Feb., 1960

It is excellent news for Indo-Aryan Linguistics that the Rajastani Dictionary of Shri Udayraj Ujjwal and Shri Sitaram Lalas is now to de published. Rajastani has long presented a serious gap in the comparative Study of the vaca-bulary of the Indo-Aryan Languages and now at last it is filled by the devoted work of two Rajasthani Scholars and the support of their distinguished Sponsors, I know well and difficulties that have beset the under taking of this task and its Completion is therefore all the more a menument to the courage of these who conceived the project and brought it to fruition. With this work added to the grammer by Shri Sitaramji, the status of the Rajasthani language can no longer be denied.

Sd.-W.S. Allen. M.A.P.H.D.
Professor of Comprative Philology
In the University of Cambridge.

कोश दोय दातार राजपूत सरदारो री रुपीया रो मदत सू शुरू होय ने पूरो वणियो, इण वास्ते पुरानी प्रथा रे माफक महे ता० २६-६-५७ ने इण वावत काव्य गीत, कवित, रचियो ने सीतारामजी कने भेजीया वो अठे दिया जावे है इण ने दोनूं सरदारो रो धन्यवाद रे तौर पर वण ने है। इण गीत री सीतारामजी पत्रो में तारीफ की है।

"गीत" राजस्थानी में

कोम मरु वाणरो सुणे वण्यो नह किणी सू, लाख शब्दो तणे वडो लेखो गया भूपात कवराज गुण गावता, दियो नह ध्यान इण हेत देखो ॥१॥
खूटगा खजाना नरेसो देखता, गया तजमाल ठकरेत गाढा। सेव साहित्य री वणी न किणी सू, लागता पंथ घन छोड़ लाडा ॥२॥
सेव साहित्य ही रहे संसार में, सुजसफल लागवे घणी सरसे। मिले सुखलाध हितकर नित समाजां, दिनों दिन कितां सनमान दरसै ॥३॥
पांण मरू वांन है प्रांत रो परंपर, वेण परताप राजस्थान ऊचों। रखी न पढण में मायखां प्रांत री, निरखतां जाय है प्रांत नीचो ॥४॥
वणाई चारणों व्याकरण विधोवित्र, वणेगी कोश ही लाख सवदो। सीत रो परिश्रम अधग फलियों सिरे, रेटियो 'उदय' मिल सकल सवदो ॥५॥
पोकरण भवानीसीह चापे प्रथम कोश रे हेत घन खर्च कीयो। पडंता लांच इण समेरा फेर सू, स्यामंसी रोडले कांम सीधो ॥६॥
रोटले स्यामसी सपूतो सिरोमण, कमवज आज अखियाज कीधी। वार विपरीत में हजारो खरचवे, दाद ऊजल 'उदे' देस दीधी ॥७॥
चारणा दोय मिल व्याकरण कोश रचि,वण्या नह वडो कवराज मिलियो। कमधा दोय मिन कियो सुभ कांम जो,महीयो कियो नह बीस मिलियो ॥८॥

कवित

सूर्यमल मिशण से वनाया वंस भास्कर, वूंदी नृपराम ने खजाना खोल करके।
सावल कविराज ने लिखाया इतिशास त्योही, उदियापुर रान के कोप वल धरके।
सीताराम लालस ने कीन राजस्थानी कोश, उदयराज उज्जवल के योग शक्ति भरके।
पोकरण भवानीसिह स्यामसिह रोटला के कोश हित कोप वने दानी घनवघर के।
प्रान्त की प्रवल भापा प्रतिष्ठित परंपर विवुवन दीनमाल वीरपद वाला है।
शिक्षा को माध्यम निज प्रान्त हूँ में रखी नहीं होय कोटि जनता को दास गति डाला है।
डूवत है मात्रभापा वीर राजस्थान के री, प्रान्त का भविष्य याते दर्शित विदाजा है।
जीवित उट्टेगी प्रीय राजस्थानी आशामात्र, व्याकरण कोश याके वनेगे शिशाला है।

Compared by
Sd-Bhawar Singh
Sd-लक्ष्मीप्रकाश गुप्ता

Sd-ह० उदयराज उज्वल
Sd-Nemi chand Jain
Civil Judge, Jodhpur.

संकेताक्षरों का विवरण

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचियता का नाम
अं०	अंग्रेजी	
अ०	अरबी	
अक०	अकर्मक	
अक० रू०	अकर्मक रूप	
अनु०	अनुकरण	
अनेक०, अनेका०	अनेकार्थी कोश	श्री उदयरांम वारहट (गूंगा)
अप०	अपभ्रंश	
अमरत	अमरत सागर	श्री महाराजा प्रतापसिंह (जयपुर)
अ० मा०	अवधांन माळा	श्री उदयरांम वारहट (गूंगा)
अ० रू०		
अल्प०, अल्पा०	अल्पार्थ रूप	
अ० वचनिका	अचळदास खीची री वचनिका	सिवदास गाडण
अव्य०	अव्यय	
इव०	इवरानी	
उ०	उदाहरण	
उप०	उपसर्ग	
ऊ० र०	उक्ति रत्नाकर	
उभ० लिं०	उभयलिंग	
ऊ० का०	ऊमर काव्य	श्री ऊमरदांन लाळस
एका०	एकाक्षरी नांम माळा	श्री वीरभांण रतनू. श्री उदयरांम वारहट (गूंगा)
ऐ० जै० का० सं०	ऐतिहासिक जैन काव्य संग्रह	संपादक-अगरचंद नाहटा
क० कु० वो०	कविकुळ वोध	श्री उदायरांम वारहट
क० च०	करनी चरित्र	ठा० किशोरसिंह वार्हस्पत्य
कर्म० वा०, कर्म०वा०रू०	कर्म वाच्य रूप	
कहा०	कहावत	
कां० दे० प्र०	कांन्हड़ दे प्रबंध	श्री पद्मनाभ
क्रि०	क्रिया	
क्रि० अ०	क्रिया अकर्मक	
क्रि० प्र०	क्रिया प्रयोग	
क्रि० प्रे०	क्रिया प्रेरणार्थक	
क्रि० वि०	क्रिया विशेषण	
क्रि० स०	क्रिया सकर्मक	
क्व० क्व० प्र०	क्वचित् प्रयोग	
ग० मो०	गज मोख	हरसूर वारहठ
गी० रां०	गीत रांमायण	श्री अमृतलाल माथुर (कुचेरा निवासी)
गु०	गुजराती	

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
गु० रू० बं०	गुण-रूपक-बंध	श्री केसोदास गाडण
गोर	गोरादि	
गो० रू०	गोगादे रूपक	श्री पहाड़ खां आढ़ो
ची०	चीनी	
चेत मांनखा	चेतमांनखा	श्री रेवतदांन कल्पित
चौबोली	चौबोली	सम्पादक डॉ० कन्हैयालाल सहल
ज० खि०	जगा खिड़िया रा कवित	श्री जगो खिड़ियो
जा०	जापानी	
ज्यो०	ज्योतिष	
झूमखो	वातांरो झूमखो	सम्पादक डॉ० मनोहर शर्मा
डिं०	डिंगल	
डिं० को०	डिंगल कोश	कविराजा मुरारिदांन जी (बूंदी)
डिं० नां० मा०	डिंगल नांम माला	श्री हरराज (कवि)
ढो० मा०	ढोला मारू[१]	सम्पादक श्री रामसिंह, श्री सूर्य करण पारीक, श्री नरोत्तमदास स्वामी
तु०	तुर्की	
द० दा०	दयालदास री ख्यात	श्री दयालदास सिंढायच
दसदेव	दसदेव	नानूरांम संस्कर्ता
द० वि०	दलपत विलास	सम्पादक श्री रावत सारस्वत
दे०	देखो	
देवि, देवी	श्री देवियांण	श्री ईसरदास बारहठ
द्रो० पु०	द्रोपदी पुकार	श्री रांमनाथ कवियो
ध० व० ग्रं०	धर्म वर्धन ग्रंथावली	संपादक अगरचंद नाहटा
नां० मा०	नांम माला	अज्ञात
ना० डिं० को०	नागराज डिंगल कोस	श्री नागराज पिंगल
ना० द०	नाग दमण	श्री सांइया झूला
नी० प्र०	नीति प्रकास	श्री सगरांम सिंह मुहणोत
नैणसी	मुहणोत नैणसी री ख्यात	प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, जोधपुर
पं०	पंजाबी	
पं० पं० च०	पंच पंडव चरित्र	सालिभद्र सूरि
प० च० चौ०	पद्मिनी चरित्र चौपाई	कविलब्धोदय
पर्या० पर्याय०	पर्यायवाची शब्द	
पा०	पाली	
पा० प्र०	पाबू प्रकास	कवि श्री मोडजी आसियो
पिं० प्र०	पिंगल प्रकास	श्री हमीरदांन रतनू
पी० ग्रं०	पीरदांन ग्रंथावली	पीरदांन लालस

१. इसके अतिरिक्त हमने "ढोला मारू" की भिन्न २ लेखकों द्वारा लिखित हस्तलिखित वातों की प्रतियों में से भी शब्द लिए हैं, उनका भी संकेत चिन्ह ढो. मा ही रखा गया है।

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
पु०	पुल्लिग	
पुर्त्त०	पूर्त्तगाली	
पृप०	पृषोदरादि	
पे० रू०	पेमसिंह रूपक	श्री प्रतापदांन गाडण
प्र०	प्रत्यय	
प्रा०	प्राकृत	
प्रा० प्र०	प्राचीन प्रयोग	
प्रा० रू०	प्राचीन रूप	
प्रे०	प्रेरणार्थक	
प्रे० रू०	प्रेरणार्थक रूप	
फा०	फारसी	
फ्रां०	फ्रांसिसी	
वहु०/व०व०	वहु वचन	
वां० दा०	वांकीदास ग्रंथावली भाग १,२,३,	श्री वांकीदास
वां० दा० ख्या	वांकीदास री ख्यात	श्री वांकीदास
वा०दा० ख्यात		
वी० दे०	वीसल दे रासौ	नरपति नाल्ह
भ० मा०	भक्तमाल	श्री वह्मदास दादुपंथी
भाव०	भाव वाचक	
भाव०वा०भाव या० रू	भाव वाच्य रूप	
भिक्खु	भिक्खु दृष्टान्त	
भि० द्र०	,, ,,	
भू०	भूतकाल	
भू० का० क्रि०	भूत कालिक क्रिया	
भू० का० कृ०	भूतकालिक कृदन्त	
भू० का० प्र०	भूत कालिक प्रयोग	
भ्रं० पु०	भ्रंगी पुरांण	श्री हरदास
म०	मराठी	
मह० रू० भे०	महत्व रूप भेद	
मह० महत्व	महत्त्ववाची शब्द	
मा०	मागधी	
मा० कां० प्र०	माघवानल काम कंदला प्रवंध	कवि गणपति
मा० म०	मारवाड़ मर्दुमशुमारी रिपोर्ट	मुंशी श्री देवी प्रसाद
मा० वचनिका	माताजी री वचनिका	जती जयचंद
मि०	मिलाग्रो	
मीरां	मीरां वाई	
मु० मुहा०	मुहावरा	
मे० म०	मेहाई महिमा	श्री हिंगलाजदान कवियौ
यू०	यूनानी	
यौ०	यौगिक	
र० ज० प्र०	रघुवरजस प्रकाम	श्री किसनौ ग्राढौ

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
रू०	रघुनाथ रूपक गीतां री	श्री मंछाराम, मंछकवि
र० वचनिका	रतनसिंह महेशदासोत री वचनिका	जगो खिड़ियो
र० हमीर	रतना हमीर री वारता	महाराजा मानसिंह जोधपुर
रा०, राज	राजस्थानी	
रा० ज० रासौ	राउ जैतसी रो रासौ	अज्ञात
रा० जै० सी०	राउ जैतसी रो छंद	श्री बीठू सूजो नगराजोत
रात वासौ	राजस्थांनी कांणी संग्रह	नृसिंह राजपुरोहित
रा० दू०	राजस्थानी दूहा	सम्पादक नरोत्तमदास स्वामी
रा० प्र०	राजस्थानी प्रत्यय	
रां० रा० / रांम रासौ	रांम रासो	श्री माधोदास दधवाड़ियो
रा० रू०	राज रूपक	श्री वीरभांण रतनू
रा० वं० वि०	राठौड़वंश री विगत	अज्ञात
रा सा० स०	राजस्थानी साहित्य संग्रह भाग १	सम्पादक नरोत्तमदास स्वामी
रु० भे०	रूपभेद	
ल० पिं०	लखपति पिंगल	श्री हमीरदांन रतनू
ला० रा०	लावा रासौ	श्री गोपालदांन कवियौ
लू०	लू	ठा० चन्द्रसिंह बीको
लै०	लैटिन	
लो० गी०	राजस्थानी लोक गीत	
वं० भा०	वंश भास्कर	श्री सूर्यमल्ल मीसण
व०	वर्तमान काल	
व०० का कृ०	वर्तमान कालिक कृदन्त	
वचनिका	वचनिका रतनसिंह महेशदासोतरी	श्री जगो खिड़ियो
वरसगांठ		श्री मुरलीधर व्यास
व० स०	वर्णक समुच्चय	सम्पादक भोगीलाल सांडेसरा आदि
वांणी	संत वांणी	
वादळी	वादळी	ठा० चन्द्रसिंह बीको
वि०	विशेषण	
वि० कु०	विनय कुसुमांजली	विनयचंद्र-कृति-कुसुमांजलि
विलो०	विलोम	
वि० वि	विशेष विवरण	
वि० सं०	विड़द संणगार	कविराजा करणीदान कवियौ
वी० मा०	वीरमायण	वहादुर ढाढ़ी
वी० स०	वीर सतसई	सूर्यमल मीसण
वी० स० टी०	वीर सतसई टीका	श्री किसोरदांन बारहट
वेलि०	वेलि किसन रुकमणी री	महाराजा प्रिथीराज राठौड़
वेलि० टी०	वेलि किसन रुकमणी री टीका	अज्ञात

संक्षिप्त रूप	पूर्ण रूप	रचयिता
व्या०	व्याकरण	
शक०	शकुंदादि	
शा० हो०	शालि होत्र	
शि० वि०	शिखर वंशोत्पत्ति पीढ़ी वार्तिक	श्री गोपाल् कवियो
शि०सु०रू०	शिवदांन सुजस रूपक	श्री लालदांन बारहट
सं०	संस्कृत	
सं०उ०	संज्ञा उभय लिंग	
सं०पु०	संज्ञा पुल्लिग	
सं०स्त्री०	संज्ञा स्त्रीलिंग	
स०	सकर्मक	
स०कु०	समय-सुन्दर-कृति-कुसुमांजली	महाकवि समय सुन्दर
सभा०	सभाशृंगार	
स०रू०	सकर्मक रूप	
सर्व०	सर्वनाम	
सू०प्र०	सूरज प्रकास	कविराज करणीदान कवियो
स्त्री०	स्त्रीलिंग	
स्पे०	स्पेनिस	
श्री हरि पु०	श्री हरि पुरुषजी	श्री हरिपुरुषजी
ह०नां० / ह०नां मा०	हमीर नांम माला	हमीरदांन रतनूं
ह०पु०वां०	श्री हरि पुरुषजी की वांणी	श्री हरिपुरुषजी
हं०प्र०	हंस प्रबोध	श्री हमीरसिंहजी राठौड़
ह०र०	हरिरस	श्री ईसरदास बारहट
हा०झा०	हालां झालां रा कुण्डलिया	श्री ईसरदास बारहठ

ॐ [यह संकेत इस बात को सूचित करता है कि यह शब्द केवल कविता में ही प्रयोग होता है।

? शंकास्पद

"श्रद्धांजलि"

श्री अनोप री पूत, पूतळौ परमारथ रौ।
सांच झूठ परखण जिण, झाल्यौ पथ पारथ रौ ।।
महावीर रणधीर, फौज में थी जो करनळ।
सिंधु सरिस गंभीर, नीर गंगा ज्यूं निरमळ ।।
हनुमांन आंन नै प्रांण सम, पाळी थी जो पेखलौ ।
जीवन धिन जिण रौ नांम सुभ, आदि अखर में देखलौ ।।

—संपादक

सहज सरलता की प्रति-मूर्ति, स्वाभाविक सौम्यता के प्रतिरूप भक्त-हृदय,
स्नेहसिक्त सहृदयी मृदुभाषी उदारमना परम साहित्य सेवी सुग्रध्येता
परहितचिंतक लोकोपकारक जनप्रिय ग्रामनायक

(कर्नल ठाकुर श्री श्यामसिंहजी रोडला)

जन्म :	स्वर्गधाम :
संवत् १९६२	संवत् २०२४
फाल्गुन शुक्ला ३	फाल्गुन शुक्ला ६

जिन्होंने कोश के निर्माण में अपूर्व सहयोग दिया
जिन्होंने आत्मभाव से साहित्योपकार किया
उन्हें
हमारी कोटि – कोटि पावन श्रद्धांजलियां

राजस्थांनी सबद कोस

[राजस्थानी हिन्दी वृहत् कोश]

[तृतीय खण्ड]

(प्रथम जिल्द)

प

प—देवनागरी वर्णमाला का इक्कीसवां व्यञ्जन जो कि विवार, श्वास, घोष और अल्पप्राण प्रयत्न लगने से तथा दोनों ओठों के मिलाने से उच्चरित होता है। अतः इसे स्पर्श व ओष्ठ्य वर्ण कहते हैं।

पंइताळीस—देखो 'पैंताळीस' (रू.भे.)
उ०—पंइताळीस धनुस नी उंची, कंचन वरणी काया रे। सुंदर रूप मनोहर मूरति, प्रणमइ सुरनर पाया रे।—स.कु.

पंक-संपु० [सं०] १ पाप (ह.नां., अ.मा., डिं.को.)
उ०—कट्ट कांगरै-कांगरै, पसर न दै अर-पंक। कोट भड़ां रा कांगरा, अड़ बैठा नभ अंक।—रेवतसिंह भाटी
२ कलंक, धब्बा। उ०—सोळै किरणां सरसियौ, प्रगट फब्यौ विण पंक। सही क सुवरण वेल सूं, मिळियौ आंण मयंक। —र. हमीर
३ कीचड़, कीच। उ०—१ वितए आसोज मिळै नभि वादळ, प्रिथी पंक जळि गुडळपण। जिम सतगुरु कळि कळुख तणा जण, दीपति ग्यांन प्रगटे दहण।—वेलि.
उ०—२ अस्ट करम मळ पंक पयोधर, सेवक सुख संपति करणं। सुर-नर-किन्नर-कोट निवेसित, समय सुंदर प्रणमति चरणं। —स.कु.

रू०भे०—पंग।
यौ०—पंक-जणी, पंक-जनम, पंक-जात।

पंककीर-संपु० [सं०] टिटिहरी नामक चिड़िया।

पंकज-वि० [सं०] कीचड़ से उत्पन्न होने वाला।
संपु०—१ कमल (ह.नां.)
२ फूल (अ.मा.)
रू०भे०—पंकज्ज, पंकय।
यौ०—पंकज-ग्रह, पंकज-बंधु, पंकज-राग, पंकज-हती।

पंकजग्रह-संपु० [सं०] वरुण (नां.मा.)

पंकजणी—देखो 'पंकजिनी' (रू.भे.)

पंकजनम-संपु० [सं० पंकजन्मन्] कमल, पद्म।

पंकजबंधु-संपु० [सं०] सूर्य, रवि (अ.मा.)

पंकजराग-संपु० [सं०] पद्म-रागमणि।

पंकजहत, पंकजहती, पंकजहत्य, पंकजहत्थी, पंकजहथ, पंकजहथी—संपु० [सं० पङ्कजहस्त] सूर्य, भानु (डिं.को.)
वि०वि०—पङ्कजहस्त=कमलों का हाथ (सहारा)। यदि इसे गुण-वाची 'इन्' प्रत्यय के साथ रखें तो 'हस्ती' होगा। उसका अर्थ होगा कमलों को सहारा देने वाला।

पंकजात-संपु० [सं०] कमल।

पंकजासण, पंकजासन-संपु० [सं० पंकजासन] ब्रह्मा।

पंकजिणी—देखो 'पंकजिनी' (रू.भे.)

पंकजित-संपुं० [सं० पंकजित्] गरुड़ का एक पुत्र।

पंकजिनी-संस्त्री० [सं०] कमल का पौधा जो पानी में होता है। (डिं.को.)
रू०भे०—पंकजणी, पंकजिणी।

पंकज्ज—देखो 'पंकज' (रू.भे.)

पंकण, पंकणी-संस्त्री०—१ प्रत्यञ्चा। उ०—कह कबांण नैण रस, जोह पंकणी तांणेह। मारू तीर कबांण जिम, नह चूके बांणेह। —ढो.मा.
२ देखो 'पंखणी' (रू.भे.)

पंकत, पंकति—देखो 'पंक्ति' (रू.भे.)
उ०—१ चंदी सूळ पारजात मराळां पंकतां चंगी, किरमाळां मोज पंगी कोसल्या कवार।—र.रू.
उ०—२ काळी-घड़ पावस कंवळयं, बग-पंकति दीप दंतूसळयं। —ग.रू.बं.
उ०—३ रुखमणीजी की दंति पंकति सोभित छै।—वेलि. टी.

पंकति-दूहौ-संपु० [सं० पंक्ति+रा० दूहौ] वह दोहा जिसमें चारों चरण मिला कर ४८ ह्रस्व वर्ण हों। इसका दूसरा नाम सर्प है।

पंकती—देखो 'पंक्ति' (रू.भे.)

पंकदिग्धांग-संपु० [सं०] कार्तिकेय का एक अनुचर।

पंकधूम-संपु० [सं०] एक नरक (जैन)

पंकप्पभा, पंकप्पहा, पंकप्रभा-संस्त्री० [सं० पंकप्रभा] एक नरक।
वि०वि०—इस नरक में कीचड़ भरा हुआ माना जाता है।

पंकय—देखो 'पंकज' (रू.भे.)
उ०—सेवइ जसु पय साघ अहे, पंकय महूअर रुण उणइ ए। धन धनु जे नरनारि अहे, नित नितु प्रभु गुण गण थुणइ ए। —ऐ.जै.का.सं.

पंकरुट-संपु० [सं०] कमल (डिं.को.)

पंकरुह, पंकरूह-संपु० [सं० पंकरुह] कमल, पद्म (डिं.को.)
रू०भे०—पंकेरुह।

पंकाउळी—देखो 'पंकावळी' (रू.भे.) (पिं.प्र.)

पंकाभा-संस्त्री० [सं०] चौथी नरक (जैन)

पंकावळि, पंकावळी-संस्त्री० [सं० पंकावलि] प्रत्येक चरण में प्रथम गुरु फिर दो नगण फिर दो भगण सहित १३ वर्णं का वर्णिक वृत्त विशेष जिसे कंजअवळी भी कहते हैं (र.ज.प्र.)
रू०भे०—पंकाउळी।

पंकित—देखो 'पंक्ति' (रू.भे.)
उ०—सेरी सांथ मोकळी वाट, नगर मांहि छोह पंकित हाट। —कां.दे.प्र.

पंकेरुह—देखो 'पंकरुह' (रू.भे.)
पंक्खण—१ देखो 'पंख' (रू.भे.)
२ देखो 'पक्षी' (रू.भे.)
३ देखो 'पंखी' (रू.भे.)
पंक्ति-सं०स्त्री० [सं०] १ प्राय: एक ही प्रकार की वस्तुओं का ऐसा समूह जो एक दूसरी के पश्चात् एक ही सीध में हों, कतार, पांती, लाइन, श्रेणी। उ०—किते चवदंडिय होदनि छाय, दये डगवेरनि तें खुलवाय। चले मिळि दंतिय पंक्ति समग्र, मनो बग पंक्ति उठी घन अग्र।— ला.रा.
पर्या०—तति, माळा, राजी, वीथि।
२ एक साथ बैठ कर भोजन करने वालों की कतार।
३ फौज में दस-दस योद्धाओं की कतार।
४ प्रत्येक चरण में एक भगण और अंत में दो गुरु वाला एक वर्ण-वृत्त।
५ दस की संख्या*।
रू०भे०—पंकत, पंकति, पंकती, पंकित, पंगत, पंगति, पंगती, पंत, पंति, पंती, पांत, पांति, पांती, पिंगति।
पंक्तिपावन-सं०पु० [सं०] ऐसा ब्राह्मण जिसको यज्ञ में बुलाना और दान देना श्रेष्ठ माना जाता है।
पंक्तिबद्ध-वि० [सं०] कतार में बंधा हुआ, श्रेणीबद्ध।
पंख-सं०पु० [सं० पक्ष] १ चिड़ियों, पतंगों आदि पक्षियों का वह अवयव जिससे वे हवा में उड़ते हैं, पर।
उ०—१ आगै खोजां जावतां पंख पड़िया पाया।
—केसोदास गाडण
उ०—२ कुंभड़ियां कळिअळ कियउ, सुणीउ पंखइ वाइ। ज्यांकी जोड़ी वीछड़ी, त्यां निसि नींद न आइ।—ढो.मा.
पर्या०—छद, पत्र, पिच्छ, बाज।
मुहा०—१ पंख आणा—देखो 'पंख लागणा'।
२ पंख उखलणा—असमर्थ होना।
३ पंख उखेलणा—असमर्थ करना।
४ पंख कटणा—देखो 'पंख उखलणा'।
५ पंख काटणा—देखो 'पंख उखेलणा'।
६ पंख जमणा—देखो 'पंख लागणा'।
७ पंख लगणा—देखो 'पंख लागणा'।
८ पंख लागणा—बुरे रास्ते पर जाने के रंग-ढंग दिखाई पड़ना, इधर-उधर घूमने या भटकने की इच्छा दीख पड़ना।
२ पुष्प-दल।
३ धूलि। उ०—दळ मेहळ ऊपड़ै, भमर रज डम्मर भ्रम्मै। असंख वांण आतस्स, गयण पंखारच गम्मै। पसरि पंख है पाई, इळा उड्डै आचंतरि। जरद लाल इक स्याह, वरन वांना वि: बहथरि।
—गु.रू.बं.
रू०भे०—पंक्खण, पंखि, पंखी।
अल्पा०—पंखड़ी, पंखडी, पंखड़ौ, पंखडौ, पंखुड़ी।
मह०—पंखड़, पंखड, पंखांण।
४ गिद्ध, चील आदि मांसाहारी पक्षी।
५ राजा की सवारी का हाथी।
६ अश्व, घोड़ा (डिं.नां.मा.)
उ०—पाखर में परचंड, पंख पाहाड़ अचग्गळ। ऊंचासौ इंद्र रै, रांम रै गुरड विहंगम।—ग.रू.बं.
७ धारा, प्रवाह। उ०—मांडिया उतबंग जियइ द्रू माथइ, नांम जपंतां एक निमंख। संकरदेव पखउ कुण साहइ, पडती गंग तणा झट पंख।—महादेव पारवती री वेलि
८ देखो 'पक्षी' (रू.भे.)
उ०—तांणै मीर तीर घनंख पाड़ै गयण हूंता पंख।—गु.रू.बं.
यौ०—पंखपति, पंखराज, पंखराव।
९ देखो 'पंखारी' (रू.भे.)
उ०—१ असिधुज सिलह पखर भिदि आवै। पंख जिकां भींजण नह पावै।—सू.प्र.
उ०—२ कोमंड गरज्ज हुए हलकार, भडां भालोड़ करत भंभार। एकू की मूठ विछुट्ट असंख, परै सिर फूटै कोरी पंख।—गु.रू.बं.
पंखड़, पंखड—१ देखो 'पंख' (मह., रू.भे.)
पंखड़ी, पंखडी—देखो 'पंख' (अल्पा., रू.भे.)
उ०—१ आडा डूंगर वन घणा, खरा पियारा मित्त। देह विधाता पंखड़ी, मिळि मिळि आवउं नित्त।—ढो मा.
उ०—२ कुंझां! द्यउ नइ पंखडी, थांकउ विनउ वहेसि। सायर लंघी प्री मिळउं, प्री मिळि पाछी देसि।—ढो.मा.
पंखड़ौ, पंखडौ—१ देखो 'पंख' (अल्पा. रू.भे.)
२ देखो 'पंखी' (अल्पा., रू.भे.)
३ देखो 'पक्षी' (अल्पा., रू.भे.)
पंखण, पंखणि, पंखणी-सं०स्त्री० [सं० पक्षिणी] १ मादा पक्षी।
२ मादागिद्ध। उ०—१ रिमसेन सगह वहिया जुध रासै। रूकां पांण कनोजै-राय। पळ भखती रासी पिड पंखण। तगसंती राता गिर ताय।—धोळूजी विठू
उ०—२ वारण कारण धाव-दाव वर, भख पंखण रीझव भाराथ। वेटौ बाप दहूं रथ वैठा, सासु वहू अच्छर कर साथ।
—गोपाळदास बळरांम गौड़ रो गीत
उ०—३ झड़प्फड़ पंखणि साव्रज झूल। गुडंत गयघण गात्र सथूल।
—गु.रू.बं.
३ चील।
४ वर्तमान और आगामी दिन के बीच की रात।
५ अप्सरा।
उ०—पनंगणी कना काय पंखणी, कोण देस हूंता गवण। हूं

तुज्ज भेद जांणूं नहीं, कह है तूं बाई कवण ।—पा.प्र.

६ राठौड़ वंश की कुलदेवी, चक्रेश्वरी, नागणेची ।

उ०—चक्रेस्वरी बळे स्थाने, राटेस्वरी तथा रट । पंखणी सप्त मात्रेण, नागणेची नमस्तुते ।—पा.प्र.

रू०भे०—पंकणी, पंखयांणी, पंखायण, पंखिण, पंखिणि, पंखिणी, पंखीणी, पंखीनी, पांखणी ।

पंखणीग्र'ळी, पंखणीयाळी—सं०पु० [सं० पक्ष+आलुच् प्र०] पक्षी, पंखेरु ।

पंखपत, पंखपति, पंखपती, पंखपत्त, पंखपत्ति, पंखपत्ती—सं०पु०यौ० [सं० पक्षी+पति] १ गरुड़, पक्षिराज (डिं.को.)

उ०—परिठिवउ प्रांण पागड़इ पाउ, रेवंति चड़िय 'जइतसी' राउ । 'चउंडाहर' चड़िवउ चक्रवति, परमेसर जांणे पंखपत्ति ।

—रा.ज.सी.

२ जटायु ।

रू०भे०—पंखीपत, पंखीपति, पंखीपती, पंखीपत्त, पंखीपत्ति, पंखीपत्ती ।

पंखयांणी—देखो 'पंखणी' (रू.भे.)

उ०—पंखयांणी आव पख्ख, दांन पाव भाव दख्ख । रूप तो अमर रख्ख, ख्ळां भेळि खख्ख ।—पा.प्र.

पंखराउ, पंखराऊ, पंखराज, पंखराय—देखो 'पक्षिराज' (रू.भे.)

उ०—१ वरवागू के सांचे पंखराउ सी धाव । खुरताळुं के झमके सत सिपा के सिळाव ।—र.रू.

उ०—२ दक्खणियां घर वाहण आदो, व्राहनपुर आयो साहिजादो । देख 'खुरम' दखणी दळ भग्गे, किरि दीठौ पंखराऊ पनग्गे ।

—गु.रू.वं.

उ०—३ तुरी झळूस साज तांम, धाव देत धारकं । उडांण पंखराज एम, पांण में अपारकं ।—सू.प्र.

उ०—४ जळ भीतर ग्राव मचाय महाजुध, कंटक लोध दबाय करी । गळळावत सूंड रही दुय अंगुळ, हेत घणै पंखराय हरी ।

—भगतमाळ

पंखराळ—वि० [सं० पक्ष+आलुच्] १ बड़े बड़े परों वाला ।

२ देखो 'पखराळ' (रू.भे.)

उ०—वदन मजीठ रूप विकराळां । पमगां चढै पूर पंखराळां । कहि चहुवांण तणा भड़ केहा । जम हूं लड़ै चाळवंध जेहा ।—सू.प्र.

पंखराव—देखो 'पक्षिराज' (रू.भे.)

उ०—१ उरड तूटि असमांन, जुटि पंखराव जहरधर । हुवै विकट करि हाक, दंत नरसिंघ बाहादर ।—पनां वीरमदे री वात

उ०—२ सारी 'ओरंग साह' सूं, दाखै दूत विगत्त । 'दुरग' 'अकब्बर' जांम्य-दिस, गा पंखराव जुगत्त ।—रा.रू.

पंखवा—सं०स्त्री० [सं० पक्ष+वायु] पंखे की हवा ।

पंखवौ—देखो 'पंखारौ' (रू.भे.)

पंखांण—देखो 'पासांण' (रू.भे.)

उ०—गढ़ भंजे भीत किमाड़ं, उत्थापै जड़ां उपाडं । सातखणा मह मंडांणं, किया ढाहि पंखांण पंखांणं ।—गु.रू.वं.

२ देखो 'पंख' (मह., रू.भे.)

३ देखो 'पक्षी' (मह., रू.भे.)

पंखांराउ, पंखांराऊ, पंखांराज, पंखांराव—देखो 'पक्षिराज' (रू.भे.)

उ०—१ वेग लिए मूंठी वाऊ, राज रथां पंखांराऊ ।—गु.रु.वं.

पंखाकुळी—सं०पु०यौ० [सं० पक्ष+तु० कुली] पंखा खींचने के लिए नियत व्यक्ति ।

पंखाबरदार—सं०पु० [सं० पक्ष+फा० बरदार] पंखे से हवा करने वाला ।

रू०भे०—पंखावरदार ।

पंखाबरदारी—सं०स्त्री० [सं० पक्ष+फा० बरदार+रा.प्र.ई] पंखे से हवा करने का कार्य । उ०—लहलहती नाचै लता, पवन संगीती पाय । पंखाबरदारी करै, रंभ बिचै बणराय ।—बां.दा.

रू०भे०—पंखावरदारी ।

पंखायण—देखो 'पंखणी' (रू.भे.)

पंखार, पंखारौ—सं०पु० [सं० पक्ष+आलुच्] तीर का पीछे का वह भाग जहां से तीर प्रत्यञ्चा पर चढ़ाया जाता है ।

वि०वि०—तीर के इस स्थान पर दोनों ओर छोटे छोटे पर (पंख) लगे हुए होते हैं ।

उ०—१ खतां अंगि तीर फरक्कि पंखार । घड़ा छत मेघ घणा छत्र-धार ।—सू.प्र.

उ०—२ ऊपर रूपै रा सांबा छै, पीतळ तांबै रा छला छै, दांत री चौकड़ी छै, तिलोर रा पंखारा छै ।—रा सा.सं.

उ०—३ कुंवरसी रै हाथ रौ तीर जिण रै लागै उण ही घोड़ै तक रै पार नीसर जाय । सवार रै लागै जीं मांही पंखारा भींजै तक नहीं ।—कुंवरसी सांखला री वारता

रू०भे०—पंख, पंखवौ, पंखोवौ, पुंख, पुंखौ ।

पंखाळ, पखाळौ—वि० [सं० पक्षालुः] १ जिसके पंख हों, पर वाला ।

उ०—१ मणिधर मोटा देखीइ, पंखाळा पुन्नाग । सात फणइग्री सहिस-गळ, विमणी विमणी वाग ।—मा.कां.प्र.

उ०—२ चलै करण ताळ उलाळा चलावै । घरै काळ भा अद्रि पंखाळा धावै ।—वं.भा.

२ पक्ष का, एक ओर का । उ०—तुरंग मातंग रथाळि पाळा, ते पारथ नै वारि हूंया पंखाळा ।—विराट पर्व

सं०पु०—१ पक्षी । उ०—पड़ि सोक भयंकर उडि पंखाळ । काळ में जांणि घण प्रळयकाळ ।—सू प्र.

२ मांसाहारी पक्षी । उ०—१ गुदाळक जे पंखाळ गजै । विकराळ बंबाळ त्रंबाळ वजै ।—गो.रू.

उ०—२ वरंगां राळ वरमाळ सूरा वरै, त्रिपत पंखाळ दिल खुलै

ताळा। सवळ पड भार सिर तणावै ग्रहेसुर, महेसुर वणावै मुंड-माळा।—र.रू.

३ पक्षिराज, गरुड़। उ०—'पातल' वग्ग पमंग री, यूं कर भली उताळ। चत्रभुज जांणे चालियो, पिड़ कज सभ पंखाळ।

—किसोरदांन बारहठ

४ गिद्ध।

५ सांप, नागा उ०—गज, तूंबी, चीतळ, गोरावा, सुज काळा, पंखाळा सेत नव-कुळ नाग म आंणे नैड़ा, नव-कुळां ई टाळे सखतेत।

—आसो गाडण

[सं० पक्ष सेनाका एक बाजू+आलुच्] ६ घोड़ा, अश्व (डि.नां.मा.)

७ तीर, शर (डि.नां.मा.)

उ०—१ पूर सोक पंखाळ ग्ररस, छायो ग्राघंतरि।—गु रू.वं.

उ०—२ अखत पंखाळ अणियाळ उछाळती, सुतिए ताळ विकराळ साए। दूसरा 'पाल' चुगलाळ घड़ दुलहणी, विमळ वरमाळ करमाळ वाए।—जोगीदास चांपावत रो गीत

८ डिंगल का एक गीत (छंद) विशेष जो छोटे सांणोर का एक भेद होता है। इसमें तीन द्वाले होते हैं और ह्रस्व दीर्घ का नियम नहीं होता है।

पंखावरदार—देखो 'पंखावरदार' (रू.भे.)

पंखावरदारी—देखो 'पंखावरदारी' (रू.भे.)

पंखासाळ-सं०स्त्री० [स० पक्ष+शाला] १ वह शाला जहां हवा के निमित्त पंखा लगा हुआ हो।

२ मकान के भीतर की वह खुली शाला जिसमें हवा सुगमता से आती हो।

३ मकान के भीतर बनी हुई वह खुली शाला जिसके दोनों पक्षों के कमरों आदि में सामान आदि रखा जाता है किन्तु शाला में प्राय: सामान आदि नहीं रखा जाता है। यह प्राय: गर्मी की ऋतु में दिन को बैठने, मेहमानों को ठहराने व सोने के उपयोग में ली जाती है।

पंखि—देखो 'पक्षी' (रू.भे.)

उ०—१ अनि पंखि बंधे चक्रवाक असंधे, निसि संधे इमि अहो-निसि। कांमिणि कांमि तणी कांमागनि, मन लाया दीपकां मिसि।

—वेलि.

उ०—२ रात सखी इणि ताल मइं, काइज कुरळी पंखि। उवै सरि हूं घरि आपणइ, बिहूं न मेळी अंखि।—ढो.मा.

२ देखो 'पंख' (१-३) (रू.भे.)

उ०—अजै जांनकी सोधवा जोध आया। गिरां 'अंगदेसं' चढ़ै रांम गाया। सुणै रांम रो नांम उच्छाह साई। उठै ग्रीध संपात रै पंखि आई।—सू प्र.

३ देखो 'पंखो' (८) (रू.भे.)

पंखिग्रो १—देखो 'पक्षी' (अल्पा०, रू.भे.)

२ देखो 'पंखियो' (रू.भे.)

३ देखो 'पक्ष' (अल्पा., रू.भे.)

पंखिण, पंखिणि, पंखिणी—देखो 'पंखण' (रू.भे.)

उ०—१ पंखिण पंखी वीछड़ै, जिम सोकातुर थाय। तिम कुमरी नै पिउ विना, खिण एक खिण न सुहाय।—वि.कु.

उ०—२ दुख सायर मन बेडली, कूप ते माधव नांम। कांमकंदळा पंखिणी, फिरि-फिरि एक जि ठांम।—मा.कां.प्र.

उ०—३ कोधी सांन खांनि मूंगळ नइ, सींगिणी परठघर तीर। तांणी गयणि पंखिणी वीधी, पेखइ मोटा मीर।—कां.दे प्र.

पंखियो-सं०पु० [सं० पक्ष+रा०प्र० इयो] १ वह बैल जिसके पसलियों की अन्त की हड्डियां कुछ छोटी हों (अशुभ)।

रू०भे०—पंखिग्रो, पंखीग्रो, पंखीयो।

२ देखो 'पक्षी' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—१ संकुड़ित समसमा संध्या समयै, रति वंछिति रुखमणि रमणि। पथिक वधू द्रिठि पंख पंखियां, कमळ पत्र सूरिज किरणि।

—वेलि.

३ देखो 'पंखो' (अल्पा०, रू.भे.)

पंखी-सं०पु० [स० पक्षी] १ गरुड़, पक्षिराज (ह.नां., अ.मा.)

२ बांण, शर (डि.नां.मा.)

३ एक प्रकार का ऊनी कपड़ा जो पहाड़ी भेड़ के बालों से बुना जाता है। उ०—आंनन विमळ मुखोप अपारां। तांबूळादि दियै तिण वारां। एहिज सदन सिसर हिमवंतां। आसण पखो पसम अनंतां।—सू.प्र.

[सं० पक्ष] ४ रहट चलाने वाले के लिए बैठने का स्थान जहां पर बैठ कर वह बैलों को हांकता है।

सं०स्त्री०—५ फूल का दल, पंखुरी।

६ गिद्ध, चील आदि मांसाहारी पक्षी।

७ मक्खी, मक्षिका।

८ बंदूक के अग्र भाग में उभरा हुआ वह अंश जिसकी सहायता से निशाना साधा जाता है।

९ देखो 'पक्षी' (रू.भे.) (अ.मा., ह.नां.)

उ०—१ स्रीपति कुण सुमति तूझ गुण जु तवति, ताछ कवण गयण जु समुद्र तरै। पंखी, कवण गयण लगि पहुंचै, कवण रंक करि मेरु करै।—वेलि.

उ०—२ धनवंतां री 'धरमसी', आवै सहु घरि आस। सरवर भरियो देख सहु, पंखी बैसै पास।—ध.व.ग्रं.

१० देखो 'पंख' (१-३) (रू.भे.)

११ देखो 'पंखो' (अल्पा., रू.भे.)

पंखीग्रो—१ देखो 'पंखियो' (रू.भे.)

२ देखो 'पक्षी' (अल्पा., रू.भे.)

पंखीड़—१ देखो 'पंखो' (मह०, रू.भे.)

२ देखो 'पक्षी' (मह०, रू.भे.)

पंखीड़ौ—देखो 'पक्षी' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—रूड़ा पंखीड़ा, पंखीड़ां, मुन्हइ मेल्ही नइ म जाय। धुर थी प्रीती करी मइं तो सुं, तुझ विण क्षण न रहाय।—स.कु.

पंखीणी, पंखीनी—१ देखो 'पंखणी' (रू.भे.)

२ देखो 'पक्षी' (रू.भे.)

उ०—ऊमर अति आरहडा खडइ, तउ ढोलउ किम ही नापडइ। पंखीनी परि ऊडयउ जाइ, करहउ मिळियौ वाउवाइ।—ढो.मा.

पंखीपत, पंखीपति, पंखीपती, पंखीपत्त, पंखीपत्ति, पंखपत्ती—देखो 'पंखपत' (रू.भे.) (ह.नां., अ.मा.)

उ०—वाहण गुरूड सयल पंखीपति, जादव करई जगीस। सुर-नर पंनग माहे मोटा, ईस्वर नउं वर ईस।—रुकमणी मंगळ

पंखीयौ—१ देखो 'पक्षी' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—भोगव्या कांम भोग छोड़नै, वेहुं भव हळका थाय। वेउ सरीखा पंखीया नी परै, विचरसां इच्छा आपणी दाय।

—जयवांणी

२ देखो 'पंखियौ' (रू.भे.)

पंखीराव—देखो 'पक्षिराज' (रू.भे.)

उ०—गाढा दांणवां गाळिवा गाव, भवांनी आदू सुभाव। चढूं चक्कां सीस चाव विरद्दाव, पंखीराव हूंतां पाव।—सक्ति-सुयश

पंखीस-सं०पु० [सं० पक्षी+ईश] १ गरुड़, पक्षिराज।

२ देखो 'पक्षी' (मह०, रू.भे.)

उ०—पंखीस गीध वैठा अपार, मिळ सकळ पात पळ वेसुमार। इण भांत चली सरता अभंग, जिण वार कमंध असुरांण जंग।

—शि.सु.रू.

पंखुडी—देखो 'पंख' (अल्पा., रू.भे.) (१-२-३)

उ०—आडा डूंगर भुइं घणी, सज्जण रहइ विदेस। मांगी तांगी पंखुडी, केती वार लहेस।—ढो.मा.

पंखेरुओ—देखो 'पक्षी' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—उड ज्या रे पंखेरुआ सांझ पड़ी।—मीरां

पंखेरू—देखो 'पक्षी' (रू.भे.)

उ०—तरइं पंखेरू आगळि परधांनां, विवरा सुघउ कह्यउ वतकाव। वहिलउ दरसण हुवइ विसुंभर, अस इछ कहि पंखो ऊपाव।

—महादेव पारवती री वेलि

पंखेरूओ, पंखेरूवो—देखो 'पक्षी' (रू.भे.)

उ०—पिया रै फिकर में भयी दिवांणी, मुसकल घड़ी अे घड़ी, उड जा रे! पंखेरुवा सांझ पड़ी।—मीरां

पंखेसर-वि० [सं० पक्ष+ईश्वर] जिसके पंख हों, पंखधारी।

उ०—स्रीखंडूं का डंवर समीर सैं झोला खावै। मळियागिर के मोळैं भूलि पंखेसर मिणधर भुजंग आवै।—सू.प्र.

सं०पु०—१ पक्षिराज, गरुड़।

२ जटायु।

३ देखो 'पक्षी' (मह०, रू.भे.)

उ०—अनेक पंखेसर नाग अनंत। मिळै सिधि साधिक संत-महंत।

—रांमरासौ

पंखौ-सं०पु० [सं० पक्ष+रा.प्र. औ] १ वह वस्तु जिसे हिला-डुला कर हवा के झोंके को किसी ओर ले जाया जाय। विजना।

वि०वि०—पहले इसे पंख से बनाते थे अथवा इसका आकार पंख जैसा होता था इसलिए इसका यह नाम पड़ा। छत में कपड़े का पंखा लगा कर डोरी से खींच कर हिलाया जाता है। छत में लटका कर चरखी द्वारा भी घुमाया जाता है। आजकल नाना प्रकार के बिजली से घूमने वाले पंखों का व्यापक प्रयोग होता है, जिनसे हवा में इच्छानुसार न्यूनाधिक गति उत्पन्न की जा सकती है।

क्रि०प्र०—खींचणौ, चलणौ, चलाणौ, झळणौ, डुलाणौ, हिलाणौ

मुहा०—पंखौ करणौ—हवा में गति उत्पन्न करने के लिए पंखे को हिलाना-डुलाना।

२ सोने, चांदी, गोटे आदि की बनी एक प्रकार की झल्लरी जिसे स्त्रियों के चीर या साड़ी की किनार पर लगाया जाता है।

३ प्रायः सुनारों, लुहारों और कारखानों में आग जलाने का एक आधुनिक ढंग का उपकरण विशेष।

अल्पा०—पंखड़ी, पंखड़ौ, पंखडी, पंखडौ, पंखियौ, पंखी।

मह०—पंखीड़, पंखीड।

पंखोवौ—देखो 'पंखारौ' (रू.भे.)

उ०—पिसण घणौ कुवर्णत पिण, जचै न जो सर जेम। करहि पंखोवा काट दै, सखी चलै सर केम।—रेवतसिंह भाटी

पंग—१ देखो 'पंगु' (रू.भे.)

उ०—१ आज 'अममल' भूप एहो, जुधां जोपण पंग जेहो। सांसणां गयंदां समापै, कुरंद पातां तणा कापै।—सू.प्र.

उ०—२ उदित ब्रह्म मधि ईस, पछै वप विसन प्रकासै। तम नासै जोवतां, नांम कहतां अघ नासै। अंतरीख मग उरस, चंचळ सातह-मुख चालै। सुरंग पंग सारथी, हेक चक्रह रथ हालै।—सू.प्र.

उ०—३ हाथ! भलइं रह हालता, पाउ सदैवत पंग। हाळी बाळी आपसिउं, अवरां ही मोरूं अंग।—मा.कां.प्र.

२ देखो 'पंक' (रू.भे.)

पंगत—देखो 'पंक्ति' (रू.भे.)

उ०—१ लूंबां झड़ नदियां लहर, बक पंगत भर बाथ। मोरां सोर ममोलियां, सांवण लायौ साथ।—बां.दा.

उ०—२ जीमण रै वै दिन राजा रा आदमी ऊंठां पर चढ़ नै आय पूग्या हा अर पंगत में भगदड़ मचणीज वाळी ही कै सेठां मुंसीजी नै एक कांनी बुलाय नै जेब गरम कराय दी।—रातवासौ

उ०—३ सिर झुकिया सहंसाह, सींहासण जिण सांमनै। रळणौ पंगत राह, फावै किम तो नै 'फता'।—केसरीसिंह बारहठ

पंगतटाळ-सं०पु०यौ० [सं० पंक्ति+राज० टाळ=पृथक] वह साधु या संन्यासी जो किसी पाप-कर्म के कारण भोजन के समय साधु-मंडली में साथ न बैठने दिया जाता हो।

पंगति, पंगती—देखो 'पंक्ति' (रू.भे.)

उ०—तिणरी आडी पंगति रौ, कोठौ आदि जिकोइ। आंक सरब गुर एकडौ, जांणीजै विधि जोइ।—ल.पिं.

पंगनृप-पंगराज सं०पु० [सं० पंगु+नृप] राजा जयचंद के लिये प्रयोग किया जाने वाला विरुद सूचकशब्द।

उ०—कीजिये इण विध कांम, निज पंग-नृप जिम नांम। विध एम करतां वात, भिळ सैंद दहुंवै भ्रात।—सू प्र.

वि०वि०—महाराजा जयचन्द राठौड़ की सेना इतनी अधिक थी कि उसके कूच और पड़ाव तक के मध्य भाग में सदैव पंक्ति सी बनी रहती थी जिसे कवियों ने पंगु मनुष्य के चलने पर भूमि पर बनी घसीट से तुलना कर राजा जयचन्द का विरुद 'दळपंगुळ' दे दिया। कालान्तर में इसी विरुद के आधार पर राजा जयचन्द का एक नामान्तर ही दळ पंगुळ, दळ पांगळौ, पंग और पंगु हो गया।

पंगरण-सं०पु० [सं० उपांगधरण] १ वस्त्र।

उ०—१ विहद कोर गोटै वणै, पातर रै पोसाक। परणी फाटै पंगरण, बैठी फाड़ै बाक।—बां.दा.

उ०—२ पदमणि पुरखां रै पंगरण नह पूरा। भूखा सूतोड़ा संगरणवै भूरा।—ऊ.का.

रू०भे०—पंगुरण, पंगुरिण, पंगुरिणि, पांगरण, पांगुरण, पुंगरण, पूंगरण, पूगरण।

पंगराव, पंगराज—[सं० पंगुराज] राजा जयचन्द का एक नाम।

उ०—१ अनेक पचाणी आवास, रूप भोमि रच्चए। अनेक राग-रंग ओप, नृत्तकार नच्चए। भरै अनेक दंड भूप, केक वीनती करै। करै अनेक दांन कोड़ि, पंगराज भूप रै।—सू.प्र.

उ०—२ कहि यम हैजम करै, विखम रूपी विकराळा। चढि मदभर चालियो, तूर वाजतां त्रंबाळा। तूटै नदी तटाक, हाक खूटै ताळीहर। पंगराव जिम प्रबळ, हलै फौजां घैंसाहर।—सू.प्र.

पंगळ—देखो 'पंगुळ' (रू.भे.)

पंगळियौ—देखो 'पंगुळ' (अल्पा., रू.भे.)

पंगळी—देखो 'पंगुळी' (रू.भे.)

पंगळौ—देखो 'पंगुळ' (अल्पा., रू.भे.)

(स्त्री० पंगळी)

पंगा—देखो 'पगां' (रू.भे.)

पंगी-सं०स्त्री० [सं० पंग्वी] कीर्ति, यश (डिं.को.)

उ०—१ पंगी गंग प्रवाह, निरमळ तन कीधो नहीं। चित क्यूं राखै चाह, तिकै सरग पावण तणी।—बां.दा.

उ०—२ अकबर जतन अपार, रात दिवस रोकण करै। पूगी समदां पार, पगी रांण 'प्रतापसी'।—दुरसौ आढौ

वि०स्त्री०—जो पैरों से चल न सकती हो, अपंग, लँगड़ी।

रू०भे०—पांगी।

पंगु-वि० [सं०] (स्त्री० पंगवी) जो पैरों से चल न सकता हो, लँगड़ा

उ०—मन पंगु थियौ सहुसेन मुरछित, तह नह रही संपेखतै। फिरि नीपायौ तदि निकुटी ए, मठापूतळी पाखांण में।—वेलि.

सं०पु०—१ शनिश्चर।

२ सूर्य के सारथि का एक नाम।

३ एक प्रकार का रोग जिससे मनुष्य पैरों से चल नहीं सकता।

रू०भे०—पंग, पंगू।

अल्पा०—पांगौ।

पंगु-गति-सं०स्त्री० [सं०] वर्णिक छंद का एक दोष जो लघु के स्थान पर गुरु और गुरु के स्थान पर लघु के आ जाने पर माना जाता है।

पंगु-ग्राह-सं०पु० [सं०] १ मकर राशि।

२ मगर।

पंगुरण, पंगुरिण, पंगुरिणी—देखो 'पंगरण' (रू.भे.)

उ०—दिन जेही रिणि रिणाई, दरसणि, क्रमि क्रमि लागा संकुड़िणि। नीठि छुडै आकास पोस निसि, प्रौढ़ा करखणि पंगुरिण।—वेलि.

पंगुळ-वि० [सं० पंगुलः] (स्त्री० पंगुळी) १ सफेद रंग का घोड़ा।

२ लँगड़ा, पंगु।

उ०—१ दादू विरह प्रेम की लहरि में, यह मन पंगुळ होय। रांम नांम में गळि गया, बूझै विरळा कोय।—दादूवांणी

रू०भे०—पंगळ।

अल्पा०—पंगळियौ, पंगळौ, पांगळियौ, पांगळौ, पांगौ।

पंगुळी-सं०स्त्री० [सं० पंगुल+रा.प्र.ई] १ लंगड़ी।

२ कीर्ति। उ०—मेवाड़ ढूंढाड़ जीऊं ही हाड़ौती माळवौ मोळी, दौळा काळ चक्र सो किणी न आवै दाय। झालै किसौ तो विनां पयाळ जाती काळ-झांपा, लाडली पंगुळी 'चांपा' अंगुळी लगाय।

—सूरजमल मीसण

पंगुळौ—देखो 'पंगुळ' (अल्पा., रू.भे.)

(स्त्री० पंगुळी)

पंगू—देखो 'पंगु' (रू.भे.)

उ०—पंगू पयादं मूक सादं ऊदमादं कढ्ढए। तेजाळ तांमं वेग कांमं नीस लांमं वढ्ढए।—प्रा.प्र.

पंगौ-वि० [देशज] (स्त्री० पगी) वह द्रव पदार्थ जो गाढा न हो और जिसमें पानी की मात्रा अधिक हो। उ०—काळींगा तूसां कुळी, हूंचां हूंत जियंत। ऊमर दिन ओछा करण, पंगौ राब पियंत।

—कविराजा बांकीदास

पंघरणौ, पंघरबौ—देखो 'पांगरणौ, पांगरबौ' (रू.भे.)

उ०—हरिया तरु गिरवर हुआ, पंघरिया वन पात।

—सिवबक्स पाल्हावत

पंघरणहार, हारौ (हारी), पंघरणियौ—वि० ।
पंघरिग्रोड़ौ, पंघरियोड़ौ, पंघरयोड़ौ—भू०का०कृ० ।
· पंघरीजणौ, पंघरीजबौ—भाव वा० ।
पंघरियोड़ौ— देखो 'पांगरियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पंघरियोड़ी)
पंच–वि० [सं०] १ जो चार से एक अधिक हो, पाँच ।
उ०—१ आवरत मेघ सम ग्रोवड़े, घड़ी पंच वागी खड्ग । सिरदार इता भिड़िया समर, नीवड़िया जिम घाय नग ।—रा.रू.
यौ०—पंचअंग, पंचइंद्री, पंचकन्या, पंचकपाळ, पंचकरम, पंचकळा, पंचकवळ, पंचकसाय, पंचकांम, पंचकारण, पंचकेस, पंचकोस, पंचगीत, पंचदेव, पंचनद, पंचनाथ, पंचपिता, पंचबांण, पंचरतन, पंचवांणी, पंचसबद, पंचवाद्य, पंचहुतासण ।
२ जिसका स्थान चार के बाद पड़े, पाँचवां ।
सं०पु०—१ पांच की संख्या या पाँच का अंक ।
२ किसी झगड़े या विवाद का निर्णय करने के लिए एकत्र एक या एक से अधिक व्यक्तियों का समूह ।
मुहा०—पंच परमेस्वर—पाँच व्यक्ति मिल कर जो कहें वह परमेश्वर के कहे के समान होता है ।
३ पचायत का सदस्य ।
[अं०] ४ लोहे को छेदने का ग्रोजार ।
पंचअंग–वि० [सं० पंचाङ्ग] पाँच अंगों वाला ।
सं०पु०—१ कच्छप, कछुआ (ह. नां. मा.) ।
२ देखो 'पंचांग' (रू.भे.)
रू०भे०—पाच अंग ।
पंच-आचार–सं०पु० [सं० पंचाचार] ज्ञानाचार, दर्शनाचार, चरित्राचार, तपाचार व वीर्याचार (जैन)
पंचइंद्री—देखो 'पचेंद्रिय (रू.भे.)
उ०—सास्त्र सार बतीस जांणौ, केवल-ग्यांनी का उपकारी । पंच-इद्री कूं जीत न मांनत, पाखंड साध मुनिंद सतधारी ।
—भि.द्र.
पंचइवाद्य—देखो 'पंचवाद्य' (रू.भे.)
उ०—गांन सुसर मुखि गाय करि, वायसि पंचइवाद्य । तिहुअण त्रिणवत लेखवउं, आज्जनइ उन्मादि ।—मा.कां.प्र.
पंचक–सं०पु० [सं०] १ धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपदा, उत्तरा-भाद्रपदा और रेवती इन पांचों नक्षत्रों के समूह का नाम ।
२ फलित ज्योतिष के अनुसार धनिष्ठा नक्षत्र ग्रोर मकर के चंद्रमा से आरम्भ होकर मीन के चंद्रमा तक चलने वाला समय जिसमें तृण, काष्ठादि का संग्रह वर्ज्य माना जाता है ।
३ पांच का समूह या संग्रह ।
४ शकुन-शास्त्र ।
रू०भे०—पचक, पिचक, पिच्चक ।
पंचकन्या–सं०स्त्री० [सं०] सदा कन्या मानी जाने वाली वे पांच स्त्रियां जो विवाहित होने पर भी वे कन्या के समान ही रहीं, उनका कौमार्य नष्ट नही हुआ । यथा—अहिल्या, द्रौपदी, कुन्ती, तारा और मंदोदरी (पौराणिक)
पंचकपाळ–सं०पु० [सं० पंचकपाल] पाँचों कपालों में पृथक-पृथक पकाया जाने वाला पुराडोश ।
पंचकमाळा–सं०स्त्री०—प्रत्येक चरण में एक भगण, फिर एक मगण, फिर एक सगण तथा अन्त में एक दीर्घ वर्ण का कुल दस वर्ण वाला एक वर्णिक छन्द विशेष (पि.प्र.) ।
पंचकरम–सं०पु० [सं० पंचकर्म] १ पाँच प्रकार के कर्म—उत्क्षेपण, अवक्षेपण, आकुंचन, प्रसारण और गमन—वैशेषिक ।
२ चिकित्सा की पांच क्रियाएँ—वमन, विरेचन, नस्य, निरूहबस्ति और अनुवासन, मतांतर से निरूहबस्ति और अनुवासन के स्थान पर स्नेहन और बस्तिकरण माने जाते हैं ।
रू०भे०—पंचक्रम ।
पंचकळा–सं०स्त्री० [सं० पंचकला] गुर्ज, गुप्ति, मसकेत, ढाल और बयोनट नामक पाँच शस्त्रों के समूह से बना शस्त्र विशेष ।
पंचकलियांण—देखो 'पंचकल्यांण' (रू.भे.)
पंचकल्प–सं०पु० [सं०] एक सूत्र का नाम (जैन)
उ०—पंच-कल्प ते पंचम छेद । सवा इग्यारसैं संख्या वेद ।
—ध.व.ग्रं.
पंचकल्यांण–सं०पु० [सं० पंचकल्याण] वह घोड़ा जिसके चारों पैर और मस्तक श्वेत हों तथा अन्य शरीर किसी अन्य रंग का हो ।
(शुभ)
उ०—कासनी ताफता पंच-कल्यांण । सूलहरी चंपा पट सिचांण ।
—सू.प्र.
रू०भे०—पंचकलियांण, पंचकिलियांण, पंचक्लियांण, पंचाकिल्यांण, पचकल्यांण ।
पंचकवळ–सं०पु० [सं० पंचकवल] खाने के पूर्व कुत्ते, पतित, कोढी, रोगी और कौवे के लिए निकाले जाने वाले पांच ग्रास, अग्रासन ।
पंचकविधि–सं०स्त्री० [सं०] पंचक में किसी का देहावसान होने पर किया जाने वाला संस्कार ।
वि०वि०—यदि पांचों नक्षत्रों (पंचकों) में कोई मरता है तो उसके साथ चार पुतले, चार में तीन, तीन में दो व दो में एक पुतला साथ में जला कर इसका निवारण किया जाता है ।
पंचकसाय–सं०पु० [स० पंचकषाय] पांच वृक्षों का कषाय—जामून, सेमर, खिरैंटी, मोलसिरी और बेर ।
वि०वि०—दुर्गा पूजन के लिए यह कषाय, इन वृक्षों की छाल को पानी में भिगोकर तैयार किया जाता है ।
पंचकांम–सं०पु० [सं० पंचकाम] काम, मन्मथ, कंदर्प, मकरध्वज और मीनकेतु नामक पाँच कामदेव (तंत्रसार)

पंचकारण-सं०पु० [सं०] किसी कार्य की उत्पत्ति के पांच कारण, यथा—काल, स्वभाव, नियति, पुरुष और कर्म (जैन)

पंचकिलांण, पंचकिलियांण, पंचकिल्यांण—देखो 'पंचकल्यांण (रू.भे.) (शा.हो.)

उ०—कविला काळा केकांण, कमेत पंचकिल्यांण ।—गु.रू.बं.

पंचकेस-सं०पु० [सं० पंच:केश] यज्ञोपवीत संस्कार के समय वटुक के शिर पर रखी जाने वाली पांच शिखायें । इनको कम से कम एक वर्ष तक रखा जाता है और इस अवधि में वटुक को ब्रह्मचर्य का पूर्ण पालन करना पड़ता है ।

वि०वि०—यह प्रथा गोकुलिया गोस्वामियों में है ।

पंचकेसी-सं०पु० [सं० पंचकेश:] १ वह प्रथा जिसके अनुसार कोई अपने शिर, मूंछ, दाढी, बगल व गुप्तेन्द्रिय के केश न कटाए ।

२ उक्त प्रथा का पालन करने वाला व्यक्ति ।

पंचकोण-सं०पु० [सं०] कुण्डली में पांचवां व नवां स्थान (ज्योतिष)

पंचकोल-सं०पु० [सं०] पाचक व रुचिकर पांच वस्तुएं—यथा, पीपल, पीपलामूल, चव्य, चित्रकमूल और सोंठ । वैद्यक के अनुसार ये गुल्म और प्लीहा रोगनाशक होते हैं ।

पंचकोस-सं०पु० [सं० पंचकोश] १ शरीर सघठित करने वाले पांच कोश (स्तर), यथा—अन्नमय कोश, प्राणमय कोश, मनोमय कोश, विज्ञानमय कोश और आनन्दमय कोश (उपनिषद् और वेदान्त)

२ पांच कोस के क्षेत्र में बसी हुई काशी ।

पंचकोसी-सं०स्त्री० [सं० पंचक्रोशी] १ काशी का एक नाम ।

२ काशी की परिक्रमा ।

३ प्रयाग की परिक्रमा ।

पंचक्रम—देखो 'पंचकरम' (रू.भे.)

पंचकृत्य, पंचक्रित्य-सं०पु० [सं० पंच-कृत्य] महादेव या ईश्वर के पांच प्रकार के कर्म, यथा—सृष्टि, स्थिति, ध्वंस, विधान और अनुग्रह ।

पंचक्लेस-सं०पु० [सं० पंचक्लेश] पांच प्रकार के क्लेश, यथा—अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश (योग शास्त्र)

पंचक्षारगण सं०पु० [सं०] पांच प्रकार के मुख्य क्षार या लवण, यथा—काचलवण, सैंधव, सामुद्र, विट और सोवर्चल (वैद्यक)

पंचगंगा-सं०स्त्री० [सं०] १ गंगा, यमुना, सरस्वती, किरणा और धूतपापा नामक पांच नदियों का समूह जिसे पंचनद भी कहते हैं ।

२ काशी का वह स्थान जहां गंगा, किरणा और धूतपापा का सङ्गमस्थल था । धूतपापा और किरणा ये दोनों अब लुप्त हो गई हैं ।

पंचगण-सं०पु० [सं०] पांच औषधियों का गण, यथा—विदारीगंधा, वृहती, पृश्निपर्णी, निदिग्धिका और भूकुष्मांड (वैद्यक)

पंचगव्य-सं०पु० [सं०] गाय से प्राप्त होने वाली पांच वस्तुएं जो पवित्र मानी जाती हैं यथा—दूध, दही, घी, गोबर और गोमूत्र ।

पंचगव्यघ्रत, पंचगव्यघ्रित-सं०पु० [सं० पंचगव्य घृत] अपस्मार मिरगी और उन्माद में दी जाने वाली एक आयुर्वेदिक औषधि जो पंचगव्य से बनाई जाती है ।

पंचगीत-सं०पु० [सं०] श्रीमद्भागवत के दशवें स्कन्ध के पांच मुख्य प्रकरण, यथा—वेणुगीत, गोपीगीत, युगलगीत, भ्रमरगीत और महिषीगीत ।

पंचगुप्त-सं०पु० [सं०] कछुआ, कच्छप ।

पचगौड़-सं०पु० [सं०]—विंध्याचल के उत्तर में बसने वाले ब्राह्मणों के पांच भेद, यथा—सारस्वत, कान्यकुब्ज, गौड़, मैथिल और उत्कल ।

पंचग्गळउ-वि० [सं० पञ्च+अग्रिलकम्] पांच अग्र है जिसके ।

उ०—राधा नामिहिं तसु घररंगि करणु भरणु तसु पूत्तु सउ कूंयर पंचग्गळउ किव हरि पढिवा जाइ ।—पं.पं.च.

पंचग्रह-सं०पु०यौ० [सं०] मंगल, बुध, गुरु, शुक्र और शनि का समूह (ज्यो०)

रू०भे०—पचग्रह ।

पंचघट्टी-सं०पु० [सं० पञ्चघटिका] लगभग पांच घटी रात्रि व्यतीत होने पर सोने का समय (शेखावाटी)

पंचत्रकर, पंचचक्र-सं०पु० [सं० पंचचक्र] पांच प्रकार के चक्र, यथा—राजचक्र, महाचक्र, देवचक्र, वीरचक्र और पशुचक्र (तंत्र)

पंचचामर-सं०पु० [सं० पंचचामर] १ एक वर्णवृत्त जिसके प्रत्येक चरण में जगण, रगण, जगण, रगण, जगण और अन्त में गुरु होता है ।

पंचचूड-सं०पु० [सं०] पांच शिखा वाला व्यक्ति ।

पंचचूडा-सं०स्त्री० [सं०] एक अप्सरा (रामायण)

पंचजग्य—देखो 'पंचमहाजग्य' ।

पंचजन-सं०पु० [सं०] १ पांच व पांच प्रकार के जनों का समूह ।

२ ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और निषाद ।

३ पुरुष (ह.नां.)

४ मनुष्य, जीव और शरीर से सम्बन्ध रखने वाले प्राण आदि ।

५ एक प्रजापति का नाम ।

६ राजा सगर के पुत्र का नाम ।

७ पाताल में रहने वाला एक असुर जो श्रीकृष्ण द्वारा मारा गया था ।

पंचजन्य-सं०पु० [सं० पांचजन्य] १ श्रीकृष्ण द्वारा बजाया जाने वाला शङ्ख जो पाताल में रहने वाले पंचजन नामक असुर की हड्डी का बना था ।

रू०भे०—पंचाईण, पंचाईन, पंचायन ।

पंचझारी—देखो 'पंचहजारी' (रू.भे.)

पंचडोळिया-सं०पु० [सं० पंच+राज० डोळिया] पांच देवताओं को सम्बोधित कर के गाए जाने वाले पांच गीत (पुष्करणा-ब्राह्मण)

पंचतंत्री-सं०स्त्री० [सं०] एक प्रकार की वीणा जिसमें पांच तार लगते हैं ।

पंचतत, पंचततव, पंचतत्व-सं०पु० [सं० पंचतत्व] १ पांच प्रकार के तत्व आकाश, वायु, अग्नि, जल और पृथ्वी।

उ०—सावधांन गुर-ग्यांन, पाव द्रिढ सरा परट्ठै। जुग कीतग जोड़वा, पंचतत पंच पइट्ठै।—जगो खिड़ियो

२ वाम मार्ग के अनुसार मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा और मैथुन।

३ गुरुतत्व, मंत्रतत्व, मनस्तत्व, देवतत्व और ध्यानतत्व (तंत्र)

पंचतन्मात्र-सं०पु० [सं०] पांच स्थूल महाभूतों के कारण-रूप सूक्ष्म महाभूत, यथा—शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गंध। ये अतींद्रिय माने गए हैं (सांख्य)।

पंचतपौ-सं०पु० [सं० पंचतपस्] पंचाग्नि तापने वाला, तपस्वी।

पंचतर, पंचतरु—देखो 'पंचदेव व्रक्ष' (रू.भे.)

पंचतव—देखो 'पंचत्व' (रू.भे.) (जैन)

पंचताळ-सं०पु० [सं० पंचताल] ध्रुवताल का एक भेद (संगीत)

पंचताळीस—देखो 'पैंताळीस' (रू.भे.)

पचतिक्त-सं०पु० [सं०] आयुर्वेदानुसार ज्वर, कुष्ट, विसर्पादि रोगों में दी जाने वाली पांच औषधियों का समूह जो निम्न है—

गिलोय, कंटकारि, सोंठ, कुट और चिरायता।

पंचतिथ, पंचतिथि-सं०स्त्री० [सं० पंचतिथि] १ कार्तिक शुक्ल एकादशी से पूर्णिमापर्यन्त पांच तिथियों का समूह।

२ वैशाख शुक्ल एकादशी से पूर्णिमापर्यन्त पांच तिथियों का समूह।

पंचतीरथ-सं०पु० [सं० पंचतीर्थ] विश्रांति, शौकर, नैमिष, प्रयाग और पुष्कर इन पंच तीर्थों के समूह का नाम।

पंचतीरथी-सं०स्त्री० [सं० पचतीर्थ+रा.प्र.ई] १ पांच (स्थापनाचार्य (अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधु) की असदभूत स्थापना जो कपड़े में बंधी हुई पोटली में रहती है (जैन))

२ देखो 'पंचतीरथ' (रू.भे.)

पंचत्रण-सं०पु० [सं० पंचतृण] पांच तृणों का समूह, यथा—कुश, कास, शर, दर्भ और ईख।

पंचत्व-सं०पु० [सं०] १ पांच का भाव।

२ शरीर के पंचभूतों (जिनसे शरीर संघठित होता है) का अलग-अलग अवस्थान, मृत्यु।

क्रि०प्र०—होणौ।

मुहा०—पंचत्व प्रापत होणौ—पंचत्व प्राप्त होना, मरना।

३ मोक्ष।

रू०भे०—पंचतव।

पंचदसी-सं०स्त्री० [सं० पंचदशी] १ पूर्णिमा, पूर्णमासी।

२ अमावस्या।

पंचदेव-सं०पु० [सं०] पांच प्रकार के मुख्य देवता, यथा—आदित्य, रुद्र, विष्णु, गणेश और देवी।

पंचदेवव्रक्ष, पंचदेवव्रख, पंचदेवव्रिक्ष, पंचदेवव्रिख-सं०पु० [सं० पंचदेव-वृक्ष] पांच प्रकार के वे वृक्ष जो सुर-वृक्ष माने जाते हैं *यथा*—मंदार, पारिजात, संतान, कल्पवृक्ष और हरिचंदन।

पंचद्रविड़-सं०पु० [सं०] विंध्याचल के दक्षिण में बसने वाले ब्राह्मणों के पांच भेद। यथा—महाराष्ट्र, तैलंग, कर्णाट, गुर्जर और द्रविड़।

पंचधारलपनसी-सं०स्त्री० [सं० पंचधारलपनश्री] एक प्रकार की लपसी विशेष। उ०—१ रोटी बाटी, ठोठि अंगार करि वेढमी, मारुयाडिनी पंचधार-लपनसी, सुदलित सुललित वरनारि परीसी।

—व.स.

उ०—२ सुंहाली सांकुली सातपुडी खंडमोदक गुडमोदक दोठां दही-वडां मरकी सिंहकेसर पंचधारलपनसी एवं विध पक्वान्न।

—व.स.

पंचन-सं०पु०—कमल (अ.मा.)

पंचनइ—देखो 'पंचनद (रू.भे.)

उ०—पतिसाह पंचनइ लंघि पाइ, ऊतग्यिउ कोटि मरोटि आइ। सुरिताण चाचि कीयउ सहाउ, तेवाड़ि कूप भरिया तळाउ।

—रा.ज.सी.

पंचनख-सं०पु० [सं०] वह प्राणी जिसके हाथ व पैर पर पांच-पांच नाखून हों जैसे बंदर।

पंचनद, पंचनदी-सं०स्त्री० [सं०] १ वह स्थान जहां पांच नदियां बहती हों।

२ पंजाब जहां रावी, सतलज, व्यास, चिनाव और झेलम ये पांच नदियां बहती हैं और सिंधु में मिलती हैं।

३ पांच नदियों का समाहार।

उ०—मीर सोराब रा मुलक सूं दिखण हैदराबाद आथमणौ सिंधु री दरिया पंचनद मिळ हुवो जिकै उत्तर दाऊद पोहरा, पूरब जैसळमेर।—बां.दा.ख्यात

रू०भे०—पंचनइ।

अल्पा०—पंचनदौ।

पंचनदौ—देखो 'पंचनदी' (अल्पा०, रू.भे.)

पंचनाथ-सं०पु० [सं०] पांचनाथ, यथा—बदरीनाथ, द्वारकानाथ, जगन्नाथ, रंगनाथ और श्रीनाथ।

पंचनांमौ-सं०पु० [सं० पंचनाम्नः] पंचों द्वारा दिए गए निर्णय का पत्र।

पंचनिंब-सं०पु० [सं०] नीम के पांच अंग, यथा—पत्ता, छाल, फूल, फल और मूल।

पंचपक्षी-सं०पु० [सं० पंचपक्षिन्] एक प्रकार का शकुन शास्त्र।

पंचपगी-सं०पु [सं० पंच+पदी] एक प्रकार का अशुभ घोड़ा।

पंचपणौ-सं०पु० [सं० पंच+त्व] १ पंच का कार्य।

२ पंच का पद।

३ वाद-विवाद।

पंचपद—देखो 'नवकार'

उ०—परचक्र तिहां अतिहि रुकलइ, सम्रुवरग मोटा निरदळइ।
सैन्य सुभट लेई दवदंति, चालंतइ पंचपद समरंति।
—नळ-दवदंती रास

पचपन—देखो 'पचपन' (रू.भे.)
पंचपनमो—देखो 'पचपनमो' (रू.भे.)
पंचपरमेस्ठि—देखो 'नवकार'
उ०—पंचपरमेस्टि मन सुद्ध प्रणमी करी, धरमहित आगम अरथ हीवडे धरी।—ध.व.ग्रं.

पंचपातर, पंचपात्र-सं०पु० [सं० पंचपात्र] १ पूजा के पांच पात्रों का समूह। उ०—कमळा री वाप जिकै मो'लै में रै'तो हो वो भलै मांणसां री हो। ऊमा-रै हरख सूं हिलोडा खावतै हिवड़ै रै अनुराग री लालाई अरुण रै दरसणां सूं वै-री आंखडल्यां में छळक ऊठती जणै वै मो'लै री सांति पचपात्र आचमण्यां रै खड़कै अर भगवांन रै संकटमोचन नांव रै राग-भरियै उच्चारण रै सागै भंग हुआ करती ही।—वरसगांठ
२ पूजा के पांच पात्रों में से एक पात्र जो पांच धातु का बना चौड़े मुंह का होता है और जिससे पूजा के लिए जल भरा जाता है।

पंचपिता-सं०पु० [सं० पंचपितृ] पांच प्रकार के पिता, यथा—पिता, आचार्य, श्वसुर, अन्नदाता और भय से रक्षा करने वाला।

पंचपित्त-सं०पु० [सं०] वैद्यक शास्त्रानुसार वराह, छाग, महिष, मत्स्य और मयूर का पित्ता।

पंचपुसप, पंचपुसब, पंचपुस्प-सं०पु० [सं० पंचपुष्प] देवताओं के प्रिय पांच फूल, यथा—चंपा, आम, शमी, कमल और कनेर।
(पौराणिक)

पंचवटी—देखो 'पंचवटी' (रू.भे.)

पंचबळा-सं०स्त्री० [सं० पंचबला] वैद्यक में पांच ओषधियों का समूह, यथा—बला, अतिबला, नागबला, राजबला और महाबला।

पंचबलि-सं०स्त्री० [सं०] पांच रूपों में किया जाने वाला दान या पुण्य यथा—गो ग्रास, स्वान बलि, काक बलि, अतिथि बलि, पीपिलिका बलि।

पंचबांण-सं०पु० [सं०] १ कामदेव के पांच बांण यथा—उन्मादन, तापन, शोषण, सम्मोहन तथा स्तम्भन या आकरसण, मोहण, द्रावण, उन्मादण तथा वसीकरण। (वं.भा.)
२ कामदेव के पांच पुष्प बांण यथा—अरविंद, अशोक, आम, नवमल्लिका और नीलोत्पल।
३ कामदेव। उ०—१ आगळि रितुराय मंडियो अवसर, मंडप वन नीझरण म्रिदंग पंचबांण नायक गायक पिक, वसुह रंग मेळगर विहंग।—वेलि.
उ०—२ अन्य जिण्या! इम सूं लवइ? हूं किहां ताहरी मात?। पंचबांण-पीड़ा घणी, कइ वरि कइ करि घात।—मा.कां.प्र.
रू०भे०—पंचवांण, पांचबांण।

पंचभद्र-सं०पु० [सं०] १ वह घोड़ा जिसकी पीठ, छाती, मुंह और दोनों पार्श्व श्वेत रंग के हों (डि.को.)
२ एक जाति विशेष का घोड़ा (शा.हो.)
३ पंचकल्याण घोड़ा।
वि०वि०—देखो 'पंचकल्याण'।
४ गिलोय, पितपाड़ा, मोथा, चिरायता और सोंठयुक्त एक औषधिगण।

पंचभरतारी-सं०स्त्री० [सं० पंचभर्तृका] द्रौपदी।

पचभीख, पंचभीखम, पंचभीखम—देखो 'भीखमपंचक' (रू.भे.)

पंचभूत-सं०पु० [सं०] पंचतत्व।

पंचभूतक, पंचभूतिक-वि० [सं० पंचभौतिक] पंचभौतिक।
रू०भे०—पांचभूतिक।

पंचमटळी-सं०स्त्री० [सं० पंच+मटन रा.प्र.ई.] पंचायत।

पंचम-सं०पु० [सं०] १ संगीत के सात स्वरों में पांचवां स्वर।
उ०—स्वर बाजंत्र का भेद कहि दिखाय सो कैसे खड्ज रखब गंधार मधम पंचम धईवंत निखाद सप्तत सुर के अलाप करि कोकिलूं की बांणी सैं बोलते हैं।—सू.प्र.
२ राग विशेष (ध.व.ग्रं.)
उ०—वीणा डफ महुयरि वंस वजाए, रोरी करि मुख पंचम राग। तरुणी तरुण विरहि-जण दुतरणि, फागुण घरि घरि खेलै फाग।
—वेलि.
वि० (स्त्री० पंचमी) पांचवां। उ०—१ भूपति पूंजतणैं दुति अदभुत। सजण विनोद नांम पंचम सुत।—सू प्र.
उ०—२ पंचमैं प्रहरे दीह रै, सायधण दिये बुहारि। रिमझिम रिमझिम हुइ रही, हुइ घण री जोहारि।—ढो मा.
उ०—३ ससि सुत भवन पंचमैं सोहै, महा सुबुध लख जगत विमोहै। मंडळ धर मन में ग्रह मंडत, खाग जैत नित भाग अखंडत।
—रा.रू.
रू०भे०—पंचहम।
अल्पा०—पंचमो।

पंचमकार-सं०स्त्री० [सं०] मद्य, मांस, मत्स्य, मुद्रा और मैथुन।
(वाममार्ग)

पंचमगति-सं०स्त्री० [सं०] मोक्ष। उ०—मन विकसै तिम विकसता, पुहप अनेक प्रकार। प्रभु पूजाए पंचमी, पंचमगति दातार।
—ध व.ग्रं.

पंचमगुण-सं०पु० [सं०] मोक्ष। उ०—करम आठ मेटै कियौ, पंचमगुण परवेस। थिर सिद्धाचळ थापना, आदीस्वर आदेस।—बां दा.

पंचमराग—देखो 'पंचम' (२)
उ०—फागुण-केरां फणगटां, फिरि फिरि गाई फाग। चंग वजावइ चंग परि, आलवइ पंचम राग।—मा कां प्र.

पंचमहायज्ञ-सं०पु० [सं० पंचमहायज्ञ] वे पांच कृत्य जिनका गृहस्थों

द्वारा नित्य करना आवश्यक बताया गया है—(स्मृतियां और गृह-सूत्रों के अनुसार)

यथा—१ अध्यापन (ब्रह्मयज्ञ)

२ पितृतर्पण (पितृयज्ञ)।

३ होम (देवयज्ञ)

४ बलिवैश्वदेव (भूतयज्ञ)

और (५) अतिथिपूजन (नृयज्ञ)

पंचमहापातक-सं०पु० [सं०] पांच प्रकार के महापाप—ब्रह्महत्या, सुरापान, चोरी, गुरु की स्त्री के साथ व्यभिचार तथा इन चार प्रकार के महापाप करने वाले का संसर्ग।

पंचमहाव्याधि-सं०स्त्री० [सं०] पांच प्रकार के महारोग—अर्श, यक्ष्मा, कुष्ठ, प्रमेह और उन्माद।

पंचमहाव्रत-सं०पु० [सं०] योग शास्त्र के अनुसार पांच आचरण जो जैन यतियों के लिए भी जैन शास्त्रों के अनुसार ग्रहण करना आवश्यक बतलाया गया है। वे निम्न हैं—अहिंसा, सूनृता, अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह।

उ०—गुलाब रिसि बत्तीस सूत्र खांधै लियां फिरतो पिण सरधा खोटी। वळी पंचमहाव्रत नां द्रव्य क्षेत्र काळ भाव पूछया।

—भि.द्र.

रू०भे०—पांच महाव्रत।

पंचमहासवद, पंचमहासब्द-सं०पु० [सं० पंचमहाशब्द] १ पांच प्रकार के वाद्यों का समूह, यथा—शृंग, तम्मट, शंख, भेरी और जय-घंटा।

२ उक्त वाद्यों से उत्पन्न ध्वनि (मंगलसूचक)

पंचमाथ-सं०पु० [सं० पञ्च+मस्तक] महादेव, शिव।

उ०—गग के सुथांन नख करत प्रकास भांन, रहत सदीव उर मधि पंचमाथ के।—र.ज.प्र.

पंचमी-सं०स्त्री० [सं०] १ चांद्रमास के किसी पक्ष की पांचवीं तिथि।

रू०भे०—पांचम, पांचिम, पांचु, पांचू, पांचै।

२ द्रौपदी।

३ अपादानकारक (व्याकरण)

४ मोक्ष, मुक्ति।

ज्यूं—गत पंचमी गया।

५ शौचादि से निवृत्त होने की क्रिया (जैन)

वि०स्त्री०—जिसका स्थान क्रमशः चार के बाद पड़े, पांचवीं।

उ०—१ संसार सुपहु करता ग्रिह संग्रिह, गिणि तिणि हीज पंचमी गाळि। मदिरा रीस हिंसा निंदा मति, च्यारै करि हिंसा निंदा मति, च्यारै करि मूंकिया चंडाळि।—वेलि.

उ०—२ मुणीजै तुही पंचमी स्कंधमाता। खटी मात कात्यायणी तू विख्याता। रचै सातमो रूप तू काळरात्री। दिगी गोरि तू निध्यमी सिद्धदात्री।—मे.म.

रू०भे०—पांचमि, पांचमी, पांचवीं।

पंचमुख-सं०पु० [सं०] १ सिंह (ह.नां., ना.डि.को.)

उ०—१ जुड़ै जरद नह साथी जोवै, परदळ दीठां पंचमुख। बाघ न क्यूं परगह बोलावै, रावत वळियो तेण रुख।

—राव कांधळजी रो गीत

उ०—२ बदळ गया भड़ देख मुरधर थंभण खाग बळ, भूप श्रो जोधपुर खळां भांनो। दुरद 'जगता' अगै पंचमुख डाखिश्रो, मेरगर डिगै नह डिगै 'मांनो'।—रतनजी बोगसो

२ नृसिंहावतार। उ०—प्रांणेस्वर जो पंचमुख, भणै पंचमुख वाह। पूज जिका स्री पावही, दैणी असुरां दाह।—वां.दा.

३ शिव, महादेव। उ०—प्रांणेस्वर जो पंचमुख, भणै पंचमुख वाह। पूज जिकां स्री पावही, दैणी असुरां दोह।—वां.दा.

४ ब्रह्मा।

रू०भे०—पांचमुख।

पंचमुखी-वि० [सं० पंचमुखिन्] पांच मुख वाला।

सं०पु०—एक प्रकार का अशुभ रंग का घोड़ा।

पंचमुदरा—देखो 'पंचमुद्रा' (रू.भे.)

उ०—किण रो गुरुजी मैं तिलक बणाऊं, किण री माळा फेरूं रे लोय। पंचमुदरा रो चेला तिलक बणावो, निरगुण माळा फेरो रे लोय।—स्री हरिरांमजी महाराज

पंचमुद्र-सं०पु० [सं०] महादेव, शिव (नां.मा.)

पंचमुद्रा-सं०स्त्री० [सं०] १ पूजन-विधि में पांच प्रकार की मुद्रायें, यथा—आवाहनी, स्थापनी, सन्निधापनी, सम्बोधिनी और सम्मुखी करणी।

२ हठयोग में विशेष अंग-विन्यासा ये पांच मुद्रायें निम्नलिखित होती हैं—खेचरी, भूचरी, चाचरी, गोचरी और उनमनी।

रू०भे०—पंचमुदरा।

पंचमूळ-सं०पु० [सं० पंचमूल] औषधियों की जड़ लेकर बनाई जाने वाली एक प्रकार की पाचक-औषध (वैद्यक)

पंचमूळी-सं०स्त्री० [सं० पंचमूली] स्वल्प पंचमूल।

पंचमेर, पंचमेरु-सं०पु० [सं० पंच+मेरु] वैताढय-गिरि, हिमाचल, निषध, नीलवंत और चित्रसेन ये पांच प्रसिद्ध पर्वत।

पंचमेळ, पंचमेळो-वि० [सं० पंच+मिलन्] जिसमें पांच प्रकार की वस्तुयें मिली हुई हों।

उ०—मीठा मीठा कावरा, गवारफळी कचनार। मांठफळी चूंळा-फळी, मांय मतीरो मिळाय। यों पंचमेळा रो साग देवतड़ां नै नहीं मिळै ओ राज।—लो.गी.

पंचमेवो-सं०पु०यौ० [सं० पंच+फा० मेवा] बादाम, पिस्ता, दाख, छुहारा और नारियल की गिरी (इन पांचों का समूह)

पंचमेस-सं०पु० [सं० पंचमेश] जन्म-कुंडली में पांचवें घर का स्वामी। (फलित ज्योतिष)

पंचमों—देखो 'पंचम' (अल्पा., रू०भे०)
(स्त्री० पंचमी)
पंचरंग-वि० [सं०] पांच रंगों वाला, पांच रंग का।
पंचरतन, पंचरत्न-सं०पु० [सं०] १ पांच प्रकार के रत्न यथा—माणिक्य, पन्ना (मरकत), पुष्पराज, हीरा व नीलम। मतान्तर—सोना, चांदी, मोती, लाजावर्त व मूंगा। मतान्तर—सुवर्ण, हीरा, नीलम, पद्मराग व मोती। मतान्तर—नीलम, हीरा, पद्मराग, मोती व मूंगा।
२ श्रीअच्युत विरचित एक स्तोत्र का नाम।
३ अनुस्मृति, गजेन्द्रमोक्ष, गीता, भीष्मस्तव और विष्णुसहस्रनाम—इन पांच ग्रंथों के संग्रह का नाम।
उ०—पर निंदा आठूं पहर, चाटै विख री चाठ। क्यों नंह तू प्राणी करै, पंचरतन रो पाठ।—बां.द.
पंचराइओ-सं०पु० [देशज] वस्त्र विशेष (व.स.)
पंचरात्र-सं०पु० [सं०] १ पांच दिन में होने वाला एक प्रकार का यज्ञ।
२ पांच रातों का समूह।
पंचरासिक-सं०पु० [सं० पंचराशिक] गणित में एक प्रकार का हिसाब।
पंचरूप, पंचरूपी-सं०पु०यौ० [सं०?] सुमेरु पर्वत
(ह.नां.मा., अ.मा., नां.मा.)
उ०—१ कमधज्जं उदोतं कवट्टं, किरि कांठळ भांणं प्रगट्टं। दोळा दळ दिल्ली वाळा, पंचरूप किरि प्रब्बत माळा।—ग.रू.बं.
उ०—२ आवध्य डावि छतीस अंग। नीमजे भुज अड़िया निहंग। गज केसर जांमळि गज विभाड़। पंचरूप जांमळि जांणि पहाड़।
—ग.रू.बं.
पंचळ-वि०—पांचाल या पंजाब देश का।
सं०पु०—द्रुपद नरेश का पुत्र धृष्टद्युम्न।
उ०—सुण झरड़ा अर व्है सबळ, रचणी छळ सूं राड़। मार्‌यो द्रोणी रात रो, पंचळ नैं पछाड़।—पा.प्र.
वि०वि०—इसने महाभारत युद्ध में द्रोणाचार्य का वध किया था। इसका प्रतिशोध द्रोणाचार्य के पुत्र अश्वत्थामा (द्रोणी) ने इसे रात्रि में सोते हुए को मार कर लिया।
पंचलक्षण-सं०पु० [सं०] पुराण के पांच लक्षण या चिन्ह यथा—सृष्टि की उत्पत्ति, प्रलय, देवताओं की उत्पत्ति व वंशपरम्परा, मनवंतर मनु के वंश का विस्तार।
पंचलड़ो-वि० [सं० पच] (स्त्री० पंचलड़ी) १ पांच लड़ का।
२ पांच तह का।
रू०भे०—पांचलड़ो।
सं०पु०—गले में पहनने की पांच लड़ वाली माला या हार।
पंचलोह-सं०पु० [सं० पंचलोह] १ पांच प्रकार की धातुएँ—सोना, चांदी, तांबा, सीसा और रांगा। २ पांच प्रकार का लोह—वज्रलोह, कांतलोह, ३ क्रोंचलोह, पिंडलोह और कालिंगलोह।
पंचवटी, पंचवट्टी-सं०स्त्री० [सं० पंचवटी] दण्डकारण्य में गोदावरी के तट पर नासिक के पास का एक स्थान जहां पर श्री रामचन्द्र भगवान वनवास काल में रहे थे। यहीं से सीता हरण हुआ था।
(रामायण)
उ०—वनां दंडकारा विचै पंचवट्टी। जठै धार गोदावरी आय जट्टी।
—सू.प्र.
रू०भे०—पंचवटी।
पंचवदन-सं०पु० [सं०] १ शिव।
२ ब्रह्मा।
३ प्रत्येक चरण में प्रथम सात टगण फिर त्रिकल और अन्त में रगण कुल ४७ मात्रा का मात्रिक छंद (र.ज.प्र.)
पंचव्रत-सं०पु० [सं० पंचव्रत] पांच महाव्रत (जैन)
पंचवरग-सं०पु० [सं० पंचवर्ग] पांच वस्तुओं का समूह।
पंचवरण, पंचवरन-सं०पु० [सं० पंचवर्ण] १ प्रणव के पांच वर्ण—अ, उ, म, नाद और बिन्दु।
२ वस्त्र विशेष (व.स.)
३ वह घोड़ा जिसके शरीर पर पांच रंग हों।
उ०—राजलोक जोया कुंवरी, जिहां कांन्हड़ नी अंतेउरी। कूंयरि करइ केतलउं वखांण, जोया पंचवरण केकांण।—कां.दे.प्र.
वि०—पांच रंग का। उ०—सालि प्रमुख पंचवरण तणा, घण ढोवै धांन प्रधांन। सिद्ध चक्र नी तिहां करे थापना, धारी निरमळ ध्यांन।
—सीपाळ रास
पंचवांण—देखो 'पंचबांण' (रू.भे.)
पंचवांणी-सं०स्त्री० [सं० पञ्च+वाणि] कबीर, दादू, हरिदास, रामदास और दयालदास के उपदेशों का संग्रह।
पंचवाद्य-सं०पु० [सं०] तंत्र, आनद्ध, सुषिर, घन और वीरों का गर्जन।
रू०भे०—पंचइवाद्य।
पंचवीस—देखो 'पचीस' (रू.भे.) (उ.र.)
पंचवो—देखो 'पंचम' (अल्पा., रू.भे.)
उ०—पंचवो तो फेरो बाई, लियो राज कंवार। अन धन दीन्हा बाई नैं मोकळा।—लो.गी.
पंचसंधि-सं०स्त्री० [सं०] १ संधि के पांच भेद—स्वरसंधि, व्यञ्जनसंधि, विसर्गसंधि, स्वादिसंधि और प्रकृति भाव।
२ पांच की संख्या।
पंचसद—देखो 'पंचसब्द' (रू.भे.)
उ०—धुरि देवळ धरमसाळि, पंचसद सुणिजै प्राभा। झालर रा झणकार, देवग्रिह दीपक झाझा।—ध.व.ग्रं.
पंचसदी—देखो 'पंचसद्दी' (रू.भे.)
पंचसद्द—देखो 'पंचसब्द' (रू.भे.)
पंचसदी-सं०पु० [सं० पंच+फा० सदी=१००] पांच सौ ऊंटों का स्वामी। उ०—१ चढ़े पंच हज्जारिया पंचसद्दी। चढ़े मल्ल पायक्क बगसी अहद्दी।—गु.रू.बं.

उ०—२ हजारी सदी पंचसद्दी विसद्दी। जगज्जेठ जोधा मिळे नांम-जद्दी।—वचनिका

पंचसबद, पंचसबदउ, पंचसबद्द, पंचसद्द—सं०पु० [सं० पंचशब्द] १ पांच प्रकार के वाद्य—तंत्री, ताल, झांझ, नगारा और तुरही।

मतान्तर के अनुसार—तंत्री, वीणा, किन्नरी, तंबूरा और निशान (नगारा) (मंगलसूचक)

उ०—१ नीसांण रोड़ि दमांम नोबति, भेरी पंचसबद्द ए। लख थाट मोगर लीए लसकर, गिगन धूळ गरद्द ए।—गु.रू.वं.

उ०—२ आया सुर मिळे महोछव ऊपर, पंचसबदउ वाजियउ पडूर। देव तणउ मुख झांखउ दीसइ, सहस गुणउ ऊगउ जगसूर।

—महादेव पारवती री वेलि

उ०—३ तठा उपरांति करि नै राजांन सिलांमति अनेक राग-रंग वधाई वांटीजै छै। राय अंगण घोळहरे गेहणी घणां मंगळाचार गीत नाद खंभाइची गावै छै। छत्रीस वाजां पंचसबदां वाजै छै। तांहरा नांम तती १ वीणा २ किन्नरी ३ तंबूरो ४ नीसांण ५ ऐ तौ पांच सबदा आगै छत्रीस वाजां रा नांम कहै छै।—रा.सा.सं.

उ०—४ जय-जयकार उचरइ ए, ते नगर मझारि। पंचसबद वाजित्र वाजइ, गाइ गीत नारि।—नळ दवदंती रास

२ पांच वाद्यों की मंगल-सूचक ध्वनि।

३ पांच प्रकार की ध्वनि, यथा—वेदध्वनि, वंदीध्वनि, जयध्वनि, शंखध्वनि और निशानध्वनि।

व्याकरण के अनुसार—सूत्र, वार्तिक, भाष्य, कोष और महाकवियों के प्रयोग।

रू०भे०—पंचसद, पंचसद्द' पर्यंचसबद।

पंच-समंदीय—सं०पु० [देशज] एक प्रकार का घोड़ा।

पंचसर—सं०पु० [सं० पंचशर] १ कामदेव (ह.नां.)

उ०—दरपक कंदरप कांम कुसुमायुध, संबरारि रति-पति तनुसार। समर मनोज अनग पंचसर, मनमथ मदन मकरध्वज मार।

२ कामदेव के पांच बाण। —वेलि.

वि०वि०—देखो 'पंचबांण'।

पंजसरधारी—सं०पु० [सं० पञ्च+शर+धारिन्] कामदेव, मनोज (डि.को.)

पंचसाख—सं०पु० [सं० पंचशाख] हाथ, हस्त; कर (ह.नां.मा)

रू०भे०—पांचूंसाख।

पंचसिख—सं०पु० [स० पंचशिख] सिंह (ह.नां. अ.मा.)

पचसिद्धौसद्धि—सं०स्त्री० [सं० पचसिद्धौपधि] वैद्यक में पांच सिद्धौपधियां यथा—सालिब मिस्री, वराहीकंद, रोदंती, सर्पाक्षी और सरहटी।

पंचसूना—सं०स्त्री० [सं० पञ्चसून:] वे पाँच प्रकार के काम जिनके करने से जीव हिंसा होती है—चूल्हा जलाना, आटा आदि पीसना, झाड़ू देना, कूटना और पानी का घड़ा रखना (जैन)

पंचसौ—सं०पु० [सं० पंच+शत] देशी कपड़ा बुनने वालों का कपड़े की बुनाई में प्रयोग लिया जाने का एक औजार।

पंचस्नेह—सं०पु० [सं०] पांच प्रकार के स्निग्ध पदार्थ—घी, तेल, चरबी, मज्जा और मोम।

पंचस्वेद—सं०पु० [सं०] पांच स्वेद यथा—लोष्ठ स्वेद, वालुका स्वेद, वाष्प स्वेद, घट स्वेद और ज्वाला स्वेद (वैद्यक)

पंचहजारी, पंचहज्जारी—सं०पु० [फा० पंजहजारी] १ पाँच हजार की सेना का अधिपति। उ०—१ इण परवांणी साह उचारै। सुणतां सितर वहोतर सारै। इण थी जो राखै भड़ यारी। हुवै कमंध सुज पंचहजारी।—रा.रू.

उ०—२ चढ़ै सब्बदावेध लूधा सिधांणं। चढै तूणमें घातिआ भूळ बांणं। चढ़ै पंचहज्जारियां पंचसद्दी। चढ़ै मल्ल पायक्क वगसी अहद्दी।

—गु.रू.वं.

२ मुगल साम्राज्य में बड़े बड़े लोगों को मिलने वाली एक पदवी।

उ०—रांणो अमरसिंह नै जहांगीर पातसाह रै वात हुई। रांणो अमरो साहिजादै खुरम सूं घोघूंदै में मिळियो, तद रांणा नुं मेवाड़ ऊपर इतरी ठौड़ जागीर में दे नै पंचहजारी असवार रो मुनसब कीयो। असवार हजार १००० चाकरी थापी।—नैणसी

उ०—२ तद बुरहांनपुर रो सूबो राव रतन नूं भोळायो। पंच-हजारी मनसब दियो। तद सूं ठाकुराई बूंदी री वधी।

—बां.दा.ख्यात

रू०भे०—पंचझारी, पंचहजारी, पांचहजारी।

पंचहम—देखो 'पंचम' (रू.भे.)

उ०—खड़ग रिखभ गंधार, मद्धि पंचहम निखादह। सरिस कंठ सुर सपत, गीत संगीत अलापह।—गु.रू.वं.

पंचहुतासण—सं०पु० [सं० पचहुताशन] तपस्या की पाँच अग्नियां।

वि०वि०—तपस्वी अपने इर्द-गिर्द चार दिशाओं में अग्नि जला देता है और पाँचवीं अग्नि सूर्य की होती है।

पंचांइण—देखो 'पंचानन' (रू.भे.)

उ०—पंचांइण नइं पाखरयउ, मइगळ नइ मद कीध। मोहन-वेली मारुई, कंत पेम रस पीध।—ढो.मा.

पंचांग—सं०पु० [सं० पञ्चांग] १ पाँच अंग या पांच अंगों से युक्त वस्तु।

२ सूर्य चन्द्र की स्थिति से बनने वाले वार, तिथि, नक्षत्र, योग और करणों के ब्योरेवार विवरण का पत्रक।

(ज्योतिष)

३ पुरश्चरण में किए जाने वाले पांच कर्म—जप, होम, तर्पण, अभिषेक और विप्रभोजन।

४ तांत्रिक उपासना में किसी इष्टदेव का कवच, स्तोत्र, पद्धति, पटल और सहस्रनाम।

५ सहाय, साधन, उपाय, देश-काल-भेद और विपद-प्रतिकार।

(राजनीति शास्त्र)

६ वृक्ष के पांच अंग—जड़, छाल, फल, पत्ती और फूल। (वैद्यक)

७ कच्छप।

८ देखो 'पंचकल्यांण'

पंचांगनि, पंचांगनी, पंचांगि—देखो 'पचाग्नि' (रू.भे.)

उ०—सीआळइ जळ-मांहि सरि, उन्हाळइ पंचांगि। वरसाळइ वग-डइ वसइ, कांमकंदळा-काजि।—मा.कां.प्र.

पंचांण—देखो 'पंचानन' (रू.भे, ना.डि.को.)

उ०—वाई आवज्यो सात ही बहनां, पाउरे पंचांण। चूकजो मती वड चारण, आज रो अवसांण।—हटूजी आढ़ो

पंचांणुं, पंचांणूं, पंचांणू—देखो 'पचांणु' (रू.भे.)

उ०—वाजा सहज अड़ताळीस वाजे, फरहता नेजा घरीयां। पायक कोड़ि पंचांणू आगै, नौवति वाजै घूघरियां।—वि.कु.

पंचांणूक—देखो 'पचांणूक' (रू.भे.)

पंचांणूमौं, पंचांणूवौं, पंचानमौं, पंचानवौं—देखो 'पचांणूमो' (रू.भे.)

पंचायण, पंचाइण—देखो 'पंचानन' (रू.भे.)

पंचा-अगनि—देखो 'पंचाग्नि' (रू.भे)

उ०—कांई तपसी तप करै, कांई पंचा-अगनि साझै।—गु.रू.बं.

पंचाइत—देखो 'पंचायत' (रू भे.)

पंचाइन—देखो 'पंचानन' (रू.भे.)(ह.नां.मा.)

पंजाईण, पंचाईन—१ देखो 'पंचजन्य' (रू.भे.)

उ०—ओढण वाहण भाया भीढया, अंगइं आयुध झाल्या। पंचाईण पूरघउ परमेस्वर, चौपट मल चढ़ि चाल्या।—रुकमणी-मंगळ

२ देखो 'पंचानन' (रू.भे.)

पंचाकिल्यांण—देखो 'पंच-कल्यांण' (रू.भे.)

पंचाक्षर-वि० [सं० पंच+अक्षर] जिसमें पांच अक्षर हों, पांच अक्षर का।

सं०पु०—१ शिव का एक मंत्र जिसमें पांच अक्षर होते हैं, यथा—'ओ३म नमः शिवाय।'

पंचाक्षरी-सं०पु० [सं० पंच+अक्षर+रा० प्र०ई] १ शिव के पंचाक्षर मंत्र का जाप करने वाला।

उ०—के गणीया के गारुडी, पचाक्षरी प्रमांण। को आराधइ देवता, जोसी जे जे जाण।—मा.कां.प्र.

२ पंचाक्षरी मंत्र।

पंचागनि, पंचागनी, पंचाग्नि-सं०स्त्री० [सं० पंचाग्नि] १ तपस्या के समय तपस्वी के चारों ओर जलाई जाने वाली चार धूणियों की अग्नि और पांचवां सूर्य का ताप।

उ०—गोदड़, कांनफाड़, जोगी, जंगम, सोफी, संन्यासी, अवधूत, पंचागनि रा झूलणाहार अलमसत-फकीर जिकै संसार नूं भागा थका फिरै।—रा.सा.सं.

२ चीता, चिचड़ी, भिलावा, गंधक और मदार नामक औषधियां जो बहुत उष्ण मानी जाती हैं (वैद्यक)।

वि०—१ पंचाग्नि तापने वाला।

२ पांच की संख्या* (डि.को.)

रू०भे०—पंचांगनि पंचांगनी, पंचांगि, पंचा-अगनि।

पंचाचार—देखो 'पंच आचार' (रू.भे.)

उ०—आचारिज पय युग नमूं, पाळै पंचाचार। गुण छत्रीस विराजता, आगम अरथ भंडार।—श्रीपाळ रास

पंचाणण, पंचाणणु—देखो 'पंचानन' (रू.भे.)

उ०—१ तरण राथ थिकत घणा वहै लागां अतर, अदर कर कर मरै वरण अवरी। पहं पह गजाणण कहै इम पंचाणण, गजाणण कठै रिण सोध गवरी।—पीथो सांदू

उ०—२ अमर त जिणवर गिर त मेरु निसियर तद सासणु, तरुत अमरतरु घन त घनु महता पंचाणणु।—अभयतिलक यती

पंचातप-सं०पु० [सं० पंच-आतप] ग्रीष्म ऋतु की धूप में चारों ओर अग्नि जला कर किया जाने वाला तप।

वि०वि०—देखो 'पंचाग्नि'।

पंचात्मा-सं०पु० [सं०] पंचप्राण।

पंचाद-सं०स्त्री० [देशज] पश्चिम और वायव्य के मध्य की दिशा जिस ओर पुष्य और विशाखा नक्षत्र अस्त होते हैं।

पंचादी-वि० [देश०] 'पंचाद' दिशा का।

उ०—पौ पंचादी अर सांझ निवासी, सो नर क्यूं कर फिरै उदासी।
—अज्ञात

वि०वि०—यात्रा के लिए प्रातःकाल रवाना होने पर यदि पंचाद दिशा में तीतर बोले तो शुभ माना जाता है।

पंचादौ-सं०पु०—प्रथम और तृतीय चरण में बारह बारह मात्रायें तथा द्वितीय और चतुर्थ चरण में ग्यारह ग्यारह मात्राओं का मात्रिक छंद विशेष।

पंचानन-वि० [सं०] १ पांच मूंह वाला, पंचमुखी।

२ वीर, बहादुर।

सं०पु०—१ शिव, महादेव (डि.को.)

२ सिंह (अ.मा.)

३ स्वर-साधन की एक प्रणाली (संगीत)

रू०भे०—पंचांण, पंचांयण, पंचाइण, पंचाइन, पंचाईण, पंचाईन, पंचाणण, पंचाणणु, पंचायण, पंचायन, पंचाहण, पंच्चांण, पांचायण।

अल्पा०—पचायणो।

पंचाननी-सं०स्त्री० [सं०] १ शिव की पत्नी।

२ दुर्गा।

पंचमरा-सं०स्त्री० [सं०] दुर्वा, विजया, विल्वपत्र, निगुंडी और काली तुलसी इन पांच का समूह (वैद्यक)

पंचाम्रत, पंचाम्रित-सं०पु० [सं० पंचामृत] देवता के स्नान कराने या

चढ़ाने आदि के काम आने वाला एक स्वादिष्ट पेय जो पांच चीजों के योग से बनाया जाता है यथा—दूध, दही, घी, शक्कर और मधु।

उ०—१ एक सीह नइ पाखरचउ, सूर सिहाइति आवसरच, पंचाम्रित अमी परगरचउ।—अ-वचनिका

उ०—२ पंचाम्रित पखाळ करि, पूजा सारी सार। रुद्रजाप रूडइ करिउ, संख्या सहस इग्यार।—मा.कां.प्र.

पंचाम्ल-सं०पु० [सं०] पांच अम्ल या खट्टे पदार्थ—अमलवेद, इमली, जंभीरीनींबू, कागजी नींबू और बिजौरा नींबू।

मतांतर से—बेर, अनार, विपांवलि (चूका) अमलवेद और बिजौरा (वैद्यक)

पंचायण—देखो 'पंचानन' (रू.भे.)

उ०—१ पंचायण पांचू खेत ढहंता बरी जो परी, कळू चंदनांमो ज्यां धरीजो जेण कीत। आठ दूणा बरसां बीत रैण आंटै। राजपूतां छाडांणी करीजो ऐण रीत।

—कांवां रा भोमिया सींधल राठोड़ां री गीत

उ०—२ उलटी काय न मार ही, पंचायण मैमंत। 'कड़तळ' दळां उपाड़ि करि, कड़काय चाळी कंत।—हा.झा.

उ०—३ मिथ्या भ्रम रूपक द्विरद, तिहां पंचायण जेह। चिदानंद चिद्रूप सुं, निस-दिन अधिक सनेह।—वि.कु.

उ०—४ राठौड़ सूरो खींवो, कांधळजी रा बेटा मोहिलां रा दोहिता सो बड़ा सूर, धीर-वीर राजपूत, चोसठ-आखडी-निवाहणहार खाग-त्याग पूरा, काछ-वाच निस्कळंक, सरणाई-साधार, पर-भोम पंचायण, पार की छटी जागै, इण भांत रा दातार जूंझार।

—सूरे खीवे कांधळोत री वात

पंचायणी—देखो 'पंचानन' (अल्पा., रू.भे.)

पंचायत-सं०स्त्री० [सं०] १ विवाद, झगड़े या किसी अन्य मामले पर विचार करने वाले अधिकारियों या चुने हुए व्यक्तियों का समूह।

२ पंचों की बैठक या सभा।

३ कई लोगों की एक साथ बैठ कर की जाने वाली बकवाद।

रू०भे०—पंचाइत, पंचायती।

अल्पा०—पंचायतड़ो, पंचायतडी।

पंचायतड़ी, पंचायतडी—देखो 'पंचायत' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—ढाळ ढोलिया लोग, ठौड़ इण ठंडी छ या। उस्णकाळ री ओग, गिणै ना गांवां जाया। पंचायतडी जोड़, जुड़ै सै आथण तांई। नीम निरातप व्रिक्ष, संतोखै ऊपर सांई।—दसदेव

पंचायतन-सं०पु० [सं०] पांच देवताओं की मूर्तियों का समूह, यथा—शिव, विष्णु, सूर्य, गणेश और देवी।

पंचायती-वि —१ पंचायत का, पंचायत संबंधी।

२ देखो 'पचायत' (रू.भे.)

उ०—कहियो बारठ 'केहरी' विध रचतां वरियांम। पाऊं बोल पंचायती, हूं लाऊं संगरांम।—रा.रू.

पंचायन—१ देखो 'पंचजन्य' (रू.भे.)

उ०—एक दिवस स्री नेमजी रे, आया आयुध साळी पंचायन संख पूरियो रे, चाढ्यो धनुस कराळी।—जयवांणी

२ देखो 'पंचानन' (रू.भे.)

पंचाळ-सं०पु० सं० पंचाल] हिमालय और चंबल के बीच गंगा नदी के दोनों ओर के एक प्रदेश का प्राचीन नाम। इसकी सीमा विभिन्न कालों में भिन्न भिन्न रही है। गंगा के दोनों ओर के प्रदेशों को उत्तर-पंचाल व दक्षिण-पंचाल कहते थे। यह प्रदेश देव-पंचाल (सौराष्ट्र) से भिन्न था।

१ उत्तर-पंचाल की राजधानी अहिच्छत्रपुर और दक्षिण की कंपिल लिखी है। पांडव काल मे राजा द्रुपद से द्रोणाचार्य ने उत्तर-पचाल का प्रदेश छीन लिया था। द्रौपदी यहीं के राजा की राजकुमारी थी इसीलिए पांचाली कहलाई।

२ गुजरात-काठियावाड़ का प्राचीन नाम जहां पर जैनियों का प्रसिद्ध तीर्थ-स्थान भद्रेसर नामक ग्राम है, सौराष्ट्र देश।

उ०—१ जोअण पंचसइ छावीस छकला, सहस छतीस देश ऊजळा पंचाळ देस भद्रिसर गांव, वावड़ी कूआ आरांम।

उ०—२ पचासई छावीस जोअणै, छकला ऊपरि आंण। पंचाळ देस तट सोहइ, भद्रेसर ग्रांम।—झगडू साह री रास

उ०—३ जिण 'झालै' बळ जोर जंग आहुणि जाडेचां। पुहवि कछ-पंचाळ गजि लीधी पटुपेचां।—वं भा.

वि०वि०—पुराणों के अनुसार महाराज हर्यश्व अपने भाई से लड़ कर अपनी ससुराल मधुपुरी चले गए और वहां अपने ससुर मधु की सहायता से उन्होंने अयोध्या के पश्चिम प्रदेश को अधिकृत कर लिया। इस पर अयोध्या के राजा ने उक्त प्रदेश पर आक्रमण कर दिया। जब इसकी सूचना इन्हें मिली तब उन्होंने अपने पांच पुत्रों (मुद्गल सृंजय, वृहदिपु, प्रवीर और कांपल्य) की ओर देख कर कहा कि ये पांचों हमारे राज्य की रक्षा के लिए अलम् हैं। तभी से उनके देश का नाम (पंच+अलम्) पंचालम् पड़ा। चारण जाति भी प्राचीन काल में इसी सौराष्ट्र देश में निवास करती थी अतः चारण कुलोत्पन्न देवियों को भी पंचाली पांचाली कहने की प्रसिद्धि इसी देश के कारण हुई।

पंचाळि, पंचाळी-वि० [सं० पांचाली] पंचाल देशोत्पन्न, पंचाल देश की।

सं०स्त्री०—१ चारण कुलोत्पन्न आवड़ देवी, बरवड़ी, राजबाई व सैणी के लिए राजस्थानी में प्रयोग किया जाने वाला शब्द।

उ०—सांभळ बाहर साद संचाली ताळ मिळै मुझ हेकण ताळी। पीथल बाहर काछ-पंचाळी। धाइयै 'राजल' (चारण) धावल-वाली

—प्रथ्वीराज राठौड़

२ देखो 'पांचाली' (रू.भे.) (अ.मा.)

उ०—१ एक दिवस वण जोयती भोळाटी पंचाळी। जोईजोई ऊसना पंडव वणि विकराळि।—पं.पं.च

उ०—२ सायर जळ कपिकेत सर, पंचाळी चय चीर। यां सूं मोजां आपरी, वधती 'जेहल' वीर।—बां.दा.

पंचावन, पंचावनइ, पंचावनि—देखो 'पचपन' (रू.भे.) (उ.र.)

पंचावनो—देखो 'पचपनो' (रू.भे.)

उ०—१ संवत सोळ पंचावनइ, फागुण सुदि रविवार। प्रगट थई प्रतिमा घणी, सेत्रावा सिणगार।—स.कु.

उ०—२ आयो जाळंधर 'अजो', सुख ऊपनो सरस्स। सुज तिण ऊपर संपनो, पंचावनो वरस्स।—रा.रू.

पंचास—देखो 'पचास' (रू.भे.)

उ०—पंचास कोस गढ़ पोळि पगार।—रांमरासो

पंचासम—देखो 'पचासमो, पचासवों' (रू.भे.)

उ०—तिणि तप गणि गुणवन्ति पाटि, 'देवसुंदर' सुखकारी जी। पंचासम पाटिइं गुरु सुंदर, सोमसुंदर गणधारी जी।—कवि गुणविजय

पंचासर-सं०पु० (देशज) पार्श्वनाथ का एक नाम।

उ०—पांणि कसू एक छि जे अणहलपुर पाटण? सघट घाटे करी विचत्र चित्रां में करी अभिरांम महामहोछवे भलां आरांम पंचासर प्रमुख देव देवाला, जे नगर मांहइ दांनसाळा पोसघसाळा धरमसाळा।—व.स.

वि०वि०—पार्श्वनाथ की मूर्ति पंचासर (पाटण) ग्राम से उत्थित होने के कारण पंचासर नाम पड़ा।

पंचासी—देखो 'पिचियासी' (रू.भे.) (उ.र.)

पंचाहण—देखो 'पंचानन' (रू.भे.)

पंचाहर—देखो 'पजाहर' (रू.भे.)

उ०—भड खळिया भंभर वेहक वज्जर, वढ़िया पक्खर विहुंड वपै। पळ खंडिया पंजर पड़ै पंचाहर, जैं जैं संकर सकति जपै।—गु.रू.बं.

पंचिंदि, पंचिंदिय, पंचिंदी—देखो 'पंचेंद्रिय' (रू.भे.) (जन)

पंची—देखो 'पक्षी' (रू.भे.)

पंचीकरण-सं०पु० [सं०] वेदांत में पंचभूतों का विभाग विशेष।

पंचीकृत-सं०पु० [स० पञ्चीकृत] जिसका पंचीकरण हुआ हो। (वेदान्त)

पंचीक्रनी-सं०पु० [सं० पंचीकरण] मनुष्य (अ.मा.)

पंचुत्तर-सं०पु० [सं०] पंच अनुत्तर।

उ०—वासिग उप्परि धरणि, धरणि उप्परि जिम गिरिवर। गिरिवर उप्परि मेह, मेहु उप्परि रवि ससिहर। ससिहर उप्परि तियस, तियस उप्परि जिम सुरवर। इंदुप्परि नवगीय गीय उप्परि पंचुत्तर।—अभययतिक यती

वि०वि०—जिससे बढ कर दूसरी कोई वस्तु न हो अर्थात् जो सर्वश्रेष्ठ हो उसे अनुत्तर कहते हैं (जैन)

पंचेंदि, पंचेंदी, पंचेंद्रिय, पंचेंद्री, पंचेंद्री-सं०स्त्री० [सं० पञ्चेन्द्रिय]

१ शरीर के वे पांच अवयव जिनके द्वारा बाह्य जगत के भिन्न भिन्न गुणों का भिन्न भिन्न रूपों में अनुभव होता है।

यथा—कान, नाक, आंख, जिह्वा और त्वचा।

२ वह प्राणी जिसके पांच इन्द्रियें हों।

उ०—पंचेंद्री तणी छइं घणी जाति, पाप करइ इक दीह मइ राति।—दस्तिग

रू०भे०—पंचिंदि, पंचिंदिय, पंचिंदी, पणइंदिय, पांचिंद्रिय।

पंचेषु-सं०पु० [सं० पंचेषु] कामदेव, पंचसर।

पंचेरी—देखो 'पंसेरी' (रू.भे.)

पंचेरो—देखो 'पंसेरो' (मह., रू.भे.)

पंचेंद्री—देखो 'पंचेंद्रिय' (रू.भे.)

उ०—केई हिंसा धरमी कहै—एकेंद्री विचै पंचेंद्री रा पुन्य घणा।—भि.द्र.

पंचोतरो—देखो 'पिचंतरो' (रू.भे.)

उ०—प्रगटयो वरस पंचोतरो, सांवण सघण सराय। साहू करंडव पंखि पर, दुमुखि रहे चख लाय।—रा.रू.

पंचोळ-सं०पु० [सं० पंच+रा. प्र. ओळ] पंचायत।

उ०—पुटियां टोळ पंचोळ, चील चंगे चित आलां। झामर झोल तमोळ, मोळ मन मकड़ी जाळां।—दसदेव

पंचोळी-सं०पु० [सं० पंच-कुल=पंचकुली] (स्त्री० पंचोळण) वंश परंपरा से चली आई हुई मारवाड़ के माथुर कायस्थों की एक उपाधि। (मा.म.)

पंच्चांण—देखो 'पंचानन' (रू.भे.)

उ०—परभोम दवावै खगां पांण। परभोम जिके वाजै पंच्चांण।—सू.प्र.

पंच्याणुं, पंच्याणु—देखो 'पंचाणु' (रू.भे.)

उ०—कुंअर कुळोधर वीनमइं जी, सांभळि भीम भुआळ। पंच्याणु क्षोहिणि मिळी जी, जेह नइं ओजी ताळ।—रुकमणी मंगळ

पंच्यासी, पंच्यासीइ—देखो 'पिचियासी' (रू.भे.)

उ०—सुयखंध दोइ जेहना रे, प्रवर अध्ययन पचीस रे। उद्देसादिक जांणियइ रे लाल, पंच्यासी सुजगीस रे।—वि.कु.

पंछि—देखो 'पक्षी' (रू.भे.)

पंछियो-सं०पु० (देशज) १ छोटी धोती।

उ०—मदरसै सूं घरै आवतै ई पंछियो पै'र धोतो रै पटल्यां घाल'र चोळं नैं झड़काय'र दोयां न खूंटी ऊपर टांगदी।—वरसगांठ

२ देखो 'पक्षी' (अल्पा०, रू.भे.)

पंछी—देखो 'पक्षी' (रू.भे.)

उ०—परसरांम भज चाख अम्रत-फळ, जनम सुफळ होय जासी। पाछो वळे अमोलक पंछी। अण तरवर कद आसी।—ओपो आढ़ो

पंछीड़ो—देखो 'पक्षी' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—किणरा पंछीड़ा मग मांय; वटाऊ वण रह्या भरतार। झबूकै अषविच भौर कंवळ, अधूरा कांमणियां सिणगार।—सांझ

पंछीलो—देखो 'पक्षी' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—गउए चरण चाली, पंछीला मारग चाल्या। नेम धरम सब साथ।—लो.गी.

पंछोलो–सं०पु० [देशज] स्वर्णकारों का ओजार विशेष।

पंज—देखो 'पंजो' (मह., रू.भे.)

उ०—दुख उपज्यो सहदेस नैं, पड़चो काळ री पंज। सह्यो न जावै सज्जनां, राजमात रौ रंज।—ठा. फतैसिंह कूंपावत

पंजणो–वि० [देशज] मिटाने वाला, नाश करने वाला।

उ०—सिर जोर खग दरा संजणा, पह रोर आमय पंजणा। भड़ जुध असंतां भंजणा, रघुराज संतां रंजणा।—र.ज.प्र.

पंजणौ, पंजवौ–क्रि०स० [देशज] मिटाना, नाश करना, ध्वंस करना।

उ०—सूरज वंस तणौ नूप सूरज, पावर आसुर पंजे रे गह गंजे।—र.ज.प्र.

पंजणहार, हारौ (हारी), पंजणियौ—वि०।

पंजिओड़ो, पंजियोड़ौ, पंज्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पंजीजणौ, पंजीजवौ—कर्म वा०।

पंजर–सं०पु० [सं० पञ्जरः पञ्जरं] १ शरीर, देह।

उ०—इहां सु पंजर, मन उहां, जय जांणइला लोइ। नयणां आडा वींझवन, मन नह आडो कोइ।—ढो.मा.

२ शरीर का वह कठोर भाग जो अणु जीवों तथा विना रीढ़के और क्षुद्र जीवों में कोश या आवरण आदि के रूप में ऊपर होता है और रीढ़वाले जीवों में कड़ी हड्डियों के रूप में भीतर होता है। हड्डियों का ठट्ठर या ढांचा जो शरीर के कोमल भागों को अपने ऊपर ठहराए रहता है।

३ ठट्ठर, अस्थि-पंजर, कंकाल।

उ०—१ ऐ जो अकबर काह, सैंधव कुंजर सांवठा। वांसै तौ वहताह, पंजर थया 'प्रतापसी'।—दुरसो आढो

उ०—२ सज्जण ज्यूं ज्यूं संभरइ, देख्या आहीठांण। झुरि-झुरि नइ पंजर हुई, समर-समर सहिनांण।—ढो.मा.

४ शरीर का ऊपरी धड़ या हड्डियों का घेरा, पसलियों, वक्षस्थल आदि का अस्थिसमूह, पसलियों का परदा।

उ०—सखि ए साहिव आविया, जांह की हूंती चाइ। हियडउ हेमांगिर भयउ, मन पंजरे न माइ।—ढो.मा.

५ देखो 'पींजरो' (मह०, रू.भे.)

उ०—अनंत मेछ उल्लटे, वहै सुवाट उब्वटे। पमंग अंग पाखरां, परां गिरां कि पंजरां।—रा.रू.

६ माला।

उ०—जग 'राजड़' अलंग सूं जड़ियो, पंजर कसकै पंजर पसार। हात न लागो जठै हाडकौ, साज अलाज नहीं संसार।—महारांणा राजसिंह रौ गीत

वि०—रक्षक।

उ०—धरा धूण धक-चाळ, कीध दहिया दह-वट्ट। सवदी सबळां साल, प्रांण मेवास पहट्ट। 'आल्हण' सुत 'विजयसी' वंसराव प्रागवड़, खाग त्याग खत्रवाट सरण विजै पंजर सोहड़। चहुवांण राव चौरंग 'अचळ' नरां नाह अण-भंग नर, ध्रमेर सेस जां लग अटळ, तांम राज साचोर घर।—नैणसी

रू०भे०—पिंजर, पींजर।

अल्पा०—पंजरि, पंजरौ, पिंजरौ।

मह०—पांजर।

पंजरविसन, पंजरविसनु—देखो 'विसनुपंजर' (रू.भे.)

उ०—१ ब्रह्म-कवच पंजर-विसन, रक्षा-रांम उचार। वेदोक्ती सू-ब्राह्मण, आसीसै अणपार।—रा.रू.

उ०—२ ब्रह्म-कवच पंजर-विसनु, रक्षा-रांम वचाय। ईस तणै वळ ऊठिया, अंवर सोस लगाय।—रा.रू.

पंजरि—देखो 'पंजर' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—भाद्रवडा भाई भणउ, भूरि जळ भरी म भागि। पंजरि-थिकुं पलेवणउ, माहरूं सकइ न मागि।—मा.कां.प्र.

पंजहजारी—देखो 'पंच-हजारी' (रू.भे.)

पंजातोड़-वैठक-सं०स्त्री०यौ० [फा० पंजा+सं० वेशन=विष्ठ=प्रा. विट्ठ+सं० तुष्ठ=प्रा० तुठ्ठ] कुश्ती का एक पेच।

पंजाव-सं०स्त्री० [फा०=सं० पञ्चाप अथवा पंचाम्बु] भारत के उत्तर का एक प्रदेश जहाँ सतलज, व्यास, रावी, चिनाव और झेलम नाम की पाँच नदियां बहती हैं। पंचनद।

पंजावळ–सं०पु० [फा० पंजा+सं० वल] पालकी के कहारों की बोली जिसके अनुसार अगली पालकी के कहार पिछली पालकी के कहारों को यह सूचित करते हैं कि आगे भूमि ऊँची है।

पंजाबी–वि० [फा०] पंजाब का, पंजाब सम्बन्धी।

सं०स्त्री०—पंजाव की भाषा।

सं०पु०—पंजाव-निवासी।

पंजार—देखो 'पंजोळ' (रू.भे.)

पजारी—देखो 'पंजीरी' (रू.भे.)

पंजाळी–सं०स्त्री० [फा० पंजा+सं० आलुच्] चड़स खींचते समय बैलों की गरदन पर पहनाया जाने वाला जुआ विशेष।

उ०—एक दिन प्रभात रा चढि नीसरिया। एकै ठोड़ आया। आगै देखै तो तेवि नै घाव पायनं मरद तौ सोह गांम गया छै। एक वैर जावै छै। सु साठीकौ कोहर, तियै री वरत छै सु वरत सांवटिनै काख मांहे घाली छै। कोस पंजाळी वांह मांहे घातिया छै। माथै विघड़ियो भरियो पांणी रो छै अर मारग चालो जाय छै।—नैणसी

वि०वि०—यह ऊपर से जुएनुमा होता है। इसके दोनों ओर छेद होते हैं। यह जुआ बैलों की गरदन के ऊपर रहता है। इस जुए के समानान्तर इतनी ही लम्बी एक लकड़ी और जुडी रहती है जो बैलों की गरदन के नीचे रहती है। इसके भी दोनों ओर छेद होते हैं। जुए के छेदों में से होते हुए लकड़ी के छेदों तक (दोनों ओर) लकड़ी के पतले गोल डंडे फंसा दिए जाते हैं जो जोतों के स्थान पर होते हैं। इस प्रकार बैलों की गरदनें लकड़ी की चौखटो के बीच आ जाती हैं। नौसिखिए बैलों के लिए भी इस उपकरण का प्रयोग किया जाता है।

मुहा०—पंजाळी में आंणौ, पंजाळी में फसणौ—बंधन में आना, आफत में फंसना।

रू०भे०—पूंजाळी।

पंजाळौ-वि० [फा० पंजा+सं० आलुच्] पंजे वाला (जानवर)

पंजावौ-सं०पु० [सं० पंच+रा.प्र. आवौ] १ प्रथम प्रसव देने वाली गाय के गर्भ रहने के बाद पांचवें मास के थन का उभार या उठाव।

२ देखो 'पचावौ' (रू.भे.)

पंजाहर-सं०स्त्री०—सेना, फौज।

उ०—घड़ां तणा धुवका, जवन दळ पडिसै जाडा। अइयौ निकळंक अलख, मुरिडि नांखै खळ माडा। केई गिलै क्रम कीच, हुवै दस कोड़ि पंजाहर। जवन दळां जग-जेठ, विसन मारै वह वाहर।

—पी.ग्र.

रू०भे०—पंचाहर।

पंजियोड़ौ-भू०का०कृ०—मिटाया हुआ, नाश किया हुआ, ध्वंस किया हुआ।

(स्त्री० पंजियोड़ी)

पंजियौ—देखो 'पंजौ' (अल्पा०, रू.भे.)

पंजी—देखो 'पांची' (रू.भे.)

पंजीरी, पंजेरी-सं०स्त्री० [सं० पञ्च+जीरा] एक प्रकार का मिष्ठान्न जो आटे को घी में भून कर उसमें पीपरामूल, सौंठ, अजवाइन, गूंद और धनिया मिला कर बनाया जाता है। इसका उपयोग कृष्ण-जन्माष्ठमी उत्सव पर प्रसाद बांटने में किया जाता है। प्रसूता स्त्री के लिए भी पंजीरी बनाई जाती है।

उ०—१ कूड़ा पूजारी कूड़ो कथ कीन्ही। देवण कांनां में पंजीरी पीन्ही।—ऊ.का.

उ०—२ सुणौ सासूजी हमारा ऐ रे बहू रा मीठा बोल। करदयौ ना पंजीरी को रतन कचोळै। थां रै चढैजी वडाई हम जच्चा पच होय।—लो.गी.

पंजोळ-सं०पु० [सं० पंच+रा.प्र. ओळ] खेत में ज्वार के पौधों के सीधे खड़े पांच पयालों का समूह।

वि०वि०—केवल सूखने के लिए।

पंजौ-सं०पु० [फा० पंजा] १ पांच का समूह।

२ हाथ या पैर की पांचों उंगलियों का समूह।

वि०वि०—साधारणतया हथेली सहित पांच उंगलियों या पांव के आधे तलवे सहित पांच उंगलियों का समूह।

पद—१ पंजे में—ऐसी अवस्था में जहां चाहे जो किया जा सके, अधिकार में, कब्जे में, वश में, पकड़ में, मुट्ठी में।

२ पंजे सूं—अधिकार से, कब्जे से, वश से, पकड़ से।

मुहा०—१ पंजौ फैलांणौ—देखो 'पंजौ पसारणौ'।

२ पंजौ बढ़ांणौ—देखो 'पंजौ पसारणौ'।

३ पंजौ मारणौ—झपट्टा मारना (लेने के लिए) हाथ लपकाना, पञ्जे से प्रहार करना।

४ पंजौ पसारणौ—हथियाने का उद्योग करना, लेने का प्रयत्न करना।

३ पंजा लड़ाने की कसरत या बल-परीक्षा।

उ०—अवासू गिरंदू के बीच पडसाद फुट्टै। जाजुळमांन काळा गोरा वीर जैसे जगजेठ जुट्टै। नजरुं का निहार पंजूं का दाव। कदमूं का फुरत डोरयूं का घाव।—सू.प्र.

मुहा०—१ पंजौ मोड़णौ—देखो 'पंजौ लड़ांणौ'।

२ पंजौ लड़ांणौ—दो आदमियों का परस्पर उंगलियों से उंगलियां मिला कर बल-परीक्षा करने हेतु मोड़ने का प्रयत्न करना।

३ पंजौ लेणौ—देखो 'पंजौ लड़ांणौ'

४ बादशाह के हाथ की पांचों उंगलियों सहित वह छाप-चिन्ह जो खास-खास फरमानों पर अंकित किया जाता था।

उ०—१ वह दगे सूं खांन बहादर, आयौ गढ जोधांणौ ऊपर। खोलै पंजौ कौल दिखायौ, भव नह मिटै तुमारौ भायौ।—रा.रू.

उ०—२ पत कमधांगढ जोधपुर, तुम अजमेर सहाय। औ पंजौ औ कौल द्रढ, विच पढ़ बोल खुदाय।—रा.रू.

५ शेर, चीता, बिल्ली आदि की जाति के पशुओं अथवा नेवला, गोह, छिपकली, चूहा आदि जाति के प्राणियों के पांव का अग्र भाग।

६ ताजिये के साथ झण्डे या निशान की तरह बांस पर बांध कर ले जाया जाने वाला टीन या धातु का बना मनुष्य के पञ्जे के आकार का पंजा।

७ जूते का अग्र भाग।

८ ताश में पांच चिन्ह या बूटियों वाला पत्ता।

९ जुए का एक दाव।

मुहा०—छक्के-पंजै सावधान रैणौ—सचेत रहना, होशियार रहना, चालबाजी से सावधान रहना।

१० पीठ खुजलाने का एक उपकरण।

अल्पा०—पंजियौ।

मह०—पंज, पंजड़।

पंड-सं०पु० [सं० पिण्ड] १ आकाश, आसमान (ना.डि.को.)
२ पवन ।
[सं० पाण्डव] ३ अर्जुन । उ०—सू मघ जेठ कळाधर सारी, आयो रवि ज्यौं किरण अकारी । पंड कोपियो किनां घार पण, वीरभद्र दिख ज्याग विधूंसण ।—रा.रू.
४ देखो 'पांडु' (रू.भे.)
उ०—पांचूं पूत पंड के पटकि बैठे हिम्मत को, चूकिगो छमा को भवतव्य बस चेतो ई ।—र.ज.प्र.
५ देखो 'पांडव' (रू.भे.)
उ०—'जिहंगीर' 'खुरम' जुडसी उभै, साखी चंद दुंदिद सुर । जोगणी-पीठ निहटा जवन, फिर हथणापुर पंड-कुर ।—गु.रू.बं.
६ देखो 'पिंड' (रू.भे.)
उ०—१ पंड में घणो प्यार, मिळतां मन हरखे मिळै । वे हैतू लखवार, मिळजो दिन में 'मोतिया' ।—रायसिंह सांदू
उ०—२ महोदघ पूछियो कहो मो सहस-मुख, 'जमन' की नवो सणगार जुड़ियो । 'भांण' रै लोह सुरतांण घड़ भेळियो, चळोवळ पंड मो पूर चढ़ियो ।—चतरो मोतीसर

पंडग-सं०पु० [सं० पंडक] नपुंसक, हिजड़ा (जैन)

पंडत—देखो 'पंडित' (रू.भे.)
उ०—पंडत ओर मसालची, दोऊं उलटी रीत । ओर दिखावै चांनणो, आप अंधेरे बीच ।—अज्ञात
(स्त्री० पंडतण, पंडतांणी)

पंडतण, पंडतांणी—देखो 'पंडितांणी' (रू.भे.)

पंडर-सं०पु० [सं० पाण्डु] १ यवन, मुसलमान ।
उ०—१ पुडि गयणाग गीध पंखारव, गोम गहै गज घाट गुड़ै । पंडर घड़ 'रतनो' परणीजै, जांगी नेवर सद्द जुड़ै ।—दूदो
उ०—२ 'सता' तणो वढ लोप न सकियो, लोपी नहीं लोह ची लीह । पै पंडर घड़ रा पाडतै, दरगै रा पड़िया तिण दीह ।
—नैणसो
२ बादशाह ।
[सं० पिण्ड] ३ पानी का बुलबुला, बुल्ला ।
उ०—सहजां सांई सिवरियै, आळस ऊंघ न आंणि । जन 'हरिया' तन पेखणो, ज्यूं जळ पंडर जांणि ।
—स्री हरिदेवदासजी महाराज
४ देखो 'पांडुर' (रू.भे.)
उ०—१ जिण घण कारण ऊमह्यउ, तिण घण संदावेस । तिण मारू रा तन खिस्या, पंडर हूवा जकेस ।—ढो.मा.
उ०—२ अजमेर आयो साहजादो, 'करन' सत्थे आंण ए । परवतां पासै लाल पंडर, गयण गूडर तांण ए ।—गु.रू.बं.

पंडरवेस-सं०पु० [सं० पाण्डु] १ बादशाह ।
उ०—१ पांण चढै जादव राइ परणी, पंडरवेस कन्हां लै पांण । 'जैसिंघदे' ऊभै किम जायै, सोरठ वैरड़ी घरि सुरितांण ।
—जैसा सरवहिया कवाटोत री गीत
उ०—२ गढ़ गढ़ राफ राफ मेटै गह, रैण खत्रीध्रम लाज अरेस । पंडरवेस नाद अण-पीणग, सेस न आयो 'पतो' नरेस ।
—महारांणा प्रताप री गीत
२ मुसलमान ।
उ०—१ चारहड़ां चुंडराव चवीजै, दीन्हो इम लीयो इम देस । पंडरवेस पाड़ि गढ़ पैठो, पड़ियै पैठा पंडरवेस ।
—दूदो बारहठ
उ०—२ केताइ हिंदू खेड़िया, केताइ पंडरवेस । हूवा खिडिकि हेकठा, लंक उहल्ला देस ।—गु.रू.बं.
रू०भे०—पंडरावेस ।

पंडरावेस—देखो 'पंडरवेस (रू.भे.)
उ०—ऊकरड़ ओक ओकां पड़ै ऊपरै, नारि संभार सै कंत नाया । मरण मद भलो दीधो खळां मारुवै, पंडरावेस पीठांण पाया ।
—राव जैतसी राठौड़ लूणकरणोत री गीत

पंडरू—१ देखो 'पांडुर' (रू.भे.)
२ देखो 'पिंडरू' (रू.भे.)

पंडव—१ देखो 'पांडव' (रू.भे.)
उ०—१ पत राखै द्रोपदी, प्रभू विरदां प्रतपाळै । ब्रहम पत्त राहवी, वेद च्यारे ही गावाळै । पत राखै पंडवां, अंब कर मांझि उपाये । गजपत पत राहवै, अनंत खगपत चढ़ आए ।—ज.खि.
उ०—२ घणो करै घणियाप, सेवक है समरथ सदा । पंडव हर परताप, भारत जीतो 'भैरिया' ।—बळवंतसिंह (रतलाम)
उ०—३ वरहास वणो पक्खर विसाळ । गज-गाह स-डंबर चमर-माळ । सिख नवख लगै पंडव सिंगार । आंणियो लूण ऊपरि उतार ।
—गु.रू.बं.
उ०—४ पंडवां करै साकति पमंग । सजि पाखर वादळ घड़ सुचंग ।
—सू.प्र.
२ देखो 'पांडु' (रू.भे.)
उ०—ओठा दिन आयाह, खोटै मग कैरव खड़्या । जुघ पंडव जायाह, साथ जिताया सांवरा ।—रांमनाथ कवियो

पंडवडो—देखो 'पांडव' (अल्पा०, रू.भे.)
उ०—पंचइ पंडवडा वसइं, तीछे वंमण वेसि । वात गई जण जण मिळी, दुरयोधन नइ देसि ।—पं.पं.च.

पंडव-तिलक—देखो 'पांडव-तिलक' (रू.भे.) (अ.मा.)

पंडव-नांमी—देखो 'पांडव-नांमी' (रू.भे.)
उ०—'पातल' हरा ऊपरा पराभव, खळ खूटा टूटा खड़ग । पंडव-नांमी नीठ पाड़ियो, लग ऊगमण आथमण लग ।
—खेमराज सोदो

पंडव-प्रिया–सं०स्त्री०यौ० [सं० पाण्डव-प्रिया] द्रौपदी (अ.मा.)

पंडव-मघ–सं०पु०यौ० [सं० पाण्डव+मध्य] अर्जुन (अ.मा.)

पंडवेस–सं०पु० [सं० पाण्डवेश] १ राजा पाण्डु।

उ०—वंसां द्रोही छतीसां अ्रंगेस रै कराळो बीर, रावतेस भीम······ पंडवेस रै रीसोद।—हुकमीचंद खिड़ियौ

२ युधिष्ठिर।

३ पाण्डव।

[सं० पाण्डु] ४ मुसलमान, यवन।

उ०—१ कियौ विच मोगर खैंग गरक्क, जरद्दां वाजिय घार जरक्क। पड़ै इक भाज धकै पंडवेस, मिळै पग रुंड अकुंड महेस।
—रा.रू.

उ०—२ जुध वेळ खगे रिणछोड़ जठै। तन पाथ जिसौ रुघनाथ तठै। पंडवेस पड़ै जुड़ पार पखै। लख वांह झड़ै पतसाह लखै।
—रा.रू.

५ बादशाह। उ०—१ घर काज मिसलत धार, चक्रवतिय जतन विचार। दिस मरुस्थळ-पति देस, व्रत अलख चख पंढवेस।
—रा.रू.

उ०—२ रव रथ पौहर थकत होय रह्यौ, नमो नमो [चतरंग] नरेस। जुगां न जाय नांम सस जडियां, पड़ियां तो चढ़ियौ पंडवेस।
—महारांणा वडा अड़सी री गीत

६ ललाई लिए हुए पीला रंग।

७ श्वेत रंग।

८ श्वेत हाथी।

रू०भे०—पंडिवेश।

पंडवौ—१ देखो 'पांडव' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—प्रथीमाळ परमांण, वधै चहुवांण तणै बळ। तेण वंस वल्लाल दांन दीपियौ दसावळ। वळ वाहड़दे जेण, जेण पंडवौ परजाळै। वाहड़दे अस चढै, वैर गंजे चोवाळै।—नैणसी

२ देखो 'पंडौ' (अल्पा०, रू.भे.)

पंडसुत–सं०पु० [सं० पाण्डु+सुत] १ राजा पाण्डु के पांच पुत्रों में से कोई एक।

२ अर्जुन (अ.मा.)

पंडां—देखो 'पिंडां' (रू.भे.)

उ०—'रांम वगस' राज नखै आयो छै, जिको कुरब वधारसी। अठा लायक कांम बिदगी लिखावसी, अठी दसा की आप गाढी खुसियां रखावसी। खांन-पांन की पंडां की जावतो रखावसी।
—मयाराम दरजी री वात

पंडा–सं०स्त्री० [सं०] बुद्धि।

पंडाळ–सं०पु० [सं०पंडाल] किसी समारोह के लिए बनाया हुआ मंडप।

पंडित–सं०पु० [सं०] (स्त्री० पंडितांणी) शास्त्रों का ज्ञाता, विद्वान, ज्ञानी। उ०—गुज भिड़ज रूप सपतास भांति, कवि तेण लखण गुण वरण क्रांति। सत उकति जेण पंडित प्रमांण, जुधि जैत मरम क्रम प्रथम जाण।—रा.रू.

पर्या०—अभिरूप, आचारिज, कुसळ, कोविद, क्रती, क्रस्टी, दोखगिन, धिखिणि, धीमांन, धीर, निपुण, नैवाइक, पात्र, पारखद, प्रयागिनी, प्रवीण, प्रायंतरु, बुधि, मतिधण, मनीखी, महाचतुर, वागमी, विचखण, विदुख, विदवांन, विधिग, विविस्चति, विसारद वेधी, सुधि, सुलखण, सूरि।

रू०भे०—पंडत, पंडिति, पंडिय, पांडिति, पिंडत, पिंडित, पिंडिति।

पंडितांणी–सं०स्त्री० [सं० पण्डित+रा०प्र० आंणी] १ पंडित की स्त्री।

२ ब्राह्मणी।

३ विदुषी।

रू०भे०—पंडतण, पंडतांणी, पिंडतण, पिंडतांणी।

पंडिताई–सं०स्त्री० [सं० पंडित+रा.प्र. आई] विद्वता, पाण्डित्य।

उ०—तिण सूं रावत धरम-सास्त्र पुरांण विद्या पंडिताई की चरचा कराई।—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

पंडिताउ–वि० [सं० पण्डित+रा.प्र. आऊ] पण्डितों के ढंग का।

पंडिति—देखो 'पंडित' (रू.भे.)

उ०—तिणि अवसरि बोलाविउ पंडिति, 'कहउन कांई काज'। विनय लगइ बोलइ धन सागर, 'निसुणउ पंडितराज'।
—विद्याविलास पवाडउ

पंडिपाद–सं०पु०—एक प्रकार का वस्त्र।

उ०—छडी दो छडी नरम पंडिपाद नैत्र-जादर तिलवास मंडप।
—व.स.

पंडिय—देखो 'पंडित' (रू.भे.)

उ०—महावीर जिण भवणिट्ठिय संठिउ जिण वल्लह। जिणि उज्जोयउ चंदु गच्छु पंडिय जिण वल्लह।—ऐ.जै.का.सं.

पंडिवेस—देखो 'पंडवेस' (रू.भे.)

पंडी–सं०स्त्री० [सं० पण्डा] पंडा की स्त्री।

पंडीर–सं०पु०—महादेव, शिव।—(क.कु.बो.)

पंडीस, पंडीसक—देखो 'पांडीस' (रू.भे.)

उ०—१ पंडीस वरंग करै खळ पांणि। वदै मुख हूंत हरै गंग वांणि।
—सू.प्र.

उ०—२ पंडीसक वाह करै अणपाल। 'दलावत' साहिबखांन दुमाल।
—सू.प्र.

पंडु—१ देखो 'पांडु' (रू.भे.)

उ०—सउ बेटा धयराठ घरे, पंडु तणइ घरि पंच। दुरयोधन कउतिग करए, कूडा कवडप्रपंच।—पं.पंच.

२ देखो 'पांवडो'

उ०—बावन हुं बळराज पै, दुख मांगै वर का। दीध त्रलोक अलोकनाथ, त्रिय पंडु भर का।—दुरगादत्त बारहठ

३ देखो 'पांडव' (रू.भे.)

४ देखो 'पांडुर' (रू.भे.) (नां मा.)

पंडुक-सं०पु० [सं० पाण्डु] (स्त्री० पंडुकी) ललाई लिए भूरे रंग का कबूतर की जाति का एक पक्षी।

पंडुर—देखो 'पांडुर' (रू.भे.) (नां.मा.)

पंडुरी-सं०स्त्री० [देश.] पंडुक नामक पक्षी, फाख्ता।

उ०—विहांगड़े ज उदाभ्रयां, सर ज्यउं पंडुरियांह। कालर काफा कमळ ज्यउ, ढळि-ढळि ढेर थियांह।—ढो.मा.

पंडू—१ देखो 'पांडु' (रू.भे.)

२ देखो 'पांडव' (रू.भे.)

पंडूर-वि० [सं० पाण्डुर] १ उज्ज्वल, निर्मल।

उ०—सुप्रसन सांमणि सारदा, होयो मात हजूर। बुद्धि दियो मुझनें बहुत, प्रगट वचन पंडूर।—प.च.चौ.

२ देखो 'पडूर' (रू.भे.)

उ०—करसं रूप सफळ हिवं देह, जोवन सफळ लेस्ये गुण-गेह। एहवो घर वर रिद्धि पंडूर, लहियें जो होवें पुन्य अंकुर।

—स्रीपाळ रास

३ देखो 'पांडुर' (रू.भे.)

पंडोखळी-सं०स्त्री० [देश.] गांठ बांधने का वस्त्र।

पंडो-सं०पु० [सं० पण्डावित्] १ मन्दिर का पुजारी।

उ०—दाता दे वित दांन, मोज मांणे मुरसंडा। लाखां लै धन लूट, पूतळी पूजक पंडा।—ऊ.का.

२ तीर्थ-गुरु। उ०—पंडे उच्छव धार उर, विध सम समें विचार। पधरायो नवकोट पत, दरसण करण दुवार।—रा.रू.

अल्पा०—पंडवो, पांडियो, पांड्यो।

पंत-वि० [सं० प्रान्त] तुच्छ।

उ०—अरस विरस अंत पंत लुह, ए चाल्या पंच आहार। ए जीमी जीवे मुनि, घन मोटा अणगार।—जयवांणी

सं०पु०—१ बचा हुआ आहार।

उ०—आप निमित्त काढ़यो बाहिर, अथवा न काढ़यो बहार। तीजें खातें ऊवरे, पंत वळे लुख आहार।—जयवांणी

२ देखो 'पंक्ति' (रू.भे.)

उ०—१ प्रघटे जटत जवहर पंत अति आछापणें। तोरां मांन राजें तखत परस रवि तणें।—वां.दा

उ०—२ गज मोत्यां री दांवणी, मुखड़ें सोभा देत। जांणें तारां पंत मिळ, राख्यो चंद लपेट।—बां दा.

३ देखो 'पांति' (रू.भे.)

पंतर, पंतरण—देखो 'पांतरण' (रू.भे.)

उ०—आंणियो द्रोह अतहकरण, पाडी 'खुरम' पंतरण। ततकाळ 'सेर' सुरतांण रो, कीधो अज्जुणतो मरण।—गु रू.बं.

पंतरणो, पंतरबो—देखो 'पांतरणो, पांतरबो' (रू.भे.)

उ०—दुरजण केरा बोलडा, मत पंतरज्यो कोय। अणहूंती हूंती कहै, सगळो साच न होय।—ढो.मा.

पंतरणहार, हारो (हारी), पंतरणियो—वि०।

पंतरिओड़ो, पंतरियोड़ो, पंतरयोड़ो—भू०का०कृ०।

पंतरीजणो, पंतरीजबो—कर्म वा०।

पंतरियोड़ो—देखो 'पांतरियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० पंतरियोड़ी)

पंतरोह-सं०स्त्री० [सं० पंक्ति=पृथ्वी+रोह=रुहं=उत्पन्न] धूलि, रज (अ.मा.)

पंतावल-सं०पु०—स्वर्ग, देवलोक (नां.मा.)

पंति, पंती—१ देखो 'पंक्ति' (रू.भे.)

उ०—१ जगमगत दीपक-जोत, अति जोति पंति उद्योत।

—रा.रू.

उ०—२ फबें बग्ग पंती, भ्रागें दंत फोज्जं।—वचनिका

२ देखो 'पांति'

पंथ-सं०पु० [सं० पथः] १ रास्ता, मार्ग। उ०—१ 'करनी' थांरे कारणें, प्यारो थळवट पंथ। मोत्यां सूं मुहगो मिळें, हीरां पाज हरंत

—अज्ञात

उ०—२ क्रम-क्रम ढोला पंथ कर, ढांण म चूकें ढाळ। आ मारु बीजी महल, भ्राखइ झूठ एवाळ।—ढो.मा.

मुहा०—१ पंथ दिखाणो—मार्ग बताना, रास्ता दिखाना।

२ पंथ देखणो—प्रतीक्षा करना, इन्तजार करना, खोजना।

३ पंथ निहारणो—देखो 'पंथ देखणो'।

४ पंथ पकड़णो—मार्ग पर चलना, प्रारम्भ कर देना।

५ पंथ बुहारणो—आने वाले की प्रतीक्षा में उसके स्वागत की तैयारी करना।

६ पंथ लगाणो—रास्ते पर लगाना, उपयुक्त कार्य पर लगाना, समाप्त करना।

७ पंथ लागणो—रास्ता पकड़ना, समाप्त होना।

८ पंथ हेरणो—देखो 'पंथ देखणो'।

२ सम्प्रदाय, धर्म-मार्ग, मत।

ज्यं—कबीरपंथ, दादूपंथ।

उ०—ताकड़ा 'अजण' 'भीमेण' ताय। खांगड़ा उरस थी भचक खाय। 'अभपती' जती गोरक्ख एम। तेरे सख बारह पंथ तेम।

—वि.सं.

मुहा०—पंथ पकड़णो—किसी सम्प्रदाय विशेष के मत को मानना, सम्प्रदाय विशेष में सम्मिलित होना।

३ आचार पद्धति, व्यवहार का क्रम, चाल, व्यवस्था, रीति।

उ०—जोग पंथ संकर तजें, व्है गिरमेर गरवक। करणी ऊपर नह करे, ऊगे केम अरवक।—चौथ बीठू

मुहा०—१ पंथ दिखाणो—धर्म या आचार की रीति बताना, उपदेश देना।

२ पंथ पकड़णो—विशेष प्रकार के कर्म में प्रवृत्त होना।
३ पंथ पर—आचरण विशेष में प्रवृत्त, ढंग पर।
४ पंथ लगाणो—देखो 'पंथ पर लाणो'।
५ पंथ पर लाणो—ठीक चाल-चलन पर लाना, अच्छा आचरण ग्रहण कराना, उत्तम आचरण सिखाना।
६ पंथ लागणो—देखो 'पंथ पकड़णो'।
यौ०—कुपंथ, सुपंथ।
४ मद्य, मांस, व्यभिचार आदि बातों के विधान वाला वह तान्त्रिक मत जो वेदविहित दक्षिण मार्ग के प्रतिकूल है, वाममार्ग।
मुहा०—१ पंथ बैठणो—वाम मार्ग में प्रवृत्त होना।
२ पंथ बैठांणणो—वाम मार्ग में प्रवृत्त करना।
३ पंथ में—वाममार्ग में प्रवृत्त।
४ पंथ में आंणो—वाम मार्ग में प्रवेश करना, वाम मार्ग में आना।
५ पंथ में बैठांणणो—देखो 'पंथ बैठांणणो'।
६ पंथ में लेणो—वाम मार्ग में लेना, वाम मार्ग में प्रवृत्त करना।
७ पंथ में होणो—वाम मार्ग में होना। वाम मार्ग धारण करना।
रू०भे०—पत्थ, पत्थय, पथ, पथ्थ, पाथ।
अल्पा०—पंथड़ो।
मह०—पंथमांण, पंथांण।

पंथक-वि० [सं० पथ+क] राह में उत्पन्न।
सं०पु०—चोर (अ.मा.)

पंथक-पंथक-सं०पु०—शत्रु, दुश्मन (अ.मा.)

पंथग-सं०पु० [सं० पथग] अनुयायी, शिष्य।
उ०—गुरु निंदा करणी नहीं, माठो देखे मग्ग। सेलग गुरु मदवसी सूझे, पंथग चांपे पग्ग।—ध.व.ग्रं.

पंथड़ो—देखो 'पथ' (अल्पा०, रू.भे.)
उ०—फेकांणां विण पंथड़ो, धण विण रैण विहाय। सो भायां विण आंगियो, यूं ही अकारथ जाय।
—जलाल बूबना री वात

पंथमांण—देखो 'पंथ' (मह०, रू.भे.)

पंथवारियो-सं०पु० [सं० पंथः+आलुच्] १ वे कङ्कड़ जिनको पंथवारी हेतु स्थापित किए जाते हैं।
२ वह सुरक्षित स्थल जहां पर, तीर्थ यात्रा पर गये हुए के पीछे, गेहूँ या जव बोये जाकर घर की औरतों द्वारा सींचे जाते हैं।
क्रि०प्र०—पूजणो, सींचणो।
रू०भे०—पथवारियो।

पंथवारी-सं०स्त्री० [सं० पथः+आलुच्+रा.प्र.ई]
उक्त प्रकार से बोये हुए गेहूँ या जव को सींचने की प्रथा।
उ०—पंथवारी रा मारगां, फूलांरी वाड़ियां, आछा-आछा फूल दिरावो महादेव नै, ऊठो राधा रुकमण पूजो पंथवारियां। पंथवारी पूजियां काई फळ होसी, अन होसी, धन होसी, पूतां रो परवार होसी, धीवड़ियां रो थाट होसी, ऊठो राधा रुकमण पूजो पंथवारियां।
—लो.गी.
रू०भे०—पथवारी।

पंथांण—देखो 'पंथ' (मह०, रू.भे.)
उ०—कुपिया कुटुंब कळहो, पावस पंथांण रोग प्रज्वळ ए। दुरमती दुस्ट पुत्रो, दुघटियं पंच दुखाई।—गु.रू.बं.

पंथाई-वि० [सं० पथ+रा.प्र. आई] १ वाम मार्ग मतावलंबी, वाममार्गी।
२ पन्थ का, पन्थ सम्बन्धी।
सं०पु०—वाम मार्ग मतावलम्बी व्यक्ति।

पंथाळरो-सं०पु०—घोड़ा (डि.नां.मा.)

पंथिक—देखो 'पंथी' (रू.भे.)

पंथिड़ो—देखो 'पंथी' (अल्पा०, रू.भे.)
उ०—पंथिड़ो चाल्यो परदेस में रे।—जयवांणी

पंथियो—देखो 'पंथी' (अल्पा०, रू.भे.)
उ०—प्यास मरतां पसू पंखियां, पंथियां, पाप व्है पावज्यो मतां पांणी। भर-मिया भला-भला लोक एहै भरम, धरम कियो तिणं धूळ-धांणी।
—ध.व.ग्रं.

पंथी-सं०पु० [सं० पंथिन्] १ राही, बटोही।
उ०—१ आज निसह म्हे चालिस्यां, बहिस्यां पंथी-वेस। जळ-जीव्या तउ आविस्यां, मुया त उणि हिज देस।—ढो.मा.
उ०—२ जाळि मगि चढ़ि-चढ़ि पंथी जोवै, भुवणि सुतन मन तसु मिळित। लिखि राखै कागळ नख लेखणि, मसि काजळ आंसू मिळित।—वेलि.
२ किसी सम्प्रदाय का अनुयायी।
३ वाममार्गी।
रू०भे०—पंथिक, पंथीक, पंथीय, पई।
अल्पा०—पंथिड़ो, पंथियो, पंथीड़ो, पंथीडो, पंथीयो, पइयो।

पंथीक—देखो 'पंथी' (रू.भे.)

पंथीड़ो, पंथीडो—देखो 'पंथी' (अल्पा०, रू.भे.)
उ०—१ मांगी दूं बधावणी तोनै, पंथीड़ा लाख-पसाव हो राज। वळै संघ जोता बाटड़ी, थे तो आवी आज सुणाय हो राज।
—रसीलैराज री गीत
उ०—२ पंथीडा अंदेसउ मिटस्यै जे दिन रे। ते तउ मुझ नइ आज बताउ रे!—वि.कु.

पंथीय—देखो 'पंथी' (रू.भे.)

पंथीयो—देखो 'पंथी' (अल्पा., रू.भे.)
उ०—जीवै पंथीया तोय नाग भूंबाउं, असड़ी मन में आई। 'भगवत' मरण तणी कथ भूंडी, स्रवणां मूझ सुणाई।—ओपो आढो

पंदरमों, पंदरवों—देखो 'पनरमों' (रू.भे.)
उ०—राजा भोज फेर मुहरत धराय सिंघासण कनै आइया, जद

पंदरवीं पूतळी ग्राम कहणं लगी ।—सिंघासण बत्तीसी
(स्त्री० पंदरमीं, पंदरहवीं)
पंदरह—देखो 'पनरै' (रू.भे)
पदरहमों, पंदरहवों—देखो 'पंदरहवो' (रू.भे.)
(स्त्री० पंदरहमीं, पंदरहवीं)
पंदरेंक—देखो 'पनरेंक' (रू.भे.)
पंवरै—देखो 'पनरै' (रू.भे.)
पंदरेंक—देखो 'पनरेंक' (रू.भे.)
पंद्रह—देखो 'पनरै' (रू.भे.)
उ०—तद असवार दस पंद्रह साथ सूं वंध मगरा ग्राण लागिया ।
—सुंदरदास भाटी वीकूंपुरी री वारता
पंनर—देखो 'पनरै' (मह.,रू.भे.)
उ०—पंचताळीसउ पूठि बरीस, मास मागसिर पूनिम दीस । संवत पंनर वारोतरउ, तिणि दिन सोमवार विस्तरू ।—कां.दे.प्र.
पंन्नग—देखो 'पन्नग' (रू.भे.)
उ०—पंन्नग-लोक म्रित-लोक तण प्रभु, वडा रिखोसर जोवै वाट । दहनांमी दीदार देखना, घठे हुवा हुवा गजघाट ।
—महादेव पारवती री वेलि
पंन्नहो—१ देखो 'पनहो' (रू.भे.)
२ देखो 'पांन' (अल्पा., रू.भे.)
पंन्नड़ो—देखो 'पांन' (मह०, रू.भे.)
पंन्नडी—१ देखो 'पांन' (अल्पा०, रू.भे.)
२ देखो 'पनड़ो' (रू.भे.)
उ०—रायजादी ऊभी रायग्रांगण, करि सोळह सिणगार करि । सउणै तिह झूंटणा सोहइ, पंन्नड़ी नान्हइ नखत्र परि ।
—महादेव पारवती री वेलि
पंन्नडौ—देखो 'पांन' (अल्पा०, रू.भे.)
उ०—तरु तरु त्रूटइ पंन्नड़ा, गिरि गिरि त्रूटइ वाहु । फागुण ! कागुण ताहरू, नींगमिउ मोरू नाह ।—मा.कां.प्र.
पंप—सं०पु० [अं०] १ जलादि तरल पदार्थों को ऊपर खींचने या पहुँचाने अथवा इधर-उधर ले जाने हेतु बना यंत्र ।
२ ट्यूब ग्रादि में हवा भरने की एक प्रकार की कला ।
३ एक प्रकार के अंगरेजी जूते की बनावट विशेष जिसमें पैर का अगला भाग ही ढंका रहता है और जिनमें कस्से नहीं होते ।
४ पिचकारी ।
पंपा—सं०स्त्री० [सं०] १ दक्षिण की एक नदी का नाम जो प्राचीन काल में ऋष्य-मूक पर्वत के समीप बहता थी ।
२ इस नदी के समीप बसने वाले एक प्राचीन नगर का नाम ।
३ इस नगर के निकट के एक तालाब का नाम ।
पंपागर, पंपागिर, पंपागिरि—सं०पु०यौ० [सं० पंपागिरि] पंपा नदी से लगा हुग्रा दक्षिण का एक पर्वत ।

पंपाळ—सं०पु० [देशज] १ असत्य, झूठ (अ.मा.,ह.नां.मा.)
२ ढोंग, ग्राडंबर, छल, कपट । उ०—प्रभु समरि तजि ग्राळ पंपाळ ।
—ह.नां.मा.
३ व्यर्थ का प्रलाप ?
उ०—१ कूट कपट नित केळवइ, माया नइ मोह । ग्राळ-पंपाळ मुख मखइ, हियइ वज्र कठोर ।—स.कु.
उ०—२ पाछली रात रो वेगो जाग, पांणी ग्रगन रो दीसै अभाग । मुख सूं बोलै ग्राळ-पंपाळ, बूढा तिके पण कहिये बाळ ।
—जयवांणी
४ दुनिया का जंजाळ, प्रपंच । उ०—ग्रा विन्यायकजी री खूंटी गिरस्ती रो पंपाळ है, इणसूं थोड़ो घणो खोळो न्हियांई जोव ग्रागै सिरकै ।—फुलवाड़ी
वि०—जो असली न हो, खोटा, जाली, झूठा ।
उ०—होर पनां वाळा हार, पंपाळा तज 'पत' । तै कर चाळा ली तिका, तुकमां माळा तत ।—जुगतीदांन देथो
यौ०—ग्राळ-पंपाळ ।
अल्पा०—पंपाळो ।
पंपाळो—देखो 'पंपाळ' (अल्पा०, रू.भे.)
उ०—कोई साध नै साधवी, देवै दुरासी नै गाळो रे । भरम मोसा दाखै रीस थी, बोलै ग्राळ-पंपाळो रे ।—जयवांणी
पंपोटो—सं०पु० [देशज] बुलबुला, बुदबुदा, बुल्ला ।
उ०—खळ-हळ खळक्या लोही खाळ, पावस रित जांणै परनाळ । रुहिर माहि पंपोटा थाय, दोड़ी जोगणी पात्र भराय ।—प.च.चौ.
पंपोळणो, पंपोळवो—क्रि०अ० [सं० पम्पस्] धीरे-धीरे किसी पर हाथ फेरना, सहलाना ।
उ०—जुध टोळी जपिया जठै, चिपि गोळी चुपचाप । बटको दोळी बांध नै, पंपोळी न 'प्रताप' ।—जुगतीदांन देथो
पंपोळणहार, हारो (हारी), पंपोळणियो—वि० ।
पंपोळवाड़णो, पंपोळवाड़वो, पंपोळवाणो, पंपोळवावो, पंपोळवावणो, पंपोळवावो, पंपोळाड़णो, पंपोळाड़वो, पंपोळाणो, पंपोळावो, पंपोळावणो, पंपोळाववो—प्रे०रू० ।
पंपोळिग्रोड़ो, पंपोळियोड़ो, पंपोळयोड़ो—भू०का०कृ० ।
पंपोळीजणो, पंपोळीजवो—कर्म वा० ।
पंपोळणो, पंपोळवो—कर्म वा० ।
पंपोळाड़णो, पंपोळाड़वो—देखो 'पंपोळाणो, पंपोळावो' (रू.भे.)
पंपोळाड़णहार, हारो (हारी), पंपोळाड़णियो—वि० ।
पंपोळाड़िग्रोड़ो, पंपोळाड़ियोड़ो, पंपोळाड़योड़ो—भू०का०कृ० ।
पंपोळाड़ीजणो, पंपोळाड़ीजवो—कर्म वा० ।
पंपोळाणो, पंपोळावो—क्रि०स० [पंपळणो क्रिया का प्रे०रू०] धीरे-धीरे किसी के शरीर पर हाथ फिराना, सहलवाना ।
पंपोळाणहार, हारो (हारो), पंपोळाणियो—वि० ।

पंपोळायोड़ौ—भू०का०कृ० ।
पंपोळाईजणौ, पंपोळाईजवौ—कर्म वा० ।
पंपोळाड़णौ, पंपोळाड़बौ, पंपोळावणौ, पंपोळाववौ—रू०भे० ।

पंपोळायोड़ौ-भू०का०कृ०—धीरे-धीरे हाथ फिराया हुआ, सहलाया हुआ ।
(स्त्री० पंपोळायोड़ी)

पंपोळावणौ, पंपोळाववौ—देखो 'पंपोळाणौ, पंपोळाबौ' (रू.भे.)
पंपोळावणहार, हारौ (हारी), पंपोळावणियौ—वि० ।
पंपोळाविओड़ौ, पंपोळावियोड़ौ, पंपोळाव्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
पंपोळावीजणौ, पंपोळावीजवौ—कर्म वा० ।

पंपोळावियोड़ौ—देखो 'पंपोळायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पंपोळावियोड़ी)

पंपोळियोड़ौ-भू०का०कृ०—धीरे-धीरे किसी पर हाथ फेरा हुआ, सहलाया हुआ ।
(स्त्री० पंपोळियोड़ी)

पंमाड, पंमाडिया—देखो 'पमाड़िया' (रू.भे.)

पंमार—देखो 'परमार' (रू.भे.)
उ०—'ऊदा' के 'वीदा' भड़ उदार, पड़ियार 'कमां' 'मंडळा' पंमार ।
—पे.रू.

पंयाळ—देखो 'पाताळ' (रू.भे.)
उ०—हुई हमस्स घमस्स, पंयाळ दहलिया ।—गु.रू.वं.

पंव-सं०पु०—पांच । उ०—सुभ खिल्लत पंच वसन सुरंगी । असि खंजर सर पेच कलंगी ।—रा.रू.

पंवर, पंवरी—देखो 'पामड़ी' (रू.भे.)
उ०—ढाळौ चंवर ओढ़ावौ पंवर, गउ माता लाय पुजावौ हो रांम ।
—लो.गी.

पंवाड़—देखो 'पंमाड़ियौ' (मह०, रू.भे.)

पंवाड़ियौ—देखो 'पमाड़ियौ' (अल्पा०, रू.भे.)

पंवार—देखो 'परमार' (रू.भे.)
उ०—करण अखियात चढ़ियौ भलां काळमौ, निवाहण वैण भुज वांधियां नेत । पंवारां सदन वरमाळ सूं पूजियौ, खळां करमाळ सूं पूजियौ खेत ।—वां.दा.

पंसणी-वि० [सं० पांसुल] (स्त्री० पांसुली) दुष्ट, नीच (अ.मा.)

पंसारी-सं०पु० [सं० पण्यशाली] (स्त्री० पंसारण) वह बनिया या दुकानदार जो जड़ी बूंटी औषधि तथा हल्दी धनिया आदि मसाले वेचता हो ।
रू०भे०—पनसारी पसारी ।

पंसी-उकत—पैशाची भाषा (अ.मा.)

पंसुली—देखो 'पासळी' (रू.भे.)
उ०—धीरमेर रा खड्ग प्रहार सूं कन्ह महर री अंस पंसुली सूधौ झड़ियौ, तौ भी घणा सात्रवां री सुंदरियां रा कंकणां री कोळाहळ मिटाय पड़ियौ ।—वं.भा.

पंसेरी-सं०स्त्री० [सं० पंच+सेर+रा.प्र.ई] पांच सेर का तोल ।
उ०—पंसेरी इक पालटे, पुंगी फळ इक श्रोड़ । उ तोलण प्रम कर उभे, आ चतुराई छोड़ ।—बां.दा.
रू०भे०—पंचेरी, पनसेरी, पसेरी ।
मह०—पंचेरौ, पंसेरौ, पनसेरौ ।

पंसेरौ—देखो 'पंसेरी' (मह०, रू.भे.)
वि०—१ रक्षक (एकाक्षरी)

प-सं०पु० [सं०] १ रवि, सूर्य ।
२ पवन ।
३ वृक्ष ।
४ गुरु ।
५ राजा ।
६ सिंह ।
७ कामदेव ।
८ पीना क्रिया (एका०)

पइंठणौ, पइंठवौ—देखो 'पैठणौ, पैठवौ' (रू.भे.)
उ०—पइत समान मच्छ एक मोटौ, मुख प्रसारि नैं वैठो । ततखिण तेह कुमर नैं गिळियौ, वळि जळ ऊंडै पइंठौ ।—वि.कु.
पइंठणहार, हारौ (हारी), पइंठणियौ—वि० ।
पइंठिओड़ौ, पइंठियोड़ौ, पइंठ्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
पइंठीजणौ, पइंठीजवौ—भाव वा० ।

पइंठियोड़ौ—देखो 'पइंठीयोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पइंठियोड़ी)

पइंडउ—१ देखो 'पैंडौ' (रू.भे.)
उ०—नदी वहइ झावुका नांखती, घोम उदक ची लागी धार । ईसर तणी आंन्या इसड़ी, पइंडउ वहत उतारइ पार ।
—महादेव पारवती री वेलि
२ देखो 'पैंड़ौ' (रू.भे.)

पइंडौ—१ देखो 'पैंडौ' (रू.भे.)
उ०—मुरकी मैं लाडू भला, पइंडा सखर सवाद ।—वि.कु.
२ देखो 'पैंडौ' (रू.भे.)

पइंतीस, पइंत्रीस—देखो 'पैंतीस' (रू.भे.) (उ.र.)
उ०—वांका विचित्त पाधोर वक, तांणइ कमांण पइंतीस-टंक । आयासि पंखि पाडइ अमुल्ल, माकडा-मुक्ख मुंडा मुगल्ल ।
—रा.ज.सी.

पइंसठ, पइंसठि—देखो 'पैंसठ' (रू.भे.) (उ.र.)

पइ-अव्य० [सं० प्रति, प्रा० पडि, अप० पइ] १ अधिकार में, कब्जे में, पल्ले । उ०—एक दिवस पूंगळ सहर, सउदागर आवंत । तिण पइ घोड़ा अति घणा, वेच्या लाख लहंत ।—ढो.मा.
२ पास में, निकट में ।

संपु० [सं०पद] पैर, चरण । उ०—हठमल्लि 'जइति' मनावि हीर, हल्लावि हविक हिंदू हमीर । सत 'जइतसीहि' आया सकत्ति, पइ सेव मनाविय देसपत्ति ।—रा.ज.सी.

पइड़ो—
१ देखो 'पईसौ' (अल्पा०, रू.भे.)
२ देखो 'पैंड़ो' (रू.भे.)

पइज—देखो 'पैज' (रू.भे.)

पइट्ठणौ, पइट्ठबौ—देखो 'पैठणौ, पैठबौ' (रू.भे.)
उ०—१ कांमा-कांम कमंधज दीठो, पलकां अंतरि अमी पइट्ठो ।—गु.रू.बं.
उ०—२ सज्जण अळगा तां लगइ, जां लग नयणे दिट्ठ । जब नयणां हूं बीछड़ें, तब उर मंझ पइट्ठ ।—ढो.मा.
पइट्ठणहार, हारौ (हारी), पइट्ठणियौ—वि० ।
पइट्ठिओड़ो, पइट्ठिवोड़ो, पइट्ठयोड़ौ—भू०का०कृ० ।
पइट्ठीजणौ, पइट्ठीजबौ—भाव वा० ।

पइट्ठा—देखो 'प्रतिष्ठा' (रू.भे.) (जैन)

पइट्ठियो-वि० [सं० प्रतिस्थित] आश्रित ।
उ०—आकास वायु दग प्रथ्वी तस, थावर जीव होय । अजीवा जीव पइट्ठिया जीवा, कम्म पइट्ठिया जोय ।—जयवांणी

पइट्ठियोड़ो—देखो 'पैठियोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पइट्ठियोड़ी)

पइठणौ, पइठबौ—देखो 'पैठणौ, पैठबौ' (रू.भे.)
उ०—पडइ त्रास भडवाय तुरक नइ, देस दहोदिसि नाठा । घणा दिवस दळ मारगि चाली, मारूआडि मांहि पइठा ।—कां.दे.प्र.

पइठांणी-वि०—पइठाण देश संबंधी, पइठाण देश का ।
सं०स्त्री० [देशज] पइठाण प्रदेश का बुना वस्त्र विशेष (व.स.)

पइठांणौ-सं०पु० [देशज] पइठाण प्रदेशोत्पन्न घोड़ा ।
उ०—अरब छइ घोड़ा, हेरंमा हरीअड़ा नील नीलड़ा काळूंग्रा काजळा किहाड़ा कोसीरा अहिठांणा पइठांणा ऊजळा जीहड़ा······।—व.स.

पइडो—देखो 'पैंड़ो' (रू.भे.)

पइदिणि-सं०पु० [सं० प्रतिदिन] प्रतिदिन । उ०—राजा भोडी अवग्रह लीउ । पइदिणि नर एकेकउ दीउ ।—पं.पं.च.

पइन्ना-सं०पु० [सं० प्रकीर्ण] प्रकीर्ण । उ०—छठो जीतकल्प इण नांम, इकसो पांच छ कह्या आंम । दसे पइन्ना हिव इम दाखै, सूत्रसची ते हीये राखे ।—ध.व.ग्रं.

पइमाळ—देखो 'पैमाल' (रू.भे.)
उ०—कव्वित्तल सिंघ कोटां किंवाड़ । मूगळै कयउ पइमाळ माड़ ।—रा.ज.सी.

पइयो—१ देखो 'पैंड़ो' (अल्पा०, रू.भे.)
२ देखो 'पईसौ' (रू.भे.)
३ देखो 'पथिक' (अल्पा०, रू.भे.)

पइर-सं०पु० [सं० प्रकार] प्रकार, भांति, तरह ।
उ०—दवदंती तिहां पितामंदिरि, संभारइ नळ गुण सदा । हवइ नल नु संबंध संभळ, पइरि हुई सी तदा ।—नळदवदंती रास

पइरवौ—देखो 'पेरवो' (रू.भे.)
उ०—वइरागर पुणंग पइरवां ऊपर, लहइ जिके ताइ सवालख । कुंदण रइ दळ महा काढ़िया, नहरणियां कोरण नइ नख ।—महादेव पारवती री वेलि

पइरोज, पइरोजउ, पइरोजौ—देखो 'फिरोजो' (रू.भे.)
उ०—सींगी ताइ कंठ एहवी सोहइ, निमळ विप्र जोवतां निगेम । सोळह ताइ सात सोवन मइं पइरोजइ जडिया कर प्रेम ।—महादेव पारवती री वेलि

पइलइ—देखो 'पैलै' (रू.भे.)
उ०—कूंझड़ियां कळिअळ कियउ, सरवर पइलइ तीर । निसि भरि सज्जण सल्लियां, नयणे वूहा नीर ।—ढो.मा.

पइलउ, पइलो—देखो 'पैलो' (रू.भे.)
(स्त्री० पइली)

पइसड़ौ—देखो 'पईसो' (अल्पा०, रू.भे.)

पइसणौ, पइसवौ—देखो 'पैसणौ, पैसवौ' (रू.भे.)
उ०—१ रांणी भणइ विमासउ किस्यूं, अम्हे सवे जमहरि पइसिस्यूं ।—कां.दे.प्र.
उ०—२ हिवडइ भीतर पइसि करि, ऊगउ सज्जण रूंख । नित सूकइ नित पल्हवइ, नित नित नवला दूख ।—ढो.मा.
उ०—३ पइसण देवै नहीं प्रतिहारा ।—ध.व.ग्रं.
पइसणहार, हारौ (हारी), पइसणियौ—वि० ।
पइसिओड़ो, पइसियोड़ो, पइस्योड़ो—भू०का०कृ० ।
पइसीजणौ, पइसीजबौ—भाव वा० ।

पइसागर—देखो 'पयसागर' (रू.भे.)

पइसारउ, पइसारो—देखो 'पैसारो' (रू.भे.)
उ०—१ नयरि पइसारउ पंडु, नरिंद किरि अमराउरि अवतरी ए ।—पं.पं.च.
उ०—२ पइसारइ तणउ मांडियउ प्रारंभ, मोटइ दिख जोवतां मंडांण । घणघट घमंड जांगीए घुरते, आयो लै परिग्रह आपांण ।—महादेव पारवती री वेलि

पइसियोड़ौ—देखो 'पैसियोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पइसियोड़ी)

पइसौ—देखो 'पईसो' (रू.भे.)
उ०—करो कृपा करतार, इतरा चाया आपसूं । पइसन सुख परिवार, चित चरणां में चकरिया ।—मोहनलाल साह

पइहरणौ, पइहरबौ—देखो 'पै'रणौ, 'पै'रबौ' (रू.भे.)

उ०—पाटी बैठधा बीसळराइ, गढ़ अजमेरो राज यो। माणिक मोती चोक पुराई, दीया खरोदक पइहरणाइ।—बी.दे.

पइहरणहार, हारो (हारी), पइहरणियो—वि०।

पइहरिप्रोड़ो, पइहरियोड़ो, पइहर्योड़ो—भू०का०कृ०।

पइहरीजणो, पइहरीजबो—कर्म वा०।

पइहरियोड़ो—देखो 'पैंरियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० पइहरियोड़ी)

पइहिलो—देखो 'पैं'लो (रू.भे.)

उ०—पइहिली पोति ग्रांणि गळै बांधी, ताको द्रस्टांत जैसे कपोत कहतां केमेडा का कंठ की स्याह लोक देखोयै।—वेलि. टी.

(स्त्री० पइहिली)

पई—१ देखो 'पैंडो' (रू.भे.)

उ०—वड़के ओघण वंधिया, पंसे पई पताळ। सोच करै नही सागड़ी, धवळ तणी दिस भाळ।—बां.दा.

२ देखो 'पथिक' (रू.भे.)

उ०—करतब नह राजी क्रपण, राजी रुपैयांह। कड़वो दाम कुटंबियां, प्रांमणाई पइयांह।—बां.दा.

पईखणो, पईखवो—देखो 'पेखणो, पेखवो' (रू.भे.)

उ०—तमासा सिध पइखै समर मारतंड। उमापत सधप तोड़ै कमळ आप।—राजा राघवदेव झाला री गीत

पईखणहार, हारो (हारी), पईखणियो—वि०।

पईखिप्रोड़ो, पईखियोड़ो, पईख्योड़ो—भू०का०कृ०।

पईखीजणो, पईखीजबो—कर्म वा०।

पईखियोड़ो—देखो 'पेखियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० पईखियोड़ी)

पईठणो, पईठबो—देखो 'पैंठणो, पैंठबो' (रू.भे.)

उ०—विड़द विनायक दोनूंजी आया, आया पवास्या सोळै वड़ तळै। बूझत नगर पईठ्या, पोळ बतावो ल डेली रै बाप री।

—लो.गी

पईठणहार, हारो (हारी), पईठणियो—वि०।

पईठीजणो, पईठीजबो, पईठिप्रोड़ो, पईठियोड़ो, पईठ्योड़ो

—भू०का०कृ०।

पईठियोड़ो—देखो 'पैठियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० पईठियोड़ी)

पईडउ—१ देखो 'पैंडो' (अल्पा.,रू.भे.)

उ०—पोतइ तूं छइ पांगळु, खेडू खोडू जांणि। श्रेकइ पईडइ अे रथो, नहीं चालइ निखांणि।—मा.कां.प्र.

२ देखो 'पैंडो' (रू.भे.)

पईयो—१ देखो 'पैंडो' (अल्पा०, रू.भे.)

२ देखो 'पईसो' (अल्पा०, रू.भे.)

पईसड़ो—देखो 'पईसो' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—देखो कोय-नी अभै री रंग? 'कंनै टा' ठाकुरजी री कांई मरजी है'। किता'क पईसड़ा कमाय लेयो हो।—वरसगांठ

पईसो—सं०पु० [सं० पदय=पाय=पई+अंश=अंस अथवा पणांश]

१ तांबे का बना एक प्रकार का सिक्का जो पहिले एक रुपए का चौसठवां भाग माना जाता था और आजकल एक रुपए का सौवां भाग माना जाता है।

वि०वि०—पहिले का पैसा आजकल के पैसे से आकार में बड़ा व वजन में भारी होता था।

२ एक प्रकार का तोल जो एक तोले से बड़ा और १।। तोले से कुछ कम होता था।

३ उक्त तोल का बाट जो पैसे के आकार का किन्तु पैसे से वजनी होता था और जिसे 'पदको-पईसो' भी कहते थे।

३ रुपया पैसा, धन, दौलत। उ०—लुगाई सरमावती धोमै मधुरै सुर में बोली—'कांई बताऊं बाईजी! झगड़ो बोजोई है। जूवै में रुपिया हार'र आया है। अबै म्हारा गैणा बेचण री कैवै है। नित ऊंगरा पईसा जोयोजै। किसो खाड मांय सूं लाऊं।—वरसगांठ

मुहा०—१ पईसो आणो—धन-दौलत का आना, रुपया प्राप्त होना।

२ पईसो ऊठणो—रुपया-पैसा खर्च होना।

३ पईसो उठाणो—धन का व्यर्थ खर्च करना, धन का नष्ट करना, कर्ज लेना, उधार लेना। जमा रकम में से खर्च हेतु लेना।

४ पईसो उडणो—धन का व्यर्थ ही खर्च होना, धन का नष्ट होना।

५ पईसो उडाणो—फजूलखर्चा करना, धन को नष्ट करना।

६ पईसो कमांणो—धन-दौलत का उपार्जन करना, रुपया पैदा करना।

७ पईसो करणो—पदार्थ आदि बेच कर रुपया कमाना, धन इकट्ठा करना।

८ पईसो खांणो—रिश्वत लेना, धोखा देकर रुपया पैसा हजम कर जाना।

९ पईसो खींचणो—सब धन ले लेना, खूब उपार्जन करना। चालाकी या चतुराई से धन बटोरना।

१० पईसो घड़णो—देखो 'पईसो कमांणो'।

११ पईसो जाणो—धन का नष्ट हो जाना।

१२ पईसो जुड़णो—धन का इकट्ठा होना, रुपए का जमा होना।

१३ पईसो जोड़णो—धन का इकट्ठा करना, धन का संग्रह करना।

१४ पईसो डूबणो—किसी कार्य या स्थान में लगा हुआ धन नष्ट होना, दिया हुआ धन प्राप्त न होना।

१५ पईसो ढोणो—सम्पत्ति को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना।

१६ पईसो पईसो करणो—हर वक्त धन के विषय में ही सोचना।

१७ पईसो पैदा करणो—देखो 'पईसो कमाणो'।
१८ पईसो वटोरणो—देखो 'पईसो समेटणो'।
१९ पईसो लगाणो—व्यापार में पूंजी लगाना।
२० पईसो समेटणो—खूब कमाना, व्यापार में लगे धन को वापस इकट्ठा करना, धन इकट्ठा करना।
२१ पईसो होणो—धन का होना, रुपया पैसा इकट्ठा होना।
रू०भे०—पइसो, पीसो, पैसो।
अल्पा०—पइड़ो, पइयो, पइसड़ो, पईयो, पईसड़ो, पीसो।

पउंजणी—देखो 'पूंजणी' (रू.भे.)(उर)

पउंतार—देखो 'पुंतार' (रू.भे.)
उ०—१ अथ मदावर लोह नी सांकळ त्रोड़ि, आलानस्तंभ मोड़ि, हस्तिमाळ भाजि पउंतार गाजइ कमाड फाडइ, मठ मंदिर पाडिइ, हस्ति नीं यूथ स्मरइ······।—व.स.
उ०—२ नव पडिहार दस प्रति सुवरणकार इग्यार सामंत बार महामंडळेस्वर, तेर पसाइता चउद चडियात, पनर पउंतार सोळ महामसांणी।—व.स.

पउ-सं०पु० [सं० वपु] शरीर। उ०—वधै पउ अधिक तेज तनु वाधइ, बाळक तणा जोवतां बंध। दिन-दिन लई अंतरा देवी, वरस मास रा किया निबंध।—महादेव पारवती री वेलि

पउढ़णो, पउढ़वो—देखो 'पोढ़णो, पोढवो' (रू.भे.)
उ०—मंदिर महुल मझार सेज तळाई मइ पउढ़त तउजी।
—स.कु.
पउढ़णहार, हारौ (हारी), पउढ़णियो—वि०।
पउढ़िग्रोड़ो, पउढ़ियोड़ो, पउढ़्योड़ो—भू०का०कृ०।
पउढ़ीजणो, पउढ़ीजवो—भाव वा०।
पउढ़ाड़णो, पउढ़ाड़वो, पउढ़ाडणो, पउढ़ाडवो—देखो 'पोढ़ाणो, पोढ़ावो' (रू.भे.)
उ०—१ सोलइ सुर सानिध करी रे, तुरत आव्या ते हाथ। पुत्र सोनानइ पाळणइ रे, पउढ़ाड़यउ सुख साथ।—स.कु.
उ०—२ इंह घरि अच्छइ मंत्र लाख तणउं छद घवळहरी। माहि पउढ़ाडउ सत्र एकसरा सवि संहरउं।—पं पं.च.
पउढ़ाड़णहार, हारौ (हारी), पउढ़ाड़णियो—वि०।
पउढ़ाड़िग्रोड़ो, पउढ़ाड़ियोड़ो, पउढ़ाड़्योड़ो—भू०का०कृ०।
पउढ़ाड़ीजणो, पउढ़ाड़ीजबो—कर्म वा०।

पउढ़ाड़ियोड़ो—देखो 'पोढ़ायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पउढ़ाड़ियोड़ी)

पउढ़िम—देखो 'पोढ़म' (रू.भे.)
उ०—पउढ़िम परहरियाह, आरंभ करि ऊपरि असुर। देवि दुवार थियाह, वेनतियाइत वीस-हथि।—श्र. वचनिका

पउढ़ियोड़ो—देखो 'पोढ़ियोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पउढियोड़ी)

पउतीय, पउतीयो—देखो 'पोतियो' (रू.भे.)
उ०—आंणीजे सुहड मोळि मोळीयां, पउतीयां जिम हुइ पटउळीयां।
—सालि सूरि

पउधारणो, पउधारवो—देखो 'पधारणो, पधारवो' (रू.भे.)
उ०—रांणो आयो 'रतनसी' लोक सहु आणंद। महिलां पउधारे तरै मेटयो सगळो दंद।—पं.च.चौ.
पउधारणहार, हारौ (हारी), पउधारणियो—वि०।
पउधारिग्रोड़ो, पउधारियोड़ो, पउधार्योड़ो—भू०का०कृ०।
पउधारीजणो, पउधारीजवो—भाव वा०।

पउधारियोड़ो—देखो 'पधारियोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पउधारियोड़ी)

पउम—देखो 'पदम' (रू.भे.)
उ०—जिणदत्तसूरि जिन नमहि पय पउम, मच्चु (गव्वु) नियमणि वहहि।—कवि पल्ह

पउमा—देखो 'पदमावती' (रू.भे.)
उ०—रंभा पउमा गवर गंग इण आगळ हरी।—वृ.स्त.

पउमावइ—देखो 'पदमावती' (रू.भे.)
उ०—कला केलि वर रूववर, करुणां केरवचंद। चरणि कमल सुंदर भमर, पउमावइ धरणिंद।—स.कु.

पउर—१ देखो 'प्रचुर' (रू.भे.) (जैन)
२ देखो 'पोर' (रू.भे.)

पउरिस, पउरिस्सि—देखो 'पोरस' (रू.भे.)
उ०—पडियाळ धूणि पउरिस्सि पूरि। गाजणइ तणइ पइठउ गुरूरि।
—रा.ज सी.

पउळ, पउळि—देखो 'पोळ' (रू.भे.)
उ०—१ जोगी वहठो पउळइ जाई, बभूत सरी सी खोळ कराई।
—बी.दे.
उ०—२ पगि-पगि पउळि, पउळि हस्ती को गज घटा। ती ऊपरि सातसात सइ, धनकघर सांवठा।—श्र. वचनिका

पउहंतणो, पउहंतवो—देखो 'पहुंचणो, पहुंचवो' (रू.भे.)
उ०—वात सुणी (नी) सुळतांण(न) एह, वे बजीर सचा कहउ। दरवेस-वेस मलावदी आय, पउहंतउ विप्र पोह।—प.च.चौ.
पउहंतणहार, हारौ (हारी), पउहंतणियो—वि०।
पउहंतिग्रोड़ो, पउहंतियोड़ो, पउहंत्योड़ो—भू०का०कृ०।
पउहंतीजणो, पउहंतीजवो—भाव वा०।

पउहंतियोड़ो—देखो 'पहुंचियोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पउहंतियोड़ी)

पऊर—देखो 'प्रचुर' (रू.भे.)
उ०—चाचर सूर पऊर गह, चाचर चाड़ढै देग। लक्ख लहै दुहुं वांह-वळि, दुहं-दुहं वधै तेग।—गु.रू.वं.

पएस—देखो 'प्रदेस' (रू.भे.) (जैन)

पएसबंध—देखो 'प्रदेसबंध' (रू.भे.) (जैन)
पएसी—देखो 'प्रदेसी' (रू.भे.) (जैन)
पग्रोहर—देखो 'पयोधर' (रू.भे.)
उ०—उन्नत-पीन-पग्रोहर नारी, कडो निगोदर उर धरि हारि। इसी नारि धरि हुई दुय च्यारी, अउर किसूं छइ सरगह वारि।
—लो.गी.

पकड़-सं०स्त्री० [सं० प्रकृष्ट, प्रा० पकड या पकड्ढ] १ पकड़ने की क्रिया या भाव, ग्रहण।
मुहा०—पकड़ में आणौ—पकड़ा जाना, हाथ लगना, दाव में फसना या आना, घात में आना, मिलना, वश में होना।
२ पकड़ने का ढंग।
३ अशुद्धि, दोष आदि ढूंढ निकालने की क्रिया या भाव।
४ राग में आये स्वरों का एक ऐसा छोटा स्वर-समूह जो राग के पूरे रूप को प्रकट करता हो।
५ एक प्रकार की संडासी जिससे चीजें पकड़ी जाती हैं।
६ मस्तिष्क में बैठना, समझ में आना।

पकड़णौ, पकड़बौ-क्रि०स० [सं० प्रकृष्ट, प्रा० पकड या पकड्ढ] १ किसी पदार्थ को दृढ़ता से इस प्रकार छूना या हाथ में लेना कि वह आसानी से छूट न सके अथवा इधर-उधर न जा सके, हिल न सके, थामना, गहना, धारण करना।
उ०—१ काल न आवै कायरां, वालम विसवा-वीस। पकड़े रण घर पंथ नूं, पकड़ै नह पांडीस।—बां.दा.
उ०—२ मन में फेर धणी री माला, पकड़ै नंह जमदूत पलो।
—बां.दा.
२ अधिकार में करना, काबू में करना, दबोचना।
उ०—सफरी पकड़ण सांतरो, बैठो ढब बुगलांह। कथा-बुरी करवा तणो, चोखो ढब चुगलांह।—बां.दा.
३ बंधन में डालना, गिरफ्तार करना।
उ०—की बांधव की दीकरा, हुकम दिए जो फेर। पातसाह जां नूं पकड़, चाढ़े गढ़ ग्वाळेर।—बां.दा.
४ गलती या भूल करने पर रोकना, टोकना।
ज्यूं—थूं जठै भूल करसी उठै म्हैं थनै पकड़सूं।
५ गति या व्यापार से निवृत्त करना, कुछ करने से रोकना, ठहराना, स्थिर करना।
६ अपने स्वभाव या प्रवृत्ति के अंतर्गत करना।
उ०—दूय-चत्र-मास बादियो दिखणी, भीम गई सो लिखत भवेस। पूगो नहीं चाकरी पकड़ी, दीधो नहीं मह'ठां देस।—बां.दा.
७ आक्रांत करना, ग्रसना, घेरना।
ज्यूं—बीमारी नै पकड़ लियो।
८ धारण करना, रखना। उ०—कठण पड़ै जद कांम, हांम पकड़ गाढ़ो रहे। तो अलबत ही तांम, रांम भलो हुवै राजिया।
—किरपारांम

९ ऊपर का ऊपर थाम लेना, सम्हालना।
उ०—जमरांण जंजीर जिकां जकड़ै, पड़तो असमांण तिका पकड़ै।
—मे.म.
क्रि०अ०—१० किसी पदार्थ को अपने में व्याप्त होने देना, किसी पदार्थ में व्याप्त होना।
ज्यूं—घासलेट रो आग पकड़णो, कपड़ां रो रंग पकड़णो।
११ प्रगतिशील के बराबर होना।
ज्यूं—दोड़ में मो'वन आगै हो पण म्हैं उण नै पकड़'र बराबर हो गयो, म्हैं मो'वन सूं दो कक्षा लारै हो पण उणनै पकड़ लियो, हमैं म्हां बराबर हां।
पकड़णहार, हारौ (हारी), पकड़णियौ—वि०।
पकड़वाड़णौ, पकड़वाड़बौ, पकड़वाणौ, पकड़वाबौ, पकड़वावणौ, पकड़वावबौ, पकड़ाड़णौ, पकड़ाड़बौ, पकड़ाणौ, पकड़ाबौ, पकड़ावणौ, पकड़ावबौ—प्रे०रू०।
पकड़िओड़ौ, पकड़ियोड़ौ, पकड़योड़ौ—भू०का०कृ।
पकड़ीजणौ, पकड़ीजबौ—कर्म वा०।
कपड़णौ, कपड़बौ, पक्कड़णौ, पक्कड़बौ, पाकड़णौ, पाकड़बौ
—रू०भे०।

पकड़ाड़णौ, पकड़ाड़बौ—देखो 'पकड़ाणौ, पकड़ाबौ' (रू.भे.)
पकड़ाड़णहार, हारौ (हारी), पकड़ाड़णियौ—वि०।
पकड़ाड़िओड़ौ, पकड़ाड़ियोड़ौ, पकड़ाड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।
पकड़ाड़ीजणौ, पकड़ाड़ीजबौ—कर्म वा०।

पकड़ाड़ियोड़ौ -देखो 'पकड़ायोड़ौ' (रू भे.)
(स्त्री० पकड़ाड़ियोड़ी)

पकड़ाणौ, पकड़ाबौ-क्रि०स० [पकड़णौ क्रिया का प्रे०रू०] १ किसी पदार्थ को दृढतापूर्वक हाथ में पकड़ाना, रखवाना, थमाना।
२ अधिकार में करवाना, काबू में कराना, दबोचवाना।
३ बंधन में डलवाना, गिरफ्तार करवाना।
४ गलती या भूल रुकवाना।
५ गति या व्यापार से निवृत्त करवाना।
६ अपने स्वभाव या प्रवृत्ति के अन्तर्गत करवाना।
७ आक्रांत करवाना, ग्रसाना, घेराना।
८ धारण कराना, रखाना।
९ ऊपर का ऊपर थमवा लेना, सम्हलवाना।
१० किसी पदार्थ को अपने में व्याप्त करवाना।
११ प्रगतिशील की बराबरी कराना ?
पकड़ाणहार, हारौ (हारी), पकड़ाणियौ—वि०।
पकड़ायोड़ौ—भू०का०कृ०।
पकड़ाईजणौ, पकड़ाईजबौ—कर्म वा०।
पकड़ाड़णौ, पकड़ाड़बौ, पकड़वावणौ, पकड़वावबौ—रू०भे०।

पकड़ायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ किसी पदार्थ को दृढता से पकड़ाया हुआ,

रखवाया हुआ, थमवाया हुआ।
२ अधिकार में करवाया हुआ, काबू में करवाया हुआ।
३ बंधन में डलवाया हुआ, गिरफ्तार करवाया हुआ।
४ गलती या भूल रुकवाया हुआ।
५ गति या व्यापार से निवृत्त करवाया हुआ।
६ अपने स्वभाव या प्रवृत्ति के अन्तर्गत करवाया हुआ।
७ आक्रांत करवाया हुआ, ग्रसाया हुआ, घेराया हुआ।
८ धारण करवाया हुआ, रखवाया हुआ।
९ ऊपर का ऊपर थमवाया हुआ, सम्हलवाया हुआ।
१० किसी पदार्थ को अपने में व्याप्त करवाया हुआ।
११ प्रगतिशील की बराबरी किया हुआ।
(स्त्री० पकड़ायोड़ी)

पकड़ावणो, पकड़ाववो—देखो 'पकड़ाणो, पकड़ावो' (रू.भे.)
उ०—ओडां ऊचाळो कियो, खुलिया नाठा जाय। मेल्हि फौज पकड़ाविया, आणि रोकाया मांय।—जसमा ओडणी री वात
पकड़ावणहार, हारो (हारी), पकड़ावणियो—वि०।
पकड़ाविओड़ो, पकड़ावियोड़ो, पकड़ाव्योड़ो—भू०का०कृ०।
पकड़ावीजणो, पकड़ावीजवो—कर्म वा०।

पकड़ावियोड़ो—देखो 'पकड़ायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पकड़ावियोड़ी)

पकड़ियोड़ो-भू०का०कृ०—१ किसी पदार्थ को दृढ़ता से पकड़ा हुआ।
२ अधिकार में किया हुआ, काबू में किया हुआ, दबोचा हुआ।
३ बंधन में डाला हुआ, गिरफ्तार किया हुआ।
४ गलती या भूल करते हुए को रोका हुआ।
५ गति या व्यापार से निवृत्त किया हुआ, कुछ करने से रोका हुआ, ठहराया हुआ।
६ अपने स्वभाव या प्रवृत्ति के अन्तर्गत किया हुआ।
७ आक्रांत किया हुआ, ग्रसा हुआ, घेरा हुआ।
८ धारण किया हुआ, रखा हुआ।
९ ऊपर का ऊपर थामा हुआ, सम्हाला हुआ।
१० किसी पदार्थ को अपने में व्याप्त किया हुआ।
११ प्रगतिशील की बराबरी किया हुआ।
(स्त्री० पकड़ियोड़ी)

पकणो, पकबो-क्रि०अ० [सं० पचप्] १ कार्य सिद्ध होना।
२ मामला तय होना, सौदा पटना।
३ चौसर की गोटियों का सभी घरों को पार कर अपने घर में आना।
४ देखो 'पाकणो, पाकवो' (रू.भे.)
पकणहार, हारो (हारी), पकणियो—वि०।
पकवाड़णो, पकवाड़बो, पकवाणो. पकवावो, पकवावणो, पकवाववो—प्रे०रू०।
पकाड़णो, पकाड़बो, पकाणो, पकाबो, पकावणो, पकाववो—
पकिओड़ो, पकियोड़ो, पक्योड़ो—भू०का०कृ०।
पकीजणो, पकीजवो—भाव वा०।

पकरणी-सं०स्त्री० [सं०] वृक्ष विशेष।
उ०—कणवीर पकरणी केतकी, बीजोरड़ी नाळेर।
—रुकमणी-मंगळ

पकल्ल-सं०पु० [सं० पक्षल:] घोड़ा (डि.को.)

पकवांन, पकवांनु-सं०पु० [सं० पक्वान्न] घी या तेल में तल कर बनाया हुआ भोज्य पदार्थ, पकाया हुआ पौष्टिक भोजन।
उ०—१ पकवांनें पांने फळे सुपुहपे, सुरंगे वसत्रे दरब सव। पूजियै कसटि भंगि वनसपती, प्रसूतिका होळिका प्रब।—वेलि
उ०—२ धवळतणी सर धोरणि, छोरणि तरुवर पांन। गेलि गहिल्ली मोरडी, ओरडी भरइं पकवांनु।
—जयसेखर सूरि
रू०भे०—पक्वांन, पक्वांनु पक्वान्न।

पकवासय-सं०पु० [सं० पक्वाशय] पाचन संस्थान का वह भाग जहां खाया हुआ भोजन पचता है।

पकाई-सं०स्त्री० [सं० पक्व] १ पकने या पकाने की क्रिया या भाव।
२ पकाने की मजदूरी।
३ दृढ़ता। उ०—तद पातसाहजी अरज कबूल करी। अर इसी कही जो करनसिंघ कूं यहां चूक करवाय देंगे। इसी पकाई हुयगी थी।—द.दा.
४ कठोरपन।
५ निपुणता, चतुराई।
६ सतर्कता।

पकाड़णो, पकाड़बो—देखो 'पकाणो पकावो' (रू.भे.)
पकाड़णहार, हारो (हारी), पकाड़णियो—वि०।
पकाड़िओड़ो, पकाड़ियोड़ो, पकाड़्योड़ो—भू०का०कृ०।
पकाड़ीजणो, पकाड़ीजवो—कर्म वा०।

पकाड़ियोड़ो—देखो 'पकायोड़ो' (रू.भे.)
(स्त्री० पकाड़ियोड़ी)

पकाणो, पकावो-क्रि०स० [सं० पचप्] १ अनाज, फलादि को परिपक्वावस्था प्राप्त कराना।
२ आंच या गरमी देकर गलाना या नरम करना, सिझाना, सिद्ध कराना, रिंधाना।
३ आंच देकर कड़ा या लाल करना।
४ फोड़ा, फुन्सी या घाव को मवाद भर आने की अवस्था तक पहुँचाना।
५ कार्य सिद्ध कराना, मामला तै कराना, सौदा पटाना।
पकाणहार, हारो (हारी), पकाणियो—वि०।
पकायोड़ो—भू०का०कृ०।

पकाईजणौ, पकाईजबौ—कर्म वा० ।
पकणौ, पकबौ—अक० रू० ।
पकाड़णौ, पकाड़बौ, पकावणौ, पकावबौ—रू०भे० ।

पकायोड़ौ-भू०का०कृ०—१ परिपक्वावस्था को प्राप्त किया हुआ। (अनाज, फलादि)
२ आंच देकर कड़ा या लाल किया हुआ ।
३ आंच या गरमी देकर गलाया या नरम किया हुआ ।
सिझाया हुआ ।
४ फोड़ा, फुन्सी या घाव को मवाद भर आने की अवस्था में पहुंचाया हुआ ।
५ कार्य सिद्ध कराया हुआ, मामला तै कराया हुआ, सौदा पटाया हुआ ।
(स्त्री० पकायोड़ी)

पकार-सं०पु० [सं०] 'प' अक्षर ।

पकाव-सं०पु० [सं० पक्व] १ पकने की क्रिया या भाव ।
२ मवाद, पीव ।

पकावणौ, पकावबौ—देखो 'पकाणौ, पकाबौ' (रू.भे.)
पकावणहार, हारौ (हारी), पकावणियौ—वि० ।
पकाविप्रोड़ौ, पकावियोड़ौ, पकाव्योड़ौ—भू०का०कृ० ।
पकावीजणौ, पकावीजबौ—भाव वा० ।

पकावियोड़ौ—देखो 'पकायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पकावियोड़ी)

पकियोड़ौ-भू०का०कृ०—१ कार्य सिद्ध हुवा हुआ ।
२ मामला तय हुवा हुआ, सौदा पटा हुआ ।
३ चौसर की गोटियां सभी घरों को पार कर अपने घर में आई हुई ।
४ देखो 'पाकियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पकियोड़ी)

पकीनकल—देखो 'पकीरोकड़' ।

पकीरोकड़-सं०स्त्री०यौ० [सं० पचप्+राज० रोकड़] महाजनों की वह वही जिसमें कच्ची रोकड़ (दैनिक आय व्यय की पुस्तिका) की सही-सही प्रतिलिपि की जाय ।

पकोड़ी—देखो 'पकोड़ौ' (अल्पा., रू.भे.)

पकोड़ौ-सं०पु० [सं० पक्व+वटक] (स्त्री० पकोड़ी) १ घी या तेल में तल कर फुलाया हुआ वेसन या पीसी हुई दाल का वटक ।
२ देखो 'पक्कौ' (अल्पा., रू.भे.)
अल्पा०—पकोड़ी ।

पकौ—देखो 'पक्कौ' (रू.भे.)
उ०—तठै राजावां सारां मनसोभौ कीयौ जो किणी ही तरै साची खबर मंगावौ, कांई मचकूर है। तद श्री साहबै रो फकीर वडो नेक है। अर करणसींघजी रै सागै हो सूं इण क्यो हूं अस्तखान नूं पूछ'र पकी खबर लाऊं छूं ।—द.दा.
(स्त्री० पकी)

पक्कंबर—देखो 'पैगंबर' (रू.भे.)
उ०—कहै साह जिहंगीर, 'खुरम' सुरतांण सुणे-रहंत । तम सूर हम खुदाइ, पीर पकंबर मुहृत ।—गु रू.व.

पक्कडणौ, पक्कडबौ—देखो 'पकड़णौ, पकड़बौ' (रू भे.)
उ०—जिहंगीर कहै जम-रूप हुय, खुरम कहां जाइ बप्पडौ । पैसे पयाळ अंबर चढ़ै, जिहां जाइ तिहां पक्कडौ ।—गु.रू.बं.

पक्कण-सं०पु० [सं० पक्कणः] १ एक अनार्य देश का नाम (सभा.)
२ बर्बर या चाण्डाल का झोंपड़ा ।
३ अनार्य देशवासी (व.स.)

पक्कौ-वि० [स० पक्व] (स्त्री० पक्की) १ फल या अनाज जो परिपक्व हो गया हो, जो कच्चा न हो ।
ज्यूं—पक्की काकड़ी, पक्कौ आंबौ ।
२ जिसमें किसी प्रकार का अभाव न हो, पूर्णता को प्राप्त, पूर्ण, पूरा । उ०—ज्यूं कोई रै स्रद्धा बैसांणी नैं कहै, हिवै तूं गुरु कर। तव ते कहै दोय च्यार जणां नैं पूछ सूं तथा आगला गुरु नैं पूछ सूं । ते कहसी तौ गुरु कर सूं । जब जांणणी इण रै स्रद्धा पक्की बैठी नहीं ।—भि.द्र.
३ शिक्षित, नियंत्रित । उ०—तांहरा नरबदजी वैहलिया २ मोल लिया । सो वैहल जोड़ नै नित फेरै, भूंय चाढै । रातिब दै । यूं करतां तीस कोस जाय अर पाछा आवै । इसी भूंय चाढिया तांहरां जाणियौ हमैं पक्का हुआ ।—नैणसी
४ जो प्रौढता को प्राप्त हो गया हो, जिसमें हीर पड़ गई हो, परिपुष्ट ।
ज्यूं—पक्की लकड़ी ।
५ जो आंच पाकर कड़ा और लाल हो गया ।
ज्यूं—पक्की ईंट, पक्की मटकी, पक्कौ माटौ, पक्कौ हांडी ।
६ कुशल निपुण, अनुभवप्राप्त दक्ष, निष्णात ।
मुहा०—पक्कौ पीर—पूर्ण अनुभवी ।
७ आंच पर गलाया या नरम किया गया हो, सीझ चुका हो, पूर्ण रूप से पकाया हुआ ।
८ जिसके विरुद्ध कहा न जा सके, अखण्डनीय, अकाट्य ।
उ०—तीरां री भाथड़ी पूठै बांध जुध कियां जीतै, ज्यूं भेख धारयां सूं चरचा करणी तौ पक्का जाब सीखनै करणौ, कच्चा जाब सूं न करणौ ।—भी.द्र.
९ जिसका मान प्रामाणिक हो, टकसाली ।
ज्यूं—पक्को मण, पक्कौ सेर ।
१० जिसमें सुरखी, चूने आदि का उपयोग हो, ईंट या पत्थर का बना हुआ भवन (भवन)
उ०—वौ बैठो-बैठो मन में मंनसूबा बांधण लागौ कै घरे जातां ही

अेक पक्की हवेली चुणावूंला।—फुलवाड़ी
११ उबाला हुआ, औटाया हुआ (पानी)
१२ स्थिर, दृढ़, टिकाऊ।
ज्यूं०—पक्को रंग।
१३ जिसमें खालिस सोना या चांदी का तार लगा हो, जो नकली न हो।
ज्यूं—पक्को कांम।
१४ न टलने वाला, निश्चित, अटल।
ज्यूं—पक्की वात, पक्को मौरत।
उ०—१ थूं घी न लावै तौ ई म्हैं थारो की विगाड़ नी करूंला। म्हैं थनै पक्को वचन दूं हूं।—फुलवाड़ी
उ०—२ उण रा सगरा डील में गुळी री एड़ी पक्को रंग बैठो जको कदै ई मगसो नीं पड़ सकै।—फुलवाड़ी
१५ ब्राह्मणों द्वारा परिभाषित विशिष्ट भोजन।
ज्यूं—पक्को भोजन, पक्की रसोई।
वि०वि०—इस प्रकार के भोजन में घी की प्रधानता होती है और भोज्य पदार्थों को घी में तल कर उनमें से पानी का अंश समाप्त कर दिया जाता है। अतः जहां पानी की मात्रा गौण हो जाती है और घी की प्रधानता हो जाती है वह पक्का भोजन होता है।
१६ प्रामाणिक सनद।
ज्यूं—पक्को पट्टौ, पक्की चिट्ठी, पक्की रसीद।
१७ देखो 'पाकौ' (रू.भे.)
रू०मे०—पको।
अल्पा०—पकोड़ौ।

पक्कोपईसौ-सं०पु०—मोटे आकार का तांबे का वजनी पैसा जो पहले तोलने के काम आता था।
वि०वि०—इस पैसे का वजन डेढ तोले से अधिक व दो तोले से कुछ कम होता था।

पक्ख—देखो 'पक्ष' (रू.भे.)
उ०—१ पित-मात तारण पक्ख। सिणगार तेरह सक्ख।
—वचनिका
उ०—२ बिहूं पक्ख ऊजळौ, कमळि निकळंक कळानिधि। मांण महातम मरट, अगड सूरातन अव्वधि।—गु.रू.बं.
उ०—३ दिखणाधी की फतै पंच, खट पक्खां मांही।
—गु.रू.बं.

पक्खर—देखो 'पाखर' (रू.भे.)
उ०—है थाट समंद जांण हिलोळ, पमंगां हमस पक्खर रोळ।
—गु.रू.बं.

पक्खरणौ, पक्खरबौ—देखो 'पाखरणौ, पाखरबौ' (रू.भे.)
उ०—गजसिंघ लियण जाळोर गढ़। चढ़ियौ हयि गयि पक्खरै।
—गु.रू.बं.
पक्खरणहार, हारौ (हारी), पक्खरणियौ—वि०।
पक्खरिओड़ौ, पक्खरियोड़ौ, पक्खरचोड़ौ—भू०का०कृ०।
पक्खरीजणौ, पक्खरीजबौ—कर्म वा०।

पक्खराळ—देखो 'पखराळ' (रू.भे.)
२ देखो 'पाखर' (मह०, रू.भे.)

पक्खराळौ—देखो 'पखराळ' (अल्पा०, रू.भे.)
उ०—पड़ै पखराळा, तड़फ्फै उताळा। जळां तोछ जेहां, ओपै मच्छ एहा।—सू.प्र.
२ देखो 'पाखर' (अल्पा., रू.भे.)
(स्त्री० पखराळी)

पक्खरिय—देखो 'पाखर' (रू.भे.)
उ०—तरणातप टोप बगत्तरयं। प्रतबंब चमंकत पक्खरियं।
—रा.रू.

पक्खरियोड़ौ—देखो 'पाखरियोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पक्खरियोड़ी)

पक्खरी—देखो 'पाखर' (अल्पा०, रू.भे.)
उ०—असवारी ऊपरि चढिया, परिप्रीछक पुंतार। सुंढा सोविन पक्खरी, करिवर अंकुस सार।—मा.कां.प्र.

पक्खरेत, पक्खरैत—देखो 'पखरैत' (रू.भे.)

पक्खी-सं०स्त्री० [सं० पक्ष+रा.प्र.ई] १ मृत व्यक्ति के मृत्यु दिन से पन्द्रह दिन तक एक ब्राह्मण नित्य जिमाने की प्रथा (कायस्थ)
२ देखो 'पक्षी' (रू.भे.)
३ देखो 'पखी' (रू.भे.)
वि०—सहायक, मददगार।
उ०—चढ्यौ पीरखांने वाज लक्खी। जिणूं के रहै पीर चौवीस पक्खी।—ला.रा.

पक्खै—देखो 'पखै' (रू.भे.)
उ०—पखै इंद आवध्ध, कमण झेलै कर वज्जर। पक्खै खाटंगधर, जरै कुण खारो जैहर।—गु.रू.बं.

पक्वांन, पक्वांनु, पक्वांन्न—देखो 'पकवांन' (रू.भे.)
उ०—१ मनसा के पक्वांन सौं, क्यौं पेट भरावै। ज्यौं कहिये त्यौं कीजिये, तब ही बण आवै।—दादूवांणी
उ०—२ माहि साठी चोखानउ वाकु, तीण समारी, नगर मांहि नीवेडी, लाडूआं री तेडी नीपजइं पक्वांनु पणि अति हिं सुवांनु।
—व.स.
उ०—३ फग फगां फीणां दुग्ध वरण दहीथरां, घ्रत वरण घारी सुकुमाळ साकुळी, सेव साकुळी, परीसणहारी नहीं आकुळी, अखंड मांडी सउंतळया सेवच्चां प्रभ्रति पक्वांन्न।—व.स.

पक्ष-सं०पु० [सं० १ किसी वस्तु, भवन, सेना आदि का दायां या बायां भाग, बगल, पार्श्व, ओर, तरफ।
२ हाथी, घोड़ा, ऊंट आदि का दक्षिण पार्श्व या वाम पार्श्व।
३ किसी विषय का कोई अंग, किसी प्रसंग में विचार करने की

भिन्न भिन्न बातों में से कोई एक पहलू।
४ किसी विषय के दो पहलुओं में से कोई एक जिसका खंडन या मंडन किया जाय। विचार करने योग्य विषय की कोई कोटि।
मुहा०—१ पक्ष गिरणौ—युक्तियों द्वारा मत सिद्ध न हो सकना। शास्त्रार्थ या विवाद में पराजय पाना।
२ पक्ष ढीलौ पड़णौ—मत का युक्तियों द्वारा पुष्ट न हो सकना।
३ पक्ष प्रबळ होणौ—मत का युक्तियों द्वारा पुष्ट होना।
४ पक्ष में—मत या बात के प्रमाण में।
५ किसी व्यक्ति या पदार्थ के प्रति किसी की अनुकूलता या समर्थन की स्थिति, वादी या प्रतिवादी के संबंध में अनुकूलता की स्थिति।
मुहा०—१ पक्ष करणौ—तरफदारी करना, झगड़े टंटे में किसी की ओर होना।
२ पक्ष ढीलौ पड़णौ—अपने समर्थकों में शिथिलता आना।
३ पक्ष प्रबळ होणौ—समर्थकों का प्रबल होना।
४ पक्ष में—समर्थन में, अनुकूलता में।
५ पक्ष लेणौ—देखो 'पक्ष करणौ'।
यौ०—पक्षपात।
६ चांद्रमास के दो भागों में से एक।
७ वंश, कुल।
८ निमित्त, लगाव, संबंध।
ज्यूं-औ कांम इण तरै करणौ थारा पक्ष में ठीक नहीं है।
९ वह वस्तु जिसमें साध्य की स्थिति संदिग्ध हो (न्या०)
१० किसी की ओर से लड़ने वालों का दल, सेना, फौज।
११ सहायक, सखा, साथी।
१२ सहायकों, सवर्गों का दल, साथ रहने वालों का दल।
१३ किसी विषय के संबंध में भिन्न भिन्न मत रखने वालों का विशिष्ट वर्ग या दल, वादियों या प्रतिवादियों का दल।
१४ पंख, पर, डैना।
१५ बाण में लगा पर या पंख।
१६ शरीर का दायां या बायां भाग, शरीर के एक ओर का भाग।
यौ०—पक्ष घात।
१७ मदद, सहायता। उ०—राव स्त्री जैतसिहजी राज कियौ। स्त्री भगवती, माताजी 'करणीजी' वडी पक्ष राखी।
—ठाकुर जैतसी राठौड़ री वारता
१८ पक्षी।
१९ परिस्थिति, हालत, अवस्था।
२० घोड़ा, अश्व।
२१ राजा की सवारी का हाथी, हाथी।
२२ दो की संख्या* (डि.को.)
रू०भे०—पंखिओ, पक्ख, पखउ, पखत, पखि, पखी, पखौ, पख्ख, पच्छ, पाख, पाखौ।
अल्पा०—पखड़ौ।
पक्षता-सं०स्त्री० [सं०] तरफदारी, पक्षपात।
पक्ष-धर-सं०पु० [सं० पक्षधरः या पक्षधर] १ चन्द्रमा, चांद (डि.को.)
२ पक्षपाती।
३ पक्षी।
वि०—किसी भी पक्ष में रहने वाला, पक्ष विशेष में रहने वाला।
पक्षपात-सं०पु० [सं०] न्याय अन्याय का विचार त्याग कर किसी का पक्ष ग्रहण करना, तरफदारी। उ०—पक्षपात विन महा प्रतापी, निरभय तेज उनंगी।—ऊ.का.
रू०भे०—पखपात, पखापखि, पखापखी, पखायत।
पक्षपाती-वि० [सं०] न्यायान्याय का विचार किए बिना ही किसी की तरफदारी करने वाला, तरफदार।
रू०भे०—पक्षपाती।
पक्षवरद्धिनी-सं०स्त्री० [सं० पक्षवर्द्धिनी] सूर्योदय से लेकर अगले सूर्योदय तक रहने वाली द्वादशी।
पक्षघात-सं०पु० [सं०] एक प्रकार का वात रोग जिससे शरीर का बायां या दाहिना पार्श्व क्रियाहीन हो जाता है, फालिज।
उ०—बुरहांनपुर हाडा राव 'रतन' री हवेली कनै डेरा हुवा। वडा जैसिंघजी रै मास दोय असमाध रही, पक्षाघात हुवौ।
—बां.दा.ख्यात
रू०भे०—पखघात, पखाघात, पख्याघात, पख्वाघात।
पक्षितीरथ-सं०पु०यौ० [सं० पक्षितीर्थ] दक्षिण भारत का एक तीर्थ।
पक्षिराज-सं०पु० [सं०] १ पक्षियों का राजा, गरुड़।
२ जटायु।
रू०भे०—पंखराउ, पंखराऊ, पंखराज, पंखराय, पंखराव, पंखांराउ, पंखांराज, पंखांराव, पंखीराव, पक्षीराज, पच्छीराज।
पक्षी-वि० [सं० पक्षिन्] १ परों वाला, पंखों वाला।
२ पक्षों से सम्पन्न।
सं०पु०—१ पंखों के बल उड़ने वाला प्राणी, चिड़ियादि।
पर्या०—अंडज, कळकंठी, खग, तरसंग, पतंग, पतत्री, पत्र-रथ, पत्री, पद-दरप, विहंगम, सकुनी, सजव, हरिवती।
२ मध्य ह्रस्व की पांच मात्रा का नाम ऽ।ऽ (डि.को.)
रू०भे०—पंख, पंखि, पंखी, पंची, पंछि, पंछी, पक्खी, पच्छी, पछि, पछी।
अल्पा०—पंखिओ, पंखियौ, पंखीओ, पंखीड़ौ, पंखीयौ, पंखेरुओ, पंखेरू, पंखेरुओ, पंखेरुवौ, पंछियौ, पंछीड़ौ।
मह०—पंखांण, पंखाळ, पंखाळौ, पंखीड़, पंखीस, पंखेसर।
पक्षीराज—देखो 'पक्षिराज' (रू.भे.)
पखंड—देखो 'पाखंड' (रू.भे.)
पखंडी—देखो 'पाखंडी' (रू.भे.)
पख—देखो 'पक्ष' (रू.भे.)

उ०—१ गुण गंध ग्रहित गिळि गरळ उगळित, पवण वाद ए उभय पख। स्रीखंड सैल संयोग संयोगिणि, भणि विरहिणि भुयंग मुख।
—वेलि

उ०—२ गोपाळ रौ पख ले'र एक जणौ बोलियौ। मालकां कैई रौ पखमौ नहीं गुमावणौ।—वरसगांठ

उ०—३ पाळै पख बार किता पहलाज। किया सुख सेवग सारण काज।—ह.र.

उ०—४ रितु किहि दिवस सरस राति किहि सरस, किहि रस संध्या सुकवि कहंति। बे-पख सूपति बिहूं मास बे, वसंत ताइ सारिखौ वहंति।—वेलि

उ०—५ जे दोही पख ऊजळा, जूझण पूरा जोध। सुणतां वै मड़ सौ गुणा, बीर प्रकासण बोध।—वी.स.

उ०—६ देवकी'र वसुदेव, पख ऊजळ माता पिता। जिण कुळ जनम अजेय, सो किम विसरयौ सांवरा।—रांमनाथ कवियौ

उ०—७ उर दोनूं पख आंणिया, सांई एकण सत्थ। 'अवरंग' नू उवेळणौ, हिंदवांणां ग्रह हत्थ।—रा.रू.

उ०—८ पढ़ै अपढ़ै सारसा, जो नहि आतम लक्ख। सिल कोरी सादी 'अखा', दोनां हि डूबण पक्ख।—पखौ

पखग्रंधियार—देखो 'ग्रंधारोपख' (रू.भे.)

उ०—मास मिगसर द्वादसी, इळ पुड़ पखग्रंधियार। जुड़ियौ गुण-चाळै 'जगौ', अजमल छळै उदार।—रा.रू.

पखइ, पखई—देखो 'पखै' (रू.भे.)

उ०—१ चढिया जाइ पन्नंग कोप चढि, रोस सरोस थरकिया रोम। पावक धूंवइ पखइ परजळियउ, विकटी जटा विलागी वोम।
—महादेव पारवती री वेलि

उ०—२ भाद्रवडइ भागी मणा, उतपति अन्न सगाळ। कांम-कंदळा ! तू पखई, माहरइ देहर दुकाळ।—मा.कां.प्र.

पखउ—१ देखो 'पक्ष' (रू.भे.)

उ०—एक पखउ मइ तौ जांणियौ जो, स्वांमि सेवक व्यवहार। धवलड़ी दूध जिम देखि नै जी, हूं रच्यौ सरळ अनुहार।
—वि.कु.

२ देखो पखै' (रू.भे.)

उ०—१ भागीरथ भजि-रे भौळी चक्रवत, आगा लगइ जोवतां अथाह। संकर देव पखउ कुण साहइ, पडती गंग तणा प्रवाह।
—महादेव पारवती री वेलि

उ०—२ संकर देव भटखउ कुण साहइ, पडती गंग तणा भट पंख।
—महादेव पारवती री वेलि

पखक्रस्न—देखो क्रसणपख' (रू.भे.)

उ०—अरक दिखण मग अयन, मास अगटन गुण मंडत। क्रत-मंगळ पखक्रस्न, उदय आणंद अखंडत।—रा.रू.

पखघात—देखो 'पक्षाघात' (रू.भे.)

पखणपती—सं०पु०यौ० [सं० पक्षिपति] गरुड़।

उ०—गजराज धनुख महुरा गरळ, पखण-पती ते लोक पत। सुर नर सुरेस रव ब्रम सिव निध, विलसे मोताव......नित।—अज्ञात

पखतरणि—सं०पु०यौ० [सं० पक्ष+तरणि] शुक्ल पक्ष।

उ०—तिथ तेरस पख-तरणि, वार सुभ करण चंद्रवर। एकादस ग्रह अरक, लगन कन्या लाभंकर।—रा.रू.

पखतूट—सं०पु० [सं० पक्ष=त्रुटित] रचना में अनुप्रासों की कहीं बाहुल्यता तथा कहीं न्यूनता से होने वाला काव्य संबंधी एक दोष।

उ०—तवै दोख पखतूट, जोड़ पतळी अरु जालम।—र.रू.

पखनी—सं०स्त्री० [सं० पक्षिणी] रात्रि, निशा (अ.मा.)

पखपाड़ौ—सं०पु० [सं० पक्ष+पत्] हीरे की विकृति जिसमें हीरे का मूल्य घट जाता है।

उ०—साच सब हीरा खरा, राखै विरळा कोय। पखपाड़ा लागै नहीं, सो फिर हीरा होय।—ह.पु.वा.

पखपात—देखो 'पक्षपात' (रू.भे.)

उ०—गोधूळक वेळा हुई। हीरू लिखमीजी रौ पूजन करण वैठी कयौ—मा ! तूं मा हो'र पखपात कियां करण लागगी ?
—वरसगांठ

पखपाती—देखो 'पक्षपाती' (रू.भे.)

उ०—कुगुरां रा पखपाती नै साधु सुहावै नहीं।—भि.द्र.

पखर—देखो 'पाखर' (रू.भे.)

उ०—झळहळ पखर सिलह अत्र झालै, हय असवार दोय लख हालै।
—सू.प्र.

पखरणौ, पखरबौ—देखो 'पाखरणौ, पाखरबौ' (रू.भे.)

उ०—रह सज्जिय गय गुडिय तुरिय पखरिय पलांणिये।
—अभयतिक यती

पखरणहार, हारौ (हारी), पखरणियौ—वि०।

पखरिग्रोड़ौ, पखरियोड़ौ, पखरचोड़ौ—भू०का०कृ०।

पखरीजणौ, पखरीजबौ—कर्म वा०।

पखरांण—देखो 'पाखर' (मह., रू.भे.)

उ०—१ सिलहांण अंगांण वेधांण सरां। पखरांण केकांण अभीच परां।—सू प्र.

उ०—२ घमंख पखरांण नीसांण वज घूमरां, परी थाक थकत होय अग पडै पास।—गु.रू.बं.

पखराड़णौ, पखराड़बौ—देखो 'पखराणौ, पखराबौ' (रू.भे.)

पखराड़णहार, हारौ (हारी), पखराड़णियौ—वि०।

पखराड़िग्रोड़ौ, पखराड़ियोड़ौ, पखराड़चोड़ौ—भू०का०कृ०।

पखराड़ीजणौ, पखराड़ीजबौ—कर्म वा०।

पखराड़ियोड़ौ—देखो 'पखरायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पखराड़ियोड़ी)

पखराणौ, पखराबौ—क्रि०स० [पाखरणौ क्रि० का प्रे०रू०] हाथी घोड़े

आदि को झूल या कवच से सुसज्जित करवाना ।

पखराणहार, हारौ (हारी), पखराणियौ--वि० ।

पखरायोड़ौ--भू०का०कृ० ।

पखराईजणौ, पखराईजबौ--कर्म वा० ।

पखराड़णौ, पखराड़बौ, पखरावणौ, पखराववौ--रू०भे० ।

पखरायोड़ौ-भू०का०कृ०—(हाथी, घोड़े आदि) झूल या कवच से सुसज्जित करवाए हुए ।

(स्त्री० पखरायोड़ी)

पखराळ-स०पु० [सं० प्रखरः = प्रा. प्रक्खर = पाखर+आलुच्]

१ पाखर से सुसज्जित घोड़ा या हाथी ।

२ घोड़ा । उ०—१ हले पखराळन पंच हजार ।—वं.भा.

उ०—२ सझिया पखराळ सजावट का, नखरा कुलटा कि बटा नट का ।—मे.म.

रू०भे०—पक्खराळ ।

अल्पा०—पक्खराळौ ।

३ देखो 'पाखर' (मह.,रू.भे.)

उ०—अह-अह बाहर बाज अंबाळ, पमंगां पीठ मंडे पखराळ ।

—गो.रू.

पखराळौ-वि० [सं० प्रखर प्रा.=प्रक्खर=पाखर] (स्त्री० पखराळी)

१ पाखर सम्बन्धी । २ पाखरयुक्त, पाखर सहित ।

उ०—१ आखत पग ऊठतां पूठ साखत पखराळौ। काच हुलम कोमाच नाच पातर नखराळौ ।—मे.म.

उ०—२ साभंदा हुय आतसां, दुहुं दळ दुरदाळा । दहूं दळां हुय साभंदा, पमंगां पखराळा ।—सू.प्र.

२ देखो 'पखराळ' (अल्पा;रू.भे.)

पखराय—देखो 'पक्षिराज' (रू.भे.)

पखरावणौ, पखराववौ—देखो 'पखराणौ, पखराबौ' (रू.भे.)

उ०—मलुखांनि हाथी पखराव्या, पल्लांणाव्या तोखार । हल हल करी भणी अजूयाळां, सांचरिया असवार ।—कां.दे.प्र.

पखरावणहार, हारौ (हारी), पखरावणियौ—वि० ।

पखराविओड़ौ, पखरावियोड़ौ, पखराव्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

पखरावीजणौ, पखरावीजबौ—कर्म वा० ।

पखरावियोड़ौ—देखो 'पखरायोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पखरावियोड़ी)

पखरियोड़ौ—देखो 'पाखरियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पखरियोड़ी)

पखरेत, पखरैत-वि० [सं० प्रखरः, प्रा० पक्खर=कवच+रा.प्र. एत या ऐत अथवा प्रखरेतस्] पाखर से सुसज्जित, कवचधारी ।

उ०—जळधार अग्राज चढि घोम जोर । घण-निसा अमावस तिमर घोर । पखरैत भिड़ज जरदैत पूर । संघार हुवै अणपार सूर ।

—सू.प्र.

सं०पु०—१ योद्धा, वीर, सामन्त । उ०—१ जठै गजारूढ चालुक्य-राज सांमुहौ पकाय अलाव पकतां लोयणां मिळाय आपरा पखरैतां नूं प्रेरणा रै काज अनेक प्रसंसा रा प्रपंच भणियौ ।—वं.भा.

उ०—२ अर पाछै सूं आप भी पांच हजार ५००० पखरैतां रै साथ अरबुदळ पूगण री प्रस्थान करियौ ।—वं.भा.

२ घोड़ा । उ०—जिस वखत छतीसवंस राजकुळ उमराव सिलह आवधां सूं कड़ाजूड़ होयके पखरैतूं चढि आए, दळां का पारंभ समंद सा दरसाए ।—सू.प्र.

रू०भे०—पाखरेत, पाखरैत ।

पखवाड़ौ, पखवारौ-सं०पु० [सं० पक्ष+पाटकः, प्रा० पक्ख+वाड]

१ चान्द्र मास का एक पक्ष ।

२ पन्द्रह दिन का समय । उ०—१ सजन फळजो फूल ज्यूं, वाड़ जिम विस्तरजो । मासां पखवाड़ां मिळै, इणहिज रंग रहिजो ।

—जलाल बूबना री वात

उ०—२ उणरी माजनी पाहती वा कह्यौ—हें ओ, थांनै थोड़ी घणी सरम को आवै नीं ? थांरा सुमरीजी नै चलियां पूरौ पखवाड़ौ ई नीं बीत्यौ अर थें ढोली री गळाई रागां करौ ।—फुलवाड़ी

पखवासउ-सं०पु० [सं० पक्ष+वासः] पक्षपर्यन्त का समय, पन्द्रह दिन का समय । उ०—तप नइ अधिकारइ पखवासउ तप सार । पड़िवा थी लीजइ पनरह तिथि सुविचार ।—स.कु.

पखांण-वि० पखांणा—देखो 'पासांण' (रू.भे.)

उ०—१ मगज करता जिके चत्रांमां मंडांणा । वैरहर पखांणां बीच वसिया ।—नाथौ बारहठ

उ०—२ जरद लाल सेत स्याह, जालियां पखांण ए ।--गु.रू.वं.

पखांणभेद—देखो 'पासांणभेद' (रू.भे.)

पखांणौ—देखो 'पासांणौ' (रू.भे.)

पखा-क्रि०वि० [सं० पक्ष] ओर, तरफ । उ०—१ बि पखा अहरपुरस सांचरिया, क्षेत्र मूडाविउं । विहुं गमी सन्नद्ध बद्ध नीपना ।

—व.स.

उ०—२ विहु पखा हाकि-हाकि, हिणि-हिणि, मारि-मारि नाठउ-नाठउ, भागउ-भागउ, इणि परि सुभट सब्द नीपजावइं ।—व.स.

पखाउज—देखो 'पखावज' (रू.भे.)

पखाउजकार, पखाउजिय, पखाउजी-वि० [सं० पक्ष+वाद्य+कार]

पखावज बजाने वाला । उ०—१ आल विणिकार अलविकार कूट-कार वंसकार यंत्रकार उलकार तलकार ताळाकार भुंगळकार आउज-कार पखाउजकार गीतकार ।—व.स.

सं०पु०—पखावज बजाने वाली जाति का व्यक्ति ।

उ०—१ आल वणिकार वीणाकार वंसकार उतिकार मांन-ताळकार अडाउजिय पखाउजिय पाटलिहिक प्रमुख ।—व.स.

उ०—२ आल विणिकार वीणाकार वंसकार आउज्जी पखाउजी ।

—व.स.

पखाघात—देखो 'पक्षाघात' (रू.भे.)

पखाचळ-वि० [सं० पक्ष+अचल] पक्ष को अचल करने वाला, पक्ष को दृढ़ करने वाला।

पखापखि, पखापखी—देखो 'पक्षपात' (रू.भे.)

उ०—१ पखापखी मन छाडिए, निरपख होय सुख देख। निरपख सूं निरपख मिळै, तौ पूरण ब्रह्म अलेख।—ह.पु.वा.

उ०—२ दादू पखापखी संसार सब, निरपख विरळा कोइ। सोई निरपख होइगा, जाकै नांम निरंजन होइ।—दादूवांणी

पखाग्रत-वि० [सं० पक्ष+रा.प्र. आयत] पक्ष करने या लेने वाला, पक्षपाती। उ०—मांस मंजारु नूं मुर्दे, वंदर भरोसै वाग। पंच पखायत घरपिया, ओगुण करै अथाग।—अज्ञात

पखारणौ, पखारबौ—देखो 'पखाळणौ, पखाळबौ' (रू.भे.)

पखारणहार, हारौ (हारी), पखारणियौ—वि०।

पखारिग्रोड़ौ, पखारियोड़ौ, पखारयोड़ौ—भू०का०कृ०।

पखारीजणौ, पखारीजबौ—कर्म वा०।

पखारियोड़ौ—देखो 'पखाळियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पखारियोड़ी)

पखाळ-सं०पु० [सं० प्रक्षालनम्] १ विरेचन, जुलाब।

क्रि०प्र०—दैणौ, लागणौ, लैणौ।

२ स्नान ? उ०—संध्या वांदी विधिकरी, संकर करीउ पखाळ। तिहां तपीउ को तप तपइ, ते बोलउ ततकाळ।—मा.कां.प्र.

पखाल-सं०स्त्री० [सं० पय=पानी=प+राज० खाल] चमड़े का बना एक प्रकार का दो छेद या मुंह का बड़ा थैला (मदक) जिसको प्राय: ऊंट या भैंसे पर लाद कर पानी ढोते हैं।

उ०—पखालां भरै जम्म भैंसा स-प्रजै। सुरां-राव सिवको छड़वकाव साजै।—सू.प्र.

रू०भे०—वखाल।

अल्पा०—पखाली।

पखाळणौ, पखाळबौ-क्रि०स० [सं० प्रक्षालनम्] धोकर साफ करना, धोना। उ०—१ वडी तो आया जी ल्होड़ी के प्यारा पांमणा, चोकी तो चावळां जी वडी जी थांनै बैसांणं। दूध पखाळां पांव।—लो.गी.

उ०—२ तो सुरसरी तरंग, कूंचो सरग कपाट री। एथ पखाळै अंग, जग में धिन मांनव जिके।—बां.दा.

पखाळणहार, हारौ (हारी), पखाळणियौ—वि०।

पखळाणौ, पखलावौ, पखळावणौ, पखळावबौ—प्रे०रू०।

पखाळिग्रोड़ौ, पखाळियोड़ौ, पखाळ्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पखाळीजणौ, पखाळीजबौ—कर्म वा०।

पखारणौ, पखारबौ, पखोळणौ, पखोळबौ, पाखळणौ, पाखळबौ —रू०भे०।

पखाळद-सं०स्त्री०—विचार-विमर्श ?

उ०—१ तरै वरसात रा दिन था। काचै खड़ै पखाळद थकी राव चीरोद री पाखती थौ।—नैणसी

उ०—२ खंगार पण मोटौ हुवौ। वरस २० तथा २२ मांहै हुवौ। साहुवी संभाही। तरै साथ करनै रावळ नै यां विचै सीप नदी छै, तठै आयौ। पैली कांनी सूं रावळ मांणस हजार सात-आठ सूं आयौ। हजार आठ-नवां सूं खंगार आयौ। पखाळद हुई। नैड़ा आया।—नैणसी

पखाळियोड़ौ-भू०का०कृ०—धोया हुआ, साफ किया हुआ।

(स्त्री० पखाळियोड़ी)

पखालियौ—देखो 'पखाली' (अल्पा०, रू.भे.)

पखाली-सं०पु० —१ पखाल से पानी ढोने वाला व्यक्ति। भिश्ती।

(स्त्री० पखालण)

२ वह पशु (ऊंट, भैंसा आदि) जिस पर पखाल लाद कर पानी ढोते हैं।

अल्पा०—पखालियौ।

३ देखो 'पखाल' (अल्पा०, रू.भे.)

पखावज-सं०पु० [सं० पक्ष+वाद्य] मृदंग से कुछ छोटा एक वाद्य यंत्र।

उ०—सांवरियौ रंग राचां राणा, सांवरियौ रंग राचां। ताल पखावज मिरदंग वाजा, साधां आगै नाचां।—मीरां

रू०भे०—पखाउज।

पखावजी-सं०पु० [सं०पक्षवाद्य, प्रा. पक्खवाउज्ज+रा.प्र.ई] पखावज बजाने वाला व्यक्ति।

रू०भे०—पखाउजिय, पखाउजी।

पखि, पखी-वि० [सं० पक्ष+रा.प्र.ई] १ मित्र, हितैषी, शुभेच्छु।

उ०—अरि जाळंधर आवियो, मिळिया खळ अण-दाद। पखि गुण हीण निरासपण, हितू अरज्जण आद।—रा.रू.

२ रक्षक, रक्षा करने वाला।

उ०—विरदाळौ जी विरदाळौ, दुज गाय पखी विरदाळौ। सीता चौ सांम सिघाळौ, पोह सेवगरां व्रतपाळौ। जी विरदाळौ।—र.ज.प्र.

३ पक्ष करने वाला, पक्षपात करने वाला, पक्षपाती।

उ०—पंच सोइ न हुवै पखी, मड़ सोइ जुध अभीत। न्याय पखां नह नीवड़ै, रसा अनादी रीत।—अज्ञात

सं०पु०—ओर, तरफ। उ०—१ चडी त्रिकळसइ सांतळ वइसइ, बिहूं पखि चांमर ढळइ।—कां.दे.प्र.

उ०—२ चांमर विजन बिहूं पखि हूइ छइ।—कां.दे.प्र.

२ बगल, पार्श्व। उ०—स्रियजीत-पति गुण परखि, चखि सुख सकस पखि जिम सुंदरी।—रा.रू.

३ बढई का एक ग्रौजार।

४ देखो 'पक्ष' (रू.भे.)

उ०—पखि प्रकासि 'फिरमास, उभैगुण भेद अनुक्रम। पंच मास खट मास, तेज जस-वास वर्ष तिम।—रा.रू.

पखीइं, पखीइ—देखो 'पखै' (रू.भे.)

उ०—फळ पाखइ नवि भंजीइ व्रक्ष, विनय पाखइ नवि भंजीइ सिस्य। लावण्य पखीइ नवि भजीइ रूप, जळ पाखइ नवि भजीइ कूप।—नळ-दवदंती रास

पखीणौ-वि० [सं० पक्षिन्] (स्त्री० पखीणी) पक्ष का, पक्ष सम्बन्धी।

उ०—एक पखीणौ अंग, प्रीत कियां पछताइये। दीपक देखि पतंग, जळ-बळ राख हुए 'जसा'।—जसराज

पखू-वि० [सं० पक्ष+रा.प्र.ऊ] पक्ष ग्रहण करने वाला, सहायक।

उ०—आतपत्र खोस आरूढ़ कीधौ उठै, जत्र-कत्र कियौ खळ जगत जांणी। तैं जणणी उबारचौ पड़चौ कस्ट तत्र-तत्र, रहै पखू जैत रै राजराणी।—बालाबख्स बारहठ

पखे-क्रि०वि० [सं० पक्ष] १ ओर, तरफ।

उ०—चिहू पखे परिअचि अति भली, धूपघटी चिहू पासे वली। मंच महामंच कीधा घणा, पार न पांमइ कोइ तेह तणा।

—नळ-दवदंती रास

२ देखो 'पखै' (रू.भे.)

पखैं, पखै-क्रि०वि० [सं० पक्षास्मिन्=अप० पक्खहि] १ अभाव में, विना।

उ०—१ रुख-रुख तीरां रूकड़ां, मुख-मुख बीरां मौळ। पूंचाळा हेकण पखै, दळ में प्रबळ दरोळ।—वी.स.

उ०—२ दाता पातां रसण सूं, सुण-सुण सुजस जीवंत। पातां नूं पायां पखै, पांणी ही न पीवंत।—वां.दा.

२ सिवा, अतिरिक्त।

उ०—१ गजसिंघ कियौ गज-गाहणौ, 'भीम' मारि भागौ 'खुरम'। कमधज्ज पखै जीतौ कमण, साजै नांम संग्रांम इम।

—गु.रू.बं.

उ०—२ सांस छतै जीवे सकळ, ऊमर रै आधार। जस सूं जीवे जगत में, सांस पखै सुदतार।—वां.दा.

उ०—३ तो पखै बीजी ठाकुर को नहीं छै। ठाकुर देस मांहे बीजा ही घणा छै।—द.वि.

रू०भे०—पखइं, पखइ, पाखइं, पाखइ, पखे, पखौ, पाखै।

पखैत-वि० [सं० पक्ष+रा.प्र. ऐत] पक्ष वाला।

उ०—धुजा फरक्की धूहड़ां, बहरक्की गजबोह। वसु थरक्का कावळी, मुरधर छक्की मोह। मुरधर छक्की मोह, पांण 'परताप' रै। ओछं दुगा आथांण, खळी वळ खापरै। ज्यांरा सोवन थाळ, भलांई धज्जिया। 'पातल' जनम पखैत, सूमीरत सज्जिया।

—किसोरदांन बारहठ

पखैवार-वि०—असीम, अपार।

उ०—पखैवार पिंडार था दोहूं पासै, लियां लकड़ी कंध ऊभा हुलासै।—ना.द.

पखोळणौ, पखोळबौ—देखो 'पखाळणौ, पखाळबौ' (रू.भे.)

उ०—वही तो आया जी हरीड़ी के प्यारा पांवणा, चौकी तो चावळ जी पांनै बैठावां। दूध पखोळां ला पांव वडी तो।

—लो.गी.

पखोळणहार, हारौ (हारी), पखोळणियौ—वि०।

पखोळाणौ, पखोळाबौ, पखोळावणौ, पखोळावबौ—प्रे०रू०।

पखोळिओड़ौ, पखोळियोड़ौ, पखोळ्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पखोळीजणौ, पखोळीजबौ—कर्म वा०।

पखोळियोड़ौ—देखो 'पखाळियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पखोळियोड़ी)

पखौ—१ देखो 'पक्ष' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—१ निज पातां संतां तारै, घणनांमी, नहच्चौ ज्यां नेड़ौ घणनांमी। निरपखां पखौ घणनांमी, नाथ अनाथां चौ घणनांमी।

४ खून । उ०—लड़तां ग्रंग लोह छछोह लगै । जगि जांणिक ज्वाळ अहूति जगै । अरणांग पतंग ज ई उफणै । वप खोवण धाव जड़ाव वणै ।—सू प्र.
५ लाल रंग । उ०—कसीसत बांण जुबांण कबांण । विहूं वळ छूटत फूटत वांण । अठै अंग नारंग छींछ अपार । फिरंगिय जांणि पतंग फुंहार ।—सू.प्र.
६ हल्का रंग (अ.मा.)
मुहा०—पतंग-रंग—हल्का या अस्थायी स्नेह ।
७ अंग ।
उ०—दिये कपि डांण उडांण दमंग, पड़े उर चोट मतंग पतंग । —सू.प्र.
८ परदारकीड़ा, पतंगा ।
उ०—१ दीप पतंग तणी परइ सुपियारा हो । एक पखो म्हारो नेह नेम सुपियारा हो ।—स.कु.
उ०—२ जड़ियो तिलक जवाहरां, जांणै दीपक जोत । वालम चीत पतंग विधि, हित सू आसक होत ।—बां.दा.
९ पक्षी (अ.मा.)
१० टिड्डी ।
११ कनकौग्रा, किनका, गुड्डी ।
उ०—रमै वसंत राजंद, पतग चरख अप्पालां । केसर छोळ अबीर, गूंज डंबरां गुलालां ।—सू.प्र.
क्रि०प्र०—उडाणौ, कटणौ, काटणौ, वढाणौ, लड़ाणौ ।
यौ०—पतंगबाज, पतंगबाजी ।
१२ शरीर, अंग ।
१३ एक झाड़ी विशेष जिसकी लकड़ी का रंग लाल होता है । (अमरत) (उ.र.)

१४ एक प्रकार का वृक्ष विशेष ।

१५ डिंगल का वेलिया सांणोर छंद का भेद विशेष जिसके प्रथम द्वाले में ५६ लघु ४ गुरु कुल ६४ मात्राएँ होती हैं तथा शेष द्वालों में ५६ लघु ३ गुरु कुल ६२ मात्राएँ होती हैं (पि.प्र.) ।

रू०भे०—पतग, पंतिग, पतिग, पयंग, पातंग ।

अल्पा०—पतंगड़ो, पतंगियो, पतंगो, पतंग्गियो ।

पतंगज-सं०पु०यौ० [सं०] १ सूर्यपुत्र यमराज ।

२ सूर्यपुत्र अश्विनीकुमार ।

३ सूर्यपुत्र कर्ण ।

४ पसीना ।

पतंगजा-सं०स्त्री०यौ० [सं०] सूर्य की पुत्री यमुना ।

पतंगवाज-सं०पु०यौ० [सं० पतंग+फा० वाज] १ पतंग उड़ाने की क्रिया में निपुण ।

२ पतग उड़ाने का शौकीन ।

पतंगवाजी-सं०स्त्री०यौ० [सं० पतंग+फा० वाजी] १ पतंग उड़ाने की क्रिया या भाव ।

२ पतग उड़ाने का शौक ।

पतंगसुत—देखो 'पतंगज' ।

पतंग्या—देखो 'प्रतिग्या' (रू.भे.)

उ०—भीसम सील पतंग्या भारथ । सरविद्या पारथ परसावथ ।

—ऊ.का.

पतंगियो, पतंगो—देखो 'पतंग' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—१ पडिया होय पतंगिया, फोळू सूं खग काढ़ । हूतासण 'जीदै' हुवै, वेढ लिया दळ वाढ ।—पा.प्र.

उ०—२ घण वोभ उठावै सिर गधो, सबळवांन वाजै न सुण । विप घरै पतंगो आगविच, कहै सूर जिणनूं कवण ।—पा.प्र.

पतंजळि-सं०पु० [सं० पतजलि:] १ एक ऋषि जिन्होंने योग शास्त्र की रचना की ।

२ एक मुनि जिन्होंने पाणनीय सूत्रों पर महाभाष्य की रचना की ।

उ०—वैसेसिक में कणभुक सो वळ विस्तारघो पातजळो पाठ पतंजळि जेम प्रचारघो ।—ऊ.का.

पत-सं०स्त्री० [?] १ गुड़ व पानी के मिश्रण से वनाया गया द्रव पदार्थ जो किसी खाद्य पदार्थ को मीठा वनाने के काम आता है, गुड़ की चासनी ।

रू०भे०—पात ।

२ मर्यादा । उ०—माताजी मनावै मीरां थे मानो, दूधड़ला री पत राख । भक्ति छोडो जी हरिनाम की ।—मीरां

३ प्रतिष्ठा, इज्जत, लाज । उ०—१ ऊभा पर्गा अनेक, केता नर सळवळ करै । पड़ियां पूठी पेख पत तूं राखै 'पातला' ।

—ऊकजी वोगसो

उ०—२ सट्ठ सभा में वैठतां, पत पंढत री जाय । एकण वाड़ै किम वड़ै, रोभ गवेड़ी गाय ।—अज्ञात

उ०—३ सत मत छोडो हे नरां, सत छोड्यां पत जाय । सत की बांधी लिछमी, फेर मिळैगी आय ।—अज्ञात

४ पैठ, विश्वास, भरोसा । उ०—भूठै की कुछ पत नहीं, साजन भूठ न वोल । लाखांपति का भूठ में, दो कोडो का मोल ।

—अज्ञात

रू०भे०—पति ।

५ देखो 'पति' (रू.भे.)

उ०—१ नायक है जग रांम नरेसर, ते कर लायक देवतरेसर । सीत तणी पत संत सधारण, चाव करे भज तूं धिन चारण ।

—र.ज.प्र.

उ०—२ हूं कुळ में पापी हुवो, पत नै दीन्ही पूठ । तिया पतिव्रत पाळ तूं, धिक धिक मत कह धीठ ।—बां.दा.

६ देखो 'पत्री' (रू.भे.)

७ देखो 'पत्र' (रू.भे.)

उ०—आंम फळै परवार सूं, महू फळै पत खोय । ताको रस जे कोई पियै, अकल कठा सूं होय ।—अज्ञात

विलो०—अपत ।

अल्पा०—पाती ।

पतउट-सं०पु०यौ० [सं० उडपति] चन्द्रमा, सोम (डि.को.)

पतओखद-सं०पु०यौ० [सं० ओपधिपति] चन्द्रमा, सोम (डि.को.)

पतकिरण-सं०पु०यौ० [सं० किरणपति] सूर्य, रवि ।

उ०—सह भांत विगत विवाह सुणतां, अंग प्रफुलित आंण । पतकिरण निकसै रसम परसत, जळज विकसे जांण ।—र.रू.

पतग—देखो 'पतंग' (रू.भे.)

पतगर-सं०पु० [?] विश्वास, भरोसा ।

अल्पा०—पतगरो ।

पतगरणो, पतगरवो-क्रि०अ०स० [?] १ विश्वास करना ।

उ०—कोप कळचाल जमदाढ 'भरड़ा' कहर, चाळ दुरजण तणै हिये चढियो । पोह वडा पतगरै कमंध एकाधपत, जड़ाळो सुघट 'जंदराव' जड़ियो ।—भरड़ा राठौड़ रो गीत

२ मानना, स्वीकार करना । उ०—पर्ख जारज न को अनेरां पतगरै, करै सोभाग आतम सकत कोड । हरै विकटोरिया रवो रची हुवो, रजै तण खूंद वळरूप राठौड़ ।—किसोरदांन वारहठ

पतगरियोड़ो—भू०का०कृ० ।

पतगरियोड़ो-भू०का०कृ०—१ विश्वास किया हुआ ।

२ स्वीकार किया हुआ ।

(स्त्री० पतगरियोड़ी)

पतगरो—देखो 'पतगर' (अल्पा०, रू.भे.)

उ०—पल-पल रो पतगरो, लेर दीठो लिलना रो, पोपां री पायगा, खबर न पड़ै तोखारां ।—अरजुणजी वारहठ

पतग्वाळ-सं०पु० [सं० ग्वालपति] श्रीकृष्ण (अ.मा.)

पतड़ी-सं०स्त्री० [सं० पत्रम्+रा.प्र.ड़ी] इष्टदेव की धातु के पत्र पर बनी मूर्ति जिसे डोरे में पिरो कर गले में धारण करते हैं।
रू०भे०—पतरी, पातड़ी।

पतड़ो-सं०पु० [सं० पत्र+रा. प्र. ड़ो] १ तिथिपत्र, पंचांग, पत्रा।
उ०—जितणा, ए गोरी, वह पीपळ रा पांन, इतणा दिनां में थासी सायबो। वाळूं जाळूं, रे जोसी, पतड़ै रो वेद, आक धतूरा, जोसी, थारो मुख भरूं।—लो.गी.
२ कुम्भट की फली।
रू०भे—पतरो, पातड़ो।

पतचील-सं०पु० [रा० चील=सर्प+सं० पति] शेषनाग।
उ०—पड़ी खबर नर 'पेम' नै, अड़ी मूंछ अहू आय। चढी पंख पतचील रै, घड़ी उण 'वक घुराय।—पे.रू.

पतजादव-सं०पु० [सं० यादवपति] श्रीकृष्ण (ह.नां.)

पतझड़-सं०स्त्री० [सं० पत्रम्+क्षरणम्] वह ऋतु जिसमें पेड़ों के पत्ते झड़ जाते हैं। शिशिर-ऋतु।

पतणी—देखो 'पत्नी' (रू.भे.)
उ०—द्रुपद सुता नो चीर बढायां, दुसासण मद मारण। पहळाद परतग्या राखां, हरणाकुस नो उद्र विदारण। थे रिख पतणी किरपा पायां, विप्र सुदांमा विपत विडारण। मीरां रे प्रभु अरजी म्हारी, अब अबेर कुण कारण।—मीरां

पतत—देखो 'पतित' (रू.भे.)
उ०—परमेसर जै लोकपति, पतत नु तारण पारि। जगत निमंधण गुर जगत, बळ-बंधण बलिहारि।—पि.प्र.

पतत्रि-सं०पु० [सं०] पक्षी, चिड़िया (अ.मा.)

पतत्रिभरण-सं०पु०यो० [सं० पतत्रि+राज. भरण] जटायु।
उ०—घणनांमी इम सुणे विगत घण, जण जटायू भर अंक जण। वण द्रिग गोद धरे पतत्रि भवण, मणधर छवरी हरख मण।—र.रू.

पतत्री-सं०पु०—पक्षी (अ.मा.)

पतधीर-वि०—विश्वासी। उ०—पीरां पतधीरां पैलो घर धायो। उण दिन रांमो डर सांमो नहि आयो।—ऊ.का.

पतन-सं०पु० [सं०] १ अवनति, अधोगति।
२ गिरना, पड़ना।
उ०—अळै व्रज करेवा नीम दांमण पतन, गयण फूटै घटा भीम गरजै। उठावै अछळतो जेम हळधर अनुज, बळ तर्क यंद्र छो भलां वरजै।—बां.दा.
३ मृत्यु, नाश।
४ देखो 'पट्टण' (रू.भे.)

पतनाळ, पतनाळो—देखो 'परनाळ' (रू.भे.)

पतनी, पतन्नी-सं०स्त्री० [सं० पत्नी] १ स्त्री, नारी (अ.मा., ह.नां.मा.)
२ देखो 'पत्नी' (रू.भे.)
उ०—१ व्यथा विरहाग वियोग विहाय, सवागण भाग संयोग सुहाय। अनाग्रह मुल्लित प्रांन उपाय, प्रफुल्लित ज्यूं पतनी पति पाय।—ऊ.का.
उ०—२ पति पूजन जीवन पतनी रो सो कई कोसो जग-जामी। सब ही विध सेवा व्रत साधूं हो संग लीजे मो नैं स्वांमी।
—गी.रां.
उ०—३ वंदे भ्रात वे तिण वार, चवियो मुनि सिसटाचार। निज वह हुती रिसपतनी स सीता मिळी नांमे सीस।—र.रू.
उ०—४ देवी वांण रै रूप अरजुण वन्नी। देवी द्रोपदी रूप पांचां पतन्नी।—देवि.

पतनीवरत, पतनीव्रत, पतनीवरत, पतनीव्रत—देखो 'पत्नीव्रत' (रू.भे.)

पतन्नी—देखो 'पथरणी' (रू.भे.)

पतन्या—देखो 'प्रतिग्या' (रू.भे.)
उ०—पूरउ तप हुउ पतन्या पूगी, ईसर ताई मूनव्रत लीयइ। वारां जुगां हुंती बहुनांमी, ताळी छोडी दीह तीयइ।
—महादेव पारवती री वेलि

पतपच्छी-सं०पु०यो० सं० पक्षीपति] १ गरुड़।
२ देखो 'प्रतिपक्षी' (रू.भे.)
उ०—पतपच्छी जुग पांण, सरोरुह पल्लवां। नग-जुत वळय अमोल, दिया जे निधनवां।—बां.दा.

पतप्रीत-सं०पु०यो० [सं० पति=स्वामी+प्रीति] १ सेवक, अनुचर (अ.मा.)
सं०स्त्री० [सं० पति=धव+प्रीता] २ पतिव्रता।
वि०स्त्री० [सं० पति=धव+प्रीता] पति से प्रेम करने वाली, पतिअनुरक्ता।
उ०—सुता दलै' रावळ तणी, पतवरतां पत-प्रीत। रांणी राजा परणियो, मिरघावती 'अजीत'।—रा.रू.

पतप्रेम-सं०स्त्री०यो० [सं० पति+प्रेमा] १ सती, साध्वी (अ.मा.)
सं०पु०यो० [सं० पति+प्रेमिन्] २ सेवक।

पतवरत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

पतवरता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

पतव्रत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

पतमंदोदरी-सं०स्त्री० [सं० मंदोदरीपति] रावण (अ.मा.)

पतमाळ—देखो 'प्रतमाळा' (रू.भे.)

पतयारो—देखो 'पतिआरो' (रू.भे.)

पतर—१ देखो 'पात्र' (रू.भे.)
उ०—१ तिण आपरा गळा रो कांठलो १ जड़ाव रो मालदे नूं दीयो, पतर एक लोही रो भर दीयो सु मालदे पीयो नहीं।
—नैणसी
उ०—२ पुणियो यम जायल पती, रो'ड़दार सूं रीस। जोगो नै जो मायनै, वळ दो पतर भरीस।—पा.प्र.

२ देखो 'पत्र' (रू.भे.)
३ देखो 'पतर' (रू.भे.)

पतरण—देखो 'पथरण' (रू.भे.)

पतरणौ, पतरबौ—देखो 'पथरणौ, पथरबौ' (रू.भे.)
पतरणहार, हारौ (हारी), पतरणियौ—वि०।
पतरिओड़ौ, पतरियोड़ौ, पतरयोड़ौ—भू०का०कृ०।
पतरीजणौ, पतरीजबौ—कर्म वा०।

पतराखण-वि० [राज० पत+सं० रक्षणम्] प्रतिष्ठा की रक्षा करने वाला।
सं०पु० [राज० पत+रक्षणम्] ईश्वर (नां.मा.)

पतरियोड़ौ—देखो 'पथरियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० पतरियोड़ी)

पतरी—१ देखो 'पथरी' (रू.भे.)
२ देखो 'पत्र' (अल्पा०, रू.भे.)
उ०—पतरी लिखद्यूं प्रेम की ए दीज्यो पियाजी नैं जाय।—लो.गी.
३ देखो 'पतड़ी' (रू.भे.)

पतरूह, पतरोह-सं०स्त्री० [सं० पृथ्वी+रूह] रज, धुलि (अ.मा.)

पतळ—देखो 'पातळ' (रू.भे.)

पतलज-सं०स्त्री० [रा० पत=पति+लज=लज्जित करने वाली] कुटनी, व्यभिचारिणी। उ०—गोली गोरे गात, पर घर दीसे पदमणी। पतलज सागे पात, रती न कीजै राजिया।—किरपारांम

पतळियौ-स०पु० [सं० पत्रल] १ सोने चांदी के आभूषणों पर खुदाई के काम में तार खोदने का एक लोहे का कीला (स्वर्णकार)
२ देखो 'पतळौ' (अल्पा०, रू.भे.)
उ०—हां ए गोरी, होठ पतळिया दांत ऊजळिया बोलण की चतराई मिरगा-नैणी।—लो.गी.

पतलून-सं०पु० [अं० पैण्टलून] विना मियानी का मोटे वस्त्र का पाजामा।

पतलूननुमां-वि० [अ० पैंटलून+सं० नामन्] पतलून से मिलता-जुलता, पतलून के समान।

पतळोड़ौ—देखो 'पतळौ' (अल्पा०, रू.भे.)
(स्त्री० पतळोड़ी)

पतळौ-वि० [सं० पत्रल] (स्त्री० पतळी) १ तरल।
उ०—बिलळी बातां री वांणी बधरावै। पतळी भिण जिण में पांणी पधरावै।—ऊ.का.
२ अशक्त, कमजोर। उ०—१ पीहर पतळां रा सैणां रा प्यारा। तारक तूटां रा नैणां रा तारा।—ऊ.का.
उ०—२ अपणां आसरिये असळौ दिन ऊगौ। पीहर सासरिये पतळौ पुनि पूगौ।—ऊ.का.
उ०—३ 'खीमसी' री 'कंवरसी', 'कंवरसी' री 'जैसौ', 'जैसा' री 'मूंजौ', 'मूंजा' री 'ऊदौ', 'ऊदा' सूं सांखला पतळा पड़िया।
—वां.दा.ख्यात

मुहा०—१ पतळौ दिन—दुर्दिन, दुर्दशाकाल।
२ पतळौ पड़णौ—कमजोर होना, अशक्त होना, निर्धन होना।
३ कृश, क्षीण, दुबला। उ०—१ खटकै खांवंद रै अड़ियां उर खारी। पतळी कड़ियां री कड़ियां विन प्यारी।—ऊ.का.
उ०—२ पतळै सै करवै जवांई जी जिन चढौ, पतळा थारी भायां री प्यारी रा होट, सुरग्यानी जंवाई'''।—लो.गी.
यौ०—पतळौ-दूबळौ।
मुहा०—पतळौ पड़णौ—कृश या क्षीण होना।
४ जो स्थूल न हो, मोटा न हो।
५ जिसका घेरा कम हो, संकड़ा, कम चौड़ा।
उ०—हां ए गोरी, पींडी पतळियां एडी उजळियां चालण की चतराई मिरगा नैणी।—लो.गी.
६ वह वस्तु जिसकी मोटाई का दल कम हो, झीना, महीन।
रू०भे०—पातळौ।
अल्पा०—पतळियौ, पतळोड़ौ, पातळड़ौ, पातळियौ।

पतवड़—देखो 'पित्तोड़' (रू.भे.)

पतवरत—१ देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)
२ देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

पतवरता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)
उ०—सुता 'दलै' रावळ तणी, पतवरता पत-प्रीत। रांणी राजा परणियो, 'मिरधावती' 'अजीत'।—रा.रू.

पतवसांन-सं०पु० [सं० प्रत्यवसान] भोजन (अ.मा.)
रू०भे०—पतिवसांण।

पतवांण-सं०स्त्री० [सं० प्रत्यापन] १ जांच।
२ विश्वास।

पतवांणणौ, पतवांणबौ-क्रि०स० [सं० प्रत्यवायनम्] परीक्षा करना, जांचना। उ०—मन री तिसणा नहु मिटै, प्रगट जोइ पतवांण। लाभ थकी बहु लोभ व्है, है त्रिसणा हैरांण।—ध.व.ग्रं.
पतवांणणहार, हारौ (हारी), पतवांणणियौ—वि०।
पतवांणिओड़ौ, पतवांणियोड़ौ, पतवांण्योड़ौ—भू०का०कृ०।
पतवांणीजणौ, पतवांणीजबौ—कर्म वा०।

पतवांणियोड़ौ-भू०का०कृ०—परीक्षा किया हुआ, जांचा हुआ।
(स्त्री० पतवांणियोड़ी)

पतवार-सं०स्त्री० [सं० पत्रवाल या पात्रपाल प्रा० पात्तवाड] नाव का विशेष अंग जिसके द्वारा नाव मोड़ी या घुमाई जाती है।

पतवासत-सं०पु० [सं० वास्तोष्पति] इन्द्र (नां.मा.)

पतव्रत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

पतव्रता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

पतसंगम-वि० [सं० पति+संगम] शीतल*।

पतसा—देखो 'बादशाह' (रू.भे.)
उ०—हुवै न गमियां हांण, आइयां ही हरख न ऊपजै। राजा

पतसा रांण, मन कांइ परखा मोतिया ।—रायसिंह सांदू

पतसाई—देखो 'बादसाही' (रू.भे.)

उ०—सील सहित सिवराज सितारे, खोस लूट घर खाई । कै औरंग के कटक काट के, पट्ट करी पतसाई ।—ऊ.का.

पतसाय—देखो 'बादसाह' (रू.भे.)

पतसार-सं०पु० [सं० सार=लोह+पत=पिता] पहाड़ (अ.मा.)

पतसाळ-सं०स्त्री० [सं० पितृ+शाला] १ पैतृक भवन, पीहर ।

उ०—जनवास रह्यौ कळ चालजती । सुविचार वळी पतसाळ सती ।
—पा.प्र.

पतसाह—देखो 'बादसाह' (रू.भे.)

उ०—'सोनग' बीठळदास रो, रोद्रां लग्गो राह । जोत न धारे दुंद डर, चंद्र ज्यूंही पतसाह ।—रा.रू.

पतसाहण-वि०—१ बादशाह का ।

२ देखो 'बादसाह' (रू.भे.)

पतसाही—देखो 'बादसाही' (रू.भे.)

उ०—१ पिंड 'सूजो' पाधोरियो, औरंग' लियौ उबार । पतसाही राखी पगे, 'केहर' राजकुमार ।—पदमसिंह री वात

उ०—२ आगे ग्रह बाराह रै, पुहकर सांम गरज्ज । लड़िया पतसाही दळां, झड़ पड़िया कमधज्ज ।—रा.रू.

पतस्वाहा-सं०पु० [सं० स्वाहापति] अग्नि (डि.को.)

पतहीण, पतहीणो-वि० [राज० पत+सं० हीन] १ अविश्वासपात्र ।

२ मानहीन ।

पतांणणो, पतांणबो-क्रि०स० [सं० प्रत्यवायः] जांच करना ।

पतांणणहार, हारो (हारी), पतांणणियो—वि० ।

पतांणिओड़ो, पतांणियोड़ो, पतांण्योड़ो—भू०का०कृ० ।

पतांणीजणो, पतांणीजबो—कर्म वा० ।

पतांणियोड़ो-भू०का०कृ०—जांचा हुआ, परखा हुआ ।

(स्त्री० पतांणियोड़ी)

पता—देखो 'पिता' (रू.भे.)

उ०—'फला' हरा जुध वार करारी, जुध जीपण अवसांण जता । पता, कहै सैंवास पूत नैं, पूत कहै सैंवास पता ।—अज्ञात

पताक—देखो 'पताका' (रू.भे.)

उ०—प्रत सदन पीत पताक फरकत, वरण बहु खुख वेस । मध जनकपुर सुर असुर मांनव, पड़ै संभ्रत पेस ।—र.रू.

पताकणी, पताकनी-सं०स्त्री० [सं० पताकिनी] १ फौज, दल, सेना
(ह.नां.मा.)

उ०—यह है न पताकणी, तस में असन तुखार । रूप रढाळी रटण रण, हिम हिम्मत हथियार ।—रेवतसिंह भाटी

२ एक देवी ।

रू०भे०—पताकिनी, प्रताकनी ।

पताका-सं०स्त्री [सं०] १ झण्डा, झण्डी, ध्वजा (अ.मा., ह.नां.मा.)

क्रि०प्र०—उडणी, उडाणी, खड़ी करणी, खोलणी, गाडणी, गिरणी, गिराणी, पड़णी, पाड़णी, फहरणी, फहराणी, रोपणी ।

२ पिंगल के नौ प्रत्ययों में से आठवां जिसके द्वारा किसी निश्चित गुरु-लघु वर्णों के छंद या छंदों का स्थान जाना जाय ।

३ घोड़े के चारजामा का एक भाग जहां पर जल-पात्र लटकाए जाता है ।

रू०भे०—पताक, पताख, पताखा, प्रताका ।

पताकादंड-सं०पु०यो० [सं०] १ झण्डे का डण्डा ।

२ ध्वज ।

पताकामीन-सं०पु०यो० [सं० मीन+पताका] कामदेव (अ.मा.) ।

पताकिनी—देखो 'पताकनी' (रू.भे.)

पताकी-वि०—पताकधारी ।

सं०पु० [सं० पताकिन्] १ रथ ।

२ फलित ज्योतिष के अनुसार राशि और ग्रहों का वेध देखने का चक्र विशेष ।

पताख, पताखा—देखो 'पताका' (रू.भे.)

उ०—१ हल हल्लिय लंक गढ़ वंक सो, दस घू पैहल काहल्लिय । हल्लिय पताख गजराज पै, विजै कटक राघव हल्लिय ।—र.ज.प्र.

उ०—२ घोडा लोह चाब रह्या छै । जीणां री साखां-जनाखां ऊंची नांखजै छै । तंग खोळा कीजै छै । तठा उपरांत पताखां सूं बादळा छोडजै छै ।—रा.सा.सं.

उ०—३ अवर वेद उणि आगळी, दूजै कोठै दाखि । महि पताखा मोढिजै, रुडो लेखो राखि ।—ल.पि.

पताम्ह—देखो 'पितामह' (रू.भे.) (डि.को.)

पताळ—देखो 'पाताळ' (रू.भे.)

उ०—परि किमि करि लागां पगे, पाउ पताळ प्रमांण । स्रमण दिसै वैकुंठ छत, राज निमो रहमांण ।—पी.ग्रं.

पताळखंड—देखो 'पाताळखंड' (रू.भे.)

पताळगारड़ो—देखो 'पाताळ-गारुडी' (रू.भे.)

पताळदंती—देखो 'पाताळदंती' (रू.भे.)

पताळजंत्र—देखो 'पाताळजंत्र' (रू.भे.)

पताळि—देखो 'पाताळ' (रू.भे.)

उ०—सरग पताळि प्रिथी चो सांम ।—रांमरासो

पताळियो-वि०—पाताल संबंधी, पाताल का ।

सं०पु० [सं० पाताल+रा.प्र. इयो] १ नीचे की ओर झुके हुए लम्बे सींगों वाला बैल ।

२ अथाह पानी का बहुत गहरा कुआ ।

यौ०—पताळियो-बेरो ।

३ देखो 'पाताळ' (अल्पा., रू.भे.)

रू०भे०—पाताळियो ।

पतास—देखो 'पतासो' (मह०, रू.भे.)

उ०—१ सड़ण पड़ण विधंसण देहणी, तिणरी किसड़ी रे आस । खिण एक मांही जासी रे बिगड़ी, जिम पांणी मांहे पतास ।
—जयवांणी

उ०—२ घारां, घेवर, ससिवदन, सुहाली, प्रतवणी, घारडी, पतास फीणी, दहीथरां, तिलसांकली···।—व.स.

पतासड़ो—देखो 'पतासो' (अल्पा.,रू.भे.)

पतासि—देखो 'पतासी' (रू.भे.)

पतासियो—देखो 'पतासी' (अल्पा०, रू.भे.)

पतासी-सं०स्त्री० (?) १ लोहे की चद्दर का तासकनुमा बना हुआ एक बर्तन विशेष जिसके एक तरफ लकड़ी का डण्डा लगा हुआ होता है ।

२ लोहे की एक ही चद्दर की बनी छिछली व कम गहरी कढाई ।

३ वढई का एक ओजार विशेष, छोटी रुखाणी ।

४ एक प्रकार की आतिशबाजी जो अनार का छोटा रूप होती है ।

४ देखो 'पतासो' (अल्पा०, रू.भे.)

पतासो-सं०पु० [सं० वातास] १ चीनी की नरम चासनी को टपका कर बनाया हुआ एक पदार्थ विशेष, बताशा । उ०—मिसरी पतासा मखांणा अर नाळेरां री विकरी घणी ही व्हैण लागी ।—फुलवाड़ी

२ पानी का बुदबुदा ।

३ मैदे का तल कर फुलाया हुआ एक गोलाकार खाद्य पदार्थ जिसमें जलजीरे का पानी भर कर खाते हैं ।

रू०भे०—बतासो ।

अल्पा०—पतासड़ो, पतासियो ।

पतिंग—देखो 'पतंग' (रू.भे.)

उ०—अला पतिंगह चदमां तणो पालो । अला झाझ नांमी, इसा विरद झालो ।—पी.ग्रं.

पति-सं०पु० [सं०] १ किसी स्त्री का विवाहित पुरुष, भर्ता, खाविंद (ह.नां.मा.)

उ०—१ व्यथा विरहाग वियोग विहाय, सवागण भाग संयोग सुहाय । अनाग्रह भुल्लित आंन उपाय, प्रफुल्लित ज्यूं पतनी पति पाय ।—ऊ.का.

उ०—२ वांणी हर वीसार कर, वंचै आंन कुवांण । नार छांड पति आपणो, जार विलग्गी जांण ।—ह.र.

पर्या०—ईस्ट, कंत, करणविवाह, खामंद, ढोलो, घणी, घव, नाथ, नायक, पनामारू, पीतम, प्रांणेय, प्रांणेस, वर, वरयित, बालम, भरतार, भोगता, मांटी, रमण, विवोढ़, साहिब ।

२ स्वामी, प्रभु, मालिक ।

३. ईश्वर ।

४. शिव ।

५. मर्यादा, इज्जत, प्रतिष्ठा ।

६. विश्वास, प्रतीति, पत ।

उ०—साहिब, तुज्झ सनेहड़इ, प्रीति-तणी पति जाइ । जळ खिण ही जांणइ नहीं, मच्छ मरइ तिण मांइ ।—ढो.मा.

७ देखो 'पत' (रू.भे)

रू०भे०—पत, पती, पत्त, पत्ति, पत्ती ।

पतिआणो, पतिआवो-क्रि०स० [सं० प्रत्ययितम्] विश्वास करना, सच मानना ।

क्रि०अ०—विश्वास होना ।

पतियाणो, पतियाबो, पतियावणो, पतियाववो (रू०भे०)

पतिआयोड़ो-भू०का०कृ०—१ विश्वास किया हुआ, सच माना हुआ ।

२ विश्वास हुवा हुआ ।

(स्त्री० पतिआयोड़ी)

पतिआरो-सं०पु० [सं० प्रत्ययित] विश्वास, भरोसा ।

रू०भे०—पतयारो, पतियारो, पत्यारो ।

मह०—पतियार ।

पतिउत्तर-सं०पु०यो० [सं० उत्तर+पति] कुबेर (नां.मा.)

पतिग—देखो 'पातक' (रू.भे)

उ०—वांणारसी विहां परसजे, तिणि दरसण जाई पतिग म्हास ।
—बी.दे.

पतिघातण, पतिघातणी, पतिघातिण पतिघातिणी-सं०स्त्री० सं० पति-घातिनी] १ स्त्री की हथेली पर होने वाली वह रेखा जो अंगुष्ठ की जड़ के अति नीचे से कनिष्ठका अंगुली तक सीधी जाती है, वैधव्यसूचक हस्तरेखा ।

२ वह स्त्री जिसका ज्योतिष या सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार विधवा हो जाना संभव हो, वैधव्य योग या लक्षण वाली स्त्री ।

३ पति की हत्या करने वाली स्त्री ।

पतिजळ-सं०पु० [सं० जलपति] समुद्र, उदधि (ह.नां.मा.)

पतित-वि० [सं०] १ गिरा हुआ ।

(स्त्री० पतिता)

२ महापापी, अतिपातकी ।

उ०—अनंत पर आरती उतारिस, सोळ प्रकार पूज संभारिस । भाव भगत करतो जग-भावन, पतित सरीर करिस मम पावन ।—ह.र.

३ आचार, नीति या धर्म से गिरा हुआ ।

रू०भे०—पतत, पतीत ।

पतितउधारण-स०पु०यो० [सं० पतित+उद्धारण] ईश्वर (नां.मा.)

पतिधरम-सं०पु०यो० [सं० पति-धर्म] पति के प्रति स्त्री का कर्त्तव्य, धर्म ।

पतिवरत—१ देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

२ देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

पतिबरता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

उ०—रांम न छाडो मैं डरूं, ऊंडै घसैं बलाय । पतिबरता पति कूं

व्रजे, तब ही खोटा खाय ।—ह पु.वा.

पतिव्रत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

पतिमराळ-सं०पु०यो० [सं० मराल+पति] ब्रह्मा (नां.मा.)

पतियत-सं०पु० [सं० पति+रा. प्र. यत] स्वामित्व, पतित्व ।

उ०—जिकी जीव नूं प्यारो राखै छै तिण नूं सरदारो, देस पतियत सूं कांई काम छै ।—नी.प्र.

पतिया-सं०स्त्री० [सं० पत्र] देखो 'पत्र' (अल्पा., रू.भे.)

उ०—तरसत अखियां हुई द्रुम पखियां। जाय मिलो पिव सूं सखियां । यदुनाथजी रे हाथ री ल्यावे कोई पतियां ।

—जयवांणी

पतियाणो, पतियाबो—देखो 'पतिआणो, पतिआबो' (रू.भे.)

उ०—माया मरे जीव सब, खंड खंड कर खाइ । दादू घट का नास कर, रोयैं जग पतियाइ ।—दादूवांणी

पतियारो—देखो 'पतिआरो' (रू.भे.)

उ०—वा सिंघ अर चीता नैं कह्यो—आप इण नकली राजा रै डर सूं मांस छोड़ दियो, थांनैं लाज नीं आवै । अेकर सांमनो करनै तो पतियारो लो ।—फुलवाड़ी

पतियावणो, पतियावबो—देखो 'पतिआणो, पतिआबो' (रू.भे.)

उ०—फूल न सेभ सूल होइ लागी, जागत रैणि विहावै हो । कासूं कहूं कुण मानै मेरी, कह्यां न को पतियावै हो ।—मीरां

पतिलोक-सं०पु०यो० [सं०] पतिव्रता स्त्री को प्राप्त होने वाला वह स्वर्ग जहां उसका पति रहता हो ।

पतिवती-सं०स्त्री० [सं०] सौभाग्यवती, सधवा ।

पतिवरत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

उ०—१ जळवा काज 'नरूकी' 'जादम', घर ऊठी पतिवरत तणै भ्रम । रट हरि मुखपति ध्यांन रहायो, मंजण कर सिणगार मंगायो ।

—रा.रू.

उ०—२ लाज सीळ सप्रेह, लाज पतिवरत न मूकै ।—रा.रू.

पतिवरता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)

उ०—वेस्या सुख भोगै पतिवरता व्याधी । इणसूं ईस्वर री ईस्वरता आधी ।—ऊ.का.

पतिवसांण—देखो 'पतवसांन' (रू.भे.)

पतिव्रत-सं०पु० [सं०] स्त्री की अपने पति में निष्ठा, प्रीति ।

उ०—१ पत सहती पतनी सर्व, दोनौ वैकुंठा वास । पतिव्रत पाळयो हरि भज्यो, प्रभू निवाजै तास ।—गजउद्धार

उ०—२ हूं कुळ में पापी हुवो, पत नूं दीन्हो पीठ । त्रिया पतिव्रत पाळ तूं, धिक धिक मत कह धीठ ।—बां.दा.

क्रि०प्र०—धारणो, निभाणो, पाळणो, राखणो ।

रू०भे०—पतवरत, पतव्रत, पतवरत, पतव्रत, पतिवरत, पतिव्रत, पतिवरत, पतिव्रत, पतीवरत, पतीव्रत, पतीवरत, पातिव्रत, प्रतिवत ।

पतिव्रता-सं०स्त्री [सं०] पति में अनन्य अनुराग रखने वाली स्त्री, सती, साध्वी, सच्चरित्रा ।

उ०—अनुकूळ पुरस, पतिव्रता जोय । सुभ करम करत, कुळअम सकोय ।—सू.प्र.

पर्या०—एकपत(ति) पतिप्रेमा, मनसमी, मनस्विनी, सती, साध्वी, सुचरुच, सुचहिय, सुभचरिता ।

रू०भे०—पतवरता, पतव्रता, पतवरता, पतव्रता, पतिवरता, पतिव्रता, पतिवरता, पतीवरता, पतीव्रता ।

पतिसाह—देखो 'बादसाह' (रू.भे.)

उ०—कूरमनाथ नवाब कै, साथ हुवै 'जैसाह' । बावीसो वेली दिया, विदा किया पतिसाह ।—रा.रू.

पतिसाही—देखो 'बादसाही' (रू.भे.)

उ०—कांम फैल मति करो, स्यांमध्रम धरो सिपाही । सराजांम दो सरब, तोपखांना पतिसाही ।—सू.प्र.

पतिस्या—देखो 'बादसाह' (रू.भे.)

पतिहथणापुर-सं०पु०यो० [सं० हस्तिनापुर+पति] युधिष्ठिर

(ह.नां.मा.)

रू०भे०—पतीहतणापुर ।

पती—१ देखो 'पति' (रू.भे.)

उ०—१ सत पाय उपाय दिगाय सती । पद गाय रिझाय छुडाय पती ।—ऊ.का.

उ०—२ नित जय ग्यांन निवास, पती गणनायको । लंबोदर हर नंद, सिरोमण लायको ।—बां.दा.

२ देखो 'पत्र' (अल्पा., रू.भे.)

पतीअपार-वि० [सं० अपारपति] वह जिसके अनेक पति हों ।

सं०स्त्री०—१ पृथ्वी ।

२ वेस्या ।

३ लक्ष्मी ।

पतीग्रह-सं०पु० [सं० ग्रहपति] सूर्य (ना.डिं.को.)

पतीजणो, पतीजबो-क्रि०स० [सं० प्रत्यय, प्रा० प्रतिज्ज] विश्वास करना, भरोसा करना । उ०—रीता हुवै हजारहां, कळस भरीज भरीज । रीतो हुवै निवांण नह, इण द्रस्टांत पतीज ।—बां.दा.

पतीजियोड़ो-भू०का०कृ०—विश्वास किया हुआ ।

(स्त्री० पतीजियोड़ी)

पतीत—देखो 'पतित' (रू.भे.)

उ०—श्रो पतीत पावन प्रभु, इणि रो करो उचार । इणि रो नांम कल्यांण छै, श्रो श्ररिजण रो यार ।—पी ग्र.

पतीनागराइ-सं०पु० [सं० पतिनागराज] शेषनाग ।

उ०—पतीनागराई फेण सा चौगणा आगराई पीधा, माहूंलोक दीधा पाव पाघड़ै समाज ।—महादांन महड़

पतीनि—देखो 'पत्नी' (रू.भे.) (ह.नां.)

पतीयासी—सं०स्त्री० [?] सरोवर ?
उ०—जसीया कसीयक छै, आपनै भी उघारै जसीयक छै। पतीयासी को कमळ, गंगासी विमळा भूभळिया नैनां की भ्रमरता सा वेरणां की।
—मयाराम दरजी री बात

पतीव्रत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)
उ० - मात पिता रौ मोह, कुटुंब छोडै जिरण कारण। घरै पतीव्रत घरम, तेण समभै भवतारण।—ऊ.का.

पतीराखण—देखो 'पतराखण' (रू.भे.) (ह.नां.मा.)

पतीवरत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)

पतीवरता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)
उ०—कुळवंति पतीवरता किहड़ी, उघरै पख च्यारि जिसा इहड़ी। घुरिआ घरण वाजित्र घाउ घणूं, तिरिण वर त्रिआं वघि रूप तणूं।
—वचनिका

पतीवसंत-सं०पु०यौ० [सं० वसन्त+पति] वृक्ष (नां.मा.)

पतीव्रत—देखो 'पतिव्रत' (रू.भे.)
उ०—दरसरण देख करै नित दांतरण, रहै पतीव्रत रंगी। पून्य खीरण तैं करत पयांणौ, घणौ छोड अरधंगी।—ऊ.का.

पतीव्रता—देखो 'पतिव्रता' (रू.भे.)
उ०—पुरस तो वीर है—अर स्त्री पतीव्रता सूरमी सती है।
—वी.स.टी.

पतीहतणापुर—देखो 'पतिहथणापुर' (रू.भे.)

पतेरि-सं०स्त्री० [सं०पितृव्य+रा प्र रि] चाचा की पुत्री, चचेरी बहन।
उ०—छळ कर बळ कर घाइ कर, मारे जिहि तिहि फेरि। दादू ताहि न घीजिये, परणे सगी पतेरि।—दादूबांणी

पतोड़, पतोळ—देखो 'पित्तोड़' (रू.भे.)

पतोलड़ी, पतोली—देखो 'पातली' (अल्पा; रू.भे.)

पतौ-सं०पु० [सं० प्रत्यय, प्रा०पत्ताय=ख्याति] १ स्थान सूचित करने वाली वह बात जिससे उस स्थान पर पहुंचा जा सके।
क्रि०प्र०—करणौ, जांणणौ, दैणौ, पूछणौ, बताणौ, लैणौ।
२ चिट्ठी पर लिखी वह इबारत जिससे वह निर्दिस्ट स्थान पर पहुँच जावे।
क्रि०प्र०—पढ़णौ, पढ़ाणौ, लिखणौ, लिखाणा।
३ जानकारी, खबर।
उ०—१ ए इतरा मिनख कठा सूं आवै है, अर कठै जावै है, कांई पतौ ही नही लागै।—रातवासौ
उ०—२ छींयां देखनै म्हैं पतौ पाड़ लेवूंला के कुण पड़ियौ अर कुण पटकियौ।—फुलवाड़ी
क्रि०प्र०—करणौ, दैणौ, भेजणौ, लगाणौ, लागणौ, होणौ।
४ अनुसंधान, खोज, टोह, सुराग।
उ०—म्हनै राज रै दाय पड़ै ज्यूं वाढ़ौ, छूनौ, पण अेकर चोर रौ पतौ लगाय लूं तौ मरियां हूं मुगातर पावूं।—फुलवाड़ी

५. मोटे कागज का गोल या चौकोर खण्ड जो तास के खेल में काम आता है।
६ देखो 'पत्र' (रू.भे.)
७ देखो 'पत्तौ' (रू.भे.)
रू०भे०—पैंतौ।

पत्त—१ देखो 'पत्र' (रू.भे.)
यौ०—पत्तपुप्फ।
२ देखो 'पित्ता' (रू.भे.)
३ देखो 'पति' (रू.भे.)
उ०—साहां ऊथप थप्पणौ, पह नरनाहां पत्त। राह दुहूं हद रक्खणौ, 'अभैसाह' छत्रपत्त।—रा.रू.
४ देखो 'पात्र' (रू.भे.)
उ०—जइधार तार जैकार किद्ध, भरि पत्त रत्त जोगणी पिद्ध।
—गु.रू.बं.

पत्तन—१ देखो 'पट्टण' (रू.भे.)
उ०—राज्य हस्ती नइ तुरंगम, हारीउ भंडार रे। नगर पुर पत्तन सवि भला, अग थोलगूं सार रे।—नळदवदंती रास
२ देखो 'पतन' (रू.भे.)

पत्तपुप्फ—देखो 'पत्रपुस्प' (रू.भे.)

पत्तर-सं०पु० [सं० पात्र] १ सन्यासियों का भिक्षा-पात्र, खप्पर, खपड़ा।
उ०—पिंड फूटै रत पड़ै, पियै चौसठि भर पत्तर। सिर तूटां, सूरिमां, सभै संकर गळि चौसर।—सू.प्र.
२ देखो 'पत्र' (रू.भे.)
३ देखो 'पात्र' (रू.भे.)

पत्तळ—देखो 'पातळ' (रू.भे.)

पत्ति, पत्ती—१ देखो 'पति' (रू.भे.)
उ०—हिंदुआं मौड राठौड़ मोटे हुसम, पुहवि पत्ति मांहि परताप प्राभौ।—ध.व.ग्रं.
२ देखो 'पत्र' (अल्पा.,रू.भे.)
उ०—पुरांणी प्रभु वंचांणी पत्ति, जगत्पति तूं ही सब्ब जगत्ति।
—ह.र.

पत्तीजणौ, पत्तीजबौ—देखो 'पतीजणौ, पतीजबौ' (रू.भे.)
उ०—फूलां फळां निघट्टियां, मेहां घर पड़ियांह। परदेसां का सज्जणा, पत्तो जूं मिळियांह।—ढो.मा.

पत्तीसुरळियौ-सं०पु० [देशज] स्त्रियों के कान का आभूषण विशेष।

पत्तेणम—देखो 'पत्र' (रू.भे.)
उ०—सिसु वै मित्ती वित्ती, उदभौ पौगंड मंढ सिंगारौ। ज्यो व्रंदारक सरयं, प्रांमै डाळ संगि पत्तेणम।—रा.रू.

पत्तौ-सं०पु० [सं० पत्रक] १ कान का आभूषण विशेष।
उ०—बीरा म्हारे कांनां में पत्ता लाज्यो, म्हारे कुंडळ बैठ घड़ाज्यो,

म्हारे रिमक-भिमक भाती आव्यो ।—लो.गी.

२ देखो 'पतौ' (रू.भे.)

उ०—१ पत्ता भड़ पत्ता खत्ता खड़खावै, उड़ता ऊमर इव पत्ता नहि पावै ।—ऊ.का.

उ० –२ चोर पत्तो पड़ियां म्हैं अठी-उठी उण रो हेरो करू' तौ लारै राजा नै साची वात तौ वता सकै ।—फुलवाड़ी

उ०—३ ऊंट रै दूजा डील रो तौ कीं पत्तो नीं पण भींडी रै माथा कर वधती वा गावड़···सगळै फिरगी ।—फुलवाड़ी

पत्थ—१ देखो 'पारथ' (रू.भे.)

उ०—मरोड़े गजां कंध ओडै मरद्दं, रहचै जिसा सिंध मुक्की रवद्दं, । कसीसं गुणं ओसटंकी कवांणं, वळी भीम वत्थ कळी पत्थ वाणं ।

—वचनिका

२ देखो 'पंथ' (रू.भे.)

उ०—पालउ जीव दया इह धरम पत्थ, भगवंत भाखइ सवत्थ सत्थ ।

—स.कु.

३ देखो 'पथ्य' (रू.भे.)

उ०—हाथी जनमि किसौं न ल्है, वैंद दिये किम पत्थ । नर आदर किम नां लहै, उत्तर तिहुं इक अत्थ ।—ध.व.ग्रं.

पत्थकळा—देखो 'पत्थरकळा' (रू.भे.)

पत्थय—१ देखो 'पंथ' (रू.भे.)

उ०—नवाव पुत्र नूरली, अनेक मीर असल्ली । सिताव सामरत्थयं, कियौ कि पार पत्थयं ।—रा.रू.

२ देखो 'पारथ' (रू.भे.)

३ देखो 'पथ्य' (रू.भे.)

पत्थर–संपु० [सं० प्रस्तरः, प्रा० पत्थर] पृथ्वी के बड़े स्तर का पिण्ड या खण्ड, पाषाण

उ०—स्रीहर परहर अवर नूं, मत संभरै अयांण । तरु छंडै लागी लता, पत्थर चै गळ जांण ।—ह.र.

पर्या०—असम, उपल, ग्राव, घण, द्रखद, धात, पाखांण, सिळ ।

रू०भे०—पथर, पथ्थर, पाथर ।

यौ०—पत्थरकळा, पत्थरचटी (चट्टी), पत्थरफोड़, पत्थरफोड़ौ, पत्थरवाज, पत्थरवाजी ।

पत्थरकळा–संस्त्री०यौ० [सं प्रस्तरकला] एक प्रकार की वन्दूक जिसके घोड़े के पास पत्थर होता था जिस पर घोड़े को चोट पड़ने से वन्दूक छूटती थी ।

रू०भे०—पत्थकळा, पत्थरकळा ।

पत्थरचटी–संस्त्री०यौ० [सं० प्रस्तरः+चष्ट] एक प्रकार की औषधि, पाषाणभेद ।

रू०भे०—पथरचटी, पथरचट्टी ।

पत्थरचटौ–वि० [स० प्रस्तरः+चष्ठ] कंजूस ।

संपु०—१ एक प्रकार का सर्प ।

२ एक प्रकार की घास जिसकी पत्तियां कोमल होती हैं ।

पत्थरफोड़–संपु० [सं० प्रस्तरः+स्फोटनं] १ एक प्रकार का पक्षी, हुद-हुद ।

२ देखो 'पत्थरफोड़ौ' (रू.भे.)

पत्थरफोड़ी–संस्त्री [सं० प्रस्तरः+स्फोटनं] पत्थर को तोड़ने वाली, टांकी ।

रू०भे०—पथरफोड़ी ।

पत्थरफोड़ौ–वि० [सं० प्रस्तरः+स्फोटनम्] (स्त्री० पत्थरफोड़ी) पत्थर तोड़ने का कार्य करने वाला, संगतरास ।

रू०भे०—पत्थरफोड़ ।

पत्थरवाज–वि० [सं० प्रस्तरः+फा०वाज्] पत्थर फेंकने वाला ।

पत्थरवाजी–सं० स्त्री० [सं०प्रस्तरः+फा० वाजी] पत्थर फेंकने की क्रिया या भाव ।

पत्थरी—देखो 'पथरी' (रू.भे.)

पत्थु—देखो 'पारथ' (रू.भे.)

उ०—तीणं परीक्षां गुर तणी, पूगउ एक जु पत्थु । राहा वेहु तउ सिखवइ, मच्छइ देविणु हत्थु ।—पं.पं.च.

पत्थ्या–संस्त्री० [सं० पथ्या] १ गली ।

उ०—वैठस वैरागी त्यागी तन तावै, वेला तेला विधि सहजां वण आवै । पत्थ्या पाटण दै भिक्ष्याटण भाजी, रत्थ्या करपट लै चरपट वत राजी ।—ऊ.का.

२ मार्ग, रास्ता ।

पत्नी–संस्त्री० [सं०] विधिवत् विवाहिता स्त्री, अर्धांगिनी (डि.को.)

पर्या०—अरधांगणी, जोड़ायत, घण, प्यारी, लाडी ।

रू०भे०—पतनी, पतन्नी, पतीनि, पत्नि ।

यौ०—पत्नीदास, पत्नीप्रिय, पत्नीभक्त, पत्नीव्रत ।

पत्नीदास–संपु०यौ० [सं०] पत्नी का गुलाम ।

पत्नीप्रिय–संपु०यौ० [सं०] १ पत्नी का प्यारा ।

२ वह जिसको पत्नी प्यारी हो ।

पत्नीव्रत—देखो 'पत्नीव्रत' (रू.भे.)

पत्नीभक्त–संपु०यौ० [सं०] पत्नी का भक्त ।

पत्नीव्रत–संपु०यौ० [सं०] अपनी पत्नी के अलावा किसी अन्य से गमन न करने का संकल्प, प्रण ।

रू०भे०—पतनीवरत, पतनीव्रत, पतनीवरत, पतनीव्रत, पत्नी-व्रत ।

पत्यारौ—देखो 'पतियारौ' (रू.भे.)

पत्र–संपु० [सं० पत्रम्] १ चिट्ठी, पत्री, खत (अनेका.)

२ लिखा हुआ कागज, दस्तावेज ।

उ०—जरै खीची रो भय टळियां विस्वास पाइ धीजियां नूं रजपूत करण रै काज मीणां री चाल छोडण रो पत्र कपट कर लिखांणौ ।

—वं.भा.

३ पन्ना, पृष्ठ, पेज (अनेका०)

४ किसी वृक्ष का पत्ता, पर्ण।

उ०—गजंद सुंड नाभ कुंड पेट पत्र-पीपळं। नितंब तंब जंघ रंभ केहरी कटी मिळं।—पा.प्र.

पर्या०—छद, छदन, दळ परण, पळाश, पांन।

५ तीर या पक्षी का पंख (अनेका०)

६ चिड़िया, पंखेरू (अनेका०)

७ प्रथम लघु ढगण के भेद का नाम (डि.को.)

८ सवारी रथ, वहल, ऊंट, घोड़ा आदि।

९ देखो 'पात्र' (रू.भे.)

उ०—१ दीघ तिहवर चड पत्र पर गूंद पळ वर घपाई रिण धीर।
—प्रतापसिंघ म्होकमसिंघ री वात

उ०—२ विहंग खळां वह स्रोण वहाऊं। पत्र भरि भरि काळिका धपाऊं।—सू.प्र.

रू०भे०—पत, पतर, पतौ, पत्त, पत्तर, पतेरणम, पत्रियांणि।

अल्पा०—पतरी, पतिया, पती, पति, पाती।

पत्रका—देखो 'पत्रिका' (रू.भे.)

पत्रकार-सं०पु० [सं०] किसी समाचार पत्र का सम्पादक।

पत्रच्छेद-सं०स्त्री० [सं०] पुरुषों की ७२ कलाओं में से एक कला।

पत्रज-सं०पु० [सं०] तेजपात (वृक्ष विशेष)

पत्रती-सं०पु० [सं० पतत्रि] पक्षी, पंखेरू (अ.मा.)

पत्रदूत-सं०पु० [सं० पत्र+दूत] चिट्ठीरसा, डाकिया, पत्रवाहक।

पत्रधार-सं०पु० [सं० पत्र+धार=पक्षी] पक्षी।

उ०—भुघ जंतुनखो मख लेन चले, पत्रधार पळच्चर संग हले।
—ला.रा.

पत्रपुगावण-सं०पु०—पत्रवाहक (डि.को.)

पत्रपुस्प-सं०पु० [सं०] भेंट की मामूली सामग्री।

रू०भे०—पत्त-पुप्फ।

पत्रबाह—देखो 'पत्रवाह' (रू.भे.)

पत्रभंग-सं०पु०यौ० [सं०] सौंदर्य वृद्धि के लिए माथे और गाल पर की जाने वाली चित्रकारी (मारोठ)

पत्ररथ-सं०पु०—पक्षी (अ.मा.)

पत्रवाह-सं०पु० [सं०] संदेशवाहक, पत्रवाहक।

रू०भे०—पत्रबाह।

पत्रांतूळ, पत्रातूळ-सं०पु० [सं० पत्र+तुल्य] नाश, समाप्ति।

उ०—कोस दोय दंताळा दकूळ भूल जत्रां-कत्रां, पत्रांतूळ कीधी वत्रां वघूल पटेल।—हुकमीचंद खिड़ियौ

पत्राकार-वि० [सं० पत्र+आकार] पत्ते क आकार वाला।

उ०—पियकर परसत पीठ, घणौ सुख पाव ही। कदली पत्राकार, प्रसिद्ध कहावही।—वां.दा.

पत्राळ-सं०पु० [सं० पत्र=पक्ष, आलुच्] १ पक्षी, पंखेरू।

उ०—कई जातरा तत्र पत्राळ कूंजै, गहक्कै सिवा साद सादूळ गूंजै।
—मे.म.

२ घने पत्तों वाला वृक्ष।

पत्रावळी-सं०पु० [सं० पत्रं+अवली] १ एक प्रकार का हार।

उ०—एकावळी कनकावळी, रत्नावळी वज्रावळी चंद्रावळी।
—व.स.

सं०स्त्री०—२ पत्तों की पंक्ति।

३ फायल।

पत्रिका-सं०स्त्री० [सं०] १ छोटा पत्र, खत। उ०—या प्रेम पत्रिका दीज्यो हो, म्हारा मारू ने जाय कीज्यो। आंसू टप टप अंगिया टपके, बदन गुलाबी भीज्यो भीज्यो।—लो.गी.

यौ०—जन्मपत्रिका, लग्नपत्रिका।

२ कोई सामयिक पत्र या पुस्तक।

३ जन्मपत्रिका।

४ लग्नपत्रिका।

रू०भे०—पत्रका।

पत्रियांणि—देखो 'पत्र' (रू.भे.)

पत्री-सं०स्त्री० [सं० पत्रिन्] १ वृक्ष (अ.मा.)

२ पक्षी (अ.मा.)

३ तीर, बाण। उ०—वळी नृप 'जंत' करां वळिहार। पत्री मण-भीज परां खळ पार।—मे.म.

४ यमराज (नां.मा.)

५ कमल (अनेका०)

[सं० पत्रं+रा.प्र.ई] ६ चिट्ठी, खत।

७ जन्मपत्रिका।

८ ताड़।

९ पर्वत, पहाड़।

रू०भे०—पत।

पत्रीराज-सं०पु० [सं० पत्री+राज] गरुड़ (नां.मा.)

पत्रीस-सं०पु० [सं० पत्री+ईश] १ कल्पवृक्ष, कल्पतरु (अ.मा.)

२ गरुड़।

पत्रेसुर—देखो 'पित्रेस्वर' (रू.भे.)

उ०—यों वरखा रितु ऊतरी, आवी सरद सुभाय। पत्रसुर कीजै प्रसन, पोखीजै रिख राय।—रा.रू.

पत्रौ—देखो 'पतड़ौ' (रू.भे.)

पथ-सं०पु० [सं० पाथं] १ जल, पानी (अ.मा., डि.को.)

२ देखो 'पथ्य' (रू.भे.)

उ०—मीठे को मंडको अळसी को तेल, वो थारी जच्चा रांणी पथ लियौ राज।—लो.गी.

३ देखो 'पारथ' रू.भे.)

उ०—भीम पथ जिम करण भारथ निवहि चाडण नीर।—ल.पिं.

४ देखो 'पंथ' (रू.भे.)

उ०—उज्जैण महाराज वीर विक्रमादित्य राज करै। तहां सकळ प्रजा धरमपथ हालै।—सिंघासण बत्तीसी

रू०भे०—पाथ।

अल्पा०—पाथू।

पथक-सं०पु० [सं०] १ रास्ता चलने वाला राहगीर।

२ रास्ता बताने वाला।

पथचारी-सं०पु० [सं० पथचारिन्] राहगीर, पथिक।

पथछाया-सं०पु०यौ० [सं०पथ+राज०छाया] आकाश, आसमान (डि.को.)

पथदरसक-वि० [सं० पथदर्शक] मार्ग बताने वाला, रास्ता दिखाने वाला।

पथर—देखो 'पत्थर' (रू.भे.)

उ०—अकबर **पथर** अनेक, के भूपत भेळा किया। हाथ न लागो हेक, पारस रांण 'प्रतापसी'।—दुरसो आढ़ो

पथरकळा—देखो 'पत्थरकळा' (रू.भे.)

पथरचटौ—देखो 'पत्थरचटौ' (रू.भे.)

पथरचटौ—देखो 'पत्थरचटौ' (रू.भे.)

पथरणउ, पथरणौ-सं०पु० [सं० प्रस्तरणम्] गद्दा, घासिया।

उ०—ऊठौ म्हारा मारू वनड़ा करो नी पोढणियो, हिंगळू तौ ढोळयौ बनड़ा सिरख **पथरणौ**।—लो.गी.

रू०भे०—पतन्नौ, पाथरणि, पाथरणौ।

अल्पा०—पथरणियौ।

मह०—पाथर।

पथरणौ, पथरबौ—देखो 'पाथरणौ, पाथरबौ' (रू.भे.)

पथरणहार, हारौ (हारी), पथरणियौ—वि०।

पथरिग्रोड़ौ, पथरियोड़ौ, पथरयोड़ौ—भू०का०कृ०।

पथरीजणौ, पथरीजबौ—कर्म०वा०।

पथरफोड़ौ—देखो 'पत्थरफोड़ौ' (रू.भे.)

पथरफोड़ौ—देखो 'पत्थरफोड़ौ' (रू.भे.)

पथराणौ, पथराबौ-क्रि०स० [सं० प्रस्तरणम्] फैलाना, बिछाना।

उ०—पछै साहां पैहलो सड़ो सवळो बंधायो, हेठे हाडे सोर **पथरायो**, ऊपर घास पाथरियो।—नैणसी

पथराणहार, हारौ (हारी), पथराणियौ—वि०।

पथरायोड़ौ—भू०का०कृ०।

पथराईजणौ, पथराईजबौ—कर्म०वा०।

पथरावणौ, पथरावबौ, पाथरणौ, पाथरबौ, पाथराणौ, पाथराबौ, पाथरावणौ, पाथरावबौ—रू०भे०।

पथरायोड़ौ-भू०का०कृ०—फैलाया हुआ, बिछाया हुआ।
(स्त्री० पथरायोड़ी)

पथरावणौ, पथरावबौ—देखो 'पथराणौ, पथराबौ' (रू.भे.)

पथरावणहार, हारौ (हारी), पथरावणियौ—वि०।

पथराविग्रोड़ौ, पथरावियोड़ौ, पथराव्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पथरावीजणौ, पथरावीजबौ।—कर्म०वा०।

पथरावियोड़ौ—देखो 'पथरायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पथरावियोड़ी)

पथरी-सं० स्त्री० [सं० प्रस्तरः+रा०प्र०ई] १ पक्षियों के पेट का वह भाग जहां अन्न पचता है।

२ मूत्राशय में छोटे-छोटे पत्थर के टुकड़े हो जाने का रोग।

३ कटोरी के आकार का बना पत्थर का पात्र, कूंडी, पत्थर का प्याला।

४ चकमक पत्थर जिस पर चोट पड़ने से आग उत्पन्न होती है।

उ०—प्रीत पुराणी ना पड़ै, जो सज्जन सूं लग्ग। सौ जुग जळ में रहै, **पथरी** तजै न अग्ग।—अज्ञात

५ पत्थर का वह टुकड़ा जिस पर रगड़ कर औजार तेज करते हैं, सिल्ली।

रू०भे०—पतरी, पत्थरी।

पथरीलौ-वि० [सं० प्रस्तरः, रा. प्र. ईलौ] पत्थरों से युक्त, पथरीला।

यौ०—पथरीलौ-मारग।

पथरोटी—देखो 'पथरोटौ' (अल्पा०, रू.भे.)

पथरोटौ-सं०पु० [सं० प्रस्तरः+रा०प्र०ओटौ] पत्थर का बना बड़ा पात्र, कूंडा।

अल्पा०—पथरोटी।

पथवारियौ—देखो 'पंथवारियौ' (रू.भे.)

पथवारी—देखो 'पंथवारी' (रू.भे.)

पथारी-सं०स्त्री० [सं० प्रस्तरणम्] १ बिछौना, बिस्तर (घास-फूस)

उ०—म्हारा रूंगता ऊभा व्हेग्या, अर म्हूं म्हारी **पथारी** सूं च्यार छः हाथ आघो जाय पड़यो।—रातवासौ

२ झड़बेरी के सूखे पत्तों को झाड़ लेने के बाद बचे हुए कांटों से युक्त भाग का वह अंश जिसे एक आदमी सिर पर उठा कर लेजा सके।

रू०भे०—पाथारी।

पथि—देखो 'पंथ' (रू.भे.)

उ०—बांण घोरणि विहुं **पथि** छूटइं, नाद सींगणि तणे गुणि सूंकइं।
—पं.पं.च.

पथिक-सं०पु० [सं०] १ रास्ता चलने वाला राहगीर।

२ रास्ता बताने वाला।

रू०भे०—पई, पथिग्र, पथी, पहिय, पही।

पथिचक्र-सं०पु० [सं०] फलित ज्योतिष का एक चक्र जिससे यात्रा का शुभ या अशुभ फल जाना जाता है।

पथी—देखो 'पथिक' (रू.भे.)

पथ्य—१ देखो 'पंथ' (रू.भे.)

उ०—पय मिथुला **पथ्यं** साझ समथ्थं हुण धनु हथ्थं पह पांणै। सिय परण सिधायै दुजपत आयै गरब गमाये जग जांणै।—र.ज.प्र.

२ देखो 'पारथ' (रू.भे.)

पथ्थर—देखो 'पत्थर' (रू.भे.)

पथ्य-सं०पु० [सं०] १ हलका और जल्दी पचने वाला आहार जो रोगी के लिए लाभदायक हो।

उ०—पथ्य लिये हुंता, पथ्य गोघळजी आपरै हाथि आरोगाडता।
—द.वि.

२ हित, मंगल, कल्याण।

३ हरं (हड़) का वृक्ष।

रू०भे०—पच, पछ, पत्थ, पथ।

पथ्या-सं०स्त्री० [सं०] हर्रं, हरड़ (नां.मा., ह.नां.मा.)

पद-सं०पु० [सं०] १ पैर, चरण, पांव।

उ०—१ पह तूं सदा भेख पद पूजै, दह्व विनां उपदेस न दूजै।
—सू.प्र.

उ०—२ अनंग न अंग उमंग इलोळ, हरी-पद संगम गंग हिलोळ।
—ऊ.का.

२ योग्यता के अनुसार नियत स्थान, दर्जा।

उ०—मंडळ मांह वसाय म्रग, थयौ कळंकी चंद। पायौ सिंह मयंद पद, हण हाथळ म्रगवंद।—बां.दा.

क्रि०प्र०—खोणौ, दैणौ, पाणौ, मिळणौ, लैणौ।

३ ईश्वरभक्ति संबंधी गीत, भजन। उ०—राधिका क्रस्ण रास, व्रंदावन व्रजविलास। गिनका गज अजामेळ, गीघ पद गाता।
—ऊ.का.

क्रि०प्र०—गाणौ, पढणौ, बोलणौ।

४ छंद श्लोकादि का चतुर्थांश, छंद का एक चरण।

उ०—सात मत्त पद प्रत पड़ै, सुगति छंद सो थाय। आठ मत्त अंतह तगण, पगण छंद कहवाय।—र.ज.प्र.

५ व्यवसाय, काम।

६ पैर का चिन्ह या निशान।

यौ०—पदचिन्ह।

७ व्याकरण में आया हुआ वह वाक्यांश या वाक्यखंड जिसका कोई अर्थ हो।

यौ०—पदच्छेद, पदव्याख्या, पदपरिचय।

८ उपाधि, पदवी। उ०—उदर ब्रांमणी अवतरचौ, पद संन्यासी पाय। चतुर नरां चित में चढचौ, दयानंद गुरु दाय।—ऊ.का.

९ वह स्थान जिस पर रह कर कोई विशिष्ट कार्य करता हो, ओहदा, स्थान।

१० मोक्ष, निर्वाण।

क्रि०प्र०—पाणौ, मिळणौ।

११ पुराणानुसार दान के रूप में दी जाने वाली वस्तु। यथा—जूते, छाता, कपड़े, बर्तन, आसन आदि पद-दान।

१२ कोमल, मुलायम* (डिं.को.)

१३ देखो 'पद्य' (रू.भे.)

रू०भे०—पय, पां, पांय, पांव, पाअ, पाइ, पाऊ, पाए, पाद, पावं, पाव, पाहि।

अल्पा०—पांवळियौ, पावळौ।

पदआलय-सं०पु० [सं० पदआश्रय] घर, गृह (अ.मा.)

पदक-सं०पु० [सं०] किसी धातु का बना सिक्कानुमा गोल अथवा चौकोर टुकड़ा जो किसी व्यक्ति को विशेष अच्छा या अद्भुत कार्य करने के उपलक्ष में दिया जाता है। तुकमा, मैडल।

यौ०—रजतपदक, स्वरणपदक।

रू०भे०—पदग, पदग्ग।

पदकझरणौ-सं०पु० [सं० पदक+राज० झरणौ] हीरा (अ.मा.)

पदकड़ी-सं०स्त्री० [देशज] एक आभूषण। उ०—मोती तणु हार, झूमणां तणु झमकार. कंठि कनकमय, पदकड़ी।—व.स.

पदकणौ, पदकबौ—देखो 'फुदकणौ, फुदकबौ' (रू.भे.)

पदकणहार, हारौ (हारी), पदकणियौ—वि०।

पदकिओड़ौ, पदकियोड़ौ, पदक्योड़ौ—भू०का०कृ०।

पदकीजणौ, पदकीजबौ—भाव वा०।

पदकियोड़ौ—देखो 'फुदकियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० पदकियोड़ी)

पदकुळक, पदकूळक—देखो 'पादाकुळक' (रू.भे.)

पदग, पदग्ग-सं०पु० [सं०पदग, पदाग्र] १ पैदल चलने वाला, प्यादा।

२ पैर का अगला भाग। उ०—विसाळ भाळ कंध रा, रसाळ छ्रति युरथरै। रहै पदग्ग रेख तें, सुखेद ते अरी डरै।—ऊ.का.

३ देखो 'पदक' (रू.भे.)

रू०भे०—पद।

पदचर-सं०पु०यौ० [सं०] पैदल चलने वाला, प्यादा।

पदचांपड़ी-सं०स्त्री० [सं० पद+राज० चांपड़ी] पगचम्पी। उ०—खाज खुरच खंधेडा थारी, पटुता सूं पदचांपड़ो। मरणै परणै विसर न करां, ऊपर देव न आपड़ो।—दसदेव

पदचार, पदचारी-सं०पु० [सं० पदचारिन्] पैदल चलने वाला व्यक्ति।

उ०—रुहल्यां पदचार सवार रयां, हथियार छतीस प्रकार हयां।
—मे.म.

रू०भे०—पादचारी।

पदचिह्न-सं०पु० [सं०] १ पूजन आदि कार्यों के लिए पत्थर या धातु पर खोदे गए किसी देवता के चरणों के चिन्ह।

२ चलते समय पैरों के जमीन पर बने चिन्ह या निशान।

पदठवणउ, पदठवणौ-सं०पु० [सं० पद+स्थापनम्] पांवड़ा।

उ०—१ आचरिज पद थापियउ, सइं हथि जिणचंद सूर हो पूजजी। पदठवणउ क्रमचंद कियउ, अकबर साहि हजूर हो पूजजी।—स.कु.

उ०—२ पारिख साह भला पुण्यात्मा, सांमीदास सूरदासौ जी। पदठवणौ कीधौ मन प्रेम सूं, वित्त खरच्या सुविलासौ जी।
—ध.व.ग्रं.

पदतळ-सं०पु० [सं० पद+तल] पैर का तलुवा ।
रू०भे०—पयतळि, पादतळ ।
पदत्याग-सं०पु० [सं०] किसी पद को छोड़ने की क्रिया ।
पदत्र-सं०पु० [सं०] उपानह, जूती । उ०—तस पदत्र बिच आय छिप्यौ । उड़ि फन सु गरळमय पय ।—वं.भा.
पदत्रभंग-सं०पु० [सं०] श्रीकृष्ण (अ.मा.)
पदद्रव-सं०पु० [सं० पदद्रवः] भागना क्रिया, पलायन ।
उ०—जठै घणां रा कचरघांण में आपरा अनीक रा पदद्रव रा प्रवाह में पड़ियौ नवाब कासिमखांन १ समेत कुमार दारासाह ४०/१।२ भी ठहरण न पायौ ।—वं.भा.
पदपलव, पदपल्लव-सं०पु०यौ० [सं० पदपल्लव] पैर की अंगुली ।
उ०—१ ऊपरि पदपलव पुनरभव ओपति, निमळ कमळ दळ ऊपरि नीर । तेज कि रतन कि तार कि तारा, हरिहंस सावक ससिहर हीर ।—वेलि
उ०—२ वणियां अणवट बीछिया, पदपल्लव छवि पूर । की कोमळता रंग कहां, चंपकळी चकचूर ।—बां.दा.
पदपीठ-सं०स्त्री० [सं० पदपीठम्] पादरक्षिका, जूती (अ.मा.)
पदबंध—सं०पु० [सं०] १ वह गद्य जिसमें अनुप्रासों और समासों की अधिकता हो । २ पद्यबन्ध ।
पदबी—देखो 'पदवी' (रू.भे.)
पदम-सं०पु० [सं० पद्म] (स्त्री० पदमण, पदमणी) १ कमल (डिं.को.)
उ०—वदन पदम सम, कनक पदम क्रम । पदम-पांणि उपम, हुई पाय जु ।—स.कु.
२ विष्णु का एक आयुध । उ०—चतुरभुज रूपं अधिक अनूपं विरद भक्तवछळदा है । संख चक्र विराजै सोभा छाजै, गदा पदम भळकंदा है ।—गजउद्धार
३ सामुद्रिक शास्त्रानुसार पैर में बना कमल का चिन्ह ।
उ०—राजा वीर विक्रमादित्य आयौ छै । पद में पदम री चिन्ह छै ।—पंचदंडी री वारता
४ नव-निधियों में से एक निधि का नाम (नां.मा.) ।
यौ०—पदमनिधि ।
५ गले में पहिनने का एक प्रकार का गहना ।
६ हाथी के मस्तक व सूंड पर बनाए जाने वाले चित्र ।
७ पदम या पदमाख वृक्ष ।
८ सर्प के सिर पर बना चिन्ह ।
९ बिल्ली के पंजे पर बना चिन्ह ।
१० वास्तु विद्या के अनुसार एक ही कुरसी पर बना आठ हाथ का चौड़ा घर ।
११ एक प्रकार के नाग की जाति, इस जाति का नाग ।
१२ गणित में सोलहवें स्थान की संख्या ।
उ०—दळ चढ़े पूर सामंद्र दुति, कमंध दरगह कांमरा । फिर मिळै पदम अढ़ार कपि, रांवण मारण राम रा ।—सू.प्र.
१३ योग के अनुसार शरीर के भीतरी भाग का एक कल्पित कमल ।
१४ सोलह प्रकार के रतिबन्धों में से एक ।
१५ बलदेव, दाऊ ।
१६ पुराणानुसार एक नरक का नाम ।
१७ पुराणानुसार जम्बू द्वीप के दक्षिण पश्चिम का एक देश ।
१८ जैनों के अनुसार भारत का नवां चक्रवर्ती ।
१९ एक पुराण का नाम ।
२० जैनों के एक तीर्थंकर, पद्मप्रभु ।
उ०—रिसभ, अजित, संभव नमुं, अभिनंदन अभिरांम । सुमति, पदम, सुपासजी, पहुंता सिवपुर ठांम ।—जयवांणी
२१ लखपत पिंगल के अनुसार दो सगण, एक जगण, एक भगण, एक रगण; एक सगण और अन्त में ह्रस्व वर्ण वाला वर्ण वृत्त ।
२२ घोड़े के कंधे और बगल की भँवरी (शुभ) (शा.हो.)
२३ आभूषणों पर खुदाई किया गया एक प्रकार का चिन्ह ।
२४ वार व नक्षत्र संबंधी २८ योगों में से चौदहवां योग (ज्योतिष)
२५ हाथी, गज ।
रू०भे०—पद्म, पदमु, पदुम, पदम्म, पद्म ।
पदमअंजणी, पदमअंजनी-सं०पु० [?] एक प्रकार का घोड़ा जिसके दाहिने अथवा बायें पसवाड़े पर लाल रंग का धब्बा होता है, यह अशुभ होता है ।
पदमजूण, पदमजोणी—देखो 'पदमजोनी' (रू.भे.)
पदमण—१ देखो 'पदमणी' (रू.भे.)
उ०—१ पदमण रिख असमांन पहूंती, पंखां विनां जिहांन पढीजै । केवट कुळ प्रतपाळ दया कर, चरण पखाळ जिहाज चढीजै ।—र.ज.प्र.
उ०—२ एकै पदमण वासतै, सींघल गयौ 'रतन्न' । ऊमरकोट न आवियौ, मतौ कियौ की मन्न ।—बां.दा.
उ०—३ अलियळ सहज सुबास वस, रहै निकट दिन रात । हिमकर बदनी हंसगत, जुवती पदमण जात ।—बां.दा.
उ०—४ काळी फांणी कोफी फांमण, अपणी परणी आछी । अवछर आभ थवर अरधंगा, पदमण घरिये पाछी ।—ऊ.का.
पदमणपती—देखो 'पदमणीपति' (रू.भे.)
पदमणि—देखो 'पदमणी' (रू.भे.)
उ०—पदमणि पूंगळ री ऊगळ गळ आगै, लंजा हंजादे गंजाग्रह लागै ।—ऊ.का.
पदमणिपति—देखो 'पदमणीपति' (रू.भे.) (अ.मा.)
पदमणिय—देखो 'पदमणी' (रू.भे.)
उ०—अति चलति सुगति दुति अमित विद्ध, पदमणिय हंस किरि गुरु प्रसिद्ध ।—रा.रू.

पदमणी-सं०स्त्री० [सं० पद्मिनी] १ कोक शास्त्र के अनुसार स्त्रियों की चार जातियों में से सर्वश्रेष्ठ जाति की स्त्री।
उ०—१ सवाग भाग सुंदरी, अनुराग लाग सातरी, हसतिणि, चितरणी, पदमणी घणी जणी वणी ठणी हाथां रूमाल बीड़ां भू भरिया।—पनां वीरमदे री बात
उ०—२ गोली गोरे गात, पर घर दीसै पदमणी। पतलज लागे पात, रती न कीजै राजिया।—किरपारांम
२ चित्तौड़ के राव रत्नसिंह की रानी, पद्मिनी।
३ कमलिनी या छोटा कमल।
४ कमल से युक्त जलाशय।
५ हथिनी।
६ स्त्री। उ०—एक नहीं अपघर इसी, कैसा हम पतिसाह। याक एती पदमणी, देखत उपजै दाह।—पं.पं.चो.
७ गाथा छंद का एक भेद जिसमें सकार नहीं आता।
८ कुमुदनी।
रू०भे०—पदमण, पदमणि, पदमणिय, पदमिण, पदमिणि, पदमिणी, पदमिनि, पदमी, पदम्मिणी, पदवन, पद्मणी, पद्मनी, पद्मिनी।
पदमणीपति, पदमणीपती-सं०पु० [सं० पद्मिनीपति] १ सूर्य, भानु।
रू०भे०—पदमणपति, पदमणिपति।
२ चन्द्रमा (ना.मा.)।
पदमणो-वि० [?] चतुर, बुद्धिमान। उ०—हूकी लेतां हाथ में, चेतो गयो चुळाय। पड़ै धमांधम पदमणां, अधमाधम अकुळाय।
—ऊ.का.
पदमधर-सं०पु० [सं० पद्म-धर] १ ईश्वर (नां.मा.)
२ विष्णु (डि.को.)
पदमनाग—देखो 'पदम-११'।
(स्त्री० पदमनागणी)
पदमनाभ-सं०पु० [सं० पद्मनाभः] १ श्रीकृष्ण (अ.मा.)
२ ईश्वर, परमेश्वर (नां.मा.)
३ विष्णु।
रू०भे०—पदमनाभ, पद्मनाभ, पद्मनाभि।
३ ब्रह्मा (नां.मा.)
४ जैन मतानुसार भविष्यत् काल के प्रथम तीर्थंकर का नाम।
—(स.कु.)
पदमबंध-सं०पु० [सं० पद्म-बंधु] सूर्य, भानु (नां.मा.)
पदमभू—देखो 'पद्मभू' (रू.भे.)
पदमराग-सं०पु० [सं० पद्मराग] मानिक या लाल नामक रत्न।
उ०—करि ईंट नीलमणि कादो कुंदण, थंभ लाल पट पांच थिर। मंदिर गोख सु पदमरागमै, सिखरि सिखि रमै मंदिर-सिर।—वेलि
यौ०—पदमरागमणि, पदमरागमिणि।
रू०भे०—पद्मराग।
पदमरागपटळ-सं०पु० [सं० पद्मराग+पटल] एक प्रकार का वस्त्र।
उ०—मोती तणा भूंबखा उंबाव्या मांहि पदमराग पटळ संबाव्या।
—व.स.
पदमरागमणि, पदमरागमिणि-सं० पु० [सं० पद्मराजमणि] पद्मराग जाति की मणि, लाल मणि।
पदमसिला-सं०स्त्री० [सं० पद्मशिला] कुए के ऊपरी भाग पर लम्बाई की ओर रखी जाने वाली वह पत्थर की पट्टी जो रहंट की लाट को टिकाए रखने वाले पत्थर पर दबाव का काम करती है।
पदमहत, पदमहथ-सं०पु० [सं० पद्महस्त] सूर्य।
उ०—भलो रांम 'सगराण' इम, अघदची मुख भणै। दुजड़हत दस सहँस चोल दीधो। पदमहथ मयंक रो ग्रहण व्है अघपहर, कलम रो ग्रहण दिन तीस कीधो।—महारांणा संग्रांमसिंह रो गीत
पदमा-सं०स्त्री० [सं० पद्मा] १ लक्ष्मी (डि.को.)
२ नव निधियों में से एक निधि (ह.नां.मा.)
३ रुक्मिणी। उ०—लोकमाता, सिंधुसुता स्री लिछमी, पदमा, पदमालया, पदमा प्रभा। अवर ग्रहे अस्थिरा इंदिरा रांमा हरिवल्लभा रमा।—वेलि
रू०भे०—पद्मा, पम्हा।
पदमाएकादसी—देखो 'पद्माएकादसी' (रू.भे.)
पदमाक—देखो 'पदमाक्ष' (रू.भे.)
पदमाकर—देखो 'पद्माकर' (रू.भे.)
पदमाक्ष-सं०पु० [सं०] १ फलित ज्योतिष के २८ योगों में से एक योग (ज्योतिष)
२ पद्मकाष्ठ नामक एक वृक्ष (अमरत)
३ कमलगट्टा, कमल के बीज (अमरत)
४ विष्णु।
रू०भे०—पदमाक, पदमाख।
पदमाख—देखो 'पदमाक्ष' (रू.भे.)
उ०—पीपळ पाडळ पीपळी, पीठवनी पदमाख। पारिजात पीलूवड़ै, पीपरि पत्तां पाख।—मा.कां.प्र.
पदमापित-सं०पु० [सं० पद्मापिता] समुद्र (अ.मा.)
पदमालय—देखो 'पद्मालय' (रू.भे., अ.मा.)
पदमालया—देखो 'पद्मालया' (रू.भे.)
उ०—लोकमाता सिंधुसुता स्री लिछमी, पदमा पदमालया प्रभा। अवर ग्रहे अस्थिरा इंदिरा, रांमा हरिवल्लभा रमा।—वेलि
पदमालयापित-सं०पु० [सं० पद्मालयापिता] समुद्र।
पदमावती-सं०स्त्री० [सं० पद्मावती] १ ३२ मात्राओं वाला एक छंद जिसमें १०, ८, ६ और ८ पर यति होती है।
२ लक्ष्मी। उ०—वेद च्यारह ऐनै ब्रह्म वाखांणियो, जडाधर सरीखे प्रमेसर जांणियो। पेख पारवती अनै पदमावती, अनंत रै ऊपरा

उतारी आरती। पी.ग्रं.
३ चित्तौड़ के राव रत्नसिंह की रानी, पद्मिनी।
४ पुराणानुसार एक अप्सरा का नाम।
५ उज्जयिनी का एक प्राचीन नाम।
६ स्त्रियों की चार जातियों में से सर्वोत्तम जाति (कोक शास्त्र)
उ०—स्त्री की केती जाति, कहि न राघव सुविचारी। रूपवंत पति-व्रता, सूंघ साहइ सुपियारी। हस्तनी चित्रणी कर संखिनी, पुहवी बडी पदमावती। इम भणइ विप्र साचउ वयण, आलमसाह अलावदी। —प.च.चौ.

रू०भे०—पउमावइ, पद्मावती।

पदमासण—देखो 'पद्मासन' (रू.भे.)
उ०—पदमासण आसण जोग पूर। क्रोध में हुतासण तप करूर। —वि.सं.

पदमिण, पदमिणि पदमिणी, पदमिनि, पदमी—देखो 'पदमणी' (रू.भे.)
उ०—१ पूछ्यां थी वादळ कहै, मेळि करण रै मेळि रे भाई। जाइ कहउ हुं आवयउ, पदमिणि तुम नइ गेलि रे भाई। —प.च.चौ.
उ०—२ जीव विना जिम देहुड़ी, वारि विना जिमि मच्छि। पुरुस बिना तिम पदमिनी, साचूं संभलि वच्छि। —मा.कां.प्र.
उ०—३ रूप अनूपमा रंभ सम, उवा पदमी कहै याह। वार वार विह्वल थकी, जपै आलिमसाह। —प.च.चौ.

पदमूळ-सं०पु० [सं० पदमूल] पैर का तलुआ।

पदम्भ—देखो 'पदम' (रू.भे.)
उ०—१ अड़ीखंभ जोधा पदम्भ अठारां। मिळै थाट नीसांण वाजै अठारां। —सू.प्र.
उ०—२ उभै कर दूण आवद्ध असंख। सारंग पदम्भ गदा चक्र संख। —ह.र.
उ०—३ सठिक त्रकूंण कर चहन सम्म। पै उरध रेख जळहळ पदम्म। —सू.प्र.

पदम्मिणी—देखो 'पदमणी' (रू.भे.)

पदम्मी-सं०पु० [सं० पद्मिन्] (स्त्री० पदमण, पदमणी) हाथी (डि.को.)

पदर-सं०पु० [देशज] ड्योढीदारों के बैठने का स्थान।

पदराणो, पदराबौ—देखो 'पधराणी, पधराबौ' (रू.भे.)
पदराणहार, हारौ (हारी), पदराणियौ—वि०।
पदरायोड़ौ—भू०का०कृ०।
पदराईजणो, पदराईजबौ—कर्म वा०।
पदरायोड़ौ—देखो 'पधरायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पदरायोड़ी)

पदरावणी—देखो 'पधरावणी' (रू.भे.)

पदरावणौ, पदरावबौ—देखो 'पधराणी, पधराबौ' (रू.भे.)
पदरावणहार, हारौ (हारी), पदराविणयौ—वि०।
पदराविग्रोड़ौ, पदरावियोड़ौ, पदराव्योड़ौ—भू०का०कृ०।
पदरावीजणो, पदरावीजबौ—कर्म०वा०।

पदरावियोड़ौ—देखो 'पधरायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पदरावियोड़ी)

पदरी—देखो 'पद्धरी' (रू.भे.)

पदवन—देखो 'पदमणी' (रू.भे.)
उ०—अला अनरज तूं हीज भरतार ओखा, अला सहज पदवंन रा तूं ही सरीखा। —पी.ग्रं.

पदवी-सं०स्त्री० [सं०] १ मार्ग, रास्ता (डि.को.)
२ पद, उपाधि।
उ०—गयौ ग्राह वैकुंठ कूं, पूरण पदवी पाय। —गजउद्धार
रू०भे०—पद्दवी।

पदांसुक-सं०पु० सं० पदांशुक] वस्त्र विशेष।
उ०—विद्यापुरीग्रां, देकापाटकीग्रां, कस्मीरीग्रां, धूमराई, खीरोदक, पदांसुक, चीनांसुक, खांडकी। —व.स.

पदाकांती-सं०पु० [सं० पदक्रान्त] पदाघात, ठोकर ?
उ०—पादाकांती पदकांती विन पावै, आरचावरतो जन अन बिन अकुळावै। —ऊ.का.

पदाघात-सं०पु० [सं०] पांव से किया गया आघात, ठोकर।

पदाणौ, पदाबौ—देखो 'पिदाणौ, पिदाबौ' (रू.भे.)
पदाणहार, हारौ (हारी), पदाणियौ—वि०।
पदायोड़ौ—भू०का०कृ०।
पदाईजणो, पदाईजबौ—कर्म०वा०।

पदात, पदाति-सं०पु० [सं० पदातः पदातिः] १ पैदल, प्यादा।
उ०—राजति अति एण पदाति कुंजरथ, हंसमाळ वंधि लास हय। ढालि खजूरि पूठि ढळकावै, गिरिवर सिणगारिया गय। —वेलि
२ छंद शास्त्र में डगण के चतुर्थ भेद का नाम। (डि.को.)
रू०भे०—पदायत।

पदाधिकारी-सं०पु० [सं०] किसी पद पर रह कर अधिकारपूर्वक कार्य करने वाला व्यक्ति, ओहदेदार।

पदानुग-सं०पु० [सं०] अनुसरण करने वाला, अनुयायी।

पदायत—देखो 'पदात' (रू.भे.)
उ०—राजा मंत्री गज तुरी, ऊंट पदायत दीठ। विणकारणि मूंया वढ़ी, चढ़ी चउसठि पीठ। —मा.कां.प्र.

पदायोड़ौ—देखो 'पिदायोड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० पदायोड़ी)

पदारथ-सं०पु० [सं० पदार्थ] १ शास्त्रानुसार मोक्ष के चार साधन—अर्थ, धर्म, काम, मोक्ष में से एक।
उ०—जगदंबा आरूढ़ जस, उदा करौ उपचार। काळी गुण भुजियां करग, चढ़ै पदारथ च्यार। —अ.मा.

२ चीज, वस्तु ।

उ०—नये-नये पदारथांन, खांन खोजते नहीं। गुमान मेटनें गुनी, प्रमांन सोभते नहीं ।—ऊ.का.

पदारथवाद-सं०पु० [सं० पदार्थवाद] वह सिद्धांत जिसके अनुसार ईश्वर की सत्ता को न मान कर भौतिक पदार्थों को ही सब कुछ माना जावे।

पदारथवादी-सं०पु०यौ० [सं० पदार्थवादी] पदार्थवाद को मानने वाला व्यक्ति ।

पदारथविज्ञान-सं०पु०यौ० [सं० पदार्थविज्ञान] पदार्थ-विज्ञान शास्त्र, भौतिकविज्ञान ।

पदारथविद्या-सं०स्त्री०यौ० [सं० पदार्थविद्या] पदार्थों का ज्ञान कराने वाली विद्या।

पदारपण-सं०पु० [सं० पदार्पण] किसी स्थान पर आने या पैर रखने की क्रिया ।

क्रि० प्र०—करणौ, कराणौ, होणौ ।

पदारौ-सं०पु० [सं० पदधारणम्] शरीर में किसी देव विशेष की उपस्थिति अनुभव कर, उसके अनुसार अंग संचालन करने की क्रिया ।

क्रि०प्र०—आणौ।

रू०भे०—पधारौ ।

पदावळी-सं०स्त्री० [सं० पदावली] पद्यों का संग्रह ।

पदुम—देखो 'पदम' (रू.भे.)

पदोड़-सं०स्त्री० [देशज] १ एक प्रकार की बकरी (शेखावाटी)

२ देखो 'पदोड़ौ' (मह०, रू.भे.)

पदोड़ौ-सं०पु०—अधिक पादने वाला ।

मह०—पदोड़ ।

पदोदक-सं०पु० [सं०] चरणामृत ।

रू०भे०—पादोदक ।

पद्मनाभ—देखो 'पदमनाभ' (रू.भे.)

उ०—एकै खिण मांय भांजै घर आभ । निपावै एकण पद्मनाभ ।

—ह.र.

पद्दवी—देखो 'पदवी' (रू.भे.)

पद्धड़ौ देखो 'पद्धरौ' (रू.भे.)

पद्धटिका—देखो 'पज्झटिका' (रू.भे.)

पद्धति, पद्धती-सं०स्त्री० [सं० पद्धति] १ मार्ग, रास्ता ।

उ०—अर दाहिमा रौ तौत्र लागतां ही प्रांमार सारंग रौ प्रांण कढण पैंठण री पद्धति सूं डुळियौ ।—वं.भा.

२ रीति, रिवाज, परम्परा ।

३ कार्यप्रणाली, ढंग ।

रू०भे०—पधिति ।

पद्धर—१ देखो 'पाधरौ' (मह०, रू.भे.)

उ०—आडेवळ 'अभो' नृप आयौ, करि सर पद्धर कूच करायौ ।

—रा.रू.

२ देखो 'पाधर' (रू.भे.)

पद्धरपति, पद्धरपती—देखो 'पाधरपतसा' (रू.भे.)

उ०—विटि सनाहनि थट उर, सकल जुद्ध तन सज्जि । चढे वीर पद्धरपती, पूर नगारति वज्जि ।—ला.रा.

पद्धरय—देखो 'पाधर' (रू.भे.)

उ०—गिर भ्रंगरयं । विय पद्धरयं । पुळि जंगमयं । रुळि कंजमयं ।

—गु.रू.बं.

पद्धरि, पद्धरी-सं०पु० [?] १ सोलह मात्राओं व अंत में जगण वाला मात्रिक छंद ।

२ देखो 'पाधरौ' (रू.भे.)

रू०भे०—पदरी, पधड़ी, पधरी, पाधड़ी, पाधरी ।

पद्धरौ—देखो 'पाधरौ' (रू.भे.)

उ०—परमेसर पद्धरे, हुवै आनद घणाई । परमेसर पद्धरे, कदै नह चिंता काई । परमेसर पद्धरे, दुवरा त्रिस भूख न आवै । परमेसर पद्धरे, आठ सिध नव निध पावै । कवि 'जगा' राखिद्रिढ़ जीव करि, मिटै न लेख करम्म रौ । अह दीह सबै ही पद्धरे, ज्यां परमेसर पद्धरौ ।—जग्गो खिड़ियौ

(स्त्री० पद्धरी)

पद्म—देखो 'पदम' (रू.भे.)

उ०—साचउं कहु सुलखणी ! छांडइ नहीं अे छद्म । संक न आणइ सुंदरी, पांच फणा सिरि पद्म ।—मा.कां.प्र.

पद्मक्षेत्र-सं०पु०यौ० [सं०] उड़ीसा प्रांत के एक तीर्थ का नाम ।

पद्मज-सं०पु० [सं०] ब्रह्मा ।

पद्मजूण, पद्मजोण, पद्मजोणी, पद्मजोनि-सं०पु० [सं० पद्मयोनि]

१ ब्रह्मा (डि.को.)

२ बुद्ध का एक नाम ।

रू०भे०—पदमजूण, पदमजोण ।

पद्मणी—देखो 'पदमणी' (रू.भे.)

उ०—१ अनेक पद्मणी अवास, रूप भोमि रच्च ए। अनेक राग रंग ओप, नृत्तकार नच्च ए ।—सू.प्र.

उ०—२ देवी खेचरी भूचरी भद्रखेमा । देवी पद्मणी सोभणी कळहप्रेमा ।—देवि.

उ०—३ व्यास कहै सुर नर मन मोहनी रे, अदभुत रूप अनेक। है चितहरणी तुरणी महल में रे, पिण नहीं पद्मणी एक ।

—प.च.चौ.

पद्मनाभ, पद्मनाभि—देखो 'पदमनाभ' (रू.भे.) (अ.मा.)

पद्मनिधि-सं०स्त्री०यौ० [सं०] नव-निधियों में से एक ।

रू०भे०—पदमनिधि ।

पद्मनी—देखो 'पदमणी' (रू.भे.)

उ०—१ विण तरुअर जिमि वेलडी, कंठ विना जिम माळ । पुरुस विहूणी पद्मनी, किणि परि ठेलिसि काळ ।—मा.कां.प्र.

उ०—२ काका भत्रीजा बिहुं, गोरउ अरु बादल्ल । पद्मनी काजि भारथ कीउ, हडमत जिम सर झल्ल ।—प.च.चौ.

पद्मप्रभ, पद्मप्रभु-सं०पु०यौ० [सं० पद्म+प्रभु] वर्तमान काल के छठे जैन तीर्थंकर (स.कु.)

पद्मबंध-सं०पु०यौ० [सं०] कमल का आकार बनाने वाले अक्षरों का एक चित्र काव्य ।

पद्मभास-सं०पु० [सं०] १ विष्णु । २ शिव ।

पद्मभू-सं०पु० [सं०] ब्रह्मा ।

रू०भे०—पदमभू ।

पद्ममुद्रा-सं०स्त्री० [सं०] दोनों हथेलियों को सामने करके उंगलियाँ नीचे कर अंगूठे मिलाने की एक मुद्रा (तांत्रिक)

पद्मराग—देखो 'पदमराग' (रू.भे.)

पद्मरेखा-सं०स्त्री०यौ० [सं०] भाग्यवान के लक्षण की एक हथेली की रेखा जो प्राकृतिक होती है ।

पद्मलांछण-सं०पु०यौ० [सं० पद्मलांछन] १ ब्रह्मा ।

२ कुबेर । ३ सूर्य ।

पद्मलांछणा-सं०स्त्री० [सं० पद्मलांछना] १ सरस्वती का एक नाम ।

२ तारा का एक नाम ।

पद्मलेस्या-सं०स्त्री० [सं० पद्मलेश्या] जैन मतानुसार छः लेश्याओं में से पांचवी लेश्या जिसकी स्थिति में पहुँच कर मनुष्य अल्प क्रोध वाला, अल्प मान वाला, अल्प माया वाला, अल्प लोभ वाला, शान्त चित्त वाला, अपनी आत्मा का दमन करने वाला, स्वाध्यायादि करने वाला, तप करने वाला, परिमित बोलने वाला, उपशान्त और जितेन्द्रिय बन जाता है ।

रू०भे०—पम्मलेसा, पम्हलेसा ।

पद्महृद—देखो 'पदमहृत' (रू.भे.) (डिं.को.)

पद्मा—देखो 'पदमा' (रू.भे.)

पद्माएकादसी-सं०स्त्री०यौ० [सं०] भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की एकादसी ।

रू०भे०—पदमाएकादसी ।

पद्माकर-सं०पु० [सं०] १ तालाब, सरोवर ।

२ कमलयुक्त तालाब ।

रू०भे०—पदमाकर ।

पद्मालय-सं०पु० [सं०] १ समुद्र, २ ब्रह्मा ।

रू०भे०—पदमालय ।

पद्मालया-सं०स्त्री० [सं०] १ लक्ष्मी, २ रुक्मिणी, ३ लौंग ।

रू०भे०—पदमालया ।

पद्मावती—देखो 'पदमावती' (रू.भे.)

पद्मावळि, पद्मावळी-सं०पु० [सं० पद्मावलि] एक वस्त्र विशेष ।

उ०—पुतलीउं, बहुमूळ, घुणौलियं, मोणीयं, काळं, फूटडउं, रातउं, फूटडऊं, सूपडती, मेघावळि, मेघडंबर, पद्मावळि, पद्मोत्तर इत्यादि वस्त्राणि ।—व.स.

पद्मासण, पद्मासन-सं०पु० [सं० पद्मासन] १ योग के चौरासी आसनों के अन्तर्गत एक प्रसिद्ध आसन । इसके चार भेद होते हैं—

(अ. मा.)

प्रियभासण–सं० पु० [सं० प्रियभाषणं] सब को प्रिय लगने वाली बात, वाणी, संभाषण।

प्रियभासी–वि० [सं०प्रियभाषिन्] मधुर वचन बोलने वाला, मधुर भाषी।

प्रियमधु–सं० पु० [सं०] श्रीकृष्ण के बड़े भाई बलराम का एक नाम।
(नां. मा.)
रू० भे०—पिग्रमधु, प्रीयमधु, प्रीयमधू।

प्रियमरू–सं० पु० [सं० प्रियमरुस्थल] मरुस्थल का प्रेमी, ऊंट।

प्रियवचन–सं० पु० [सं०] मधुर वचन, मीठे बोल।

प्रियवलका–स० स्त्री० [सं० प्रियवल्लिका] रामवेलि। (अ. मा.)

प्रियवादनी–वि० स्त्री० [सं० प्रियवादिनी] मीठी बोलने वाली, मधुरभाषिणी।
सं० स्त्री०—मालती। (अ. मा.)

प्रियवादी–वि० [सं० प्रियवादिन्] मधुरभाषी।

प्रियवादिका–सं० स्त्री० [सं०] बाजा विशेष।

प्रियसदेस–सं० पु० [सं० प्रियसंदेश:] खुश खबरी, शुभ संदेश।

प्रिया–सं० स्त्री० [सं०] १. प्रेयसी, प्रेमिका। उ०—सदा प्रिया सु प्रीति रीति गीत सारणी नहीं। निसास-रोज आंननी उरोज धारणी नहीं।—ऊ. का.
२. स्त्री, पत्नी। (अ.मा.,ह नां.मा.)
उ०—सुधन्य माता कोसल्या, तात दसरथ धनि भूपति। अवधि पुरि धनि अवनि, प्रिया धनि सीत तास-पति।—सू. प्र.
३. माया।
४. दो रगण का वर्ण वृत्त विशेष।
रू० भे०—पिय, पिया, प्रियु, प्रीया।
अल्पा०—पीआरड़ी।

प्रियाग्रधर–वि० [सं० प्रिया+अधर] मधुर। * (डिं.को.)
सं० पु०—प्रियतमा के अधर (होठ)।

प्रियाग—देखो 'प्रयाग' (रू. भे.)

प्रियागवड़, प्रियागवड़—देखो 'प्रयागवड' (रू. भे.)
उ०—धांनंतर मयंक हणू सुक्र धावो, नर पाळग रुद्र रिख निवड़। अेक वारड़ी 'करण' उठाड़ो, वन-खट तणो प्रियागवड़।
—ईसरदास बारहठ

प्रियात्मा–सं० स्त्री० [सं०] प्रिया, भार्या।

प्रियाळ—देखो 'पियाळ' (रू. भे.) (सभा.)

प्रियास—देखो 'प्रयास' (रू. भे.)

प्रियु—१. देखो 'प्रिय' (रू. भे.)

उ०—मनह संकांणी माळवणि, प्रियु कांई चळचित्त। कइ मारुवणी सुधि सुणी, कइ का नवली वत्त।—ढो. मा.

२. देखो 'प्रिया' (रू. भे.)

प्रियुड़उ—देखो 'प्रिय' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—प्रियुड़उ आव्यउ रे आसा फली, बोलइ कोसा नारी। प्रीति पनउता पालियइ, हुं छुं दासि तुम्हारी।—स. कु.

प्रियोग—देखो 'प्रयोग' (रू. भे.)

प्रियोजन—देखो 'प्रयोजन' (रू. भे.)

प्रिव—देखो 'प्रिय' (रू. भे.)

उ०—प्रिव माळवणी परहरे, हाल्यउ पुंगळ देस। ढोला म्हां बिच मोकळा, वासा घणा वसेस।—ढो. मा.

प्रिवित—देखो 'पवित्र' (रू. भे.) (ह.नां.मा.)

प्रिसटपरणी—सं० स्त्री० [सं० पृष्टिपर्णी] एक प्रकार की लता विशेष। (अमरत)

रू० भे०—प्रस्टपरणी, प्रिस्टपरणी।

प्रिसण—देखो 'पिसण' (रू. भे.)

उ०—१. हुवे विग्रह ढहै कहै 'चूंडा' हरौ, इंद्र पावक पवण प्रिसण अेता। महि-मंडळ भीतड़ा क्रीत सूं मीढ़तां, कळी पालट हुवे जाहि केता।—राव गांगौ

उ०—२. प्रिसणां साथ कासळी पडियौ। आंगम लखां दुअौ आखड़ियौ। निस गळती भूंवियौ नग्रीठौ, रूक तणौ मच आवारीठौ।—रा. रू.

प्रिसणांण—देखो 'पिसण' (मह., रू. भे.)

प्रिसध—देखो 'प्रसिद्ध' (रू. भे.)

प्रिसिधि—देखो 'प्रसिद्धि' (रू. भे.) (ह. नां. मा.)

उ०—पहि प्रमांणं, जुगत्ति जांणं, अति बखांणं, जगत्र आखो। घरमधारी, प्रिसिधि प्यारी, लखण भारी, कुंअर 'लाखो'।—ल.पिं.

प्रिस्ट—वि० [सं० पृष्ट] पूछा हुआ, जो पूछा गया हो।

सं० पु०—१. पन्ना, पत्र।

[सं० पृष्ठ] २. किसी छपे हुए या लिखे हुए पत्र या कागज का एक ओर का भाग, पृष्ठ।

सं० स्त्री०—३. पीठ। उ०—वणि जोड़ दुंद सनमुख वदन, दीप धरम भुज दाहिणौं। जळ भूप प्रिस्ट धारे जुगळ, वांमै घू अविचळ वणौं।—रा. रू.

रू० भे०—प्रस्ट, प्रस्ठ, प्रिस्ठ।

प्रिस्टपरणी—देखो 'प्रिसटपरणी' (रू. भे.)

प्रिस्टोदय—देखो 'प्रस्ठोदय' (रू. भे.)

प्रिस्ठ—देखो 'प्रिस्ट' (रू. भे)

प्री, प्रीउ—देखो 'प्रिय' (रू. भे.)

उ०—१. घरा कहतां प्रथी अनेक भांति का रस दे छै। (पोइणी विखै भली सोभा हुई छै)। अन्नादिक सुं पितर छै तिणि कौ मरत-लोक प्री लागै छै।—वेलि टी.

उ०—२. रांणी तदि दूवौ दीध रुखमणी, पति सुत पूछि पूछि परिवार। पूजा व्याज काज प्री परसण, स्यांमा आरंभिया सिण-गार।—वेलि

उ०—३. हे सखि ए परदेस प्री, तनह न जावइ ताप। बाबहियउ असाढ़ जिम, विरहणि करइ विलाप।—ढो. मा.

उ०—४. बीज न देख चहूड़ियां, प्री परदेस गयांह। आपण लोय झबुक्कड़ा, गळि लागी सहरांह।—ढो. मा.

उ०—५. बावहिया निलपंखिया, वाढ़त दइ दइ लूण। प्रिउ मेरा मइं प्रीउ की, तूं प्रिउ कहइ स कूण।—ढो. मा.

प्रीउड़ौ, प्रीउडौ—देखो 'प्रिय' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—मांननि मन माधव कन्हइं, पजर प्रीउडा पासि। समणां माहिं संक कहइ, जोनी जोवा जासि।—मा. कां. प्र.

प्रीऊ—देखो 'प्रिय' (रू. भे)

उ०—१. प्रीऊ बोलंतु पंखीउ, अहनिसि रहि अगासि। वयणि तास न नीसरइ, पछठी माहरइ पासि।—मा. कां. प्र.

उ०—२. पोस! पनुता प्रीऊ पखइ, अंह सिउं आंणि म राग। काळ मुखा! काढ़इ नहीं, दीठा डोळा काग।—मा. कां. प्र.

प्रीऊड़ौ, प्रीऊडौ—देखो 'प्रिय' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—१. पुप्फि परिमळ ईक्षु रस, दूध मांहि घ्रत जेम। सुणि प्रीऊडा! तिम माहरइ, पंजरि पसरिउ प्रेम।—मा. कां. प्र.

उ०—२. टाढ़उ वाउ निसंचरइ, तिम-तिम वाघइ झाळ। प्रीऊडा पाखइ पोस ते, काळ तणु जिम काळ।—मा. कां. प्र.

प्रीच्छत—देखो 'परीक्षित' (रू. भे)

उ०—जग अवलंब थंभ सतजुग रा, दिवपुर वसतां 'सिवा' दुवा। पांच हजार वरस प्रीच्छत रा, हमैं संपूरण आज हुवा।

—रांमलाल बारहठ

प्रीछणौ, प्रीछबौ—क्रि० स० [सं० परि+ईक्षणम्] १. समझना।

उ०—चतुर लोक राचइ गुणे रे, अवगुण कोइ न राचइ रे। परमा-रथ तुम्हे प्रीछज्यो रे, सहु को पतीजइ साचइ रे।—स. कु.

[सं० पृच्छ] पूछना। उ० संभळि माधव हुं कहुं, अे दुख-तणउं निदांन। परमाधांमी प्रीछजे, जु सिरि हइ सांन।—मा. कां. प्र.

प्रीछणहार, हारौ (हारी), प्रीछणियौ—वि०।

प्रीछिओड़ौ, प्रीछियोड़ौ, प्रीछयोड़ौ—भू० का० कृ०।

प्रीछीजणौ, प्रीछीजबौ—कर्म वा०।

प्रीछियोड़ौ—भू० का० कृ०—१. समझा हुआ. २. पूछा हुआ.

(स्त्री० प्रीछियोड़ी)

प्रीछत—देखो 'परीक्षित' (रू. भे.)

उ०—राजा प्रीछत, जगदेव जी पंवार, धारसी पवार...इणां सारां नू प्रथ्वी पर दातार सग्या है।—द. दा.

प्रीत—देखो 'प्रीति' (रू. भे.)

उ०—१. सज्जन बाधै पाळ सिर, सीसा छकियां गाळ। दुरजण फोड़ै गाळ दे, प्रीत सरोवर पाळ।—बा. दा.

उ०—२. नारायण रै नाम सूं, प्राणी करलै प्रीत। औघट वणियां आतमा, चत्रभुज आसी चीत।—ह. र.

उ०—३. पिंड कुलछ पहचांण, प्रीत हेत कीजै पछै। जगत कहै सो जांण, रेखा पाहण राजिया।—किरपाराम

प्रीतड़ली, प्रीतड़ी—देखो 'प्रीति' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—१. रास तौ कियौ म्हांसै प्रीतड़ली जोड़ी, अब तुम काहे कूं तोड़ी।—मीरां

उ०—२. नेमि जी सुं जउ रे साची प्रीतड़ी, तउ सुं अवरां प्रीतौ रे। गुणवंत मांणस सेती गोड़ी, तउ सुं निरगुण रीतौ रे।

—स. कु.

उ०—३. नैण पदारथ वैण रस, नैणां वैण मिळंत। अण-जांण्यां सूं प्रीतड़ी, पे'ला नैण करंत।—अज्ञात

प्रीतधारी-वि० [स० प्रीति+धारिन्] प्रीति करने वाला। उ०—द्रढ़ मंत्री दिल्लेस, पास 'अमरेस' भंडारी, रीत नीत ऊजळौ, प्रीतधारी हितकारी। सुपनै ही साभाय, न्याय-व्रत चाय न चूकै। राज काज चितराग, माग अनि समळ प्रमूकै।—रा. रू.

प्रीतम—देखो 'प्रियतम' (रू. भे.) (अ.मा.,ह.नां.मा.)

उ०—१. भूरै मुखड़ै पर स्वेदण कण भारी, पहुंची पोळछ में प्रीतम री प्यारी।—ऊ. का.

उ०—२. नख नहिं निरखाती नाजक नखराळी, पिय जिय प्रतपाळी जाती पथ पाळी। घूरण नयणां चळ काजळ जळ घूमै। लड़थड़ आथड़ती प्रीतम गळ लूमै।—ऊ. का.

प्रीतमौ - देखो 'प्रियतम' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—परदा अंतर कर रहे, हम जीवैं किहिं आधार। सदा संगाती प्रीतमा अबके लेहु उबार।—दादूवांणी

प्रीति-सं० स्त्री० [सं०] १. किसी इष्ट पदार्थ को प्राप्त करने या देखने से होने वाला सुख, तृप्ति, सतोष।

२. हर्ष, आनंद, खुशी।

३. स्नेह, प्रेम, प्यार, मुहब्बत। उ०—साहिब तुझ्झ सनेहड़इ, प्रीति तणी पति जाइ। जळ खिण ही जाणइ नही, मच्छ मरइ खिण मांइ।—ढो. मा.

४. अनुराग। उ०—अवती रै अधीस प्रांमारराज भरत्रीहरि रै रांणी पिंगळा जिकण रौ दूजौ नांम अनंगसेना कहीजै सो अद्वितीय प्रीति रौ आस्पद वणी।—वं. भा.

५. मैत्री, दोस्ती, मेल। उ०—एक समय आखेट, बळै साळा बहणोई। आवै हणि सस एक, प्रीति मनुहार पजोई।—वं. भा.

५. कामदेव की स्त्री और रति की सौत का नाम।

६. फलित ज्योतिष के २७ योगों में से चौथा योग।

रू० भे०—परीत, पिरीत, पीइ, पीई, पीत, प्रिति, प्रीत, प्रीती।

अल्पा०—पीतड़ली, पीतड़ी, प्रीतड़ली, प्रीतड़ी, प्रीतौ।

प्रीतिभोज-सं० पु० [सं०] वह भोज या खान-पान जिसमें सबंधी, इष्ट मित्र आदि सप्रेम आमंत्रित किए जाते हैं तथा सम्मिलित होते हैं।

प्रीती—देखो 'प्रीति' (रू. भे.)

प्रीतौ—१. देखो 'प्रीति' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—नेमि जी सुं जउ रे साची प्रीतड़ी, तउ सुं अवरां प्रीतौ रे।

—स. कु.

२. देखो 'प्रिय' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—तुं तौ हिव माहरौ प्रीतौ थयौ रे, तुझ नै दीठां उलसै गात रे।—वि. कु.

प्रीथी—देखो 'प्रथ्वी' (रू. भे.)

प्रीद्रुम-सं० पु० [सं० प्रियद्रुम] वानर, कपि। (नां. मा.)

प्रीय—देखो 'प्रिय' (रू. भे.) (ह. नां. मा.)

उ०—आज ज सूती निसह भरि, प्रीय जगाई आइ। विरह -भुयगम की डसी, लवयवती गळ लाइ।—ढो. मा.

प्रीयमधु, प्रीयमघु—देखो 'प्रियमघु' (रू. भे.)

प्रीया—देखो 'प्रिया' (रू. भे.)

उ०—कोइलि! तूं काळी सही, स्वर पणि ताहरु काळ। प्रिउ पाखइ पेखी प्रीया, प्रांण हरइ तत्काळ।—मा. कां. प्र.

प्रीयारौ—देखो 'प्यारौ' (रू. भे.)

उ०—प्रेम प्रीयारी वाल ही, जे कइ पीहर छै बाई! मांडव धार।

—वी. दे.

(स्त्री० प्रीयारी)

प्रीयु—देखो 'प्रिय' (रू. भे.)

उ०—सखी यादव कोड़ि सुं परवरे, प्रीयु आए तोरण वारि रे।

—स. कु.

प्रीयुड़ौ—देखो 'प्रिय' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—कमल विलासी ब्युं विकस्यौ नहीं रे, इण तौ कर संकोचि। हीयड़ा आगलि दे प्रीयुड़ा तणौ रे, मांड्यो सबलौ सोच।—वि. कु.

प्रीव—देखो 'प्रिय' (रू. भे.)

उ०—सा धण खळती कसोर ज्युं। जांणिक वैठी प्रीव को खोळि।

—वी. दे.

प्रूंचाळो, प्रूचाळौ—देखो 'पोंचाळौ' (रू. भे.)

उ०—सूरां 'उरजरा' हगं सिघाळी, पिड़ 'सूजौ' जादम प्रूचाळौ ।
—रा. रू.

(स्त्री० प्रूचाळी, प्रूचाळी)

प्रूफ-सं० पु० [ग्रं०] १. प्रमाण, सबूत ।
२. किसी छपने वाली चीज का वह नमूना जो उसके छपने से पहिले अशुद्धियों आदि को दूर करने के लिए तैयार किया जाता है ।

प्रेक्षक-वि० [सं०] १. दर्शक । २. जांच करने वाला ।
रू० भे०—पेखक ।

प्रेख-सं० स्त्री० [सं०प्रेक्षा] आज्ञा । (ह. नां. मा.)

प्रेत-सं०पु० [सं० प्रेतः] (स्त्री० प्रेतरा, प्रेतणी) १. मरा हुआ मनुष्य ।
२. वह कल्पित शरीर जो मनुष्य को मृत्यु के बाद प्राप्त होता है । (पुराण)
३. नरक में रहने वाला प्राणी ।
४. एक प्रकार की कल्पित देव-योनि जिसमें प्राणी का रंग काला शरीर के बाल खड़े और विकराल स्वरूप होता है, भूत ।
उ०—१. हुय धड़धड़ा'ट धर व्योम हाक । दस ही दिस वागी प्रेत डाक ।—पा. प्र.
उ०—२. पहली एक धाडवी रजपूत धारातीरथ में पड़ियौ तो भी कोइक कारण रै प्रभाव आप रा साथ समेत प्रेत हुवौ जिकरण रै पाछै प्रजा में एक पुत्री रही ।—वं. भा.
उ०—३. जठै वैताळां रा ग्रास्फाळ, डाकिणी गणां रा डमरू रा डात्कार फेरवियां रा फेत्कार, प्रेतां रा ग्रालाप राक्षसां रा रास कुणपां रा कपाळां रा कटकटाहट, चिता रा ग्रंगारां करि चित्र विचित्र बडो ग्रद्भुत चरित देखियौ ।—वं. भा.
यौ०—भूत-प्रेत ।
५. महाकृपण, कंजूस । (व्यंग)
रू० भे०—परेत, प्रैत ।

प्रेतग्रधिपति-सं० पु० [सं० प्रेतअधिपतिः] १. यमराज ।
२. शिव, महादेव ।

प्रेतग्रन्न-सं० पु० [सं० प्रेतग्रन्न] वह ग्रन्न जो पितरों को अर्पित किया गया हो ।

प्रेतग्रस्थि-सं० स्त्री० [सं०] मुर्दे की हड्डियां ।

प्रेतईस, प्रेतईसर, प्रेतईस्वर-सं०पु० [सं० प्रेतईशः, प्रेतईश्वरः] १. यमराज, धर्मराज ।
२. महादेव, शिव ।

प्रेतकरम, प्रेतक्रत्य-सं०पु० [सं० प्रेतकर्मन्, प्रेतकृत्यं] मृतक जीव के उद्देश्य से दाह से लेकर सपिंडी तक के किये जाने वाले कर्म या कृत्य ।
रू० भे०—परेतकरम, प्रैतकरम ।

प्रेतग्रह-सं० पु० [सं० प्रेतगृहं] श्मशान भूमि, कब्रिस्तान ।

प्रेतचारी-सं० पु० [सं०] शिव, महादेव ।

प्रेततरपण-सं० पु० [स० प्रेततर्पण] किसी मनुष्य के मरने के दिन से सपिंडी दिन तक उसके निमित्त किए जाने वाले कर्म ।

प्रेतदाह-सं० स्त्री० [सं० प्रेतदाहः] मृतक के दाह कर्म की क्रिया ।

प्रेतदेह-सं० स्त्री० [स०] मरने के समय से सपिंडी तक उसकी आत्मा को प्राप्त होने वाला किसी मृतक का कल्पित शरीर ।

प्रेतनदी-सं० स्त्री० [सं०] वैतरणी नदी ।

प्रेतनाथ, प्रेतनाह-सं० पु० [सं० प्रेतनाथः] १. यमराज, धर्मराज ।
२. शिव, महादेव ।

प्रेतपक्ष, प्रेतपख-सं० पु० [सं० प्रेतपक्षः] ग्राश्विन मास के कृष्ण पक्ष के पन्द्रह दिन का समय, श्राद्धपक्ष ।

प्रेतपत, प्रेतपति-सं० पु० [सं० प्रेतपतिः] यमराज का एक नाम ।
उ०—इमड़ो सम्मत करि काळ रा खैंचया प्रेतपति रा पाहुणा होइ हुकम रै प्रमांण तत्काळ ही लेख करि भिळाइ दीधौ ।—वं भा.
रू० भे०—परेतपत, परेतपति, परेतपती ।

प्रेतपिंड-सं० पु० [सं० प्रेतपिण्डम्] किसी मृतक के मरने के दिन से लेकर सपिंडी के दिन तक नित्य दिया जाने वाला अन्नादि का बना हुआ पिंड ।

प्रेतपुर-सं० पु० [सं० प्रेतपुरं] १. यमपुरी ।
२. श्मशान भूमि ।

प्रेतभाव-सं० पु० [सं० प्रेतभावः] मृत्यु, मौत ।

प्रेतभूम, प्रेतभूमि, प्रेतभोम-सं० स्त्री० [सं० प्रेतभूमिः] श्मशान भूमि, मरघट ।

प्रेतमेध-सं० पु० [सं० प्रेतमेधः] मृतक कर्म विशेष ।

प्रेतराज, प्रेतराट-सं० पु० [सं० प्रेतराजः] यमराज । (अ. मा.)

प्रेतलोक-सं० पु० [सं० प्रेतलोकः] यमपुर, यमलोक ।

प्रेतवन-सं० पु० [सं०] श्मशान भूमि ।

प्रेतसरीर-सं० पु० [सं० प्रेतशरीरं] पुराणानुसार किसी मृतक का वह कल्पित शरीर जो उसके मरने के दिन से सपिंडी तक उसकी आत्मा को प्राप्त रहता है जो सपिंडी नामक श्राद्ध करने पर नहीं रहता है, भोगशरीर ।

प्रेतस्राद्ध-सं० पु० [सं० प्रेतश्राद्ध] मरने की तिथि से एक वर्ष के अन्दर अन्दर होने वाले सोलह श्राद्ध जिसमें मासिक, सपिंडी आदि सभी सम्मिलित हैं ।

प्रेताधिप-सं० पु० [सं०] यमराज ।

प्रेतासिनी-वि० स्त्री० [सं०] मृतकों को खाने वाली ।
सं० स्त्री०—भगवती का एक नाम ।

प्रेम-सं०पु०[सं०प्रेमन्] १. वह मनोवृत्ति जिसके अनुसार किसी पदार्थ या

व्यक्ति आदि के संबंध में यह भावना हो कि वह सदा हमारे पास या साथ रहे, उसकी वृद्धि, उन्नति या हित हो, अनुराग, स्नेह । (अ. मा., ह. नां. मा.)

उ०—आपणपा सयण तेडिया आह (व)इ, लांजउ घणी निरवाहण लाज । वर ईसर जगंनाथ अणंवर, प्रेम तणी ताइ बाधी पाज ।
—महादेव पारवती री वेलि

२. पुरुष-समाज और स्त्री-समाज के ऐसे जीवों का आपस का स्नेह या मुहब्बत जो प्राय: रूप, गुण, स्वभाव और कामवासना के कारण होता है, प्यार, मुहब्बत । उ०—१. अलक डोरि तिल चड़-सबी, निरमळ चित्रुक निवांण सीचें नित माळी समर, प्रेम बाग पहचांण । प्रेम बाग पहचांण, निरंतर पाळ ही । ग्रीवा कंबु कपोत, गरब्बां गाळ ही । कंठसरी बहु क्रांति, मिळी मुकनाहळां । हिंडुळ नौसरहार, जळूस जळाहळां ।—बां. दा.

उ०—२. वयणी माळवणी तणइ, रहियउ साल्हकुमार । प्रेमइ बध्यउ प्री रहइ, जउ प्री चालणहार ।—ढो. मा.

३. अनुकंपा, अनुग्रह ।

४. हर्ष, प्रसन्नता । उ०—सुरता विकसी सरसायन में, परि प्रेम पयोनिधि पायन में ।—ऊ. का.

५. लखपत पिंगल के अनुसार एक मात्रिक छंद विशेष जिसके प्रत्येक चरण में बीस मात्राएँ होती हैं ।

६. कोमल मुलायम । ॐ (डिं. को.)

रू० भे०—परेम, पेम ।

अल्पा०—पेमो, प्रेमो ।

प्रेमकरता–वि० [सं० प्रेमकर्त्ता] प्रीति करने वाला, प्रेमी ।

प्रेमगरविता–सं० स्त्री० [सं० प्रेमगर्विता] पति के अनुराग का अहंकार रखने वाली नायिका ।

प्रेमजळ–सं० पु० [सं० प्रेमजल] प्रेम के कारण नेत्रों से निकलने वाला जल, प्रेमाश्रु ।

प्रेमनांनो–सं० पु० [सं० प्रेम+राज० नांनो] माता का नाना ।

प्रेमनांनांणो–सं०पु० [सं० प्रेम+राज० नांनांणो] माता का ननिहाल ।

प्रेमपात्र–वि० [स०प्रेमपात्रं] १. जिससे प्रेम किया जाय ।

२. प्रेम करने योग्य ।

प्रेमपास–सं० पु० [सं० प्रेमपाश] प्रेम का बंधन ।

प्रेमभक्ति–सं० पु० [सं०] बहुत प्रेम के साथ की जाने वाली श्रीकृष्ण की भक्ति ।

प्रेमभांणजो, प्रेमभांणेज–सं०पु० [सं०प्रेमन्+राज०भांणेज] १. भानजे का सौतेला भाई ।

२. भानजी का पुत्र ।

प्रेमरस–सं० पु० [सं०] प्रेम का आनन्द, प्रेम का आस्वादन ।

रू० भे०—पेमरस ।

प्रेमल–सं०स्त्री०—१. मीरां बाई का जन्म का नाम ।

२. प्रत्येक चरण में ३२ मात्रा का मात्रिक छंद विशेष । (ल. पिं.)

प्रेमलक्षणाभक्ति—सं० स्त्री० यौ० [सं०] देखो 'प्रेमभक्ति' ।

प्रेमलेसा, प्रेमलेस्या–सं० स्त्री० [सं० प्रेमलेश्या] वह वृत्ति जिसके फल-स्वरूप मनुष्य विद्वान, दयालु, विवेकी होता है तथा निस्वार्थ भाव से सबसे प्रेम करता है । (जैन)

प्रेमवारि, प्रेमवारी–सं० पु० [सं०] देखो 'प्रेमजळ' ।

प्रेमातुर–वि० [सं०] प्रेम विह्वल, प्रेम से व्याकुल ।

प्रेमालाप–सं० पु० [स०] १. प्रेम पूर्वक होने वाला वार्त्तालाप ।

२. प्रेम संबंधी बातचीत ।

प्रेमास्रु–सं०पु० [सं०प्रेमाश्रु] अधिक प्रेम के कारण नेत्रों से बहने वाला जल ।

वि० वि०—प्रेमास्रु दो अवस्थाओं में प्रकट होते है । प्रथम—चिरकाल के वियोग के बाद नायक नायिका का मिलन हो, द्वितीय—नायक नायिका के बीच किसी गलत फहमी के कारण चल रहे झगड़े के अन्त में समझौते के समय । यह सयोग शृंगार की अवस्था होती है ।

प्रेमास्वारथ–सं० स्त्री० [सं० स्वार्थ+प्रेमा] वेश्या, गणिका । (अ मा.)

प्रेमी–वि० [सं० प्रेमिन्] प्रेम करने वाला, अनुरागी, आसक्त ।

सं० पु०—मित्र, दोस्त । (अ.मा)

रू० भे०—परेमी ।

प्रेमो—देखो 'प्रेम' (अल्पा, रू. भे.)

उ०—अधिक द्रव्य खरचइ तिहां, पात्र पोसइ बहु प्रेमो जी ।
—स. कु.

प्रेयसी–वि० [सं०] १. वह स्त्री जिसके साथ उसका प्रेमी (पुरुष) अत्यधिक प्रेम करता हो, प्रेमिका ।

२. स्त्री, भार्या ।

३. हरीतकी, हर्रे । (नां. मा.)

रू० भे०—प्रहसी ।

प्रेरक, प्रेरक्क–वि० [सं० प्रेरक] प्रेरणा देने वाला, प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला । उ०—१. अचल अखड अनंत अजनमा एकातीत अनूप । प्रेरक साक्षी द्रस्टा कोई, वोई सुखरांम स्वरूप ।
—स्रीसुखरांम जी महाराज

उ०—२. परमापति सागति प्रेरक की, हहराय थके मति हेरक की ।—ऊ. का.

उ०—३. अहराज किरणि जिम वांणि ग्रंथ, प्रेरक्क सकति कवि रसण पंथ ।—सू. प्र.

प्रेरणा–सं० स्त्री० [सं०] १. किसी को किसी कार्य में प्रवृत करने या लगाने की क्रिया ।

२. सहसा मन में जागृत कोई विचार या भावना जिसके द्वारा कोई निश्चित निर्णय लिया जा सके ।

३. किसी व्यक्ति या क्षेत्र द्वारा कोई कार्य करने अथवा किसी विषय पर विचार करने के लिए प्राप्त होने वाला संकेत,भाव अथवा विचार ।

४. दबाव ।

रू० भे० —परेरणा ।

प्रेरणारथकक्रिया—सं० स्त्री० [सं० प्रेरणार्थक क्रिया] व्याकरण में क्रिया के व्यापार के सम्बन्ध में सूचित होने वाला क्रिया का वह रूप जो किसी की प्रेरणा से कर्त्ता के द्वारा हुआ हो ।

ज्यूं०—पढ़वाड़णौ, पढ़वावणौ ।

प्रेरणौ, प्रेरबौ—क्रि० स० [सं० प्रेरणं] १. ढकेलना, गति देना ।

उ०—आंगण माहें जळ छै । सु पवन को प्रेरियो चालै छै ।

—वेलि टी.

२. भेजना । उ०—१. दिस अरट खबर कज खबरदार,प्रेरया सिद्ध गुटका प्रकार ।—सू. प्र.

३. चलाना, फेंकना । उ०—१. परंतु प्रथ्वीराज रौ मत्री उण रौ इक रूप इंद्रजाळ रा उद्घंघन में न आयौ र स्रावक रा प्रेरिया समस्त ही फंद जांण लिया ।—वं. भा.

४. प्रेरित करना । उ०—जठै गजारूढ़ चालुक्यराज सांमुहो धकाय अळाव धकता लोयण मिळाय आप रा पखरैतां नूं प्रेरण रै काज अनेक प्रसंसा रा प्रपच भणियौ ।—वं. भा.

प्रेरणहार, हारौ (हारी), प्रेरणियौ—वि० ।

प्रेरिओड़ौ, प्रेरियोड़ौ, प्रेरयोड़ौ—भू० का० कृ० ।

प्रेरीजणौ, प्रेरीजबौ—कर्म वा० ।

पेरणौ, पेरबौ—रू० भे० ।

प्रेरणिका—सं०स्त्री० [सं०] बैल हांकने की लकड़ी । उ०—पाणां प्रेरणिका पापल पुचकारैं । बापू बापू कर थापल बुचकारै ।—ऊ. का.

प्रेरित, प्रेरियोड़ौ—भू० का० कृ० [सं० प्रेरित] १. प्रेरित किया हुआ. २. ढकेला हुआ, गति दिया हुआ. ३. भेजा हुआ. ४. चलाया हुआ, फिराया हुआ ।

(स्त्री० प्रेरियोड़ी)

प्रेस—सं० पु० [अं०] १. समाचारपत्र, पुस्तकें आदि छापने की कल या यंत्र ।

२. छापाखाना, मुद्रणालय ।

प्रेसक—वि० [सं० प्रेषक] १. भेजने वाला ।

२. प्रस्तुत करने वाला ।

प्रेसमेन—सं० पु० [अं०] छापे की कल चलाने वाला व्यक्ति ।

प्रेसिडेंट—सं० पु० [अं०] १. राष्ट्रपति । २. अध्यक्ष । ३. सभापति ।

प्रेसित—वि० [सं० प्रेषित] १. भेजा हुआ, चलाया हुआ ।

२. प्रस्तुत किया हुआ ।

प्रेहसी—देखो 'प्रेयसी' (रू. भे.) (अ. मा.)

प्रेहा—सं० स्त्री० [सं० प्र+इहा] आकांक्षा, अभिलाषा, कामना, इच्छा ।

उ०—'ऊदौ' 'खेतल' 'मधकर' एहा । 'पीथावत' पत कांम स-प्रेहा ।

—रा. रू.

प्रैंतीस—देखो 'पैंतीस' (रू. भे.)

प्रैत—देखो 'प्रेत' (रू. भे.)

प्रैतकरम—देखो 'प्रेतकरम' (रू. भे.)

उ०—प्रैतकरम कीन्हां सूं पैंला, और वैत नहिं आयौ । देवकुंड नण रैत भूंड द्रग, दैनकुंड दरसायौ ।—ऊ. का.

प्रैळाद—देखो 'प्रहलाद' (रू. भे.)

प्रोंच—देखो 'पुणचौ' (मह., रू. भे.)

उ०—बांधिया चिहूं करै बाजूबंध, घर आगळि बहुरखा घर । कांमण हाथ विराजइ कांकण, प्रोंचां ऊपर अवज पर ।

—महादेव पारवती री वेलि

प्रोंचौ—देखो 'पुणचौ' (रू. भे.)

प्रोग्राम—सं० पु० [अं० प्रोग्रेम] १. होने वाले कार्यों का सुनिश्चित क्रम ।

२. कार्यक्रम सूचक पत्र ।

प्रोढ़—देखो 'प्रौढ़' (रू. भे.)

प्रोढ़ा—देखो 'प्रौढ़ा' (रू. भे.)

उ०—१. मुगधा मध्या नै मोडा मिळ जावै । पढ़ पढ़ प्रारथना प्रोढ़ा पिळजावै ।—ऊ. का.

उ०—२. इसी-इसी खोडस वरसां री मुगधा, मध्या, प्रोढ़ा रूप रो निध्यांन ।—रा. सा. सं.

प्रोढ़ौ—देखो 'प्रौढ़' (अल्पा., रू. भे.)

प्रोंणौ, प्रोंबौ—देखो 'पोणौ, पोंवौ' (रू. भे.)

उ०—ताहरां भाटिये रावजी रौ माथौ वाढ़ि वांस में प्रोयौ ।

—नैणसी

प्रोत—१. देखो 'पोत' (रू. भे.)

उ०—पती जुद्ध में दुसमणां री फौजां रा हाथी मारनै तो मोतियां रा ढिगला दिया है, जिण रा प्रोत वा पोत चीड़ां नै हाथियां रै दांतां रा चूड़ा मोल मांगण री कांम नहीं ।—वी. स. टी.

२. देखो 'पुरोहित' (रू. भे.)

उ०—पुमकरणौ विरांमण रिणछोड़दास वेरौ १ रांमेस्वर जी रा मिंदर कनै करायौ संमत १७ में, तिको प्रोत जी रौ कुवौ वाजै है ।

—नैणसी

प्रोत्साहन—सं० पु० [सं०] १. अतिशय-उत्साह, उमंग ।

२. हिम्मत ।

प्रोथ—सं०पु०[सं०प्रोथम्,प्रोथथः] १. घोड़े या सूअर का नथूना । (डि.को.)

२. चूतड़, नितंब। (डि. को.)

३. कटि प्रदेश। (डि. को.)

प्रोथी-सं० पु० [सं० प्रोथिन्] घोड़ा। (डि. को.)

प्रोयणौ, प्रोयबौ—देखो 'पोणौ, पोबौ' (रू. भे.)

उ०—वधियौ महवेचौ 'विजौ' सारां सूं अवसांण। खेंग लसक्कर खांन रा प्रोया सेल प्रमांण।—रा. रू.

प्रोयत—देखो 'पुरोहित' (रू. भे.)

उ०—मीठीनाडी तळाव नैं बाग कमठौ प्रोयत जसकरण हस्ते हुवौ।—नैणसी

(स्त्री० प्रोयतण, प्रोयतांणी)

प्रोयोड़ौ—देखो 'पोयोड़ौ (रू. भे.)

(स्त्री० प्रोयोड़ी)

प्रोळ—देखो 'पौळ' (रू. भे.)

उ०—हिवै हाथी मेडतियां रै गयौ। ताहरां मेडतियां हाथी रा घाव वाधा। हाथी नूं मांहे आंणै सु प्रोळ में हाथी मावै नहीं।
—नैणसी

प्रोळबारट, प्रोळबारहठ—देखो 'पौळबारहठ' (रू. भे.)

उ०—तिण रै प्रोळबारट रवौ सुरतांणियौ हुतौ। तिण रै वैर चारण नागही देवी हुती।—नैणसी

प्रोळि—देखो 'पौळ' (रू. भे.)

उ०—जीयै घड़ी उदैराव रो जनम हूवौ तीयै घड़ी प्रोळि रा कांगरा गिड़ पड़्या। ढोलीयै रा साल चार भागा।
—देवजी बगड़ावत री वात

प्रोळियौ—देखो 'पौळियौ' (रू. भे.)

उ०—सारी प्रोळि रा प्रोळियां नूं हुकम कर राखो, म्हे जिण प्रोळि आवां म्हांनूं उण प्रोळि मांहे असवार १०० एक वीद आवण देज्यौ।
—नैणसी

प्रोळी—देखो 'पौळ' (रू. भे.)

प्रोवणौ, प्रोवबौ—देखो 'पोणौ, पोबौ' (रू. भे.)

उ०—ढोला थे मोती म्हे लाल, ढोला हेकी नै नथड़ी म्हें दोनूं प्रोविया।—लो. गी.

प्रोवणहार, हारौ (हारी), प्रोवणियौ—वि०।

प्रोविओड़ौ, प्रोवियोड़ौ, प्रोव्योड़ौ—भू० का० कृ०।

प्रोवीजणौ, प्रोवीजबौ—कर्म वा०।

प्रोवियोड़ौ—देखो 'पोयोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री० प्रोवियोड़ी)

प्रोसितपतिका-सं० स्त्री० [सं० प्रोषितपतिका] वह स्त्री जो अपने पति के विदेश गमन के कारण उसके वियोग में विह्वल, विकल या दुखी हो, प्रोषित-नायिका।

प्रोह-सं० पु० [सं०] १. हाथी का पैर। (डि. को.)

२. देखो 'पौ' (रू. भे.)

उ०—अमी कोस हूंता खड़ आयौ, 'गजग' कळोधर कुंवर-गुर। लसकर मेले सहर लूटियौ, प्रोह फाटां साहजांपुर।
— महाराजा अभयसिंह रौ गीत

प्रोहत, प्रोहित, प्रोहित्त—देखो 'पुरोहित' (रू. भे.)

उ०—१. वैसाख सुदि १ डेरौ पेवड़ै प्रोहतां रै, बाहळौ वहतां माहे कून कर गया।—नैणसी

उ०—२. स्रीमुनायक जी रो मिंदर रावजी गांगा जी री वार में प्रोहत मूळै करायौ।—नैणसी

उ०—३. राव मालदे जी सूर पातसाह कनै एक प्रोहित नै एक वरजांग दोनूं ही नूं परधांन मेलिया था।—नैणसी

(स्त्री० प्रोहितण, प्रोहितांणी)

प्रौंचाळ—देखो 'पौचाळौ' (मह., रू. भे.)

उ०—'करनाजळ' रिण काळ, 'जैत' कळोधर 'जैत' जिम। सारां पहिलौ 'सूज' उत, पड़िओ लटि प्रौंचाळ।—वचनिका

प्रौंचाळौ—देखो 'पौचाळौ' (रू. भे.)

उ०—'कमा' हरौ 'गिरवर' रिण काळौ, 'पीथलिआ' जांवळि प्रौंचाळौ 'ऊदौ' 'जगौ' किआ वे आगै, जोड़ि 'करण' जैता' छळ जागै।
—वचनिका

(स्त्री० प्रौंचाळी)

प्रौ—देखो 'परौ' (रू. भे.)

प्रौचाळौ—देखो 'पोचाळौ' (रू. भे.)

(स्त्री० प्रौचाळी)

प्रौढ़-वि० [सं०] (स्त्री० प्रौढ़ा) १. जो पूर्णतया बढ़कर या विकसित होकर अपनी पराकाष्ठा तक पहुंच चुका हो, पूर्ण बढ़ा हुआ।

२. वह (व्यक्ति) जिसने अपनी प्रारंभिक आयु पार करके मध्यावस्था प्राप्त कर ली हो।

३. बलवान, शक्तिशाली। ४. दृढ़, पक्का, मजबूत।

५. चतुर, चालाक।

रू० भे०—प्रोढ़।

अल्पा०—प्रौढ़ौ, प्रौढौ।

६. देखो 'प्रौढ़ा' (रू. भे.)

उ०—संकोच होवइ प्रौढ़ रमणी, संग घी लघु कंत ज्युं। तिम कंत तुम चउ वेस देखी, मइं बीभत्स पणुं भजुं। ए प्रौढ़ रयणी सयण सेजइं, एकलां किम जावए। हेमंत रितु मइं प्रिउ उच्छगइ, खेलवुं मन भाव ए।—वि. कु.

प्रौढ़ता-सं०स्त्री० [सं० प्रौढ़+रा०प्र०ता] प्रौढ़ होने का भाव, प्रौढ़त्व।

प्रौढ़ा-सं० स्त्री० [सं०] १. वह स्त्री जिसको युवावस्था प्राप्त हुए बहुत समय व्यतीत हो चुका हो, अधिक वयस वाली स्त्री।

२. साहित्य में वह नायिका जो कांम कला आदि में पूर्ण दक्ष हो। साधारणतः ३० से ५० वर्ष तक की आयु वाली स्त्री प्रौढ़ा मानी जाती है। उ०—दिन जेही रिणी रिणाई दरसणि, क्रमि क्रमि लागा

संकुडिरिण । नीठि छूडै आकास पोस निसि, प्रौढ़ा करखरिण पंगुरिरिण ।—वेलि

वि० वि०—भाव प्रकाश के अनुसार इस अवस्था की स्त्री वर्षा और वसंत ऋतु में संभोग करने योग्य होती है । साहित्य में इसे रति-प्रीता और आनन्द-संभोगिता ये दो भेद माने गये हैं । मान-भेदानुसार धीरा, अधीरा और धीराधीरा ये तीन भेद तथा स्वभावानुसार अन्य सुरत-दुखिता, वक्रोक्ति-गर्विता और मानवती ये तीन भेद माने गये है । इसके अतिरिक्त स्वकीया, परकीया और सामान्या ये तीन भेद भी और हैं ।

३. वह गाथा छन्द जिसमें भगरण का प्रयोग बहुत हुआ हो ।

उ०—भगरण बहुत सौ प्रौढ़ा भंरणजै, गरण बोह विप्र वरधका गिरणजै ।—र. ज. प्र.

रू० भे०—प्रउढा, प्रऊढ़ा, प्रोढा, प्रौढ ।

प्रौढ़ा-अधीरा—सं० स्त्री० [सं०] नायक में विलास सूचक चिह्न देखकर प्रत्यक्ष कोप करने वाली नायिका ।

प्रौढ़ाधीरा—सं० स्त्री० [सं०] नायक में विलास सूचक चिह्न देखकर प्रत्यक्ष कोप न करके व्यंग में कोप करने वाली नायिका ।

प्रौढ़ाधीराधीरा—सं० स्त्री० [सं०] नायक में पर-स्त्री गमन के चिह्न देखकर कुछ व्यंग में और कुछ प्रत्यक्ष में कोप करने वाली नायिका ।

प्रौढ़ोक्ति—सं० स्त्री० [सं०] एक प्रकार का अलंकार जिसमें किसी कार्य के उत्कर्ष का ऐसा कारण कल्पित किया जाय जो वास्तव में न हो । (साहित्य)

प्रौढ़ौ—देखो 'प्रौढ़' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—आसालूध अजैपुर आवी, जुग सहू जोवति जुपाजुई । लसियौ 'हाजन' प्रौढ़ौ लाडो, अकबर फौज सचींत हुई ।—दूदौ

प्रौळ, प्रौळि—देखो 'पौळ' (रू. भे.)

उ०—१. एम गढ़ निज प्रौळ आवै, गांन सहचर भून गावै । कुंभ सनमुख निजर कीधौ, लखै छत्रपति वांद लीधौ । —सू.प्र.

उ०—२. सु तळाई जांगळू री प्रौळ रै मुंहडै आगै करावण मतै छै । —नैणसी

उ०—३. भटनेर प्रौळि हूंता, भटक्कि, कांधलां राउ पइठउ कटक्कि । 'खेतल' रिणि खेसइ खुरासांण, जुध धसइ मत गइ छूह जांण ।—रा. ज. सी.

प्रौळियौ, प्रौलियौ—देखो 'पौळियौ' (रू.भे.)

उ०—लंपट तजि प्रौलियौ, निगुरण प्रभु नीलज नारी ।—घ.व.ग्रं.

प्रौस्ठपदी—सं० स्त्री० [सं० प्रौष्ठपदी] भादौं मास की पूर्णिमा ।

प्लक्ष—सं० पु० [सं०] १. पुराणानुसार सात महाद्वीपों में से एक ।

२. एक प्राचीन तीर्थ का नाम ।

प्लवंग—सं० पु० [सं० प्लवंगः] १. वंदर, वानर ।

२. घोड़ा, अश्व । उ०—जूजूइ जाति-तणा घणा, प्लवंग न लब्भइ पार । वेगि वहंता वाचनइ, हणहण घण हींसार ।—मा. कां. प्र.

३. हिरण ।

रू० भे०—पलंव, पलंवंग, पलवंग, पलवंग, पलवंगम, पलवग, प्लवग ।

प्लवंगम—सं० पु० [सं०] १. एक छंद विशेष जिसके प्रत्येक चरण में ८ व १३ के विराम से २१ मात्राएँ होती है ।

२. वानर ।

३. मेंढ़क ।

रू० भे०—पवंग, पवंगम, फूलवंगम ।

प्लवंगेस—सं० पु० [सं० प्लवंग+ईश] हनुमान ।

प्लव—सं० पु० [सं० प्लवः] चाण्डाल । (डिं. को.)

प्लवग—देखो 'प्लवंग' (रू.भे.)

प्ला वत—वि० [सं०] भरा हुआ ।

रू० भे०—पलावित ।

प्लीहा—सं० स्त्री० [सं०] तिल्ली नामक रोग । (अमरत)

प्लुत—सं० पु० [सं०] १. घोड़े की चाल ।

२. स्वर का एक भेद जिसके उच्चारण में साधारण से तिगुना समय लगता है । (व्याकरण)

३. तीन मात्राओं का ताल । (संगीत)

प्लेग—सं० पु० [अं०] एक भयंकर संक्रामक रोग जो प्रायः सर्दी की मौसम में उत्पन्न होकर फैलता है ।

रू० भे०—पलेग ।

प्लेट—सं० पु० [अं०] तश्तरी, रिकाबी ।

रू० भे०—पलेट ।

प्लेटफारम—सं० पु० [अं० प्लेटफार्म] रेलवे स्टेशन पर रेल की पटरी के समीप बना हुआ जमीन से ऊंचा समतल लम्बायमान चबूतरा ।

रू० भे०—पलेटफारम ।

प्लेटिनम—सं० पु० [अं०] सोने से भी अधिक मूल्यवान सफेद रंग की एक बहुत कठोर धातु ।

रू०भे०—पलेटिनम ।

प्लोट—सं०पु० [अं०] एक निश्चित भू भाग ।

रू० भे०—पलोट ।

फ

फ—देवनागरी वर्णमाला का २२ वां व्यंजन एवं 'प' वर्ग का दूसरा वर्ण जो भाषा विज्ञान एवं व्याकरण की दृष्टि से महाप्राण, अघोष, दन्तोष्ठ्य स्पर्श व्यंजन का संकेतक है।

फंक—देखो 'फांक' (रू. भे.)

उ०—धारा निसंक वंक धंस, अरांण मचा अतंक। फंक-फंक व्है कट पड़ै, रंवड कद व्है रंक।—रेवतसिंह भाटी

फंकणौ, फंकवौ—देखो 'फाकणौ, फाकवौ' (रू.भे.)

उ०—सांफळा मिळै सांफै तुरत, फुरत करै दळ फंकिया। मेछांण वंस तपस्या घटी, ढहसीजे वळि ढूकिया।—गा. वचनिका

फंकणहार, हारौ (हारी), फंकणियौ—वि०।

फंकिओड़ो, फंकियोड़ो, फंकयोड़ो—भू० का० कृ०।

फंकीजणौ, फंकीजवौ—कर्म वा०।

फंकियोड़ो—देखो 'फाकियोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० फंकियोड़ी)

फंकी—सं० पु० [देशज] १. मोठ, मूंग, ग्वार आदि का महीनतम चूर्ण जिसके शरीर में लगने से खुजली चलने लगती है। (शेखावाटी)

२. देखो 'फाकी' (रू. भे.)

फंग—सं० पु०[?] एक प्रकार का पौधा विशेष। उ०—जाई नई जंबीर दाड़िम, मृगळणि गोश्रंख। कंटाळि आसंधि बावची, तुळसी मिझंन्यौ फंग।—रुक्मणी मंगळ

फंगड़ियौ—सं० पु० [देशज] रहँट के उस आड़े लम्बे लट्ठे के दो भागों में से एक जिस पर बैठकर बैल हांका जाता है।

फंट—सं० पु० [सं० फांट] १. विरोध।

२. पृथकता।

फंटणौ, फंटवौ—क्रि० अ० [राज०] १. विरुद्ध होना।

२. पृथक होना। उ०—थें आज सूं ई न्यारा-न्यारा फंट जावौ।

—फुलवाड़ी

फंटणहार, हारौ (हारी), फंटणियौ—वि०।

फंटाड़णौ, फंटाड़वौ, फंटाणौ, फंटावौ, फंटावणौ, फंटाववौ

—सक० रू०।

फंटिओड़ो, फंटियोड़ो, फंटयोड़ो—भू० का० कृ०।

फंटीजणौ, फंटीजवौ—भाव वा०।

फटणौ, फटवौ—रू० भे०।

फंटाई—सं० स्त्री० [राज० फाड़णौ] १. बढ़ई का लकड़ी छीलने का औजार।

२. पृथकता।

फंटाड़णौ, फंटाड़वौ—देखो 'फंटाणौ' फंटावौ, (रू.भे.)

फंटाड़णहार, हारौ (हारी), फंटाड़णियौ—वि०।

फंटाड़िओड़ो, फंटाड़ियोड़ो, फंटाड़योड़ो—भू० का० कृ०।

फंटाड़ीजणौ, फंटाड़ीजवौ—कर्म वा०।

फंटाड़ियोड़ो—देखो 'फटायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० फंटाड़ियोड़ी)

फंटाणौ, फंटावौ—क्रि० स० [राज० फंटणौ] १. पृथक करना, अलग करना।

उ०—चूरू कांनीं पधारचा जद आगै चंद्रभांण जी तीलोकचंद जी पहिलां सिवरांमदास जी नै, संतोखचंद जी नै फंटायनै आहार पांणी भेलो कर लियो।—भि. द्र.

२. विरुद्ध करना।

फंटाणहार, हारौ (हारी), फंटाणियौ—वि०।

फंटायोड़ो—भू० का० कृ०।

फंटाईजणौ, फंटाईजवौ—कर्म वा०।

फंटाड़णौ, फंटाड़वौ, फंटावणौ, फंटाववौ—रू०भे०।

फंटायोड़ो—भू० का० कृ०—१. पृथक किया हुआ. २. विरुद्ध किया हुआ.

(स्त्री० फंटायोड़ी)

फंटावणौ, फंटाववौ—देखो 'फंटाणौ, फंटावौ' (रू.भे.)

फंटावणहार, हारौ (हारी), फटावणियौ—वि०।

फंटाविओड़ो, फंटावियोड़ो, फंटाव्योड़ो—भू० का० कृ०।

फंटावीजणौ, फंटावीजवौ—कर्म वा०।

फंटावियोड़ो—देखो 'फंटायोड़ो' (रू.भे.)

(स्त्री० फंटावियोड़ी)

फंटियोड़ो—भू० का० कृ०—१. पृथक हुवा हुआ. २. विरुद्ध हुवा हुआ.

(स्त्री० फटियोड़ी)

फंड—सं० पु० [अं०] १. किसी निश्चित कार्य को करने के लिए एकत्रित की जाने वाली सम्पत्ति या धन, कोश।

ज्यूं०—सुरक्षाफंड।

[देशज] २. आडंबर, ढोंग।

फंडर—देखो 'फांडर' (रू भे.)

फंणाकार—देखो 'फणाकार' (रू.भे.)

उ०—जिसी सिंधवी राग काळी जगायौ, उपाड़ै फंणाकार द्रब्बार आयौ। फणाकार झाटकतै पूंछ फेरी, घणौ घातियौ सांकड़ै सांम घेरी।—ना. द.

फंद—देखो 'फदौ' (मह., रू. भे.)

उ०—१. तनै कहूं समझाय, मत-मंद जग फंद तज। अरप तन-मन सुध न वेग सुणसी अरज।—र. ज. प्र.

उ०—२. देखै फिरती दूतियां, सूतौ घूंणै सीस। फंसियौ कांमण फंद में, रसियौ करै न रीस।—बां. दां.

उ०—३. यी वरखा रित बौळवी, वीती सरद अदुंद। हिम-रुत

आधी वीच त्यां, फेर प्रगट्टचो फंद ।—रा. रू.

उ०—४. थांनै कीं तल्लो-मल्लो है तो म्हनै उण री काळजो लायनै दौ; जिण सूं म्हारै जुरा-मरण री फंद कटै अर म्हैं आप रै साथै ताजिंदगी अमर सुख री मौज मांणू ।—फुलवाड़ी

उ०—५. रांणी मूंडो उतारनै कह्यो—म्हारी बदनांमी री तो अवै नीं कोई छेह है नी कोई पार ! नित नवी नवी बातां उडैला । वांरी बोझो म्हारा सूं तो झेलणो दोरो है । मर जावूं तो अ बदनांमी रा फंद कटै ।—फुलवाड़ी

मुहा०—फंद कटणो—समाप्ति होना, छुटकारा पाना ।

फंदणो, फंदबो–क्रि०अ० [देशज] १. बंधन में पड़ना, आफत में पड़ना । उ०—पण नी हजारूं वरसां सुं मिनख इण जाळ में फंदियोड़ो है अर भगवांन हाल तक उण नै सुमत नीं दी ।—फुलवाडी

२. घोखे में आना, जाल में पड़ना । उ०—नाई नै तो आप री अेक ई दांव भरै पड़तो नीं दीस्यो । अवै करै तो कांई करै । माथै में खाज खिणतो कैवण लागो—अठै थांरै कुत्तां सूं तो धरमेलो व्हैगो पण राजा जी रै पाखती गियां माथा में जूता त्यार है । म्हैं तो इण कांम में भूंडो फंदियो ।—फुलवाड़ी

३. झगड़े या टंटे में पड़ना ।

४. कुत्ते की जाति के प्राणियों की जननेन्द्रियों का संभोग के बाद कुछ समय तक आपस में फंसा रहना ।

फंदणहार, हारौ (हारी), फंदणियौ—वि० ।

फंदाड़णो, फंदाड़बो, फंदाणो, फंदावो, फंदावणो, फंदाववो —सक० रू० ।

फंदिओड़ो, फंदियोड़ो, फंदयोड़ो—भू० का० कृ० ।

फंदीजणो, फंदीजबो—भाव वा० ।

फंदाड़णो, फंदाड़बो—देखो 'फंदाणो, फंदावो' (रू.भे.)

फंदाड़णहार, हारौ (हारी), फंदाड़णियौ—वि० ।

फंदाड़िओड़ो, फंदाड़ियोड़ो, फंदाड़योड़ो—भू० का० कृ० ।

फंदाड़ीजणो, फंदाड़ीजबो—कर्म वा० ।

फंदाड़ियोड़ो—देखो 'फंदायोड़ो' (रू. भे.)

(स्त्री० फंदाड़ियोड़ी)

फंदाणो,फंदावो–क्रि०स० [देशज] १. वन्धन में डालना,आफत में डालना। उ०—मन में दोनूं जणा राजी व्हैता व्हैला के दीवांण जी नै नांमी फंदाया ।—फुलवाड़ी

२. घोखे में डालना, जाल में डालना ।

३. झगड़े या टण्टे में डालना ।

४. कुत्ते की जाति के प्राणियों में आपस में संभोग कराना ।

फंदाणहार, हारौ (हारी), फंदाणियौ —वि० ।

फंदायोड़ो—भू० का० कृ० ।

फंदाईजणो, फंदाईजबो—कर्म वा० ।

फंदाड़णो, फंदाड़बो, फंदावणो, फंदाववो—रू० भे० ।

फंदायोड़ो–भू०का०कृ०—१. बन्धन में डाला हुआ,आफत में डाला हुआ. २. घोखे में डाला हुआ, जाल में फंसाया हुआ. ३. झगड़े या टण्टे में फसाया हुआ. ४. कुत्ते-कुत्ती या इस जाति के प्राणियों को संभोग कराया हुआ.

(स्त्री० फंदायोड़ी)

फंदावणो, फंदाववो—देखो 'फंदाणो, फंदावो' (रू. भे.)

फंदावणहार, हारौ (हारी,) फंदावणियौ —वि० ।

फंदाविओड़ो, फंदावियोड़ो, फंदाव्योड़ो—भू०का०कृ० ।

फंदावीजणो, फंदावीजबो—कर्म वा० ।

फंदावियोड़ो—देखो 'फंदायोड़ो' (रू. भे.)

(स्त्री० फंदावियोड़ी)

फंदियोड़ो–भू०का०कृ०—१. वन्धन में पड़ा हुआ, आफत में पड़ा हुआ. २. जाल में पड़ा हुआ,घोखे में पड़ा हुआ. ३. झगड़े या टण्टे में पड़ा हुआ, उलझन में पड़ा हुआ. ४. कुत्ते-कुत्ती या इस जाति के प्राणियों का संभोगा-वस्था में फंसा हुआ.

(स्त्री० फंदियोड़ी)

फंदो–सं० पु० [देशज] १. वन्धन । उ०—छोड़ दिया सब घर फंदा । स्रीवीर तणी माता 'देवानंदा' ।—जयवांणी

क्रि० प्र०—आणो, छूटणो, पड़णो, लागणो ।

२. जाल, उलझन । उ०—नहीं ज्यां लघु दीरघ कोई, सदा सुद्ध स्वरूप निरमोई । सोई सुखराम रहित धंदा, नहीं ज्यां बंध मुक्त फंदा ।—स्रीसुखराम जी महाराज

क्रि० प्र०—फंसणो ।

३. दु.ख, कष्ट ।

क्रि० प्र०—टूटणो, पड़णो ।

४. झगड़ा, युद्ध ।

क्रि० प्र०—पड़णो ।

५. उपद्रव, उत्पात ।

६. टटा ।

७. पर-पुरुष या पर-स्त्री के प्रेम में पड़ना ।

८. रस्सी आदि में एक विशेष प्रकार की गांठ लगाकर बनाया जाने वाला घेरा । उ०—चौघरी फंदो कीं ढीलो करियौ । कह्यो—अठै कांई खावण नै वळियौ ।—फुलवाड़ी

क्रि० प्र०—खुलणो, खोलणो, देणो, बणाणो, लगाणो, लागणो ।

मह०—फंद ।

फंफणो, फंफबो–क्रि० अ० [देशज] प्रयत्न करना, परिश्रम करना । उ०—मा-बाप घणा-ई फंफिया, थारै-म्हारै हिड़क्यां रै हाथ लगाया, गैणां-गांठे अर नगदी री ई लोभ देखायौ पण आंधी छोरी री कोई हाथ झालण नै त्यार को हुयौ नी ।—वरसगांठ

फंफणहार, हारौ (हारी), फंफणियौ—वि०।
फंफाड़णौ, फफाड़बौ, फफाणौ, फंफावौ, फंफावणौ, फंफावबौ —सक० रू०।
फंफिश्रोड़ौ, फफियोड़ौ, फंफयोड़ौ—भू०का०कृ०।
फंफीजणौ, फफीजबौ—भाव वा०।

फंफाड़णौ, फंफाड़बौ—देखो 'फंफाणौ, फंफावौ' (रू. भे.)
फंफाड़णहार, हारौ (हारी), फंफाड़णियौ—वि०।
फफाड़िश्रोड़ौ, फंफाड़ियोड़ौ, फंफाड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।
फफाड़ीजणौ, फंफाड़ीजबौ—कर्म वा०।

फंफाड़ियोड़ौ—देखो 'फंफायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० फफाड़ियोड़ी)

फंफाणौ, फंफावौ-क्रि०स० [देशज] १. प्रयत्न कराना। २. कष्ट देना।
फंफाणहार, हारौ (हारी), फंफाणियौ—वि०।
फंफायोड़ौ—भू०का०कृ०।
फंफाईजणौ, फंफाईजबौ—कर्म वा०।
फंफाड़णौ, फंफाड़बौ, फंफावणौ, फंफावबौ—रू०भे०।

फंफायोड़ौ-भू० का० कृ०—१. प्रयत्न कराया हुआ. २. कष्ट दिया हुआ.
(स्त्री० फंफायोड़ी)

फंफावणौ, फंफावबौ—देखो 'फंफाणौ, फंफावौ' (रू. भे.)
फंफावणहार, हारौ (हारी), फंफावणियौ—वि०।
फंफाविश्रोड़ौ, फंफावियोड़ौ, फंफाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।
फंफावीजणौ, फंफावीजबौ—कर्म वा०।

फफावियोड़ौ-भू०का०कृ०—देखो 'फंफायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० फंफावियोड़ी)

फंफियोड़ौ-भू०का०कृ०—१. प्रयत्न किया हुआ. २. कष्ट पाया हुआ.
(स्त्री० फफियोड़ी)

फंफेड़णौ, फंफेड़बौ-क्रि०स० [देशज] १. तीर मारना, तीर घुसाना।
उ०—श्रोदी कुडि उलंघि, आयौ जिण दिसि आहेड़ी। तेण चलाया तीर, फाल मांहि टाल फंफेड़ी।—ध. व. ग्रं.
२. किसी प्राणी अथवा पदार्थ को पकड़ कर खूब हिलाना या झटका देते हुए इधर-उधर करना, झकझोरना।
उ०—१. फोथळ ज्यूं थूं उणमणी ज्यूं ढीलौ थारौ गात, के गिंडक फंफेड़ियौ के वाई—सा घाल्यौ हाथ।—फुलवाड़ी
उ०—२. अठै म्हारी धरम-बैन श्रेक मिन्नी रै'वै। म्हारै टूंच मारनै तौ देख, पछै थारी कांई बात विगड़ै। थनै फंफेड़ फफेड़नै मार न्हाकैला।—फुलवाड़ी
फंफेड़णहार, हारौ (हारी), फंफेड़णियौ—वि०।
फंफेड़िश्रोड़ौ, फंफेड़ियोड़ौ, फंफेड़्योड़ौ—भू०का०कृ०।
फफेड़ीजणौ, फंफेड़ीजबौ—कर्म वा०।

फंफेड़ियोड़ौ-भू०का०कृ०—१. तीर मारा हुआ, तीर घुसाया हुआ.
२. किसी प्राणी या पदार्थ को पकड़ कर खूब हिलाया हुआ या झटका देकर इधर-उधर किया हुआ, झकझोरा हुआ.
(स्त्री० फंफेड़ियोड़ी)

फंवड़ी—१. देखो 'पांमड़ी' (रू.भे.)
२. देखो 'पूंगड़ी' (स्त्री०)

फंवड़ौ—देखो 'पूंगड़ौ' (रू.भे.)
(स्त्री० फंवड़ी)

फंवी—देखो 'फुंवी' (रू.भे.)

फंवार-सं० स्त्री०—१. फंवारे से निकलने वाली धारा।
उ०—उन मुन ध्यांन अखंड धुन, वरसत सब्द फंवार। बिना चोंच एक हंसलो, पीवै त्रिवेणी-द्वार।—श्रीहरिरांम जी महाराज
२. देखो 'फंवारौ' (मह, रू. भे.)

फंवारौ-सं०पु० [अ० फव्वार:] १. वह यंत्र जिसमें से दबाव के कारण पानी बहुत बारीक बूंदों के रूप में गिराया जाता है।
२. पानी आदि का बहुत बारीक छींटा।
३. बरसात की महीन बूंदों की झड़ी।
रू०भे०—फवारौ, फव्वारौ, फुंश्रारौ, फुंवारौ, फुंहारौ, फुश्रारौ, फुवारौ, फुहारौ, फूंहारौ, फूहारौ, फोहारौ, फौआरौ, फौव्वारौ, फौहारौ।
मह०—फंवार, फुंवार, फुंहार, फुहार, फौहार।

फंसणौ, फंसबौ-क्रि०अ० [सं०पाशनं] १. नैतिक, सामाजिक, व्यवहारिक या सांसारिक बन्धन के वशीभूत होना।
उ०—सूरदास जी अटकतौ-अटकतौ जवाब देवतौ वां दिनां, म्हैं ई थोड़ौ घणौ माया-जाळ में फंसियोड़ौ हो।—फुलवाड़ी
२. किसी वस्तु का इस प्रकार किसी वस्तु में प्रवेश कर जाना कि उसका पुनः बाहर निकलना कठिन या असंभव हो।
३. किसी तीक्ष्ण पदार्थ में किसी वस्तु का उलझ जाना या अटक जाना।
ज्यूं०—तार में कपड़ौ फंसणौ, कांटां में धोतियौ फंसणौ।
४. किसी कार्य में इस प्रकार व्यस्त रहना कि उससे छुटकारा मिलना मुश्किल हो।
ज्यूं०—म्हैं कांम में बुरी तरां फंस्योड़ौ हूं।
५. मीठी-मीठी या छलपूर्ण बातों में छला जाना या धोखे में आना।
उ०—फंस गये हम मोडन फंदन में, बहुकाळ रहे तिण बंधन में।
—ऊ. का.
६. पर-पुरुष या पर-स्त्री के प्रेम में पड़ना। उ०—देखे फिरती दूतियां, सूतौ घूंणै सीस। फंसियौ कांमण फंद में, रसियौ करै न रीस।—बां. दा.

७. किसी पाश या फंदे में पडना ।
८. पशु-पक्षियों का किसी जाल में पडना
९. किसी रहस्यमयी स्थिति में हत-बुद्धि होना । उ०—राजकंवर आपरी पींडी सांमी जोयौ तौ उठै अेक ई बोटी कटिग्रोड़ी नीं दीसी । नीं लोई रिसतौ निगै आयौ अर नीं किणी घाव रौ दरद लखायौ । वौ किण माया नगरी में फंसग्यौ ।—फुलवाड़ी

फंसणहार, हारौ (हारी), फंसणियौ—वि० ।
फंसाड़णौ, फंसाड़बौ, फंसाणौ, फंसाबौ, फंसावणौ, फंसाववौ —प्रे० रू० ।
फंसिग्रोड़ौ, फंसियोड़ौ, फंस्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
फंसीजणौ, फंसीजबौ—भाव वा० ।
पसणौ, पसबौ, फसणौ, फसबौ—रू० भे० ।

फंसाड़णौ, फंसाड़बौ—देखो 'फंसाणौ, फंसाबौ' (रू. भे.)
फंसाड़णहार, हारौ (हारी), फंसाड़णियौ—भू० का० कृ० ।
फंसाड़ीजणौ, फंसाड़ीजबौ—कर्म वा० ।

फंसाड़ियोड़ौ—देखो 'फंसायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० फंसाड़ियोड़ी)

फंसाणौ, फंसाबौ—क्रि०स० [राज० फंसणौ क्रि० का प्रे० रू०] १. किसी नैतिक, सामाजिक, व्यवहारिक या सांसारिक बंधन में डालना ।
२. किसी वस्तु को इस प्रकार किसी वस्तु में प्रवेश कराना कि उसको पुन: बाहर निकालना कठिन या असंभव सा हो ।
३. किसी तीक्ष्ण पदार्थ में किसी वस्तु को उलझा देना या अटका देना ।
४. किसी कार्य में इस प्रकार व्यस्त करना कि उससे छुटकारा मिलना मुश्किल हो ।
५. मीठी-मीठी या छलपूर्ण बातों में लेना, धोखे में डालना ।
६. पर-पुरुष या पर-स्त्री के प्रेम में डालना ।
७. किसी पाश या फंदे में डालना ।
८. पशु-पक्षियों को किसी जाल में बांधना या फंसाना ।
९. किसी रहस्यमयी स्थिति में हत-बुद्धि करना ।

फंसाणहार, हारौ (हारी), फंसाणियौ—वि० ।
फंसायोड़ौ—भू० का० कृ० ।
फंसाईजणौ, फंसाईजबौ—कर्म वा० ।
फंसाड़णौ, फंसाड़बौ, फंसावणौ, फसावबौ, फसाड़णौ, फसाड़णौ, फसाणौ, फसाबौ, फसावणौ, फसावबौ, फावणौ, फावबौ —रू० भे० ।

फंसायोड़ौ—भू० का० कृ०—१. किसी नैतिक, सामाजिक, व्यवहारिक या सांसारिक बंधन में डाला हुआ.
२. किसी वस्तु का इस प्रकार किसी वस्तु में प्रविष्ट किया हुवा होना जिससे उसका बाहर निकलना दुष्कर या असंभव हो.
३. किसी तीक्ष्ण पदार्थ में किसी वस्तु को उलझाया हुआ या अटकाया हुआ.
४. किसी कार्य में व्यस्त किया हुआ.
५. मीठी-मीठी या छलपूर्ण बातों में लिया हुआ या धोखे में डाला हुआ.
६. पर-पुरुष या पर-स्त्री के प्रेम में वशीभूत किया हुआ.
७. किसी पाश या फंदे में डाला हुआ.
८. पशु-पक्षियों को जाल में डाला हुआ.
९. किसी रहस्मयी स्थिति में हत-बुद्धि किया हुआ.
(स्त्री० फंसायोड़ी)

फंसावणौ, फसाववौ—देखो 'फंसाणौ, फंसाबौ' (रू. भे.)
फंसावणहार, हारौ (हारी), फंसावणियौ—वि० ।
फंसाविग्रोड़ौ, फंसावियोड़ौ, फंसाव्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
फंसावीजणौ, फसावीजबौ—कर्म वा० ।

फंसावियोड़ौ—देखो 'फंसायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० फंसावियोड़ी)

फंसियोड़ौ—भू० का० कृ०—१. किसी नैतिक, सामाजिक, व्यवहारिक या सांसारिक बंधन में पड़ा हुआ. २. कोई वस्तु या पदार्थ किसी वस्तु में प्रविष्ट होने से इस स्थिति में हुवा हुआ कि उसका पुन: बाहर निकलना कठिन या असंभव हो. ३. किसी तीक्ष्ण पदार्थ में अटका हुआ या उलझा हुआ. (कोई पदार्थ) ४. किसी कार्य में इस प्रकार व्यस्त हुवा हुआ कि उससे छुटकारा मिलना मुश्किल हो. ५.मीठी-मीठी या छलपूर्ण बातों में आया हुआ, धोखे में पडा हुआ. ६. पर-पुरुष या पर-स्त्री के प्रेम में पड़ा हुआ. ७. किसी पाश या फंदे में पड़ा हुआ. ८. जाल में या बंधन में पड़ा हुआ. (पशु-पक्षी) ९. किसी रहस्यमयी स्थिति में हत-बुद्धि हुवा हुआ.
(स्त्री० फंसियोड़ी)

फ-सं० पु०—१. पाप । २. फेन, झाग । ३. पुण्य । ४. माघ का महीना । ५. ध्वनि । ६. आंधी, अंधकार । ७. वर्षा । ८. भय । ९. रक्षा । १०. निष्टा । ११. बुद्धि । १२. वाणी । १३. प्रसन्न । (एका०)

फईड़—देखो 'फटीड़ौ' (मह., रू. भे.)

फईड़ौ—देखो 'फटीड़ौ' (रू.भे.)

फउज—देखो 'फौज' (रू. भे.)
उ०—पतिसाह फउज फूटंति पाळि, ब्रहमंड 'जइत' गाजइ विचाळि ।
—रा. ज. सी.

फउरणौ, फउरबौ—देखो 'फेरणौ, फेरबौ' (रू. भे.)
उ०—फूले भरि छाव चढ़ी रथ फउरइ, आंणंद हूम्रो घन दिन ग्रो आज ।—महादेव पारवती री वेलि

फउरणहार, हारौ (हारी), फउरणियौ—वि० ।
फउरिप्रोड़ौ, फउरियोड़ौ, फउरचोड़ौ—भू० का० कृ० ।
फउरीजणौ, फउरीजबौ—कर्म वा० ।

फउरि—देखो 'फररी' (रू. भे.)
उ०—फरहरइ फउरि फरि अफरि फूल, ऊंचास असिम आरिखि अमूल ।—रा. ज. सी.

फउरियोड़ौ—देखो 'फेरियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० फउरियोड़ी)

फउरी—देखो 'फररी' (रू. भे.)

फक–वि० [सं० स्फटिक] १. स्वच्छ, साफ ।
[अ० फ़क़] २. भय, लज्जा आदि के कारण होने वाली चेहरे की अवस्था ।
क्रि० प्र०—पड़णौ, होणौ ।
सं० स्त्री० [अनु०] ध्वनि विशेष ।
रू० भे०—फक्क ।

फकत–अव्य० [अ०] १. केवल, सिर्फ । उ०—तो भुज पर दिल्ली तखत, अरि वयूं तक्कत आय । फीटा पड़ घर ग्या फकत, चित जरमन ललचाय ।—जैतदांन बारहठ
२. बस, इतना ही ।
रू० भे०—फगत ।

फकर–वि० [अ० फ़क्र] १. दीन, दरिद्र । उ०—फकर देतां हमकर परहरणा, दे दिलाय सो खुदाय पिंड पोखण भरणा ।
—केसोदास गाडण
२. निर्लोभी, मस्त, संतोषी ।
३. अभिमान, घमण्ड । उ०—बंदन छोड़ मिळै निरबंदन, ऐसी मेहर मईया । हरिरांम वे अखै देस, कोई फकर लोक लईया ।
स्रीहरिरांम जी महाराज
४. देखो 'फिकर' (रू. भे.)
रू० भे०—फक्कड़, फक्कर, फक्खड़, फखर ।

फकारी–सं० पु० [?] सर्प, सांप । (अ.मा.)

फकीर–वि० [अ०] (स्त्री० फकीरण) १. निर्धन, कंगाल । उ०—बा'रै हजारी कूं खीज फकीर करै, फकीर कूं रीझै तौ नांमदार की किताब धरै ।—रा. रू.
क्रि० प्र०—होणौ ।
२. भिखमंगा, भिक्षुक ।
उ०—जिसौ लाय जाळियौ, फजर मिळ जाय फकीरां । साह दहण सेकियौ, इसौ पेखियौ अमीरां ।—रा. रू.
३. संसार-त्यागी, विरक्त ।
उ०—नवाब साहिब महाराज नूं कही—भाई, में तौ कुछ बद खबर सुणूंगा तब फकीर बण चलना रहूंगा ।—पदमसिंह री वात
४. मुसलमान साधु ।
५. जैसलमेर राज्यान्तर्गत एक मुसलमान जाति ।
मह०—फक्कड़, फक्कर, फक्खड़ ।

फकीरी–सं० स्त्री० [अ० फकीर+रा० प्र० ई] १. साधुता ।
उ०—भेस फकीरी सब कोई लेता, ग्यांन फकीरी पंथ झीना । जिनके सब्द लग्या सतगुरु का, सीस काट धर दीना ।
स्रीसुखरांम जी महाराज
२. निर्धनता, कंगाली ।
उ०—उमीरी फकीरी चड़े एक आंटै, खुदा नै दई है किसी के न बांटै । किनूं कायरी सूरताई दई है, जिनौ अप्पनी अप्पनी ही लई है ।
—ला. रा.
३. संन्यास ।
उ०—फेर बादसाह नूं खबर हुई जद अेक मांणस मेल कहायौ—जे फकीरी लेणी आछी नहीं ।—पदमसिंह री वात

फक्क—देखो 'फक' (रू. भे.)

फक्कड़—१. देखो 'फकर' (रू. भे.)
२. देखो 'फकीर' (मह., रू. भे.)

फक्कर—१. देखो 'फकर' (रू. भे.)
उ०—१. तज मक्कर फक्कर तसूं, उर सुध करखै रात अपंदे । बस करदे इंद्री अवस, तन मभी तप सील तप्पंदे ।—र. ज. प्र.
उ०—२. बक्कर का हलाली खांणा, सूकर कोन खाणां । नीलाही निसांणां राखि फक्कर कौं जिमाणा ।—शि. वं.
२. देखो 'फकीर' (मह., रू. भे.)
उ०—जांणै याकू चेतन आप गुसाई, कै कोई जांणै फक्कर अवलिया ।
—स्रीसुखराम जी महाराज
३. देखो 'फिकर' (रू. भे.)

फक्खड़—१. देखो 'फकर' (रू. भे.)
२. देखो 'फकीर' (मह., रू. भे.)

फखर—देखो 'फकर' (रू. भे.)

फगडंड–सं० पु० [सं० पाषण्ड] ढोंग, पाखण्ड ।

फगडंडी–वि० [सं० पाषण्डी] ढोंगी, पाखण्डी ।

फगडौ–सं० पु० [सं० पाषण्ड] १. ढोंग, पाखण्ड ।
२. टंटा, झगड़ा ।

फगत—देखो 'फकत' (रू. भे.)
उ०—कोथळी खोलनै बनमाळी पूछ्यौ—सिरावण वास्तै आज फगत तिलिया लाडू इज लाई, फेर कीं नी ?—फुलवाड़ी

फगफगणौ, फगफगबौ–क्रि० अ० [देशज] किसी चीज के सब अंगों का फूल की पत्तियों की तरह अलग अलग हो जाना, फूलना, खिलना ।
उ०—१.तदनंतर सुसमुसती मरकी सिसिविसद सुंहाली, चंद्र-

किरणोज्वलगुणा, फगफगां फीणां, दुग्धवरण्ण दहीथरां ।—व.स.
उ०—२. पछइ प्रीसी मुरकी, खाइवा जीभ फुरकी, सेव झीणी, फगफगती फीणी, भितनी घारी, स्वादस्युं आहारी ।—व. स.
फगफगणहार, हारौ (हारी), फगफगणियौ—वि० ।
फगफगिओड़ौ, फगफगियोड़ौ, फगफग्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
फगफगीजणौ, फगफगीजबौ—भाव वा० ।

फगफगियोड़ौ-भू० का० कृ०—किसी पदार्थ के सब अंगों का फूल की पत्तियों की तरह अलग-अलग हुवा हुआ, फूला हुआ, खिला हुआ. (स्त्री० फगफगियोड़ी)

फगवा, फगुवा-सं० पु० [सं० फाल्गुन:] १. होलिकोत्सव का दिन, होली । उ०—असें फगवा में काहे कुं जइयें री, घर हांन अेक दूजी लोक चवाई ।—रसीलैराज
२. उक्त अवसर पर होने वाला आमोद-प्रमोद ।
३. उक्त अवसर पर दिया जाने वाला उपहार या भेंट । उ०—मैं तो हूं बरसाने की ग्वालिन, तुम हलधर के वीर । मीरां के प्रभू फगुवा लीन्हो, मोहन स्यांम सरीर ।—मीरां

फग्ग—देखो 'फाग' (रू. भे.)
उ०—सूरां हूरां सत्थ व्है, गळ-बत्थ मिळाया । खंडे राय खिल्हारहू, रण फग्ग रचाया ।—वं. भा.

फग्गुण—देखो 'फागण' (रू. भे.)
उ०—दळण खळां सिवदत्त प्रबळ बधियो संभरपति । मुलक लूटि मेवाड़ कियो, फग्गुण तरु की मति ।—वं. भा.

फड़-सं० पु० [देशज] १. समूह, ढेर । उ०—हिसार रा लोग महा रिजाला सो कुडी वातां रा फड़ लगाय पग छुडाय दिया ।
—मारवाड़ रा अमरावां री वारता
२. बैलगाड़ी की छत के आधार-स्वरूप लकड़ी के दो डण्डों में से एक ।
३. बैल की मूत्रेन्द्रिय ।
सं० स्त्री०—४. चीरी हुई लकड़ी ।
५. अनाज की दूकान ।
रू० भे०—फड ।

फड़क—देखो 'फड़कौ' (अल्पा., रू. भे.)

फड़कड़,फड़कड़-सं०पु०[अनु०] घोड़े के तेज चलने या भागने का ढंग,इस प्रकार तेज चलने से उत्पन्न ध्वनि । उ०—भाखरां रा खुडां वेहड़ां मांहां सूवर नीचा उतरिया छै । राजा नां देसोतां सूवरां सांमी वाग लीवी छै । फड़कड़ां फड़वड़ाया जावै छै ।—रा. सा. सं.

फड़कण-सं०स्त्री० [अनु०] १. फड़कने की क्रिया या भाव ।
२. हृदय की धड़कन ।
रू० भे०—फुरकण ।

अल्पा०—फड़को ।

फड़कणौ, फड़कबौ-क्रि०अ० [स्फुरणं] १. शरीर के किसी अंग का वायु के कारण बार-बार उभरना और दबना । उ०—फड़की फड़की डावी घण री आंख, हरख्यौ हरख्यौ मारुणी रौ जिवड़ौ अो राज ।
—लो. गी.
२. किसी वस्तु विशेष (वस्त्र, कागज, झंडा आदि) के वायु के वेग से हिलने पर ध्वनि होना ।
३. वायु के आघात या झोंके से कपड़े, कागज आदि का उड़ना ।
फड़कणहार, हारौ (हारी), फड़कणियौ—वि० ।
फड़कवाड़णौ, फड़कवाड़बौ, फड़कवाणौ, फड़कवाबौ, फड़कवावणौ, फड़कवावबौ—प्रे० रू० ।
फड़काड़णौ, फड़काड़बौ, फड़काणौ, फड़काबौ, फड़कावणौ, फड़कावबौ—सक० रू० ।
फड़किओड़ौ, फड़कियोड़ौ, फड़क्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
फड़कीजणौ, फड़कीजबौ—भाव वा० ।
फड़क्कणौ, फड़क्कबौ, फरकणौ, फरकबौ, फरक्कणौ, फरक्कबौ, फरूकणौ, फरूकबौ, फरूखणौ, फरूखबौ, फुरकणौ, फुरकबौ, फुरक्कणौ, फुरक्कबौ—रू० भे० ।

फड़काड़णौ, फड़काड़बौ—देखो 'फड़काणौ, फड़काबौ' (रू. भे.)
फड़काड़णहार, हारौ (हारी), फड़काड़णियौ—वि० ।
फड़काड़िओड़ौ, फड़काड़ियोड़ौ, फड़काड़्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
फड़काड़ीजणौ, फड़काड़ीजबौ—कर्म वा० ।

फड़काड़ियोड़ौ—देखो 'फड़कायोड़ौ (रू. भे.)
(स्त्री० फड़काड़ियोड़ी)

फड़काणौ, फड़काबौ-क्रि०स० ['फड़कणौ' क्रि०का प्रे०रू०] १. हिलाना डुलाना ।
२. हवा में उड़ाना ।
३. पक्षियों द्वारा अपने परों व गाय, कुत्ता आदि पशुओं द्वारा अपने कानों को झटका देना या हिलाना ।
फड़काणहार, हारौ (हारी), फड़काणियौ—वि० ।
फड़कायोड़ौ—भू० का० कृ० ।
फड़काईजणौ,फड़काईजबौ—कर्म वा० ।
फड़काड़णौ, फड़काड़बौ, फड़कावणौ, फड़कावबौ, फरकाड़णौ, फरकाड़बौ, फरकाणौ, फरकाबौ, फरकावणौ, फरकावबौ, फरूकाड़णौ, फरूकाड़बौ, फरूकाणौ, फरूकाबौ, फरूकावणौ, फरूकावबौ, फुरकाड़णौ, फुरकाड़बौ, फुरकाणौ, फुरकाबौ, फुरकावणौ, फुरकावबौ—रू० भे० ।

फड़कायोड़ौ-भू०का०कृ०—१. हिलाया डुलाया हुआ. २. हवा में उड़ाया हुआ. ३. पर या कान झटकाया हुआ या हिलाया हुआ. (पशु, पक्षी) (स्त्री० फड़कायोड़ी)

फड़कावणौ, फड़कावबौ—देखो 'फड़काणौ, फड़काबौ' (रू. भे.)
फड़कावणहार, हारौ (हारी), फड़कावणियौ—वि० ।

फड़काविग्रोड़ो, फड़काविघोड़ो, फड़काव्योड़ो—भू० का० कृ० ।
फड़कावीजणौ, फड़कावीजवौ—कर्म वा० ।

फड़काविघोड़ौ—देखो 'फड़कायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० फड़काविघोड़ी)

फड़कियोड़ौ-भू०का०कृ०—१. हिला हुआ, डुला हुआ. २. हवा में उड़ा हुआ. ३. वात-विकार के कारण स्फूरित हुवा हुआ, फुरका हुआ. (अंग)
(स्त्री० फड़कियोड़ी)

फड़कौ-सं० पु० [देशज] १. कपाट का एक भाग, एक पाटिया ।
२. एक प्रकार का कर विशेष जो पहले किसानों से लिया जाता था । उ०—ठिकांणा रा गांवां में रैयत नै वेठ वेगार, लाग-वाग, हासल, खरड़ा भूंपी अर फड़का इत्याद केई भार ढोवणा पड़ता तो कंवण वास्तै नांवमातर सारू ठिकांणा में दिखावा रूपी रकीनां रा साग रचिया जावता हा ।—फुलवाड़ी
३. फल-प्राप्ति की अभिलाषा से सेवा-वृत्ति करने वाले यथा कुम्हार, सुथार आदि को खलिहान में दिया जाने वाला अनाज ।
४. पतंगा ।
५. कंचुकी के पार्श्व भाग में रहने वाला वस्त्र ।
६. हृदय की अस्वाभाविक धड़कन । उ०—बेटा रै मूंडा सूं आ वात सुणतांई मां रै काळजा में तो फड़कौ चढ़ग्यो ।—फुलवाड़ी
क्रि० प्र०—उठणौ, चढ़णौ ।
७. देखो 'फड़कण' (अल्पा., रू. भे.)
अल्पा०—फड़क ।

फड़क्कणौ, फड़क्कवौ—देखो 'फड़कणौ, फड़कवौ' (रू. भे.)
उ०—मुक्कै सैल, घुक्कै धरा, दडक्कै धड़ां सूं माथा, मुड़क्कै कायरां सूर, वकै मार मार । फड़क्कै फींफरां रैणां, धड़क्कै केवियां फौज, धकै चाढ़ भाजै, उरां घणा सारधार ।—बुधसिंह सिढ़ायच
फड़क्कणहार, हारौ (हारी), फड़क्कणियौ—वि० ।
फड़क्किग्रोड़ो, फड़क्कियोड़ो, फड़क्योड़ो—भू० का० कृ० ।
फड़क्कीजणौ, फड़क्कीजवौ—भाव वा० ।

फड़क्कियोड़ौ—देखो 'फड़कियोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० फड़क्कियोड़ी)

फड़ड़, फड़ड़ाट-सं० स्त्री० [अनु०] १. वस्त्र के फटने से उत्पन्न ध्वनि ।
२. पक्षियों के उड़ते समय पंखों से उत्पन्न ध्वनि ।
३. अपान वायु की ध्वनि ।
४. पशुओं के नाक से सांस लेने से उत्पन्न ध्वनि । उ०—धुबि नास फड़ड़ रज धूसरड, रथ अछरां मग रोकिया । नाळां निहाव गोळां निहसि, झाळा दिसि असि झोकिया ।—सू. प्र.
५. ध्वनि विशेष ।
रू० भे०—फड़ड़ाहट, फडड, फडडाट, फरड़, फरड़ाट, फरड़ाटौ, फरड़ाहक, फरड़ाहट ।
अल्पा०—फड़ड़ाटौ, फड़ड़ाहटौ ।

फड़ड़ाटौ-सं० पु०—देखो 'फड़ड़' (अल्पा., रू. भे.)

फड़ड़ाहट—देखो 'फड़ड' (रू. भे.)

फड़ड़ाहटौ-सं० पु०—देखो 'फड़ड़' (अल्पा., रू. भे.)

फड़द-सं० स्त्री० [फ़ा० फ़र्द] १. सूची, तालिका ।
२. निमंत्रण का सूचीपत्र ।
३. बही जिसमें हिसाब किताब लिखा हुआ होता है ।
[अ० फ़र्द] ४. रजाई का ऊपरी खोल ।
५. रजाई, दुलाई का वह ऊपरी पल्ला जिसके नीचे अस्तर लगाया जाता है ।
६. ग्रामीण स्त्रियों के घाघरे का मोटा और गाढ़ा टिपकियांदार वस्त्र जिसका पृष्ठ भाग प्रायः श्यामवर्ण होता है और छपाई केवल एक ओर होती है ।
रू० भे०—फडद, फरद ।

फड़दी—देखो 'फरदी' (रू. भे.)

फड़नवीस-सं० पु० [फ़ा० फर्दनवीस] मराठों के राजत्वकाल में प्रधान लेखकों एवं माल विभाग के कर्मचारियों को दिया जाने वाला पद । ये पदाधिकारी जागीरें देने एवं लगान वसूली के हिसाब की जांच की व्यवस्था करते थे ।

फड़फड़-सं० स्त्री० [अनु०] ध्वनि विशेष ।
रू० भे०—फडफफड़, फडफड ।

फड़फड़णौ, फड़फड़वौ-क्रि० अ० [अनु०] १. बैचेन होना, घबराना ।
उ०—पाग्रे हसम्मि हालइ पयाळ, फडफडइ नाग फाटइ फुणाळ । रायां राउ ऊपरि असुरि राइ, जळराइ जांणि मेल्ही अजाइ ।
—रा. ज. सी.
२. ध्वनि होना ।
३. उद्वेलन होना ।
फडफडणहार, हारौ (हारी), फडफडणियौ—वि० ।
फडफडिग्रोड़ो, फडफड़ियोड़ो, फड़फड़्योड़ो—भू० का० कृ० ।
फड़फड़ीजणौ, फडफड़ीजवौ—भाव वा० ।
फडहडणौ, फडहडवौ, फडहडणौ, फडहडवौ—रू० भे० ।

फड़फड़ाणौ, फड़फड़ाबौ-क्रि०स० [अनु०] १. पक्षी के परों तथा पशु के कान आदि को विशेष रूप से फडफड़ की ध्वनि के साथ हिलाना ।
उ०—१. तठै लखो एकलो आय वागर में घास में छिपीयो । सु राव छोडकरण पधारण लागा । तरै कुतरै कांन फड़फड़ाया ।
—राव लाखै री बात
उ०—२. ओ खिलको रचियां पछै वो नेठाव सू नाडी में पांणी पीवण सारू उडियो । धापन पांणी पीयो । पांखां फड़फड़ायनै च्यार-पांच झिकोळा खाया ई ।—फुलवाड़ी

क्रि० अ०—२. घबराना, बेचैन होना।
फड़फड़ाणहार, हारौ (हारी), फड़फड़ाणियौ—वि०।
फड़फड़ायोड़ौ—भू० का० कृ०।
फड़फड़ाईजणौ, फड़फड़ाईजबौ—कर्म वा०/भाव वा०।
फड़फड़ावणौ, फड़फड़ावबौ—रू० भे०।

फड़फड़ायोड़ौ-भू० का० कृ०—१. ध्वनि विशेष करते हुए पर या कान हिलाया हुआ. २. घबराया हुआ, बेचैन, विह्वल।
(स्त्री० फड़फड़ायोड़ी)

फड़फड़ावणौ, फड़फड़ावबौ—देखो 'फड़फड़ाणौ, फड़फड़ाबौ' (रू. भे.)
उ०—बुगलो नै बुगली आकास नै नैड़ी लियो। धोळी पांखां फड़फड़ावता आप रै विचियां कांनी उडता जावै। दोनां री आंख्यां सूं हरख रा मोती बरसण लागा।—फुलवाड़ी
फड़फड़ावणहार, हारौ (हारी), फड़फड़ावणियौ—वि०।
फड़फड़ाविओड़ौ, फड़फड़ावियोड़ौ, फड़फड़ाव्योड़ौ—भू०का०कृ०।
फड़फड़ावीजणौ, फड़फड़ावीजबौ—कर्म वा०/भाव वा०।

फड़फड़ावियोड़ौ—देखो 'फड़फड़ायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० फड़फड़ावियोड़ी)

फड़फड़ियोड़ौ—भू० का० कृ०—१. बेचैन हुवा हुआ, घबराया हुआ. २. शब्द हुवा हुआ. ३. उद्वेलित हुवा हुआ.
(स्त्री० फड़फड़ियोड़ी)

फड़फड़ियौ-सं० पु० [अनु०] मोटर साइकिल।

फड़फड़ी-सं० स्त्री० [अनु०] १. झुंझलाहट।
२. हिम्मत, साहस, जोश। उ०—डावी आंख रौ डोळौ बारै काढ़ची जद वा जोर सूं चिराळी करी। जीमणा डोळा में हूंच मारण लागौ तद वा फड़फड़ी खाय नै बैठी व्ही।—फुलवाड़ी
क्रि० प्र०—खाणौ।
३. उद्वेलन। उ०—राजा जी रौ जोस मांय रौ मांय फड़फड़ी खावण लागौ।—फुलवाड़ी

फड़पफड़—देखो 'फड़फड़' (रू. भे.)

फड़मल-सं० पु० [देशज] फोग नामक झाड़ी के फूल। उ०—फोगल पछै घिटाळ, जंगळां, झीट झिटाळी। सूरज ऊगण वेळ, फड़मलां छबि निराळी।—दसदेव

फड़वड़ा-सं० स्त्री० [अनु०] घोड़ों के तेज दौड़ने से उत्पन्न ध्वनि।

फड़वड़ाणौ,फड़वड़ाबौ-क्रि० अ० [अनु०] घोड़ों को तेज दौड़ाना।
उ०—इसै समइयै में भालुवां आंण अरज कीवी छै। भाखरां रा पुडां वेहडां मांहां सूवर नीचा उतरिया छै। राजा नां देसोतां सूवरां सांमी वाग लीवी छै। फड़कड़ां फड़वड़ायां जावै छै।
—रा. सा. सं.
फड़वड़ाणहार, हारौ (हारी), फड़वड़ाणियौ—वि०।
फड़वड़ायोड़ौ—भू० का० कृ०।
फड़वड़ाईजणौ, फड़वड़ाईजबौ—भाव वा०।

फड़वड़ायोड़ौ-भू० का० कृ०—घोड़ों को तेज दौड़ाया हुआ.
(स्त्री० फड़वड़ायोड़ी)

फड़हड़—देखो 'फड़हड़ाट' (रू. भे.)
उ०—बाघ रास उपाड़ि चहूंवळ, कुरंभ अरिदळ मार करै। वरहासां कासां चढ़ि वहलां, फड़हड़ नासां तका फरै।
—मांनसिंघ कल्यांणोत कछवाहा रो गीत

फड़हड़णौ, फड़हड़बौ-क्रि० म० [अनु०] १. बैल, घोड़ा आदि पशुओं के तेजी से चलने या दौड़ने से नाक से ध्वनि उत्पन्न होना।
२. देखो 'फड़फड़णौ, फड़फड़बौ' (रू. भे.)
फड़हड़णहार, हारौ (हारी), फड़हड़णियौ—वि०।
फड़हड़िओड़ौ, फड़हड़ियोड़ौ, फड़हड़्योड़ौ—भू० का० कृ०।
फड़हड़ीजणौ, फड़हड़ीजबौ—कर्म वा०।
फडहडणौ, फडहडबौ—रू० भे०।

फड़हड़ाट-सं० स्त्री० [अनु०] घोड़े के तेज दौड़ने अथवा चलने से नाक से ध्वनि उत्पन्न होना।
रू० भे०—फड़हड़, फडहड, फडहडा।

फड़ाफड़—देखो 'फटाफट' (रू. भे.)

फड़ियाळ—देखो 'पडियालग' (रू. भे)

फड़ियौ-सं० पु० [देशज] अनाज का छोटा व्यापारी।
रू० भे०—फडीयो, फडियो, फडीयो।

४ वाजरी के पौधे की पेरी में से निकलने वाला अंकुर।

फूटण, फूटणी-सं० स्त्री० [सं० स्फुटनम्] १ फूट कर अलग होने वाला टुकड़ा या भाग।

२ शरीर के संधि स्थलों में होने वाली पीड़ा। (अमरत)

फूटणौ, फूटबौ-क्रि० अ० [सं० स्फुटनम्] १ किसी कठोर वस्तु का दवाव अथवा आघात पाकर टूटना, टुकड़े होना।

उ०—चार पांचेक सायणियां घोड़ा री फेट में आयगी। धड़ावड़ पारियां फूटण लागी।—फुलवाड़ी

२ आनद्ध (चमड़े से मंढे हुए) वाद्यों में दरार पड़ना, छिद्र होना, फूटना।

उ०—फूटै पुड़ नौवत पड़ी, टूटै डंड निसांण। पेस सहेली पीव रै, पूंचै वधियौ पांण।—वी. स.

३ पृथक होना, मतभेद होना, फूट पड़ना।

उ०—भीतरलां फूटां भड़ां, कै खूंटा सांमांन। इण गढ़ में होनी अमल, खम तूं आसिफ खांन।—वां. दा.

४ किसी रोक, वाधा या परदे आदि का दवाव के कारण हट जाना।

ज्यूं०—तळाव फूटणौ, फूंकी फूटणौ, वांध फूटणौ।

५ तालाव, वांध आदि में क्षमता से अधिक पानी भर जाने के कारण पानी का वाहर निकलना।

उ०—नइवाली अगोरिजालि, प्रवाह छूटइं, वंध फूटइं। देहरि दंड कलस आंमलसारा, सोना तणा झलकइं।—सभा.

६ मर्यादोल्लंघन होना, सीमा छोड़ना।

उ०—रज भूधर व्योम आच्छाद रहै, वहते फिर फूट समुद्र वहै। चर आतर प्रांण पगेस चलै, दिख आया हिंदुसथांन दळै।—रा.रू.

७ शरीर के किसी अंग में चोट लगने पर घाव पड़ना और रक्त बहना।
ज्यूं०—आंख फूटणी, कांन फूटणी, पग फूटणी, पेट फूटणी।
मुहा०—१ कांन फूटणी—बहरा होना। २ फूटी आंख नी सुहावणी—अत्यन्त अप्रिय लगना।
८ आरपार होना, वेध कर निकलना।
उ०—१ जग-ज्जेठ जूटै, फरी कूत फूटै। कटक्कै कराळ, जुआ जीण-साळं।—गु. रू. बं.
उ०—२ आ कहता ही पातसाह री सैन मू वजीर री तीर मकवांण री छाती रै पार फूटी।—वं. भा.
९ फोड़े-फुन्सी आदि का पकाव लेने पर मवाद निकलना।
उ०—जद स्वांमी जी कह्यो—किणहि रै गूंबड़ी दुखती घणी नै पछै फूट गयी तो ऊ राजी हुवै के वेराजी हुवै।—भि. द्र.
१० प्रसारित होना, व्याप्त होना।
उ०—१ राणी जांणती के राजकंवरां नै मारण री हुकम सुणतां ई सगळी नगरी में हाको फूट जावैला।—फुलवाड़ी
उ०—२ सोरंभ फूट जव्वाध एम, घण वूठै जळहर लहर जेम। पेखियै तास सोभा परंम, किननागर अंबर जस कदंम।—गु. रू. बं.
उ०—३ राजांन राजावत मारू घरै पधारिआ छै। चौकि कळळ फूटि नै रही छै।—रा. सा. सं.
११ सुरक्षा की दृष्टि से बनाये गये आहते का टूटना या फूटना, आवागमन अबाध गति से खुल जाना।
उ०—उनै एक कर रावणां, त्रिपण कहै सिर फूट। जाचक जन भीतर घसै, फाटक पड़िया फूट।—बां. दा.
१२ रासायनिक पदार्थों, आतिशबाजी के पटाकों एवं बम आदि का विस्फोट होना।
१३ किसी वस्तु का अनावरित होकर स्पष्ट रूप से लक्षित होना, बाहर निकलना, बहना।
उ०—वा आपरा हांचळ उघाड़नै कह्यो—जे म्हैं थारी मां हूं तो म्हारै हांचळां सूं दूध री वत्तीस धारावां फूटै।—फुलवाड़ी
१४ ऊपरी दवाव हटाकर बाहर निकलना, प्रस्फुटित होना, अंकुरित होना।
उ०—काची कूंपळ फूल फळ, फूटी सा वणराय। बाड़ी भरी बसंत री, लूटी लूग्रां आय।—लू
१५ शाखा रूप में विभक्त होना, पृथक होना।
१६ शरीर के संधि-स्थलों में पीड़ा या दर्द होना।
१७ किसी गुप्त बात का भेद खुल जाना, रहस्योद्घाटन होना।
१८ किसी स्थान से चुपचाप रवाना हो जाना, खिसक जाना, भाग जाना।
ज्यूं०—अठा सूं अवै फूटणी छोको है।
१९ किसी तरल पदार्थ का रिसकर एक ओर से दूसरी ओर निकल जाना।

फूटणहार, हारौ (हारी), फूटणियौ—वि०।
फूटिओड़ौ, फूटियोड़ौ, फूटयोड़ौ—भू० का० कृ०।
फूटीजणौ, फूटीजवौ—भाव वा०।
फुट्टणौ, फुट्टवौ—रू० भे०।

फूटर—सं० पु० [देशज] १. निर्मल, स्वच्छ।
उ०—ओथ बावड़ी, पागोड़ा थिर नीलम जड़िया, रतन-नळ जुत हेम-कंवळ जळ फूटर भरिया।—मेघ.
२ देखो 'फूटरौ' (मह., रू. भे.)
उ०—लोई ओढणनै साड़ी लूमाळी, फूटर लटकंती नाड़ी फूंदाळी। पावां पचडोरी पगरखियां पैरै, सूरत सिघण सी वन जंगळ वैरै।—ऊ. का.
(स्त्री० फूटरी)

फूटरमल—सं० पु० [राज० फूटर+सं० मल्ल] पति।
उ०—आयी सगैजी री सूवटी, हे आयी सगैजी री सूवटी, ओ लेग्यो टोळी मां सूं टाळ, फूटरमल ले चाल्यौ।—लो. गी.
वि०—सुन्दर, मनमोहक।
उ०—वन्ना में थांनै फूटरमल यूं कयौ, जटकै नै सरवरियै मत जाय वन्ना, पिणियारियां री नीजर लागणी।—लो. गी.

फूटरियौ—देखो 'फूटरौ' (अल्पा,. रू. भे.)
उ०—फूटरिया हिरणी जणै, वोह कूदणी घट्ट। ज्यांरी मांही वांकड़ी, थांभै रासै थट्ट।—डाढ़ाळा सूर री वात

फूटरौ—वि० [देशज] (स्त्री० फूटरी) १ सुन्दर, मनमोहक।
उ०—एक तणा बांधव भरतार, एक तणा फूटरा कुमार। जे जे हता रिण वाउला, एक तणा मारचा माउला।—कां. दे. प्र.
२ गुणवान।
उ०—भूंडी म्हैं, वा फूटरी,-ज्यां चंपो. नै ववूल। पड़ी घरांणा गायनै, धोवां-धोवां धूळ। धोवां-धोवां धूळ, मूळ सू काया मांडा। कालेजां री मेजां में, संग सेजां रांडां। अंगरेजी पढ़ियां री वाई, अकल ऊंडी। अणपरणी है घणी फूटरी, परणी भूंडी।—आशुकवि पं० नित्यानंद शास्त्री
३ साफ सफाई वाला, सुव्यवस्थित।
रू० भे०—फूठरी, फुटरौ, फूठरौ।
यौ०—फूटरमल।
अल्पा०—फूटरियौ।
मह०—फूटर।

फूटियोड़ौ—भू० का० कृ०—१ कोई कठोर पदार्थ आघात या दवाव पाकर टूटा हुआ. २ कोई नरम पदार्थ (वस्तु) आघात या दवाव से विदीर्ण हुवा हुआ, फटा हुआ, नष्ट हुवा हुआ. ३ पृथक हुवा हुआ, मत-भेद हुवा हुआ. ४ कोई रोक, बाधा या परदा आदि दवाव के कारण हटा हुआ. ५ दरार पड़ा हुआ, छिद्रित. (आनद्धवाद्य)

६ क्षमता से अधिक पानी आजाने के कारण पानी बाहर निकला हुआ. (तालाव, बांध आदि) ७ शरीर के किसी अंग में चोट लगने पर घाव पड़ा हुआ, रक्त बहा हुआ. ८ मवाद निकला हुआ. (फोड़ा-फुन्सी) ९ शरीर का कोई अंग चोट आदि लगने से विकृत या वेकार हुवा हुआ. १० प्रसारित हुवा हुआ, व्याप्त हुवा हुआ. ११ सुरक्षा की दृष्टि से बनाया गया अहाता आदि टूटा हुआ, आवागमन अवाध गति से खुला हुआ. १२ कोई रासायनिक पदार्थ, आतिशबाजी का पटाका या बम विस्फोट हुवा हुआ. १३ कोई पदार्थ अनावरित होकर स्पष्ट रूप से लक्षित हुवा हुआ, बाहर निकला हुआ, बहा हुआ. १४ ऊपरी दवाव हटाकर बाहर निकला हुआ, प्रस्फुटित हुवा हुआ. १५ शाखा रूप में विभक्त हुवा हुआ, पृथक हुवा हुआ. १६ किसी गुप्त वात का भेद खुला हुवा, रहस्योद्घाटन हुवा हुआ. १७ किसी स्थान से चुपचाप रवाना हुवा हुआ, खिसका हुआ, भागा हुआ. १८ मर्यादोल्लंघन हुवा हुआ, सीमा छोड़ा हुआ. १९ किसी तरल पदार्थ का रिसकर एक ओर से दूसरी ओर निकला हुआ.

(स्त्री० फूटियोड़ी)

फूटोड़ौ, फूटौ—वि० [सं० स्फुट्] (स्त्री० फूटी, फूटोड़ी) १ फूटा हुआ, छिद्रित।

उ०—चोखा गुरु खोटा गुरु ऊपरै नावा रौ द्रिस्टांत स्वांमी जी दियौ—तीन नावा। एक तौ काठ की साजी नावा, एक फूटी नावा, एक पत्थर नीं नावा।—भि. द्र.

२ टूटा हुआ, भग्न, खण्डित।

उ०— पण वा तौ मलीच सुभाव री इण फूटोड़ा लोटा सूं ई धकावणी चावै। इण कोजा लोटा सूं म्हारी कित्ती भूंडी लागै।

—फुलवाड़ी

३ दरारयुक्त।

उ०—ज्यां में वसिया तीन कुमार—दो ठोटी नै अेक घड़ जांणै ई नीं। ज्यां घड़ी तीन हांडियां—दो फूटोड़ी नै अेक चढ़ै ई नीं।

—फुलवाड़ी

४ वाह्य आघात से क्षत विक्षित। (शरीर का अंग)

उ०—सेवट तिसां मरती उणीज नाडी माथै पांणी पीवण सारू आई तौ कांई देखै के चिड़ौ तौ पाळ माथै मरियोड़ौ पड़ियौ। पेट फूटोड़ौ। कीड़ियां दोळी व्हियोड़ी।—फुलवाड़ी

४ हत् भाग्य।

५ देखो 'फूटियोड़ौ' (रू. भे.)

फूठरौ—देखो 'फूटरौ' (रू. भे.)

उ०—१ ठाकरसा री कांई रोवीलौ चेहरौ अर कांई रूपाळी ओप है। अैड़ौ फूठरौ उणियारौ म्हारी निजरां में तौ नीं आयौ।

—फुलवाड़ी

उ०—२ चिड़ी उठा सूं उटी जको खेत नै इण छेड़ा सूं उण छेड़ा तांई फूठरौ हळ न्हाकियौ।—फुलवाड़ी

फूढ़ीयौ—सं० पु०—१ वृक्ष विशेष ? उ०—फेकारी नइ फालसां, फोफल फणस फणिंद। फूवेढ़ी नइ फूढ़ीया, फालक फिरांमण फिंद।

—मा कां. प्र.

२ देखो 'फूड़ियौ' (रू. भे.)

फूणी—सं० पु०—१ एक प्रकार का शाक विशेष। उ०—फूवेडी नइं फणगरी, फूंगारी नइं फांगि। फूणा फूली फूमती, फोफल फूली सांगि।

—मा. कां. प्र.

२ देखो 'फुणी' (रू. भे.)

फूतकार—सं० स्त्री०—१ लोमड़ी, गीदड़, बन्दर आदि जन्तुओं के मुख से निकलने वाली 'फें-फें' की ध्वनि।

२ देखो 'फूंकार'।

रू० भे०—फुत्कार, फूंतकार, फून्नकार, फूत्कार, फेतकार फेत्कार, फैंतकार, फैंतकारी, फैत्कार, फैंत्कार, फोतकार, फौतकार।

अल्पा०—फूतकारौ।

फूतकारणौ, फूतकारबौ—क्रि० स०—१ लोमड़ी, गीदड़, बन्दर आदि जन्तुओं के द्वारा मुख से 'फें-फें' की ध्वनि करना।

२ देखो 'फूंकारणौ, फूंकारबौ' (रू. भे.)

फूतकारणहार, हारौ (हारी), फूतकारणियौ—वि०।

फूतकारिओड़ौ, फूतकारियोड़ौ, फूतकारयोड़ौ—भू० का० कृ०।

फूतकारीजणौ, फूतकारीजबौ—कर्म वा०।

फूतकारियोड़ौ—भू० का० कृ०—१ मुख से 'फें-फें' की ध्वनि किया हुआ. (लोमड़ी, गीदड़, बन्दर आदि)

२ देखो 'फूंकारियोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री० फूतकारियोड़ी)

फूतकारौ—१ देखो 'फूतकार' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—कदंमां करगां घाव दाव व्है अभूतकारा, उडै फूतकारा विखां फुणां रा अभाव।—र. ज. प्र.

फून्नकार—१ देखो 'फूतकार' (रू. भे.)

उ०—पैसारा उसारा खरा पाइकांरा, सहै नाग सारा नरां नाइकांरा। मचै मूंठ मारा झरै स्रोण झारा, फणांरा घंणारा करै फून्नकारा।—ना. द.

फूत्कार—देखो 'फूतकार' (रू. भे.)

उ०—१ किहां इक सिवा फूत्कार घूहड़ तणा घू-घू सब्द कार। सिंह तणा सिंहनाद। वाघ तणा गुंजारव। सूअर तणा घर-घरा रव। वांनर फूत्कार करइ।—सभा.

उ०—२ कबहि ठाइ अलिजर तणा फूत्कार, कवहि ठाइ वांनर तणा वोंकार ।—सभा.

फूदड़ी—देखो 'पूगड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री० फूदड़ी)

फूदडी—सं० स्त्री० [?] पंखुरी ?

उ०—तीह पासइ नोही पाटण ना कंदोई,आगर ना जांण, परिकर नां प्रमांण, चीत्रांमनी जाति, माहि बत्रीस फूदडी नी भाति ।—व. स.

फूदडौ—देखो 'पूगड़ौ' (रू. भे.)

उ०—कोठा नइ कोसीसां घणां, गुख बार मढ़ मतवारणां । वली धवलहर जोयां चडी, रतनजडित वइठी फूदडी ।—कां. दे. प्र.

(स्त्री० फूदडी)

फूधेडी—सं० स्त्री०—शाक विशेष ?

उ०—फूधेडी नइं फणगरी, फूगारी नइं फांगि । फूणा फूली फूमती, फोफल फूली सांगि ।—मा. कां. प्र.

फूधेढ़ी—सं० स्त्री०—वृक्ष विशेष ?

उ०—फेफारी नइ फालसां, फोफल फणस फणिंद । फूधेढ़ी नइ फूड़ीया, फालक फिरांमण फिंद ।—मा. कां. प्र.

फूनी—सं० स्त्री०—तितली ।

उ०—फरकट फोकटनु फिरइ, फागुण फूफूकार । फूनी मभ फणगर जिसिउ, जउ जगली नही दार ।—मा. कां. प्र.

२ बच्चों की लिंगेन्द्रिय ।

फूफस—सं० स्त्री०—पति या पत्नी की बुआ । (शेखावाटी)

फूफसरौ—सं० पु०—पति या पत्नी की बुआ का पति । (शेखावाटी)

फूफाड़ौ—देखो 'फूंफाड़ौ' (रू. भे.)

उ०—अर जे गूजरी सूं व्याव री वात रौ भणकारौ ई पड़ जावै तौ लोग कांनी-कांनी सूं फूफाड़ा करता दरबार में हाजर व्है जावैला ।—फुलवाड़ी

फूफी—देखो 'फूंफी' (रू. भे.)

फूफूकार—

उ०—फरकट फोकटनु फिरइ, फागुण फूफूकार । फूनी मभ फणगर जिसिउ, जउ जमली नही दार ।—मा. कां. प्र.

फूफौ—देखो 'फूंफौ' (रू. भे.)

उ०—सांवळियौ बहनोई मांगां, सोदरा बहन मांगां । हांडा धोवण फूफौ मांगां, भाड़ू देवण भूवा ।—लो. गी.

(स्त्री० फूफी)

फूवड़ौ—देखो 'पूगड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री० फूवड़ी)

फूवदौ—देखो 'फूंवदौ' (रू. भे.)

फूवौ—देखो 'फुंवौ' (रू. भे.)

फूमदौ, फूमदौ—देखो 'फूंवदौ' (रू. भे.)

उ०—कोई अेक जणौ ई म्हारै अंतस रा आखरां नै वांचणियौ व्हैतौ तौ म्हैं दुख रै आडावळा भाखर नै फूमदा ज्यूं उडाय देती ।—फुलवाड़ी

फूरकणी—चम-चम का सा दर्द विशेष । (अमरत)

फूल—वि० [सं० फुल्ल] १ तुलनात्मक दृष्टि से हलका ।

२ खुश ।

० पु०—१ वनस्पति में फलोत्पत्ति का वह मूलभूत तत्त्व जो नियत ऋतु में विभिन्न रंग की पंखुड़ियों, गुच्छों या गांठ के रूप में प्रस्फुटित होता है, कुसुम, पुष्प, पुहुप ।

उ०—आठम प्रहर संभा समै, घण ठव्वै सिणगार । पांन कजळ पासर करै, फूलां कौ गळिहार ।—ढो. मा.

क्रि० प्र०—आणौ, उतरणौ, खिरणौ, खिलणौ, लागणौ ।

मुहा०—१ फूल सूंघणौ—बहुत कम खाना । २ फूल बरसणौ. भड़णौ—मधुर वाणी निकलना ।

यौ०—फूलगोभी, फूलपत्ता, फूलपांखड़ी, फूलपांन, फूलमंडळी, फूलमाळा ।

२ फूल के आकार का आभूषण ।

ज्यूं०—सीस-फूल ।

उ०—मांग फूल सिर फूल जड़ाऊ मंडिया, खिण खिण निरखै नाह, हिए दुख खंडिया ।—बां. दा.

३ भट्टी से प्रथम बार निकाला हुआ शराब जिसका नशा हलका होता है ।

उ०—सोनै रूपै जड़ाऊ के तूंग ऐराक फूल सूं भरवाए । रस के पूर सूंलूं की नुकल वांटि प्याला फिरवाए ।—सू. प्र.

४ हलका नशा ।

५ बलि चढ़ाए हुए पशु का रक्त जिसे बलिदानी भक्त देवी को चढ़ा कर पीते हैं ।

उ०—बाकरां रौ सिल्हाड़नै ठरका हुवै छै । तरवारां रा छणकार हुयनै रह्या छै । चौरंगां री खाटखड़ हुयनै रही छै । कटोरां मांहे फूल लीजै छै । बाकरा होसनाकां बसू कीजै छै ।—रा. सा. सं.

[सं० स्फुलिंग] ६ अग्नि-कण, चिनगारी ।

उ०—१ कांम रौ कोट, नेठाह धरधीर, वहतौ काळ ढहीओ काहर, तोरण रा आखा, अगनि फूल, सती रौ नाळेर, काली री वेहड़ौ, रुळीआरौ रौ जोड़, रांकां री माळवी, कुंआरी घड़ा री वींद, पांच सै भटां भाइयां भांत्रीजां लिआं, हजार असवारां री ढाल किआ. भूखीअै लोह लिआं, काळै बरछिआं रै चूंग किआं, चड़तै सूर री सिकार चड़िआै छै ।—रा. सा. सं.

७ आतिशबाजी से निकलने वाली चिनगारी ।

८ किन्हीं दो वस्तुओं के संघर्षण से निकलने वाली चिनगारी ।

उ०—१ भंडै बाहिर गड्डिके, धुजदंड भुकाया । फूल भराया सांन पै, असि वाढ़ चिरांया ।—वं. भा.

उ०—२ असि धावक आविया, सस्त्र मांजिया सतावी। सांणां चढ़िया सुक्र, फूल झड़िया हद फावी।—मे. म.

क्रि० प्र०—झड़णौ।

९ चिराग की जलती हुई बत्ती पर पड़े हुए गोल दाने जो उभरे हुए से मालूम होते हैं।

१० चिराग का वह उपकरण जिसमें बत्ती रहती है।

११ पशुओं की स्थूलान्त्र जिसे आग में भूनकर मांसाहारी खाते हैं।

उ०—खेह गरद्दी मेहलौ, अब्बीर उडाया। फूल फळेजे फिप्फरै, फवि फांक फुलाया।—वं. भा.

यौ०—फूलआंत।

१२ तलवार। उ०—फूल घावां फरड़कां, अंग लरड़का उडंवा, झिलम टोप झरड़का, खाग जरड़का खुलेवा। सोक तीर सरड़का, वहै खरड़का वगतर, ठेलै प्रेत ठरड़का, रुळै दरड़का रगतर।

—केवाट सरवहियौ

१३ मरे हुए व्यक्ति के नाम पर गले में पहने जाने वाला आभूषण विशेष, पितरों व देवता के नाम का आभूषण।

उ०—मरियां पछै पितर होवै तरै पितरां रा फूल घड़ीजै। सो पितरां रा फूलां मैं मंढ़ाई होजौ तथा मरनै भूत होवै तरै प्रेत री जंत्र मादळिया में तथा चौकी में मंडाईजजो।—वी. स. टी.

क्रि० प्र०—पै'रणौ।

१४ फूल-पत्ती के आकार की चित्रकारी, नक्काशी या वेल-बूंटे।

उ०—गजवोल चित्रह गात, सिर इंद्रधनुख सुमात। जरकसी के जरतार, पिंड भूल फूल अपार।—सू. प्र.

१५ शव को जलाने के पश्चात् बची हुई हड्डियां जिनको किसी नदी या तालाव आदि तीर्थ स्थान पर पानी में बहाते हैं।

उ०—ताहरां उवांनुं अगनि लगाय दीवी। तहरां वींद उतरि नै चाल्या अर फकीर हुवा। जांनां आपरै घरै गयां। ताहरां एक तौ स्रीगंगा जी फूल ले गयौ। वीजौ देसंव चलतौ रह्यौ।—चौवोली

क्रि० प्र०—लाणौ, घालणौ, पधारणौ।

१६ हड्डी।

उ०—१ पीव-फूल घर कट पड़ै, मही जमै जस-मूळ। पादप नभ हुंत झड़पड़ै, फौजां ऊपर फूल।—रेवतसिंह भाटी

उ०—२ सकज्जां आसुर संभ निसंभ, रवद्दां नाथ वरै त्रिय रंभ। फूटै उर फेफर वीखर फूल, अंत्रावळि वाखर भाखर ऊळ।

—मा. वचनिका

१७ गर्भाशय। उ०—घोड़ी पकड़ी चाकरां, वीय जमी सूं ठाय। घोड़ी केरा फूल में, तत्क्षण दियौ दवाय।

—दूलची जोइये री वारता

१८ कुष्ट रोग के कारण शरीर पर पड़ने वाला लाल धब्बा।

१९ चेचक होने पर शरीर पर उभरे हुए दाने, व्रण।

२० स्त्रियों के मासिक धर्म के समय निकलने वाला रक्त।

२१ तांबे और रांगे के मिश्रण से बनी एक मिली-जुली धातु।

२२ मथानी के आगे का फूल के आकार का हिस्सा।

२३ कागज के कृत्रिम तरीके से बनाए गये फूल-पत्ती।

२४ फूलने की क्रिया या भाव।

२५ किसी पदार्थ का रस निकाल कर जमाया हुआ ठोस पदार्थ।

ज्यूं०—पोदीना रा फूल।

२६ धातु निर्मित गोल या चोकोर छोटा फूल जो कपाट, बैलगाड़ी, आभूषण, ढाल आदि वस्तुओं की शोभा-वृद्धि एवं मजबूती के लिए लगाया जाता है। उ०—१ भूलाळूं की भळहळ,पैदलूं की हळवळ। ढालूं की ढळक, चपड़ास फूलूं की भळक।—सू. प्र.

उ०—२ सिंह आय हायळ री ढाल ऊपर दीवी। ढाल रा फूल च्यारूं सोने रा था सो उड़ गया।—पदमसिंह री वात

२७ तलवार की मूठ में 'कंगन' के ठीक नीचे सूर्यमुखी फूल की भांति बीच में से उभरा एवं चारों ओर गोलाकार में पंखुड़ियों की भांति निर्मित वह भाग जो 'कटार' के ऊपर आधारित होता है।

२८ पानी का बुलबुला। उ०—निसवासर भज रे! घणनांमी, अंतर जांमी अेक अलेख। दुनियां सोख विसेस मती दिल, आंबू वाळा फूलां आरेख।—ओपौ आढ़ौ

रू० भे०—फुल, फुल्ल।

अल्पा०—फुलड़ी, फुलड़ौ, फुली,फुल्ली, फूलड़ी, फूलड़ौ, फूली, फूलौ।

फूलभरड़बौ—सं० पु० [?] एक प्रकार का छोटा पौधा जो औषध के काम आता है, अडूसा।

फूलआंत—सं० स्त्री० यौ० [राज० फूल+सं० अंत्र] पशुओं की स्थूलान्त्र जिसमें मल रहता है। उ०—ओझरा धोय-धोय मांहे मसालां मारियां। मांस घात दवगर कीजै छै। फूलआंतां अवल धोयजै छै। ऊपरा दूसरी आंतां री साढ़ां गूंथजै छै।—रा. सा. सं.

रू० भे०—फुलोत्तर।

फूलकारी—सं० स्त्री०—वेल-बूंटे वनाने व चित्रकारी या नक्काशी का काम।

फूलगार—सं० पु०—१ एक प्रकार का वस्त्र विशेष।

उ०—सिरीसाप भैरव चैतार कसवी महमूदी फलगार अध-रस सेला वाफता डोरिया मोमनी तन जेव सासाहिवी तरै-तरै रै कपड़ै रा वागा छै।—रा. सा. सं.

२ देखो 'फुलगार' (रू. भे.)

फूलगूघर—सं० पु०—शीश पर गूंथा जाने वाला एक प्रकार का रजत आभूषण। (पुष्करणा ब्राह्मण)

फूलगोमी—सं० स्त्री०—गोमी की एक जाति जिसमें मंजरियों का बंधा

हुआ ठोस पिंड होता है जो तरकारी के काम आता है।

फूलड़ी—सं० स्त्री०—१ बिवाई। उ०—देखत रांम हंसे सुदांमां कूं, देखत रांम हंसे। फाटी तौ फूलड़ियां पाव उभांणे, चलतै चरण घसै।—मीरां

२ देखो 'फूल' (अल्पा., रू. भे.)

३ देखो 'फूली' (अल्पा., रू. भे.)

रू० भे०—फुलड़ी, फुल्ली।

फूलड़ो—देखो 'फूल' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—मन वाड़ी गुण फूलड़ा, पिय नित लेता वास। अब उण थांनक रैण दिन, पिय विन रहूं उदास।—अज्ञात

फूलझड़ी—सं० स्त्री०—१ आतशबाजी का एक खिलौना जिसमें एक तार पर बारूद या बारूद मिश्रित मसाला लगा रहता है। जिसे सुलगाने पर उसमें से फूल की भांति चिनगारियां निकलती है।

२ उक्त प्रकार की आतशबाजी की भांति बारूद का एक बड़ा उपकरण जो मस्त हाथियों को वश में करने के लिये प्रयोग में लाया जाता है। उ०—लोक भणै माहुति ग्रित लेजै, सूर महा त्यां हूंत विसेखै। के सरकै सहजै अणकंपै, चरखी फूलझड़ी भुंय कंपै।—रा. रू.

वि० वि०—जब मस्त हाथी काबू से बाहर हो जाता है तो उसे वश में करने हेतु बारूद के इस उपकरण को प्रयोग में लिया जाता है। इसे जला कर हाथी की सूंड के सामने घुमाया जाता है। इसको जलाने से इसमें से फूल के आकार की बड़ी-बड़ी चिनगारियां निकलती है जिससे हाथी चकाचौंध और स्तब्ध हो जाता है।

३ फूलों की वर्षा, पुष्पवर्षा। ४ फूलों की कतार।

५ झगड़ा या विवाद उत्पन्न करने वाली बात।

मुहा०—फूलझड़ी छोडणी—कलह पैदा करना, परस्पर लड़ा देना।

रू० भे०—फुलछड़ी, फुलझड़ी।

फूलझूमको—सं० पु०—१ स्त्रियों के पहनने का एक आभूषण विशेष। उ०—म्हारै नवघा नथ सुहावणी, सांवळड़ो हे मोत्यां विचली लाल। म्हारै फूलझूमका फब रह्या, सावळड़ो हे झूमर री लूम।—मीरां

२ फूलों का गुच्छा।

फूलडोळ—सं० पु०—१ चैत्र शुक्ला एकादशी के दिन मनाया जाने वाला एक उत्सव—इस दिन श्रीकृष्ण भगवान के फूलों का झूला सजाया जाता है।

२ खेड़ापा ग्राम में होली के दूसरे दिन रामस्नेही सम्प्रदाय का लगने वाला एक मेला।

फूलण—सं० स्त्री०—१ काई की तरह की हरी व सफेद तह जो ठंडे या बासी भोज्य-पदार्थ तथा वर्षा ऋतु मे फलों पर जम जाती है।

२ शरीर की सफाई न होने पर पसीना सूखने पर उत्पन्न सफेद तह या रेखाएं। उ०—इस्नांनां रौ डील परसेवा में घांण व्हियोड़ी, धूड़ सूं भरियोड़ी ही, तावड़ा रै कारण होठां कटाई आयोड़ी ही, धोती रै फाटोड़ा घड़चा रा खोजा टांकियोड़ा हा, कुड़तौ ई झीर झीर व्हियोड़ौ अर पोतियौ ई तार-तार व्हियोड़ौ हो। फींचा रै फूलण आवण ढूकी ही।—फुलवाड़ी

३ 'पिंगल प्रकाश' के अनुसार एक-मात्रिक छंद विशेष।

रू० भे०—फुलण।

फूलणौ, फूलबौ—क्रि० अ० [राज० फूल] १ फूलों से युक्त होना। उ०—१ गजां ऊपरै धजां, नेजा, चीधां फरकि नै रही छै, जांणै हेमाचळ रै टूका माथै केसू फूलनै रहीआ छै।—रा. सा. सं.

उ०—२ तिण पग-पग चंदण तणा तरोवर, विविध-विविध फूली वणराइ। पंखी मुखि हरिनांम पुणंतां, सुर ताय मांनव तण सुहाय।—महादेव पारवती री वेलि

२ फूल का खिलना, विकसित होना। उ०—वनस्पति फूलणि वरसात में, उत्पति जीव अपार। पांणी तंबाकू नौ जिहां, पडैरे सहुनो होइ संहार।—ध. व. ग्रं.

३ प्रफुल्लित या खुश होना, आनंदित होना। उ०—जिम-जिम कायर थरहरै, तिम-तिम फैलै नूर। जिंम-जिम बगतर ऊवड़ै, तिम-तिम फूलै सूर।—वी. स.

मुहा०—१ फूल्यो अंग नी समांणौ—बहुत खुशी होना। २ फूल्यो फूल्यो फिरणो—निश्चिंत भाव से प्रसन्नचित्त घूमना।

४ सम्पन्न होना। उ०—वीरा फूलज्यो रै फळज्यो आंम की डाळी ज्यूं वधज्यो मांयली दूब ज्यूं।—लो. गी.

मुहा०—फूलणौ-फळणौ—सम्पन्न होना।

५ किसी वस्तु के भीतरी अवकाश में हवा, पानी या अन्य पदार्थ के समावेश से आस-पास की सतह से कुछ ऊंचा उठ जाना या उभर जाना।

ज्यूं०—गेंद या फुटवाल फूलणौ, पेट फूलणौ।

६ आघात या पीड़ा के कारण किसी अंग पर सूजन आ जाना।

७ स्थूल होना, मोटा होना।

८ गर्व करना, अभिमान करना। उ०—गैल कौ असूल सूल धूल में गह्यौ, मूलकौ गमाय, मूल फूल क्यों रह्यौ।—ऊ. का.

९ सूर्यास्त के बाद आकाश में रक्तिम आभा का छाना।

उ०—१ अ्रित सोभति रेसम लूंब करै, धुरवा किर फूलिय संझ धरै। अति उग्र तुरंगम अंग विये, क्रम सोभत आवत डोर किये।—रा. रू.

उ०—२ माता गज रण मांझ, यों रत राता ईखजै। वाणाया जांणक वादळा, सांवण फूळी सांझ।—रा. रू.

फूलणहार, हारौ (हारी), फूलणियौ—वि०।

फूलाड़णौ, फूलाड़बौ, फूलाणौ, फूलावौ, फूलावणौ, फूलावबौ —प्रे० रू०।

फूलिओड़ौ, फूलियोड़ौ, फूल्योड़ौ—भू० का० कृ०।

फूलीजणौ, फूलीजबौ—भाव वा०।

फूलणौ, फुलबौ—रू० भे०।

फूलता-सं० पु०—एक प्रकार का शस्त्र विशेष। (अ. मा.)

फूलद-सं० पु० [सं० फुल्ल+द] वृक्ष, पेड़। (डिं. को.)

फूलदांन-सं० पु० यौ० [राज०फूल+फा० दान] १ धातु, काच या चीनी मिट्टी का बना वह वर्त्तन जिसमें फूल सजाए जाते हैं। २ देवताओं के समक्ष फूल रखने का वर्त्तन विशेष।

फूलधार, फूलधारा, फूलध्धरा-सं० पु० [सं०फुल्लधार] १ तलवार। उ०—१ फूलधार पींजरै, काढ़ि कींजरा कमाळी। चंड मंड चापड़ै, लिया मारै रुद्राळी।—मा. वचनिका

उ०—२ फूलधारां रा वाड चाचरां ऊपरै झेलै छै। जठै सीरोइयां रा सार झड़ै छै।—पनां वीरमदे री वात

उ०—३ उड्डि सीसं उरा, पिड़ं चक्काफरा। धरि फूलध्धरा, जाणि पंकज्जरा।—सू. प्र.

२ तलवार की धार। उ०—मुखै वास आवै अजै दूध मारां, धुवै खेल दीठा नही फूलधारां।—सू. प्र.

३ तलवार से देव विशेष के वलिदान किये जाने वाले पशु के रक्त की धारा।

४ फूल जाति के शराव की धारा।

फूलनसौ-सं० पु०—१ हलका नशा। २ फूल नामक शराव का नशा।

फूलपगर-सं० पु०—१ एक प्रकार का वस्त्र।

उ०—१ नारी करइ लूणलूछणां, नगर मांहि मांडयां पेखणां। मारगि नवां पाथरयां चीर, फूलपगर परिमल अवीर।—कां. दे. प्र.

उ०—२ सोवनवडि जादर पोती पट साउली अगहल नेत्र रावेटउं साभारावउं मटवी फूलपगर कणवीरउं पोतिउं।—व. स.

२ पुष्प समूह।

उ०—१ सनीस्चर रसोइ चाखइ, मंगल स्रीखंड घसइ, वुध सोनउं कसइ, अढ़ार भार वनस्पति फूलपगर भरइं।—व. स.

उ०—२ अति प्रधांन, स्वरग समांन। ठांमि ठांमि फूलपगर, इस्यउ उज्जयनी नांम नगर।—सभा.

रू० भे०—फलगर, फुलपगर, फूलफगर।

फूलप्रियंगू-सं० पु०—एक औषध विशेष। (अमरत)

फूलफगर—देखो 'फूलपगर' (रू. भे.)

उ०—मांहि वसइ भोगी, वाहिर वसइ योगी। मांहि चउरासी हट्ट स्रेणि, वाहिर अरहट्ट स्रेणि। ठांम ठांम फूलफगर, इसउ धीर कहइ उज्जेणी नगर।—सभा.

फूलवाई-सं० स्त्री०—मेहा की पुत्री व करणीदेवी की बड़ी वहिन।

फूलबाज-सं० पु०—नट जाति की एक शाखा या दल। (मा. म.)

फूलमखांणा-सं० पु०—सफेद ताल मखाना।

फूलमती-सं० स्त्री०—एक देवी का नाम जो राजा वेणु की कन्या और शीतला रोग की अधिष्ठात्री मानी जाती है।

फूलमद-सं० स्त्री०—हलका नशा। उ०—अमल अरोड़ी फूलमद, बाकर मांस वटक्क। मिळियां लीजै माढ़वा, गळियां तणा गटक्क। —अज्ञात

रू० भे०—फुलमद।

फूलमहल-सं० पु० यौ० [राज० फूल+फा० महल] १ राजा महाराजाओं का वह महल जिसमें वेल-बूटों की चित्रकारी विशेष रूप से की हुई हो।

२ भोग-विलास करने का महल, रंगमहल।

उ०—१ आज सियाळै सी पड़ै, ओळग जाय वलाय। फूलमहल में पोढ़स्यां, प्रीतम कंठ लगाय।—अज्ञात

उ०—२ राव जी जोधा जी नै अमलां दारू में घणा सदोरा कीया। गोठ अरोग जोधो जी तळहटी रै डेरै गया नै राव जी फूलमहल में पोढ़ीया।—राव रिणमल री वात

रू० भे०—फूल मोहल।

फूलमाळ-सं० पु०—१ एक विशेष जाति का घोड़ा।

२ देखो 'फूलमाळा' (रू. भे.)

उ०—सह परताप वीण टुकड़ा सिर, सुकरां गूंथी अजव सवी। रुंडमाळ उर ऊपर रुद्रचे, फूलमाळ अद्भूत फवी।—महादांन मेहडू

रू० भे०—फुलमाळ, फूलांमाळ।

फूलमाळा, फूलमाला-स० स्त्री०—फूलों की माला, पुष्पहार।

उ०—फूलमाला लांबावी, सिखरि आरीसा झलकइ, गगनि चिंच पताका, झलहलइ, अच्छादायणु, इसउ जसउ देव निमियउ तिस्तु मंडपु।—सभा.

रू० भे०—फुलमाळा, फूलांमाळ।

२ हड्डियों की माला।

फूलमाळी-सं० पु०—१ माली जाति में पुष्प वेचने का व्यवसाय करने वाला व्यक्ति। २ फूलों का वगीचा लगाने वाला व्यक्ति।

फूलरज-सं० स्त्री०—पुष्परज, पराग।

फूलरी-स० स्त्री०—१ सफेद रंग की या सफेद कान वाली बकरी।

२ देखो 'फूलड़ी' (रू. भे.)

रू० भे०—फुलरी, फुल्ली।

अल्पा०—फुलरड़ी।

फूलवाड़ी—देखो 'फुलवाड़ी' (रू. भे.)

उ०—ऊपर सोहै अंबाड़ी, फूली जांणै फूलवाड़ी। ऊंचा परवत अणुहारा, आंण्या गज सहस अठारा।—घ. व. ग्रं.

फूलहटी-सं० स्त्री० [राज० फूल+सं० हट्टः+ई] फूलों का विक्रय स्थल, पुष्प वाजार। (सभा.)

फूलहत्य, फूलहय–सं० स्त्री०—तलवार ।
उ०—१ पायकां के हमलै वांक पटै फूलहत्यूं का दाव, नजरवछेक का हुन्नर अंगूंगा वचाव ।—सू. प्र.
उ०—२ वंकि पटां फूलहयां, सोरि खिलकार कुसत्री । तस कसीस लेजमां, जजर गत्ती जाजत्री ।—सू. प्र.
रू० भे०—फूलहाय ।
फूलहरौ–सं० पु०—शुभ रंग का घोड़ा । (शा. हो.)
फूलहाय—देखो 'फूलहत्य' (रू. भे.)
उ०—कटकां रा भूर पड़िनै रहीआ छै । हाथी लड़ावीजे छै, पाइक सिरंम साझै छै । फूलहाया फेरीजे छै ।—रा. सा. सं.
फूलां–सं० स्त्री०—देखो 'फूलवाई' ।
उ०—पळासण अंग भसै भर पेट, भेळा उतमग सदासिव भेट । लाला कर थापलि कंथ लंकाळ, फूलां सिघसग भरावत फाळ ।
—मे. म.
फूलांमाळ—१ देखो 'फूलमाळा' (रू. भे.)
उ०—ताळ वाळ दीजै नहर, मनसां फूलांमाळ । वळदां दीजै गाळ घी, पण नंह दीजै गाळ ।—वां. दां.
२ देखो 'फूलमाळ' (रू. भे.)
फूलांरौनारौ–सं० पु०—१ अमीर, भाग्यशाली ।
उ०—पीहर पतळा रा सैणां रा प्यारा, तारक टूटां रा नैणां रा तारा । सीरी सिटियां रा सूल्हां रा सारा, मीठी भूखां रा फूलांरा मारा ।—ऊ. का.
२ कोमल व्यक्ति, नाजुक ।
फूलांसेज–सं० स्त्री० यौ०—पुष्पशैया ।
उ०—अव के ओळंगांणी, पनामारू, नणदोग्री जी ने भेज, अवको चोमासो फूलांसेज पै, जी म्हां का राज ।—लो. गी.
फूलाड़णौ, फूलाड़बौ—देखो 'फुलाणौ, फुलावौ' (रू. भे.)
फूलाड़णहार, हारौ (हारी), फूलाड़णियौ—वि० ।
फूलाड़िओड़ौ, फूलाड़ियोड़ौ, फूलाड़्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
फूलाड़ीजणौ, फूलाड़ीजबौ—कर्म वा० ।
फूलाड़ियोड़ौ—देखो 'फुलायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० फूलाड़ियोड़ी)
फूलाणौ फूलाबौ—देखो 'फुलाणौ, फुलावौ' (रू. भे.)
फूलाणहार, हारौ (हारी), फूलाणियौ—वि० ।
फूलायोड़ौ—भू० का० कृ० ।
फूलाईजणौ, फूलाईजबौ—कर्म वा० ।
फूलाद—देखो 'फुलवाद' (रू. भे.)
उ०—वारवरड़ां रा मगरा, मील वसै । चावळ, गोहूं ऊपजै । आंवा फूलाद घणौ ।—नैणसी
फूलायोड़ौ—देखो 'फुलायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० फूलायोड़ी)
फूलाळ—देखो 'फूलाळौ' (मह., रू. भे.)
उ०—जांणूं अजकौ मेघ जावतां कारज म्हारै, परवतिया फूलाळ अलेखां आडा थारै । मीठा वोलै मोर आंखड़ी नेह भरीजै, करतां इतरौ कोड वांसूं सीख लिरीजै ।—मेघ.
फूलाळौ–वि० (स्त्री० फूलाळी) फूलों वाला, फूलों से आच्छादित ।
उ०—१ रांणी रै विना उणनै मुखमल री फूलाळी सेज कांटां रै उनमांन अळखावणी लागण लागी ।—फुलवाड़ी
उ०—२ उणरै अंतस री महकती फूलाळौ संसार अेक ई घपळका में भसम व्हैगौ ।—फुलवाड़ी
रू० भे०—फुलाळौ ।
मह०—फूलाळ ।
फूलावणौ, फूलाववौ—देखो 'फुलाणौ, फुलावौ' (रू. भे.)
फूलावणहार, हारौ (हारी), फूलावणियौ—वि० ।
फूलाविओड़ौ, फूलावियोड़ौ, फूलाव्योड़ौ—भू० का० कृ० ।
फूलावीजणौ, फूलावीजवौ—कर्म वा० ।
फूलावियोड़ौ—देखो 'फुलायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० फूलावियोड़ी)
फूलि—१ देखो 'फूली' (रू. भे.)
२ देखो 'फूल' ? (अल्पा., रू. भे.)
उ०—आज चिणोठी ऊजली, मांणिक-केरइ मूलि । सोघी आंणइ सुंदरी, वइठी पूजइ फूलि ।—मा. कां. प्र.
फूलियोड़ौ–भू० का० कृ०—१ वायु, पानी या अन्य वस्तु के भरने से फूला हुआ. २ पुलकित या आनन्दित. ३ अभिमान से भरा हुआ, अभिमान युक्त. ४. फूलों से युक्त ।
(स्त्री० फूलियोड़ी)
फूलियौ—देखो 'फूली' (अल्पा., रू. भे.)
उ०—फिटकड़ी सो हुयौ फूलियौ, चूनौ धोळौ फट है । लूण लियै कांकरा फंकै, एक ना काळौ-कूट है ।—दसदेव
फूली–सं० स्त्री० [राज० फूल+ई] १ आक या मदार के फूल का मध्य भाग । (अमरत)
२ आंख की पुतली पर पड़ने वाला सफेद दाग ।
३ सिर का आभूषण । (व. स.)
४ भुनी हुई ज्वार, मक्का या चावल, खीरा, लावा ।
उ०—कदै ई खारकां, कदै ई वोर, कदै ई लूंग, खोपरा, नारेळ, पतासा, भूंगड़ा, सोपारी, इळायची, सेवयोड़ा कूंगा, पचायोडी पीपरां, मक्की जवार री फूलियां, मतीरा रा चरपरा वीज, काचरा अर वड़बोर इत्यादि भांत-भांत री चीजां ।—फुलवाड़ी
५ एक प्रकार का शाक विशेष ।

उ०—फूवेडी नइं फणगरी, फूंगारी नइं फांगि । फूणा फूली फूमती, फोफल फूली सागि ।—मा. कां. प्र.

६ देखो 'फूल' (अल्पा., रू. भे.)

उ०—मुर मे फोग महेस, रेत भसमी पर राच । चांद आगिया माय, जटा लासूड़ा जाचै । गांठ गठीली माळ, महक फूली री गगा । आक धतूरै पास, फ़ैर भूतां हुड़दंगा ।—दसदेव

७ देखो 'फूहली', (रू. भे.)

रू० भे०—फुली, फुल्ली, फूलि, फूहली ।

अल्पा०—फुलड़ी, फूलड़ी ।

फूलेरौ—स० पु० [सं० पुष्पम्+वेला] विवाहित कन्या के प्रथम बार रजोदर्शन की शुद्धि पर उसकी माता द्वारा पुजनादि द्वारा उत्सव मनाने की रीति विशेष ।

फूलेल—देखो 'फुलेल' (रू. भे.)

उ०—तठा उपरांति क़रि नै राजांन सिलांमति जिके छोगाळा छयल छबीला जुआन हुसनांइक फूला रा छोगा नाखीआं थकां फूलां रा चोसर पेहरीआं थकां अगरचै मरगचै केसरिअे कचमैलै वागै कीअे घणै चोअे अतर फूलेल गळा मांहि भीनां थकां घणै अंबीर नै गुलाल मांहे गरकाव हुआ थका भोळी भरिआं थकां दिसि-दिसि छूटि रही छै ।—रा. सा. सं.

फूलौ—सं० पु०—आंख की पुतली पर किसी रोग या चोट लगने से होने वाला सफेद चिन्ह । उ०—कंवर री आंख में केई बरसां सूं फूलौ पड़ियोड़ौ हौ ।—फुलवाड़ी

क्रि० प्र०—पड़णौ, होणौ ।

२ खीला, लावा ।

३ फिटकरी, गोंद आदि जो आग पर भूनने से फूल गया हो ।

४ देखो 'फूल' (अल्पा., रू. भे.)

रू० भे०—फुल्लौ ।

अल्पा०—फूलियौ ।

फूस—सं० पु०—१ सूखा तृण, या तिनका ।

२ कचरा, कूड़ाकरकट । उ०—उखरड़ी कह्यौ—हळदी वाई, थोड़ो म्हारौ फूस बुवार दे ।—फुलवाड़ी

रू० ०—फूह ।

फूसगज—सं० पु० [राज० फूस+सं० गज] पौष शुक्ला पूर्णिमा के दिन फूस का हाथी बनाकर हाथी से युद्ध कराने का उत्सव । (मेवाड़)

फूह—देखो 'फूस' (रू. भे.)

फूहड़,फूहड—देखो 'फूड़' (रू. भे.)

फूहडि—वि० स्त्री०—देखो 'फूड़' (पु०)

उ०—जेवडउ अंतर गुरुड अनइ घुग्घड, जेवडउ अंतर फूटरसी जेवडउ नइं फूहडि, अंतर गाअ अनइ छाली ।—व. स.

फूहली—सं० स्त्री०—वहिन से राखी प्राप्त होने पर भाई द्वारा बहिन को भेजी जाने वाली पोशाक । (मेवाड़)

रू० भे०—फूहली, फूली ।

फूहारौ—देखो 'फवारौ' (रू. भे.)

फूही—देखो 'फुही' (रू. भे.)

उ०—सो साह तो थाको हूतो, सो पोढ़ रह्यौ अर आ जागै छै । इतरै हेक फूही वोली, कही, "जु आ नदी माहे एक मडो बूहो जावै छै ।—कूमरसी

फूहौ—देखो 'फुंवो' (रू. भे.)

उ०—सो महीनै एक टेढ़ में विट्ठलदास रा घाव आछा हुवा । फूहा देणै लागिया ।—गोपाळदास गौड़ री वारता

फें—देखो 'फैं' (रू. भे.)

फेंक—देखो 'फैंक' (रू. भे.)

उ०—कांव-कांव करतौ कागलौ बोल्यौ—अबै यूं रोयां रीबयां तो हींग री ई गरज सरै नी । पुटियौ वद-वदनै फेंकां मारतौ हौ । औ वगत है उणरै धकै जाय कूको ।—फुलवाड़ी

फेंकणौ, फेंकबौ—देखो 'फैंकणौ, फैंकबौ' (रू. भे.)

उ०—१ पण वत्तीस घड़ी रै पछै लोई टपकियां जद बौ मूंडकी री चुट्टी भालनै मंवारा में फेंकै तद उणरै भ्रणूंतौ दरद व्है ।—फुलवाड़ी

उ०—२ वांरी अेक विधवा भूवा अणूंती धनवंती ही । वै उण मायं ठगाई री पासौ फेंकणौ चायौ ।—फुलवाड़ी

फेंकणहार, हारौ (हारी), फेंकणियौ—वि० ।

फेंकाड़णौ, फेंकाड़बौ, फेंकाणौ, फेंकाबौ,

फेंकावणौ, फेंकावबौ—प्रे० रू० ।

फेंकिओड़ौ, फेंकियोड़ौ, फेंक्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

फेंकीजणौ, फेंकीजबौ—कर्म वा० ।

फेंकल—देखो 'फैंकल' (रू. भे.)

फेंकाड़णौ, फेंकाड़बौ—देखो 'फैंकाणौ, फैंकाबौ' (रू. भे.)

फेंकाड़णहार, हारौ (हारी), फेंकाड़णियौ—वि० ।

फेंकाड़िओड़ौ, फेंकाड़ियोड़ौ, फेंकाड़्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

फेंकाड़ीजणौ, फेंकाड़ीजबौ—कर्म वा० ।

फेंकाड़ियोड़ौ—देखो 'फैंकायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री० फेंकाड़ियोड़ी)

फेंकाणौ, फेंकाबौ—देखो 'फैंकाणौ, फैंकाबौ' (रू. भे.)

फेंकाणहार, हारौ (हारी), फेंकाणियौ—वि० ।

फेंकायोड़ौ—भू० का० कृ० ।

फेंकाईजणौ, फेंकाईजबौ—कर्म वा० ।

फेंकायोड़ौ—देखो 'फैंकायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री० फेंकायोड़ी)

फेंकावणौ, फेंकावबौ—देखो 'फैंकाणौ, फैंकाबौ' (रू. भे.)

फेंकावणहार, हारौ (हारी), फेंकावणियौ—वि० ।

फेंकाविओड़ो, फेंकावियोड़ो, फेंकाव्योड़ो—भू० का० कृ० ।
फेकावीजणो, फेंकावीजबो—कर्म वा० ।
फेंकावियोड़ो—देखो 'फैकायोड़ो' (रू. भे.)
(स्त्री० फेंकावियोड़ी)
फेंकियोड़ो—देखो 'फेंकियोड़ो' (रू. भे.)
(स्त्री० फेकियोड़ी)
फेंगळ-सं० पु०—फेन, झाग ।
उ०—उडाडे गळं फेंगळां रा अंगारां, अधारा झगारा उभै कीधआरां । कांना रा करारा समे हुध्थ थारा, उद्धीरा उघारा वहै वारवारा ।—ना. द.
फेंट-सं० स्त्री० [देशज] १ मल्लयुद्ध का एक दांव जिसमें एक दूसरे की गर्दन को बाहों में दबाकर पीठ के बल से उछाल कर नीचे गिरा देता है ।
क्रि० प्र०—मारणी, लगाणी ।
२ कटिमंडल, कमर का घेरा ।
३ देखो 'फांट' (रू. भे.)
४ देखो 'फेंटो' (मह., रू. भे.)
५ देखो 'फैंटो' (मह., रू. भे.)
फेंटणो, फेंटबो-क्रि० स० [देशज] १ लपेटना, बांधना ।
२ देखो 'फांटणो, फांटबो' (रू. भे.)
३ देखो 'फेटणो, फेटबो' (रू. भे.)
फेंटणहार, हारो (हारी), फेंटणियो—वि० ।
फेंटियोड़ो, फेंटियोड़ो, फेंटचोड़ो—भू० का० कृ० ।
फेंटीजणो, फेंटीजबो—कर्म वा० ।
फेंटो-सं० पु० [देशज] १ कमर पर लपेट कर बांधे जाने वाले वस्त्र का छोर । उ०—पीतांबर के फेंटा बांधे, अरगजा सुवासी । गिरिधर से मु नवल ठाकुर, मीरां-सी दासी ।—मीरां
२ देखो 'फेंटो' (रू. भे.)
मह०—फेंट ।
फेंफड़ो—देखो 'फेफड़ो' (रू. भे.)
फे—१ भ्रमण । २ रटन । (एका०)
फेकरी-सं० स्त्री०—स्यालिनी ।
रू० भे०—फेकारी, फैंकरी ।
फेकल-सं० पु०—कच्चा पीलू ।
रू० भे०—फेंकल ।
फेकारी—१ एक वृक्ष विशेष ?
उ०—फेकारी नइ फालसा, फोफल फणस फणिंद । फूयेढ़ी नइ फूठीया, फालक फिरामण फिंद ।—मा. कां. प्र.
२ देखो 'फेकरी' (रू. भे.)
रू० भे०—फेंकारी ।

फेज—देखो 'फैज' (रू. भे.)
फेट-सं० स्त्री० [देशज] १ टक्कर, धक्का ।
उ०—१ तुंडां गज फेटां तुरी, डाढां भड ओभाड़ । हेकण कोलै धू दिया, फौजा पाथर पाड ।—वी. स.
उ०—२ लोहरा लंगरां झाट लाग, अधफरां गिरां तर झड़ै आग । मेवास तूटगा मगज मेट, फूटगा गिरंद हैताळ फेट ।—वि. सं.
क्रि० प्र०—लागणी ।
२ झपट, चपेट ।
उ०—१ लागी फेट किस्त की लसियै, हुई इतै वड हांनी । तीखै पग को एक तोरड़ो, कियौ प्रथम कुरवांनी ।—ऊ. का.
उ०—२ भूलरा में भगदड़ माची पण माची । चार पाचे'क साधणियां घोड़ा री फेट में आयगी ।—फुलवाड़ी
क्रि० प्र०—आणी ।
३ चोट, आघात । उ०—चित्तोड ऊपर अकबर रै भिलम रै गोळा री फेट लागी ।—बां. दा. ख्या.
४ दृष्टि पथ में होने का भाव वा क्रिया ।
उ०—पड़िया रांणी री फेट, खंदक महलां हेट, सुकोमल साध । एसो हु तो मुज वंदवो ए ।—जयवांणी
५ किसी आसुरी माया का प्रभाव ।
क्रि० प्र०—आणी ।
६ अन्तराय, विघ्न । उ०—फिरी फरी जउ आविउ फेट, तउ देवहं गुरु लाधी भेट । सुह गुरि धरम कहिउ मू सार, सेत्रुजगिरि छइ मुगति दातार ।—वस्तिग
रू० भे०—फेंट ।
फेटणो, फेटबो-क्रि०अ०/स०[देशज] १ टक्कर या धक्का लगना। उ०—नग्री सोनमेनी पछै गाम नांही, महा कासटा घोर उजाड़ मांही । प्रपा कूप नैड़ो न वैड़ो पयांणो, जलाल्या तणो फेटबो थेट जाणो ।—मे. म.
२ दृष्टिगोचर होना ।
३ किसी आसुरी माया के प्रभाव मे आना ।
४ साक्षात्कार होना, मिलना । उ०—भल साध संदा सुख भेटन कौ, फिर फ्रीटन देवन फेटन कौ ।—ऊ. का.
फेटणहार, हारो (हारी), फेटणियो—वि० ।
फेटिओड़ो, फेटियोड़ो, फेटचोड़ो—भू० का० कृ० ।
फेटीजणो, फेटीजबो—भाव/कर्म वा० ।
फेंटणो, फेंटबो—रू० भे० ।
फेटियोड़ो-भू० का० कृ०—१ टक्कर या धक्का लगा हुआ. २ दृष्टिगोचर हुवा हुआ. ३ किसी आसुरी माया के प्रभाव में आया हुआ. ४ साक्षात्कार हुवा हुआ, मिला हुआ.

(स्त्री० फेटियोड़ी)

फेटियौ–सं० पु० [देशज] १ घाघरे के नीचे पहना जाने वाला लंबोतरा वस्त्र। २ विधवा स्त्रियों का खास रंग का रंगा हुआ अधोवस्त्र। ३ कटिमंडल अथवा कमर पर लपेटा जाने वाला वस्त्र।

फेटूड़ौ—देखो 'फेटियोड़ौ' (रू. भे.) (शेखावाटी)
(स्त्री० फेटूड़ी)

फेटौ–सं० पु० [देशज] १ किसी स्थान विशेष पर आने-जाने का अभ्यास या अवसर।
२ मिलने का भाव, मिलाप। उ०—जेठ री बळती लाय में बीस पच्चीस कोस गांव-गांव रवड़णा रै उपरांत ई उण सिरावा सूं फेटौ नी पड़ियौ।—फुलवाड़ी
३ देखो 'फंटौ' (रू. भे.)
रू० भे०—फैटौ।

फेडणौ, फेडबौ–क्रि० स० [सं० स्फेटयति] १ विनाश करना।
उ०—देव तणी घन भक्ति युक्ति, गुरु गुरुणी तेडया,
साहमी साहमिणी संविभाग, करि पातक फेडया।
—गुणविजय
२ दूर हटाना।
३ परित्याग करना, छोड़ना। उ०—युद्ध थी विरम्यां राजिंद रै, हरिया थया सुगुण गिरिंद रै। विस्रति मति सरति अमंद रै, पल्लवित वेलि सुख कंद रै। फेडया सगलाई फंद रै।—वि. कु.
४ जानना ?
उ०—धरण ग्यौ 'माल' गह छाड पै'लै धकै, फेर संसार प्रथमाद फेडी। तांणियां सूर जिम वैर राव 'जैत' रै, गंजवा जोधपुर चाढ़ गेडी।—कल्यांणसिंह जी रौ गीत
५ तोड़ना। उ०—मंत्रि मउडउघा सहूइ तेडइ, वेडीवाहा भ्रंति सु फेडइ। "वयरगु अम्हारं म पडउ पाखइ, देवादेवी सहूयइ साखिइं।—पं. पं. च.
६ उद्घाटन करना।

फेण–सं० पु०—१ श्वेत, सफेद*। (डिं. को.)
२ देखो 'फंण' (रू. भे.)
उ०—१ जडाऊ नगां मिंदर हेम जाळी, सभै सैज सहेलियां चित्रसाळी। वणै ऊजळी सेज एही विराजै, लखै खीर सांमंद रा फेण लाजै।—सू. प्र.
उ०—२ अर दिल्ली रा वीरां नूं कोरड़ौ लोह चखायौ जिण आगै वड़ा-वड़ा दुवाह वांनैत न टकिया। नागराज रा भोग फेण भरिया लटकिया।—वं. भा.

फेणी—देखो 'फीणी' (रू. भे.)

फेतकार, फेत्कार–सं० स्त्री०—१ लोमड़ी के आकार का एक मांसाहारी पशु।
२ स्यालिनी।
३ स्यालिनी के बोलने की ध्वनि जो अशुभ मानी जाती है।
उ०—१ जहां सिवा तणा फेत्कार, घूक तणा घूत्कार। व्याघ्र तणा घूरहराट, न लाभइ वाट नइ घाट।—सभा.
उ०—२ जठै वेताळां रा आस्फाल, डाकिणी गणां रा डमरू रा डात्कार फेरवियां रा फेत्कार, प्रेतां रा आलाप।—वं. भा.
४ लोमड़ी।
५ देखो 'फूतकार' (रू. भे.)
रू० भे०—फैतकार, फैतकारी, फैत्कार, फंतकार, फैत्कार।

फेदड़–सं० स्त्री०—१ दूध आदि तरल पदार्थ में खटाई गिरने से गुच्छों के रूप में पृथक हुवा हुआ सार भाग।
२ आकाश में बिखरे हुए बादलों के टुकड़े। उ०—फेदड़-फेदड़ सी नभ में निजराई, माखण चाखण री मनसा मुरझाई। प्राव्रट-प्राव्रट री आवट मन मारै, थर नैं पापां रा थर लेग्या लारै।—ऊ. का.

फेन, फेनक—देखो 'फेण'. (रू. भे.)

फेनी—देखो 'फीणी' (रू. भे.)

फेफड़ी–सं० स्त्री०—१ गरमी या खुश्की के कारण ओठों की सूखी हुई चमड़ी की तह। उ०—तौ दारिया ढांढ़ा ! कहै नहीं ज्यूं है त्यूं पग चालवै है, राज ! वळै कां है, रे रीड़ा ! तौ राज ! मुंहडै फेफड़ियां आयां है।—प्रतापमल देवड़ा री वात
२ पपड़ी।
रू० भे०—फेफरी।

फेफड़ौ—देखो 'फैफड़ौ' (रू. भे.)

फेफर—देखो फैफड़ौ' (मह., रू. भे.)
उ०—फूटै उर फेफर वीखर फूल, अंत्रावळि वाखर भाखर ऊल।
त्रिपत्तां, ग्रिध भयै तन तेख, पळचर साकणि प्रौंकरि पेख।
—मा. वचनिका

फेफरी–सं० स्त्री०—१ फेफड़ा। उ०—तिसै दोनूं खेलतां-खेलतां वीरमदे इसौ डाव खेल्यौ तिकौ उछळतौ साहमै काळजै पंजूरै काळजै दी। तिकौ पेट फाड़ि आंत, ऊभ, फेफरी नीकळ ढेर हुवा।
—वीरमदे सोनगरा री वात
२ देखो 'फेफड़ी' (रू. भे.)

फेफरौ—देखो 'फैफड़ौ' (रू. भे.)
उ०—घड़ी घड़ी धमोड़ घोड़, बोकड़ा वड़ी वड़ी। झड़ी लगै छड़ाळ, झीक फेफरा फड़ी फड़ी।—मा. वचनिका

फे'म—देखो 'फहम' (रू. भे.)

फेरंड–सं० पु० [सं०फेरंडः] १ शृगाल, गीदड़, स्यार। उ०—१ नीच नास्तिकां रौ वंस प्रांमार राज विक्रम भोज रा वंस रौ संतांन किणि रीति पावै अर चांडाळ रै मुख सावित्री रै समांन केहरी रौ विभाग फेरंड रै मुहुंडै कदापि न खटावै।—वं. भा.
उ०—२ वग्नर चाहुवांण प्रांमार फितुरी फेरंड मइंदां रौ मत्तभाव आंणै जिकौ उडावण रौ आपणौ उपाय छै।—वं. भा.

२ लोमड़ी।
रू० भे०—फेरड।

फेर—सं० पु० [राज० फेरणी] १ फिरने की क्रिया या भाव।
२ किसी के चारों ओर घूमने की क्रिया, चक्कर, घुमाव, मोड़।
उ०—वातां हुंदा मामला दरियां हुंदा फेर। नदियां वहै उतावळी, दे दे घूमर घेर।—फुलवाड़ी
३ परिवर्तनशील क्रम या सिलसिला जिसमें आवश्यकतानुसार परिवर्तन होता रहता है।
४ अन्तर, फर्क, भेद, भिन्नता।
उ०—१ मैं जाण्यो अधमेर है, पिव तो पूरा सेर। हेम-सुता-पत वाहणा, तामैं रती न फेर।—अज्ञात
उ०—२ एक अक्षर रो फरक। एक अकार नो फेर। साध रै अनै असाध रै एक आखर रो फेर है।—भि. द्र.
५ भाग्य का चक्कर, परिस्थितियों का उलझाव, किसी का बुरा वक्त। उ०—१ करम ना जोइ एवडा फेर, धरम आडा छइ काठिआ तेर।—वस्तिग
उ०—२ आपरो धुजतो हाथ वेटा माथै फेरनै दुस्किया भरती कैवण लागी—दिनमांनां रो फेर है।—फुलवाड़ी
६ असमंजस या झमेले में डालने वाली स्थिति, दुविधा, उलझन।
७ झंझट, बखेड़ा, जंजाळ, प्रपंच।
उ०—गुदळका व्हियां पैं'ली पैं'ली व्याव व्है जांणो चाहीजै। म्हैं सावा अर मौरत रा फेर में नीं पड़ूंला।—फुलवाड़ी
८ परिवर्तन, उलट-फेर, अदला-बदली।
९ संशय, भ्रम, संदेह, गलतफहमी।
१० धोखा, प्रवंचना, चालबाजी।
११ देवी अथवा आसुरी माया का प्रभाव।
१२ हानि, नुकसान, टोटा, घाटा।
१३ फासला, दूरी। उ०—दीवाण रा मोहल पीछोला री पाळ ऊपर छै, मोहलां थी आयवण नुं तळाव लग तो सहर छै, कोस २ रै फेर छै, सहर री एक कांनी माछला रो मगरो छै। —नैणसी
१४ विस्तार, फैलाव।
उ०—१ जोड नाचणो जैसळमेर था कोस २ ऊगवण नूं कोस १, घास करड़, वैहख री। जैसळमेर था दिखण नूं कोस २ घास सेवण, कोस २ रै फेर।—नैणसी
उ०—२ साकुर खडै पाखर सेर, फौजां वहै जोजण फेर।—गु.रू.वं.
१५ ऊंट या घोड़े को चाल सिखाने का ढंग।
१६ घोड़े या ऊंट की चाल।
१७ किसानों से लिया जाने वाला एक कर या लाग जो 'बोरा' भरने के रूप में दी जाती है।
१८ झुकाव।
[सं० फेरः] १९ शृगाल, गीदड।
वि०—अन्य, दूसरा, अलावा, अतिरिक्त।
उ०—१ थूं आज सूं ई निसंक व्हैजा। आवळा,म्हैं वगत माथै थारै कांम नीं आवूं तौ फेर किण रै आवूं।—फुलवाड़ी
उ०—२ जीवण सूं वत्तो सुख अर आणंद इण संसार मे फेर की नीं है।—फुलवाड़ी
उ०—३ कोथळी खोलनै वनमाळी पूछ्यौ—सिरावण वास्तै आज फगत तिलिया लाडू इज लाई, फेर की नी।—फुलवाड़ी
क्रि० वि०—१ पुनः, दुबारा, वापस।
उ०—१ स्यांन छोड वहै साध, रमा माता पितु रोवै। सुत तिरिया दुख सहै, जिकणा दिस फेर न जोवै।—ऊ. का.
उ०—२ फेर कदेई ठाकरां रै सांमी यूं मूंछ्यां में वट देवैला। मूंछ्यां नीची नी कराय दूं तौ म्हारी जात माथै जूती।—फुलवाड़ी
२ और, फिर।
उ०—१ कै पड़ जावौ कूप, गिरवरां चढ़ि गिर जावौ। अंजन वाळौ आय, फेर पैंडो फिर जावौ।—ऊ. का.
उ०—२ वार दई सौ वार'क फेर वखांणजै। जाहर हाटक खांन जिसौ मुख जांणजै।—बां. दा.
उ०—३ जिनावरां नै अरदास भरै पड़ती लागी तौ वै हीमत करनै फेर कवण लागा।—फुलवाड़ी
३ तदनन्तर, उपरांत, बाद में, पीछे।
उ०—दीपता पांणी नै छोडनै फेर कठैई उडण रो मन नी करै। तिरस आगै कागला रो जीव जावै।—फुलवाड़ी
४ इस पर भी।
उ०—१ कली वसंत कदंब रै, सांवन वरणै सेस। कहै फेर कविता करूं, वर सर सतरै वेस।—बां. दा.
उ०—२ फेर देस रो कांम तिण सूं नीसरणी नीं आवै।
—कुंवरसी सांखला री वारता
५ लेकिन, परन्तु।
उ०—नांनग सरवर भरियौ नीको, झुकै लोग पीवण दे झीको। ठगवाजी गादी रो ठीको, फेर सिकां कर दीनो फीको।—ऊ. का.
रू० भे०—फैर, फेरू।

फेरड—देखो 'फेरंड' (रू. भे.)

फेरणौ, फेरबौ—क्रि० स० [सं० प्रेरणं] १ ऊंट, घोड़ा, बैल आदि पशुओं को चाल सिखाना, शिक्षित करना।
उ०—१ अरु आप घोड़ा फेरणै रै वहांनै कोस १ अठै सूं जाळ है तठै पवारज्यो, अरु हूंई उठै आय हाजर हुसूं।—द. दा.
उ०—२ वळदां रा फेरणा में ई कोई मैंडो आगो चौधरी जैंड़ो सागड़ी नी हो। उणरै फेरियोड़ा वळद हळां में हंस हालै ज्यूं हालता हा।—फुलवाड़ी

२ किसी शस्त्रादि को हाथ से पकड़ कर इधर-उधर, ऊंचा-नीचा घुमाना।

उ०—हाथी लड़ावीजै छै। पाइक सिरंम साझै छै। फूलहाथां फेरीजै छै।—रा. सा. सं.

३ किसी के द्वारा भेजी हुई वस्तु न लेना, फलतः उसे लौटा देना, लौटाना।

उ०—पछै सोढ़ी नूं पूछण लागो—रावळ कांनड़दे री वडी ठोड़ री नाळेर आयौ छै सु पाछौ फेरस्यां तौ राईततां मांहे बुरा दीसस्यां।—नैणसी

४ शादी के समय दूल्हा-दुल्हिन को अग्नि के चारों ओर चक्कर लगवाना।

उ०—लोह विंमूह 'रतनसी' लाडै, खत्रि मारग रिण जंग खरै। कावल फेरै घड़ा काबली, हठिमल परणी सूर हरै।—दूदौ

५ किसी वस्तु को मण्डलाकार गति देना अथवा धुरी पर चारों ओर घुमाना।

ज्यूं०—चक्की फेरणी, पट्टी फेरणी।

उ०—१ ताळा तोड़ करै भूं काळा, गाळा घालै गूढ़। भाळा नैणां बाळा भोळा, माळा फेरै मूढ़।—ऊ. का.

उ०—२ मैं परणंती परखियौ, मूंछां तणौ, मरट्ट। सायधण फेरै अरटियो, फेरै पीव घरट्ट।—अज्ञात

६ एक दिशा से दूसरी दिशा की ओर ले जाना, मोड़ना।

७ परास्त करना, खदेड़ना।

उ०—१ फेरा लेतै फिर अफिर, फेरी घड़ अरणफेर। सीह-तणी 'हरधवळ' सुत, गहमाती गहडेर।—हा. झा.

उ०—२ काबिल कोट तणी बिसकांमणि, धाए धूम सिगारि धुरै। फिर-फिर अफरि 'रतनसी' फुरळै, फौज अपूठे फेरि फिरै।—दूदौ

८ किसी वस्तु के इर्द-गिर्द चक्कर लगवाना।

९ किसी व्यक्ति को किसी स्थान पर भेजकर आना-जाना करना, सम्पर्क स्थापित करना।

उ०—सु राव जी नूं कह्यौ—"मिलकखांन जी जाळोर रौ धणी छै। इण नूं आंपणौ भीर करौ।" तरै मिलकखांन विचै आदमी फेरियौ। कह्यौ—"म्हे रुपिया लाख १ थांनूं दां छां। थे मांहरी मदत आवौ।"—नैणसी

१० सहलाना।

उ०—मोडी गोडी दे पसवाड़ा मोड़, सड़छां बातोड़ी घड़छां तन तोड़। पीळी पाबल पर फिर-फिर कर फेरै, धोळी धूमर नैं धिर-धिर घर घेरै।—ऊ. का.

११ तेल, वारनिश, कलई आदि तरल पदार्थ से किसी वस्तु की पुताई या पालिश करना।

१२ किसी वस्तु या व्यक्ति को जन-समुदाय के दर्शनार्थ या सूचनार्थ घुमाना।

ज्यूं०—ढंढोळी फेरणी।

उ०—ताहरां राजा पड़वौ फेरियौ—जो चोर म्हारै मुजरै आवै तौ चोरी री तकसीर माफ करूं, सिरकार री रोजगार कर देऊं।—राजा भोज अर खाफरै चोर री वात

१३ किसी वस्तु को उपभोगार्थ प्रस्तुत करना।

ज्यूं०—पांन-सुपारी फेरणी, जळ फेरणौ।

१४ परिवर्त्तन करना, बदलना।

उ०—पछै घोड़ा १३००० ढळनै नाइल आया, वांसै घोड़ां रा धणी आया, तरै देवी घोड़ां रा रंग फेरिया, पछै वे देखनै पाछा फिर गया।—नैणसी

१५ जो पदार्थ जिस दिशा में हो उसका पार्श्व या मुंह विपरीत दिशा में करना।

उ०—रांणी कीं पड़ूतर नीं दियौ। वा मूंडौ फेरनै दूजै कांनी सूयगी।—फुलवाड़ी

१६ किसी पीड़ा अथवा दर्द निवारण के लिए शरीर के किसी अंग पर हाथ फेरना।

१७ प्यार एवं दुलार के निमित्त किसी पर हाथ फेरना।

उ०—१ जेठूते के सिर पर हाथ फेरीजो, छोटी सी नणदली। म्हारी याद कहीज्यो ए कूंजरियां, सनेसो म्हारो लेती जाइज्यो ए उड़ती कंजरियां।—लो. गी.

उ०—२ राजा रांणी रै मोरां माथै हाथ फेरतौ कह्यौ—मरै दुख दाई भूत-पलीत।—फुलवाड़ी

१८ वचन पर दृढ़ न रहना, मुकरना।

ज्यूं०—जबांन फेरणी।

१९ कायरता दिखाना।

ज्यूं०—पूठ फेरणी।

२० पढ़े हुए को दोहराना, पुनः पढ़ना।

फेरणहार, हारौ (हारी), फेरणियौ—वि०।

फेराड़णौ, फेराड़बौ, फेराणौ, फेराबौ,

फेरावणौ, फेराववौ—प्रे० रू०।

फेरिओड़ौ, फेरियोड़ौ, फेरयोड़ौ—भू० का० कृ०।

फेरीजणौ, फेरीजबौ—कर्म वा०।

फउरणौ, फउरबौ, फेरवणौ, फेरवबौ, फोरणौ, फोरबौ,

फौरणौ, फौरबौ—रू० भे०।

फेरफार—सं० पु० [राज० फेर+फार] १ धूर्तता, चालाकी, छल कपट की बातें। २ घुमाव, फिराव, चक्कर। ३ बहुत बड़ा परिवर्त्तन, उलटफेर। ४ लेनदेन या व्यवहार के चलते रहने की क्रिया या भाव। ५ निश्चय।

६ फरक, अन्तर। उ०—जो अंणी वात मांहे तौ कांई फेरफार काई नहीं।—राजा रा गुर रा बेटा री वात

फेरबाज—सं० स्त्री०—देखो 'फेरवाज' (रू. भे.)

फेरव-सं० पु० [सं० फेरवः] (स्त्री० फेरवी) १ सियार, शृगाल, गीदड़। उ०—१ वजै रव डैरव वीस वतीस, उचैंरव फेरव देत असीस। चंडी द्रहवाट करैं चतुरंग, उडैं खग भाट चुखच्चुख अंग।—मे. म.

उ०—२ जठै वेताळां रा आस्फाल, डाकिणी गणां रा डमरू रा डाकार फेरवियां रा फेत्कार प्रेतां रा आलाप राक्षसां रा रास कुणपां रा कपाळां रा कटकटाहट चिता रा अंगारां करि चित्र विचित्र वडौ अद्भुत चरित देखियौ।—वं. भा.

२ कपटी, चालाक। ३ हिंसक। ४ राक्षस।

फेरवणौ, फेरववौ—देखो 'फेरणौ, फेरवौ' (रू. भे.)

उ०—कोपियै छाकियै चहर भड़ अहर करि। फुरळतै विसए घड़ फेरवौ अफिर फिरि।—हा. भा.

फेरवणहार, हारौ (हारी), फेरवणियौ—वि०।

फेरविओड़ौ, फेरवियोड़ौ, फेरव्योड़ौ—भू० का० कृ०।

फेरवीजणौ, फेरवीजवौ—कर्म वा०।

फेरवाज-सं० स्त्री० [देशज] लहंगे आदि के नीचे अन्दर की ओर लगने वाली वस्त्र की पट्टी या झलरी।

रू० भे०—फिरवाज, फरवाज, फेरावाज।

फेरवियोड़ौ—देखो 'फेरियोड़ौ' (रू.भे.)

(स्त्री० फेरवियोड़ी)

फेराड़णौ, फेराड़वौ—देखो 'फेराणौ, फेरावौ' (रू. भे.)

फेराड़णहार, हारौ (हारी), फेराड़णियौ—वि०।

फेराड़िओड़ौ, फेराड़ियोड़ौ, फेराड़्योड़ौ—भू० का० कृ०।

फेराड़ीजणौ, फेराड़ीजवौ—कर्म वा०।

फेराड़ियोड़ौ—देखो 'फेरायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री० फेराड़ियोड़ी)

फेराणौ, फेरावौ-क्रि० सं० [राज० 'फेरणौ' क्रि० का प्रे० रू०] १ ऊंट, घोड़ा, बैल आदि पशुओं को किसी के द्वारा चाल सिखवाना। २ किसी शस्त्रादि को हाथ में पकड़ कर ऊंचा-नीचा या इधर-उधर घुमवाना। ३ दिशा-परिवर्तन हेतु मुड़वाना। ४ परास्त करवाना, खदेड़वाना। ५ किसी के द्वारा भेजी हुई वस्तु को लौटवाना। ६ शादी के समय वर-वधू को अग्नि के चारों ओर चक्कर लगवाने में प्रवृत्त करना। ७ किसी वस्तु के इर्द-गिर्द चक्कर लगवाने के लिये प्रवृत्त करना। ८ किसी वस्तु को मंडलाकार गति में या चारों ओर घुमवाना। ९ किसी व्यक्ति को किसी स्थान पर भिजवाकर आना-जाना, करवाना, सम्पर्क स्थापित करवाना। १० सहलाने के लिए प्रवृत्त करना। ११ तेल, वारनिस, कलई आदि किसी तरल पदार्थ से किसी वस्तु को पुतवाना या पालिश करवाना। १२ किसी वस्तु या व्यक्ति को जन-समुदाय के दर्शनार्थ या सूचनार्थ घुमवाना। १३ किसी वस्तु को उपभोगार्थ प्रस्तुत करवाना। १४ किसी वस्तु के स्थान, क्रम या पूर्व-स्थिति में परिवर्तन करवाना। १५ किसी वस्तु या व्यक्ति को सामान्य स्थिति से विपरीत दिशा की ओर घुमवाना या मुड़वाना। १६ वचन से विचलित करवाना, मुकराना। १७ किसी पीड़ा या दर्द के निवारणार्थ शरीर के किसी अंग पर हाथ फिरवाना। १८ प्यार एवं दुलार के निमित्त किसी का हाथ फिरवाना। १९ पढ़े हुए को दोहराने के लिए प्रवृत्त करना। २० देखो 'फिराणौ, फिरावौ' (रू. भे.)

फेराणहार, हारौ (हारी), फेराणियौ—वि०।

फेरायोड़ौ—भू० का० कृ०।

फेराईजणौ, फेराईजवौ—कर्म वा०।

फेराड़णौ, फेराड़वौ, फेरावणौ, फेराववौ, फिराणौ, फिरावौ—रू० भे०।

फेरादी—देखो 'फरियादी' (रू. भे.)

उ०—उडंडां ऊपड़ी वागां टोळां नूं घेरिया इसा, किसा देस साहिजादा घाड़ा में करूर। बोलै जो फेरादी कूक सांभळै जवन्ना वांगां, जाडा थंडां लागा पीठ सांकड़ै जरूर।—बादरदांन दधवाड़ियौ

फेराफेरी-सं० पु०—किसी वस्तु या पदार्थ को इधर-उधर करने की क्रिया, उलट-पुलट करने की क्रिया।

२ क्रम परिवर्तन करने की क्रिया।

३ आवागमन। उ०—जन मीरां कूं गिरधर मिलिया, दुख मेटन सुख दे री। रूम रूम साता भई उर में, मिटि गई फेराफेरी।—मीरां

फेरावाज—देखो 'फरवाज' (रू. भे.)

फेरायोड़ौ-भू० का० कृ०—१ घोड़ा, बैल आदि को चाल सिखाया हुआ. २ किसी शस्त्रादि को हाथ में पकड़ाकर इधर-उधर ऊंचा नीचा घुमाने में प्रवृत्त किया हुआ. ३ एक दिशा से दूसरी दिशा की ओर मुड़वाया हुआ. ४ परास्त करवाया हुआ, खदेड़वाया हुआ. ५ किसी के द्वारा भेजी हुई वस्तु को वापस लौटवाया हुआ. ६ शादी के समय वर-वधू को अग्नि के सम्मुख चक्कर लगवाने में प्रवृत्त किया हुआ. ७ किसी वस्तु के इर्द-गिर्द चक्कर लगाने में प्रवृत्त किया हुआ. ८ किसी वस्तु को धुरी पर मंडलाकार गति से या चारों ओर घुमाने में प्रवृत्त किया हुआ. ९ किसी व्यक्ति को किसी स्थान पर भिजवाकर आना-जाना करवाया हुआ, सम्पर्क स्थापित करवाया हुआ. १० सहलवाने में प्रवृत्त किया हुआ. ११ तेल, वारनिस, कलई आदि किसी तरल पदार्थ से कोई तल या सतह पोताया हुआ, पालिश करवाया हुआ. १२ कोई वस्तु या व्यक्ति जन-समुदाय के दर्शनार्थ या सूचनार्थ घुमवाया हुआ. १३ किसी वस्तु को उपभोगार्थ प्रस्तुत करवाया हुआ. १४ किसी वस्तु के स्थान, क्रम या पूर्व-स्थिति में परिवर्तन करवाया हुआ.

१५ प्यार एवं दुलार के निमित्त किसी से शरीरांग पर हाथ फिरवाया हुआ. १६ किसी वस्तु या व्यक्ति को सामान्य स्थिति से विपरीत दिशा की ओर मुड़वाया हुआ. १७ वचन विमुख करवाया हुआ, मुकरवाया हुआ. १८ किसी पीड़ा या दर्द के निवारणार्थ शरीर के किसी अंग पर हाथ फिरवाया हुआ. १९ पढ़ हुए को दोहरवाया हुआ, पुनः पढ़वाया हुआ.
२० देखो 'फिरायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० फेरायोड़ी)

फेरावणौ, फेराववौ—देखो 'फेराणौ, फेरावौ' (रू. भे.)
उ०—घोड़ा नै किण उमर में फेरावणौ नै किण तरह फेरावणौ जिण रौ वरणन।—शा. हो.
फेरावणहार, हारौ (हारी), फेरावणियौ—वि०।
फेराविग्रोड़ौ, फेरावियोड़ौ, फेराव्योड़ौ—भू०का०कृ०।
फेरावीजणौ, फेरावीजवौ—कर्म वा०।

फेरावियोड़ौ—देखो 'फेरायोड़ौ' (रू. भे.)
(स्त्री० फेरावियोड़ी)

फेरासारी—सं० स्त्री०—उलट-फेर।
उ०—इतरी वात बादसाह भंवर सुण काजी कांमदार सूं नाराज हुयौ ओर कही—हम सारीखी जोड़ी देख भेज्या था। तुम लालच पड़ कर फेरासारी कीन्ही है।—जलाल वूबना री वात

फेरि—क्रि०वि०—फिर, पुनः।
उ०—पड़ै रिण पाखती छीणवै हार परि। आवरत फेरि संघारि झुंझारि अरि।—हा. झा.

फेरिय—सं० पु०—धतूरा।

फेरियोड़ौ—भू० का० कृ०—१ ऊंट, घोड़ा, बैल आदि पशुओं को चाल सिखाया हुआ, शिक्षित किया हुआ. २ किसी शस्त्रादि को हाथ में पकड़कर इधर-उधर, ऊंचा-नीचा घुमाया हुआ. ३ एक दिशा से दूसरी दिशा की ओर लेजाया हुआ, मोड़ा हुआ. ४ परास्त किया हुआ, खदेड़ा हुआ. ५ किसी के द्वारा भेजी हुई वस्तु को न लेकर पुनः लौटाया हुआ. ६ शादी के समय अग्नि के सम्मुख वर-वधू को चक्कर लगवाया हुआ. ७ किसी वस्तु के इर्द-गिर्द चक्कर लगवाया हुआ. ८ किसी वस्तु को धुरी पर मंडलाकार गति में या चारों ओर घुमाया हुआ. ९ किसी व्यक्ति को किसी स्थान पर भेजकर आना-जाना किया हुआ, सम्पर्क स्थापित किया हुआ. १० सहलाया हुआ. ११ तेल, वारनिस, कलई आदि तरल पदार्थ से कोई पदार्थ पोता हुआ, पालिश किया हुआ. १२ किसी वस्तु या व्यक्ति को जन-समुदाय के दर्शनार्थ या सूचनार्थ घुमाया हुआ. १३ किसी वस्तु को उपभोगार्थ प्रस्तुत किया हुआ. १४ किसी वस्तु के स्थान, क्रम या पूर्व-स्थिति में परिवर्तन किया हुआ. १५ किसी पीड़ा अथवा दर्द के निवारण के लिये शरीर के किसी अंग पर हाथ फेरा हुआ. १६ प्यार एवं दुलार के निमित्त किसी पर हाथ फेरा हुआ. १७ कोई पदार्थ सामान्य स्थिति से विपरीत दिशा की ओर मुड़ा हुआ. १८ वचन से विमुख हुवा हुआ, मुकरा हुआ १९ कायरता दिखाया हुआ. २० पढ़े हुए को दोहराया हुआ, पुन पढ़ा हुआ.
(स्त्री० फेरियोड़ी)

फेरिस्त—देखो 'फैरिस्त' (रू. भे.)

फेरी—सं० स्त्री० [राज० फिरणौ] १ परिक्रमा, प्रदक्षिणा।
उ०—ग्यांन ध्यांन को ढोल वणावौ, फेरी समझ फिरोरी। सुरत निरत सूं देखो साचौ, अनुभव फाग उडोरी।
—स्रीहरिरांम जी महाराज
२ योगी, फकीर या साधु का भिक्षा निमित्त नियमित चक्कर।
उ०—दरसण कारण भई वावरी, विरह विथा तन घेरी। तेरे कारण जोगण हूंगी, देऊं नगर विच फेरी।—मीरां
३ व्यापारी द्वारा विक्रय के लिए लगाया गया नियमित गांव, कस्बा, शहर आदि का चक्कर।
४ चक्कर।
उ०—रांक सां कर रवि परी केरी, झूझवातइं मेल्ही फेरी। तीणि वात मनि हउं लाजउं, सैन्य कौरव तणै नवि माजउं।—शालिसूरि

फेरीवाळौ—वि० [राज० फेरी+वाळौ] गांव, शहर, कस्बा आदि की गली २ में वस्तु-विक्रय हेतु चक्कर लगाने वाला।

फेरू—क्रि०वि०—फिर, पुनः।
उ०—१ सेखै दादरी कै बीचि थांणा नै वठाया, फेरूं या पठांणां नै विहांणी को खिनाया।— शि.वं.
उ०—२ फिरिया नहिं फेरू मारग मेरू, तेरू पार तिरंदा है। बकवाद विखेरू हिये में हेरू, गेरू रंग गहरंदा है।—ऊ. का.
वि०—१ फिराने वाला, घूमाने वाला।
२ ऊंट, बैल, घोड़ा आदि पशुओं को ठीक चाल सिखाने वाला।
रू०भे०—फैरू।

फेरौ—सं० पु०—१ इधर से उधर घूमना, बार-बार आना-जाना।
उ०—विलळी वातां री वांणीं ववरावै, पतळी झिण जिण में पांणी पवरावै। घालै विसमत मत मगमग ठग घेरौ, फोरी किसमत सूं पगपग पग फेरौ।—ऊ. का.
२ विवाह के समय अग्नि के चारों ओर वर-वधू द्वारा लगायी जाने वाली परिक्रमा या भांवर।
उ०—१ कंवा चूंधा कर फेरा उळझावै, वनड़ौ वनड़ी वर मनड़ौ मुरझावै। रस में वेरस वस रागांरळ रीसै, दुलहणि दुलहे नै दावानळ दीसै।—ऊ. का.
क्रि० प्र०—खाणौ, लगाणौ।
३ फिरना, घूमना।

उ०—दुरजन जे वांका हता, नार कीया ते जेरी रे । जिम म्रगपति नै आगलै, न सकै गयवर फेरौ रे ।—वि. कु.

४ किसी वस्तु या स्थान के चारों ओर किया जाने वाला परिक्रमण।

उ०—चौ बकरी रै खोजां उणरी खोय करतौ वाड़ा पासै जाय पुगौ वाड़ा रै चारूं मेर फेरौ दियौ पण डीगी वाड़ रै कारण कीं कारी लागी नीं ।—फुलवाड़ी

क्रि० प्र०—दैणौ ।

५ किसी व्यक्ति द्वारा किसी स्थान पर नित्य-प्रति कुछ प्राप्ति के लालच से लगाया जाने वाला चक्कर ।

ज्यूं०—मंगता रौ फेरौ ।

६ किसी वस्तु या स्थान का निरीक्षण करने या किसी से हालचाल पूछने हेतु लगाया जाने वाला चक्कर ।

ज्यूं०—खेत रौ फेरौ, अस्पताळ रौ फेरौ ।

क्रि० प्र०—दैणौ, लगाणौ ।

७ जन्म-मरण का आवागमन ।

उ०—१ रयणि भ्रुजावळ आफळ 'रतनौ', सारां चढ़ि नीवड़ असमांण । जांमण मरण तणौ लगि चिहुं जुग, भागौ फेरौ कविलै भांण । —दूदौ

उ०—२ आठूं पहर खवासी चाकर, सनमुख राखूं डेरा । बंदीवांन राज रौ चाकर,मेटौ चौरासी रा फेरा ।—स्रीहरिरांम जी महाराज

मुहा०—१ चौरासी रौ फेरौ—जन्म और मरण का चक्र ।

२ निन्याणवे रौ फेरौ—द्रव्य एकत्रित करने का चक्र

८ फरक, अंतर । उ०—फूलांणी फेरौ घणौ, पांचां सातां दूर । रातां दीठा मलफता नहीं उगते सूर ।—अज्ञात

९ वार, दफा ।

उ०—१ प्रथम संवत १७९२ दिली पधारिया राजाधिराज । दूसरै फेरै संवत १८०४ दिली पधारिया ।—बां. दा. ख्या.

उ०—२ गुरु एक बीजौ नगण, इम त्रिणि फेरा आंणि । छेह रगण दीसै छतौ, विधि निसिपाळ वखांणि ।—पि. प्र.

१० समय ।

११ शौच-निवृत्ति । उ०—तठा उपरायंत देसोत फेरां सारा फिर आया छै । हाथ पग मिटी सूं उजळा कीजै छै ।—रा. सा. सं.

फेलौ—वि० [अं०] १ समासद । २ सहयोगी ।

फेस—सं० पु० [अं०] चेहरा । २ सामना ।

फेसणौ, फेसबौ—क्रि०स० [सं० पिष्ट] १ रगड़ के साथ महीन चूर्ण बना डालना, पीसना ।

उ०—सहरयार मीनोचहर, कैकाऊस जुहांक । सुलेमांन जमसेद नूं, फेस गयौ जम फाक ।—बां. दा.

२ तोड़ना, फोड़ना ।

फेसणहार, हारौ (हारी), फेसणियौ—वि० ।

फेसाड़णौ, फेसाड़बौ, फेसाणौ, फेसाबौ,

फेसावणौ, फेसावबौ—प्रे०रू० ।

फेसिओड़ौ, फेसियोड़ौ, फेस्योड़ौ—भू०का०कृ० ।

फेसीजणौ, फेसीजबौ—कर्म वा० ।

पेसणौ, पेसबौ—रू० भे० ।

फेसन—देखो 'फैसन' (रू. भे.)

फेसाड़णौ, फेसाड़बौ—देखो 'फेसाणौ, फेसाबौ' (रू. भे.)

फेसाड़णहार, हारौ (हारी), फेसाड़णियौ—वि० ।

फेसाड़िओड़ौ, फेसाड़ियोड़ौ, फेसाड़्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

फेसाड़ीजणौ, फेसाड़ीजबौ—कर्म वा० ।

फेसाड़ियोड़ौ—देखो 'फेसायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री० फेसाड़ियोड़ी)

फेसाणौ, फेसाबौ—क्रि० स० [राज० 'फेसणौ' क्रि० का प्रे० रू०] १ रगड़ के साथ महीन चूर्ण बनवाना, पिसवाना ।

२ तुड़वाना, फुड़वाना ।

फेसाणहार, हारौ (हारी), फेसाणियौ—वि० ।

फेसायोड़ौ—भू० का० कृ० ।

फेसाईजणौ, फसाईजबौ—कर्म वा० ।

फेसाड़णौ, फेसाड़बौ, फेसावणौ, फेसावबौ—रू० भे० ।

फेसायोड़ौ—भू० का० कृ०—१ रगड़ के साथ महीन चूर्ण बनवाया हुआ, पिसवाया हुआ. २ तुड़वाया हुआ, फुड़वाया हुआ.

(स्त्री० फेसायोड़ी)

फेसावणौ, फेसावबौ—देखो 'फेसाणौ, फेसाबौ' (रू. भे.)

फेसावणहार, हारौ (हारी), फेसावणियौ—वि० ।

फेसाविओड़ौ, फेसावियोड़ौ, फेसाव्योड़ौ—भू० का० कृ० ।

फेसावीजणौ, फेसावीजबौ—कर्म वा० ।

फेसावियोड़ौ—देखो 'फेसायोड़ौ' (रू. भे.)

(स्त्री० फेसावियोड़ी)

